सूर्योदय 6:48 सूर्यास्त 5:23

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8 न्यू | 19 अधि |
| धर्मशाला | 12 न्यू | 23 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84,562 |
| निफ्टी | 25,910 |

सोना 1,24,794 चांदी 1,59,367

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 15 नवंबर 2025 | 30 कार्तिक, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 318, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

GGDSD COLLEGE RAJPUR (PALAMPUR)
S.D.CHAND PUBLIC SR SEC SCHOOL GHUGGHAR(PALAMPUR)
PT AMAR NATH S.D. PUBLIC SCHOOL NAGRI
PT AMAR NATH S.D. PUBLIC SCHOOL NAGRI
PT AMAR NATH S.D. CHAND PUBLIC SCHOOL BAIJNATH
SD. HIGH SCHOOL SIDH MOHRALLA
UNDER THE AGIES OF - GOSWAMI GANESH DUTT SANATAN EDUCATION SOCIETY BAIJNATH
Dr VIVEK SHARMA EXECUTIVE DIRECTOR
DR S.C SHARMA GENERAL SECRETARY
SH U.R.CHEEMA WORKING PRESIDENT
DR DESH BANDHU PRESIDENT

# बिहार में एनडीए की सुनामी में महागठबंधन का 'सूपड़ा' साफ

## एनडीए रिकॉर्ड 202 सीटों पर जीत की ओर, महागठबंधन के खाते में सिर्फ 35

**एजेंसी, पटना**

बिहार में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनी है। एनडीए 243 में से 202 सीटों पर जीत की ओर बढ़ रही है, जो रिकॉर्ड है। वहीं, महागठबंधन के खाते सिर्फ 35 सीटें आ रही हैं। बिहार में सरकार बनाने के लिए 122 सीटों की जरूरत होती है। एनडीए में भाजपा और जेडीयू ने 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ा था। अन्य सहयोगी पार्टियों एलजेपी को 29 सीटें, एचएएम और आरएलएम को 6-6 सीटें दी गई थीं। भाजपा 90 सीटों पर जीत की ओर बढ़ रही है, वहीं जेडीयू 83, एलजेपी 19, एचएएम और आरएलएम की मिलाकर 9 सीटों पर आगे हैं। महागठबंधन में राजद 29, जबकि कांग्रेस 6 सीटों पर जीत की ओर है। वहीं, पीके की पार्टी जन सुराज और वीआईपी का खाता भी नहीं खुला है। निर्दलीय समेत अन्य 3 सीटों पर बढ़त बनाए हुए हैं। (अनंत ज्ञान)


कुल सीटें:243
बहुमत: 122

### बिहार के लोगों ने गर्दा उड़ा दिया : प्रधानमंत्री



**एजेंसी, नई दिल्ली।** भाजपा ने बिहार जीत का शुक्रवार को दिल्ली हेडक्वार्टर में जश्न मनाया। इस मौके पर पीएम ने 42 मिनट के भाषण में कहा, बिहार के लोगों ने गर्दा उड़ा दिया। अब कट्टा सरकार कभी वापस नहीं आएगी। उन्होंने छठी मईया के जयकारे भी लगाए। उन्होंने कहा कि जो छठ पूजा को ड्रामा कह सकते हैं, वे बिहार की क्या इज्जत करेंगे। इस दौरान कांग्रेस, आरजेडी, पश्चिम बंगाल, केरल तमिलनाडु चुनाव का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि बंगाल में भी भाजपा सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब मुस्लिम लीगी माओवादी पार्टी बन गई है। पीएम शाम 6 बजकर 51 मिनट पर मुख्यालय पहुंचे थे।

### बिहार में कांग्रेस का वोट प्रतिशत बढ़ा : मुख्यमंत्री



**शिमला।** बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों पर हिमाचल के सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि कांग्रेस वहां अलायंस पार्टनर थी। कांग्रेस ने 60 सीटों पर ही चुनाव लड़ा है। वहां पर कांग्रेस का वोट प्रतिशत बढ़ा है। शिमला में मीडिया से बातचीत में सीएम ने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि बीजेपी नेरचौक मेडिकल कॉलेज से 41 डॉक्टर ट्रांसफर करने पर झूठ बोल रही है। मेडिकल कॉलेज का अलग से कैडर बनाया जा रहा है। जो डॉक्टर ट्रांसफर किए, उनसे से 28 को मंडी जिले की ही डिस्पेंसरी में लगाया गया है।

### उपचुनाव : राजस्थान में कांग्रेस ने भाजपा से सीट छीनी; आप ने पंजाब में बचाई

**नई दिल्ली।** देश के 7 राज्यों की 8 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में राजस्थान की अंता सीट पर कांग्रेस के प्रमोद जैन और तेलंगाना की जुबली हिल्स से कांग्रेस के नवीन यादव को जीत मिली है। पहले अंता की सीट भाजपा और जुबली हिल्स सीट पूर्व सीएम केसीआर की पार्टी बीआरएस के पास थी। 'आप' पंजाब की तरनतारन सीट बचाने में कामयाब रही है। झारखंड की घाटशिला सीट से पूर्व सीएम चंपई सोरेन के बेटे भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन को झारखंड मुक्ति मोर्चा के सोमेश चंद्र सोरेन ने हराया। वहीं, ओडिशा की नुआपाड़ा सीट से बीजेपी के जय ढोलकिया ने जीत हासिल की। जम्मू-कश्मीर के नगरोटा से भाजपा प्रत्याशी देवयानी राणा जीतीं और बडगाम से महबूबा मुफ्ती की पार्टी पीडीपी के आगा सैयद मुंतजिर जीते। मिजोरम के डम्पा से मिजो नेशनल फ्रंट दल ने जीत हासिल की है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### सेना ने 16,000 फुट की हाईट पर चलाई मोनो रेल



**एजेंसी, ईटानगर।** भारतीय सेना की गजराज कॉर्प्स ने एक इन-हाउस हाई एल्टीट्यूड मोनो रेल सिस्टम तैयार किया है। यह स्मार्ट इनोवेशन अरुणाचल प्रदेश के 16 हजार फुट की ऊंचाई वाले दुर्गम पहाड़ी इलाकों में काम करने के लिए बनाया गया है, जिससे सैनिकों को जरूरी सामान तेजी से पहुंचाने में मदद मिलेगी। यह नया सिस्टम कामेंग हिमालय रीजन में भारतीय सेना तक रसद पहुंचाने में मददगार है। यहां न तो रास्ता है, न ही कोई दूसरा वाहन पहुंच सकता है। पहाड़ों में, संकरे रास्तों, ढीली चट्टानों, अप्रत्याशित मौसम और सीमित ऑक्सीजन के कारण छोटी दूरियां भी लंबी और कठिन लगती हैं। सैनिकों को अक्सर अपनी पीठ पर कई जरूरी सामान ढोने पड़ते थे। इसमें समय और मेहनत के साथ एक्स्ट्रा एफर्ट लगाने होते थे। अब, मोनो रेल से समय और मेहनत दोनों बचेंगे। साथ ही जोखिम भी कम होगा।

### एयरफोर्स का पीसी-7 ट्रेनर एयरक्राफ्ट क्रैश

**एजेंसी, चेन्नई।** भारतीय वायुसेना का एक पीसी-7 पिलाटस बेसिक ट्रेनर एयरक्राफ्ट तमिलनाडु के ताम्बरम के पास रूटीन ट्रेनिंग मिशन के दौरान क्रैश हो गया। हादसे से पहले पायलट ने सुरक्षित रूप से इजेक्ट कर लिया। भारतीय वायुसेना ने बताया कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश दिए गए हैं। जल्द ही दुर्घटना के कारणों का पता चल जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### एमपी में खाई में गिरी कार, 5 लोगों की मौत

**एजेंसी, भोपाल।** मध्य प्रदेश के रतलाम में एक कार बेकाबू होकर खाई में गिर गई। हादसे में पांच लोगों की मौत हुई है। इनमें 15 साल का बच्चा और 60 साल के बुजुर्ग शामिल हैं। हादसा सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। एक्सीडेंट रतलाम जिले के रावटी थाना अंतर्गत भीमपुरा गांव के पास माही नदी ब्रिज के पहले हुआ। सुबह करीब साढ़े 7 बजे एमएच03 ईएल1388 रजिस्ट्रेशन नंबर की महिंद्रा एक्सयूवी 700 दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर रेलिंग तोड़कर नीचे जा गिरी। पुलिस के मुताबिक, हादसा ड्राइवर को झपकी आने के कारण हुआ। कार सवार चार लोग मुंबई जबकि एक गुजरात के वडोदरा का रहने वाला है। वे दिल्ली से मुंबई जा रहे थे। सभी शवों को रतलाम मेडिकल कॉलेज में रखा गया है। (अनंत ज्ञान)

### एसआईआर: चुनाव आयोग ने बांटे 42 करोड़ फॉर्म

**एजेंसी, नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बताया कि 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अब तक 42 करोड़ (82.71%) फॉर्म मतदाताओं को बांटे जा चुके हैं। इन सभी राज्यों में 50.99 करोड़ मतदाता हैं। तमाम विरोध के बावजूद बंगाल में 93% फॉर्म बांटे जा चुके हैं जो गुजरात के 94% और राजस्थान के 86% से काफी ज्यादा है। वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) का दूसरा दौर 4 नवंबर को 12 राज्यों में शुरू हुआ था। स्पेसिफिक इन्युमरेशन फॉर्म छापने और मतदाताओं तक पहुंचाने का काम जारी है। एसआईआर के विरोध की सबसे ज्यादा चर्चा में पश्चिम बंगाल है।। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- सरकार के वादों का जनता आज जश्न नहीं, जवाब चाहती है: राणा -पेज-2
- 25 लाख से बने पंचायत भवन दगोह का लोकार्पण -पेज 4
- ईवीएम सुरक्षा में चूक सुनियोजित साजिश: बंबर ठाकुर -पेज 6
- आधुनिक व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना लक्ष्य: चंद्रशेखर -पेज 9
- स्टेट चैंपियनशिप उभरते खिलाड़ियों के लिए बड़ा मंच: अनुराग ठाकुर -पेज 12

# बिलासपुर में ईवीएम सुरक्षा में चूक, 8 पुलिसकर्मी सस्पेंड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



ईवीएम सुरक्षा में हुई चूक को लेकर पत्रकार वार्ता में जानकारी देते बिलासपुर के एसपी संदीप धवल।

जिला बिलासपुर में ईवीएम सुरक्षा में गंभीर लापरवाही सामने आने के बाद आठ पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा में तैनात ये पुलिसकर्मी ड्यूटी से नदारद पाए गए थे।

जानकारी के मुताबिक, एएसपी शिव चौधरी द्वारा किए गए अचानक निरीक्षण में दो स्ट्रॉन्ग रूमों पर तैनात दो हेड कांस्टेबल और छह कांस्टेबल मौके से अनुपस्थित पाए गए। मामले को गंभीर मानते हुए सभी को तुरंत सस्पेंड कर पुलिस लाइंस भेज दिया गया और विभागीय जांच शुरू कर दी गई। एसपी बिलासपुर संदीप धवल ने कहा, 'यह बहुत ही गंभीर मामला है। ईवीएम की सुरक्षा जैसी संवेदनशील ड्यूटी में किसी भी प्रकार की चूक बिलकुल अस्वीकार्य है। आठों पुलिस कर्मियों को तत्काल निलंबित किया गया है और विभागीय जांच शुरू कर दी गई है।' उन्होंने यह भी बताया कि प्रकरण की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है।

**औचक निरीक्षण के वक्त ड्यूटी पर नहीं मिले, कार्रवाई शुरू**

अधिकारियों के अनुसार जांच में यह भी देखा जाएगा कि पुलिसकर्मी किस कारण ड्यूटी से अनुपस्थित थे, ड्यूटी रजिस्टर में क्या एंट्री थीं और क्या इस घटना के पीछे कोई लापरवाही या अनुशासनहीनता से आगे की कोई बात जुड़ी है। ईवीएम सुरक्षा में हुई इस चूक के बाद जिला प्रशासन और पुलिस विभाग सतर्क हो गया है। उच्च अधिकारियों ने मामले की विस्तृत जांच रिपोर्ट जल्द प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

## कर्नाटक में हिंसक हुआ गन्ना किसानों का आंदोलन

**एजेंसी, बेंगलुरु।** कर्नाटक के बागलकोट में गन्ना कीमत में इजाफे की मांग कर रहे किसानों का आंदोलन हिंसक हुआ। रबकवी-बनहट्टी तालुक में गोदावरी शुगर फैक्ट्री में गन्ना लदे 100 से ट्रैक्टरों को आग लगाई गई। एसपी सिद्धार्थ गोयल ने बताया किसानों ने पत्थरबाजी भी की, जिसमें कुछ पुलिसकर्मियों को चोट आई है। कुछ लोग भी घायल हुए हैं। खुद ने हालात काबू किए। किसान राज्य की चीनी मिलों से गन्ना की 3500 रुपए प्रति टन कीमत मांग रहे हैं, जबकि चीनी मिलों के मालिकों ने 3300 रुपए प्रति टन का भाव दिया है, लेकिन किसान इस कीमत को स्वीकार करने को राजी नहीं हैं। (अनंत ज्ञान)

**100 से ज्यादा ट्रैक्टर्स में आग लगाई**

# 300 करोड़ का नया ऋण लेगी सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश सरकार एक बार फिर कर्ज लेने जा रही है। वित्त विभाग ने शुक्रवार को राजपत्र में 300 करोड़ रुपए के नए ऋण की अधिसूचना जारी की है।

यह ऋण रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के माध्यम से 15 वर्ष की अवधि के लिए लिया जाएगा। अधिसूचना के अनुसार 19 नवंबर तक यह राशि प्रदेश सरकार के खाते में आ जाएगी। सुक्खू सरकार का मानना है कि यह ऋण राज्य की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने तथा विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में मददगार साबित होगा। वित्त विभाग द्वारा अधिसूचना जारी होने के बाद कर्ज प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू हो गई है। आगामी सप्ताह में राशि जारी हो जाने की संभावना है।

**15 वर्ष के लिए लिया जाएगा कर्ज, अधिसूचना की जारी**

## केदारनाथ में 17.68 लाख लोगों ने फैलाया 2300 टन कचरा

**एजेंसी, रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित केदारनाथ धाम में इस साल रिकॉर्ड 17 लाख 68 हजार लोगों ने बाबा केदार के दर्शन किए। इस आस्था के साथ केदारनाथ धाम में 2300 टन कचरे का पहाड़ भी जमा हो गया है। पिछले साल की तुलना में करीब 150 ग्राम प्रति यात्री ज्यादा रहा। अब इस कचरे को निस्तारित करने में 25 करोड़ रुपए से ज्यादा का खर्च आ रहा है, जो इस उच्च हिमालयी क्षेत्र में मौजूद शिव धाम के पर्यावरण के लिए नई चुनौती खड़ा कर रहा है। यात्रा के दौरान जमा हुआ पूरा कचरा वापस नीचे सोनप्रयाग लाकर निस्तारित करना पड़ता है। यह काम खच्चर करते हैं। (अनंत ज्ञान)

## बीबीसी ने ट्रंप से मांगी माफी मुआवजा देने से इनकार

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** ब्रिटेन के प्रमुख मीडिया संगठन बीबीसी ने वीरवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से 6 जनवरी 2021 के उनके भाषण के गलत एडिट को लेकर माफी मांगी है। हालांकि, बीबीसी ने 8400 करोड़ रुपए के मानहानि के दावे को लेकर साफ कहा कि उसने ट्रंप की मानहानि नहीं की, इसलिए उनके 1 बिलियन डॉलर के मुकदमे की कोई बुनियाद नहीं है। यह विवाद उस भाषण के एडिट को लेकर हुआ, जो ट्रंप ने उस समय दिया था, जब उनके समर्थकों ने यूएस कैपिटल पर हमला किया था। इस विवाद के बाद बीबीसी के डायरेक्टर जनरल टिम डेवी और न्यूज सीईओ डेबोरा टर्नेस ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया था। (अनंत ज्ञान)

# बेटी पढ़ाओ नारा नहीं, एक मिशन: सीएम सुक्खू

## शिमला में 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट स्पोर्ट्स एंड कल्चरल मीट-2025' का किया शुभारंभ

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर बाल दिवस के अवसर पर आयोजित 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट स्पोर्ट्स एंड कल्चरल मीट-2025' का मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुभारंभ किया। पुलिस विभाग और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा आयोजित यह महोत्सव 16 नवंबर तक चलेगा, जिसमें प्रदेश के 29 बाल-बालिका सुखाश्रय आश्रमों के लगभग 600 बच्चे भाग ले रहे हैं। यह आयोजन बाल दिवस को नेहरू जी के आदर्शों समान अवसर और उज्ज्वल भविष्य की सच्ची पुनर्प्रतिध्वनि के रूप में देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य है, जिसने अनाथ और बेसहारा बच्चों तथा महिलाओं के लिए व्यापक और संवेदनशील योजना तैयार की है। मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के तहत सरकार ने 6000 बच्चों को अपने संरक्षण में लिया है और 27 वर्ष की आयु तक उनके अभिभावक बनने की जिम्मेदारी निभा रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि इन बच्चों का दाखिला अब जिलों के प्रमुख स्कूलों में करवाया जाएगा और इसका पूर्ण व्यय सरकार वहन करेगी। यह कदम बच्चों को समान शिक्षण अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में ऐतिहासिक माना जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटी पढ़ाओ उनके लिए एक नारा नहीं, बल्कि उनका निजी मिशन है। उन्होंने कहा कि हर बेटी को सुरक्षा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अपनी उड़ान के लिए पूरा आसमान देने का दृढ़ संकल्प वर्तमान सरकार ने लिया है। उन्होंने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन की वह पाठशाला है, जहां जीत विनम्रता सिखाती है और हार के बाद दोबारा उठने का साहस देती है।



मुख्यमंत्री सुक्खू बाल दिवस पर शिमला में एक छात्रा को स्कूल बैग भेंट करते हुए।

### बच्चों को लैपटॉप और स्कूल बैग किए भेंट

सीएम ने कहा कि चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट किसी प्रमाण-पत्र के मोहताज नहीं, बल्कि वे अपनी चुनौतियों पर विजय पाने वाले योद्धा हैं। सरकार उन्हें हर वह संसाधन, सहयोग और मंच उपलब्ध कराएगी जिससे वे दुनिया को अपनी वास्तविक क्षमता दिखा सकें। उन्होंने इस अवसर पर बच्चों को लैपटॉप और स्कूल बैग भी भेंट किए और इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक बताया।

**पंचायत चुनाव** 3577 पंचायतों में से 3548 में मतदान सूचियां तैयार, शेष में दिसंबर तक बनेंगी

# हिमाचल में 55 लाख से ज्यादा मतदाता डालेंगे वोट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल में पंचायत और नगर निकाय चुनाव में 55 लाख 19 हजार 709 वोटर अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। स्टेट इलेक्शन कमीशन के निर्देशानुसार सभी जिलों के डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों ने वोटर लिस्ट का ड्रॉफ्ट रोल पब्लिश कर दिया है।

राज्य की 3 हजार 577 पंचायतों में से 3 हजार 548 पंचायतों की वोटर लिस्ट तैयार कर दी गई है, जबकि शेष 29 पंचायतों की वोटर लिस्ट एक दिसंबर तक तैयार हो जाएगी। 55.19 लाख वोटर में से इस बार 27 लाख 26 हजार 548 महिला मतदाता और 27 हजार 93 हजार 161 पुरुष मतदाता हैं। वोटर लिस्ट बनाने का काम पूरा होने के बाद अब इनकी प्रिंटिंग करवाएगा।



बता दें कि, हिमाचल प्रदेश की 3 हजार 577 पंचायतों और 73 नगर निकायों में स्टेट इलेक्शन कमीशन इसी साल दिसंबर और जनवरी में चुनाव करवाना चाहता है। स्टेट इलेक्शन कमीशन के निर्देशों पर वोट बनाने का काम पूरा कर दिया गया है। अब छूटे हुए मतदाता इलेक्शन का शेड्यूल आने तक वोट बना सकेंगे।

**जिन पात्र युवाओं का वोट नहीं बना, वे शुल्क देकर बनवा सकेंगे**

### ईसी की वेबसाइट पर देख सकेंगे वोटर लिस्ट


**वोटर** लिस्ट स्टेट इलेक्शन कमीशन की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त लोग 'वोटर सारथी' मोबाइल ऐप के माध्यम से भी यह जांच सकते हैं कि उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज है या नहीं।

### डीसी-एसडीएम के पास करना होगा आवेदन

**इलेक्शन** कमीशन के अनुसार, जो लोग अभी भी वोट बनवाने से वंचित रह गए हैं, वह चुनाव का कार्यक्रम जारी होने तक वोट बनवा सकेंगे। पंचायतों में 2 रुपए शुल्क देकर वोट बनाया जा सकेगा, जबकि शहरी क्षेत्रों में 50 रुपए फीस देकर वोट बनेगा। इसी तरह जो युवाओं की आयु 1 अक्टूबर 2025 को 18 वर्ष हो गई है, वह भी अपना वोट बनवा सकेंगे।पंचायत चुनाव के लिए वोट बनवाने के लिए डीसी के पास आवेदन करना होगा, जबकि शहरी निकाय चुनाव में वोट बनवाने के लिए संबंधित एसडीएम के पास आवेदन करना होगा।

### शिमला नगर निगम की मतदाता सूची नहीं

**राज्य** निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता सूची तैयार की गई है। इसमें शिमला नगर निगम और अन्य तीन निकायों के मतदाता की सूची नहीं है। कुछ विवाद के चलते निकायों की सूची तैयार नहीं की गई है।



## न्यूज ब्रीफ

### डीएवी पब्लिक भड़ोली में बाल मेले का आयोजन

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी पब्लिक स्कूल भड़ोली में पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस के अवसर पर बाल दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर बच्चों की हंसी, उत्साह व ऊर्जा से गूंज उठा। प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों की प्रतिभा व रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। इस विशेष अवसर पर विद्यालय में बाल मेले का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के वाइस चेयरमैन ओपी सौंधी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बाल मेले में कक्षा तृतीय से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मेले में आकर्षक फूड स्टॉल, मजेदार खेलकूद प्रतियोगिताएं और विविध रचनात्मक गतिविधियां बच्चों के लिए विशेष आकर्षण रहीं। सबसे अधिक उत्साहजनक आकर्षण रहा मैजिक शो, जिसे देखकर बच्चे खुशी से झूम उठे। पूरे परिसर में आनंद, उल्लास व प्रेम का वातावरण छा गया।

### पीएनबी की ऋण योजनाओं का उठाएं लाभ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पंजाब नेशनल बैंक ने शुक्रवार को जिला हमीरपुर और ऊना में 20 स्थानों पर मेगा रिटेल आउटरीच प्रोग्राम आयोजित किए। बैंक के सर्कल कार्यालय हमीरपुर के प्रमुख नीरज आनंद और बैंक के सहायक महाप्रबंधक राजेंद्र लाल ने इन कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। उन्होंने बैंक के अधिकारियों व कर्मचारियों को अधिकतम भागीदारी के लिए प्रेरित करते हुए बैंक की योजनाओं व लाभकारी ब्याज दरों की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने पर विशेष बल दिया। इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों तक पहुंच बढ़ाना, वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहित करना तथा बैंक और जनता के बीच मजबूत विश्वास व स्थायी संबंध स्थापित करना है। हमीरपुर के जिला अग्रणी प्रबंधक धर्मेंद्र स्याल ने जिले में वित्तीय जागरुकता को बढ़ाने के लिए ऐसे अभियानों की आवश्यकता को रेखांकित किया तथा इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी। बैंक कर्मचारियों ने विभिन्न स्थानों पर लगाए गए काउंटरों के माध्यम से ग्राहकों को होम लोन, कार लोन, एजूकेशन लोन, डिजिटल बैंकिंग सेवाओं तथा अन्य खुदरा उत्पादों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

### सोनिया ने नियुक्ति पर जताया आभार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सुजानपुर टीहरा के वार्ड नंबर-3 की सोनिया को हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति कल्याण बोर्ड का गैर सरकारी सदस्य नियुक्त किया गया है। सोनिया कांग्रेस की सक्रिय कार्यकर्ता हैं और विधानसभा उपचुनाव में महत्वपूर्ण रोल अदा कर चुकी हैं। अपने मनोनयन पर आभार व्यक्त करते हुए सोनिया ने मुख्यमंत्री सुक्खू, सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह तथा ब्लॉक कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष राजिंद्र वर्मा का विशेष धन्यवाद किया। सोनिया ने कहा कि उनके प्रति जताए गए विश्वास पर खरा उतरना उनका प्रथम संकल्प है। उन्होंने कहा, 'मेरा पूर्ण प्रयास रहेगा कि मैं सदैव अनुसूचित जाति समुदाय के कल्याण व उत्थान के लिए तत्पर रहूं। मुख्यमंत्री और विधायक कैप्टन रणजीत सिंह की जुगलबंदी ने सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं, जिनसे लोगों को वास्तविक लाभ मिल रहा है। सोनिया के मनोनयन पर बीना धीमान, मधुबाला, प्रवीण मोहिनी, मधु शर्मा, सुमन अटवाल, सरोज सहित अनेक महिलाओं ने उन्हें हार्दिक बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

### बाल दिवस बच्चों को समर्पित राष्ट्रीय त्योहार

**अनंत ज्ञान, नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में बाल दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया और भाषण के जरिए बच्चों व अध्यापकों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। कक्षा नवमीं की मानवी, कुंजल दत्त, अंशदीप ने अपने भाषण से बच्चों को बताया कि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिन 14 नवंबर के दिन को बालदिवस के रूप में मनाया जाता हैं, क्योंकि नेहरू जी को बच्चों से बहुत प्यार और लगाव था, बच्चे उन्हें चाचा नेहरू के नाम से पुकारते थे। बाल दिवस बच्चों को समर्पित भारत का राष्ट्रीय त्योहार है। कक्षा बाल वाटिका-1 से पांचवीं के बच्चो में दौड़, नींबू रेस, मेंढक कूद आदि प्रतियोगिता करवाई गई। बच्चों ने बड़े उत्साह से भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रिंसिपल आरती कटोच ने बच्चों को बालदिवस की शुभकामनाएं दीं व बच्चों को बताया कि पंडित जवाहर लाल नेहरू बच्चों को पूरे जीवन भर देश भक्त और राष्ट्रप्रेमी बनने की सलाह देते थे।

### पथल्यार स्कूल में 50 मेधावियों को नवाजा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय प्राथमिक और उच्च विद्यालय पथल्यार में बाल दिवस के अवसर पर 50 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक रमेश चंद मुख्यातिथि रहे। उन्होंने प्राथमिक स्कूल में एक और उच्च प्राथमिक स्कूल में एक कमरा दान स्वरूप में बनवाया था और आज पुनः राजकीय उच्च विद्यालय पथल्यार में कमरों की कमी देखते हुए उन्होंने एक और कमरा बनाने में सहयोग देने की घोषणा की। आयोजक विद्यालय को उन्होंने 10200 रुपए की राशि दान स्वरूप भेंट की। यह एक मिसाल है कि सेवानिवृत्त शिक्षक ने इस स्कूल के विकास में अहम योगदान दिया और सेवानिवृत्त होने के 2 साल भी पथल्यार स्कूल में मुफ्त में संस्कृत विषय पढ़ाते हैं, क्योंकि यहां शास्त्री पद रिक्त है। स्कूल की मुख्याध्यापिका पूनम ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी व हिमोत्थान संस्था का विशेष आभार व्यक्त किया, जो इस स्कूल में लाखों का खर्चा करते हुए टाइल्स लगाने का कार्य करवा रहे हैं। प्रिंसिपल बड़सर ने 1100 रुपए का दान भी दिया।

### नारा लेखन प्रतियोगिता में आंचल प्रथम

**अनंत ज्ञान, नादौन।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नादौन में नशा निवारण के तत्वाधान में नारा लेखन व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसकी संयोजक डॉ. माला शर्मा रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल डॉ. सुशील कुमार बस्सी ने की। नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आंचल बीएससी प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान पर रिया प्रथम वर्ष, यशस्वी बीएससी द्वितीय वर्ष और तृतीय स्थान पर हनी शर्मा बीएससी द्वितीय वर्ष एवं कशिश बीकॉम तृतीय वर्ष रही। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर संजना बीएससी तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर अनुष्का व इशिता भाटिया प्रथम वर्ष तथा तृतीय स्थान पर श्रेया बीएससी द्वितीय वर्ष और शिवानी राणा बीएससी प्रथम वर्ष रही।

### बाल दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता में ज्योत प्रथम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजराजेश्वरी कॉलेज शिक्षा महाविद्यालय भोटा में बाल दिवस के अवसर पर व्याख्यान के साथ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। व्याख्यान में बीएड, डीएलएड तथा बीए के विद्यार्थियों और प्रशिक्षु अध्यापकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसमें विद्यार्थियों ने कविता, भाषण प्रतियोगिता, एकल गायन में भाग लिया। व्याख्यान के दौरान उन्होंने पंडित जवाहर लाल नेहरू के बारे में बताया कि वो विदेशों में पढ़े, लेकिन दिल हिंदोस्तान में था। उन्होंने महात्मा गांधी के साथ मिलकर आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लिया था। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ज्योत, द्वितीय स्थान अदिति शर्मा व तृतीय स्थान तमन्ना ने प्राप्त किया। इसके पश्चात फन गेम्स भी करवाई गईं।

### छात्रों को नशे से दूर रहने का किया आग्रह

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** नशा निवारण बोर्ड के निदेशक रूबल सिंह ठाकुर ने बाल दिवस के उपलक्ष्य पर ब्राइट सन स्कूल में छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने छात्रों को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने का आग्रह किया। रूबल ने कहा कि युवा पीढ़ी के लिए सबसे बड़ी चुनौती चिट्टे की है। इससे युवा अपने जीवन को समाप्त कर रहे हैं। इसको जड़ से खत्म करने के लिए समाज के हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभानी पड़ेगी, ताकि आने वाला भविष्य सुरक्षित रहे, अन्यथा हालात गंभीर हो सकते हैं। मुख्यमंत्री की चिट्टे के खिलाफ इस मुहिम को हम आगे लेकर जाएंगे। रूबल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री भी चिट्टे के खिलाफ बेहद सख्त कदम उठा रहे हैं।

### नन्हे सितारों की चमक खेलों के संग मना उत्सव

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल में बाल दिवस धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन प्रो. आरसी लखनपाल, वाइस चेयरपर्सन चंद्रप्रभा लखनपाल, प्रधानाचार्या डुगनेड़ा वनिता गुप्ता, मुख्य अध्यापिका श्रीमती कंचन लखनपाल उपस्थित रहे। उन्होंने नेहरू जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया और बच्चों का उत्साहवर्धन किया।कार्यक्रम में बाल वाटिका-1 से कक्षा दूसरी तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने विभिन्न रोचक खेल गतिविधियों में भाग लेकर अपने कौशल एवं उत्साह का शानदार प्रदर्शन किया। बाल वाटिका 1 के लिए बाल बैलेंस विद ग्लास और 15 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। बाल वाटिका दो के लिए बाल पासिंग और 20 मीटर रेस रखी गई। बाल वाटिका तीन के नन्हे-मुन्नों ने पिक एंड ड्रॉप तथा 20 मीटर रेस में अपनी फुर्ती और एकाग्रता का शानदार प्रदर्शन किया।वहीं कक्षा पहली के बच्चों के लिए बॉडी बैलेंस एक्टिविटी, टनल रेस और 30 मीटर रेस का आयोजन किया गया। कक्षा दूसरी के विद्यार्थियों ने बॉल रोलिंग और ऑब्सटेकल रेस में भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन खेल विभाग की टीम और कक्षा बाल वाटिका से कक्षा दूसरी की अध्यापिकाओं द्वारा किया गया, तथा इस समूची गतिविधि की इंचार्ज (प्रभारी) सुमन रहीं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रांगण बच्चों की हंसी, उत्साह और जोश से गूंज उठा। मुख्य अतिथियों ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें जीवन में सदैव उत्साही एवं सकारात्मक बने रहने का संदेश दिया।यह दिन नन्हे-मुन्नों के लिए आनंद, खेल और सीख का सुंदर संगम साबित हुआ।

# मोबाइल से हाजिरी लगाने के फरमान का कॉलेज प्राध्यापक संघ ने किया विरोध

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राजकीय महाविद्यालय प्राध्यापक संघ (एसजीसीटीए) ने सरकार द्वारा जारी किए गए फरमान जिसमें कॉलेज प्रवक्ता भी मोबाइल से अपनी हाजिरी लगाएंगे का कड़ा विरोध किया है।

इसी कड़ी में 13 नवंबर को संघ ने पूरे प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों के सभी प्राध्यापक का गूगल मीट पर ऑनलाइन सम्मेलन किया। इस सम्मेलन में लगभग 60 से अधिक महाविद्यालयों के प्रवक्ताओं ने भाग लिया। सम्मेलन देर रात 11 बजे तक चला। इस दौरान सदस्यों ने जिओ फेंसिंग बेस्ड ऐप द्वारा हाजरी लगाने पर कई शंकाये जताई है। विस्तृत चर्चा के बाद सर्व समिति से यह फैसला लिया गया कि जब तक विभाग इन शंकाओं का निवारण नहीं करता तब तक सभी महाविद्यालयों के प्रवक्ता मोबाइल से हाजिरी नहीं लगाएंगे।



हिमाचल प्रदेश राजकीय महाविद्यालय प्राध्यापक संघ के पदाधिकारी व सदस्य प्रधानाचार्य के माध्यम से शिक्षा निदेशक को ज्ञापन भेजते हुए।

इसी कड़ी में शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश के सभी राजकीय महाविद्यालय में प्रधानाचार्य के माध्यम से उच्च शिक्षा निदेशक हिमाचल प्रदेश को ज्ञापन भेजें। इसी कड़ी में आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में प्रदेश के महासचिव डॉ संजय कानूनगो की अध्यक्षता में प्रधानाचार्य के माध्यम से शिक्षा निदेशक को भी ज्ञापन भेजा। इस अवसर पर यूनिट सचिव प्रो प्रशांत शर्मा, वित सचिव डॉ विनय कुमार शर्मा, प्रो अल्पना शर्मा, डॉ. मुकुल शर्मा, डॉ. सुरेंद्र शर्मा, डॉ. मोनिका पुरी, डॉ. एनडी खन्ना, प्रोफेसर नीरज शर्मा, प्रो. परवीन डॉ. निर्मल, डॉ. सुरेश, डॉ. सुनील शर्मा, डॉ. दिनेश शर्मा, डा॰ पूनम शर्मा, प्रो. पवन कुमार, प्रोफेसर मनोज कुमार, डॉ. अश्विनी पुरी, डॉ. कनिका, डॉ. सपना कुमारी, डॉ. अशोक और डॉ. विनोद कुमार आदि उपस्थित रहे। प्रदेश महासचिव ने कहा कि मोबाइल से हाजरी हमारे निजता का मौलिक अधिकार पर एक हमला है, इसके अलावा हमारा निजी डाटा चोरी होने का भी खतरा है, आईफोन पर यह ऐप उपलब्ध नहीं होती है और इसके लिए प्राध्यापकों को अलग से धन खर्च कर हाजिरी के लिए नया मोबाइल फोन लेना पड़ेगा। संघ का कहना है कि जब पहले से ही बायोमेट्रिक हाजिरी लग रही है और उससे किसी प्रकार की समस्या नहीं हो रही है तो आखिर विभाग को इस तरह के फैसले लेने की क्या जरूरत पड़ी। अत: संघ उच्च शिक्षा निदेशक व सरकार से मांग करता है कि इस फैसले को वापस जाए।

## सरकार के वादों का जनता आज जश्न नहीं, जवाब चाहती है: राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता व सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने मंडी में कांग्रेस सरकार के तीन साल पूरा होने पर जश्न मनाने के ऐलान को प्रदेश की जनता के साथ संवेदनहीन मजाक करार दिया है। राणा ने कहा कि मंडी जिला, जो प्राकृतिक आपदा से सबसे ज्यादा प्रभावित रहा, वहां सैकड़ों परिवार अपनी दिवाली तक नहीं मना सके, जबकि सरकार उसी मंडी में जश्न के ढोल बजाने जा रही है।

राणा ने पूछा कि सरकार जश्न किस बात का मनाने जा रही है जबकि धरातल पर उपलब्धियां शून्य हैं और जनता की मुश्किलें शीर्ष पर है। जारी प्रेस बयान में राजेंद्र राणा ने कहा कि सरकार जनता को भ्रमित करने के लिए जश्न मना रही है, जबकि पिछले तीन साल में सरकार का बैलेंस शीट सवालों और विफलताओं से भरी है। राणा ने सरकार की कार्यप्रणाली पर 18 तीखे सवाल उठाते हुए कहा कि ये सवाल ही बताने के लिए काफी हैं कि सरकार ने तीन साल में जनता को दिया क्या है और छीना क्या है। उन्होंने कहा कि क्या जश्न इस बात का है कि सरकार ने 1500 संस्थान, जिनमें कई स्कूल शामिल हैं, बंद कर दिए या इस बात का कि सरकारी व्यवस्थाएं चरमराने के कारण हजारों बच्चे स्कूल छोड़ने पर मजबूर हो गए। राणा ने पूछा कि क्या यह भी उपलब्धि है कि हिमाचल का कुल कर्ज 1 लाख करोड़ रुपए से ऊपर पहुंच गया, और युवाओं को सिर्फ 5000 वाली नौकरियों का सहारा दिया गया उन्होंने कहा कि ठेकेदारों के बिल महीनों से अटके हुए हैं, इलाज के लिए मरीज अस्पतालों में तड़प रहे हैं और सरकार उत्सव में मग्न है। उन्होंने कहा कि शगुन योजना की बेटियां अब भी सहायता राशि के इंतजार में हैं, महिलाएं 1500 रुपए की उम्मीद लगाए बैठी हैं, लेकिन सरकार उनसे किए वादों को भूल चुकी है। राणा ने कहा कि कानून-व्यवस्था लगातार बिगड़ रही है और सरकार जश्न का नारा लगा रही है। यह जनता की पीड़ा के प्रति संवेदनहीनता है। उन्होंने कहा कि रिटायर्ड कर्मचारी मेडिकल रिइम्बर्समेंट के इंतजार में लगातार सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, कई तो इंतजार करते-करते दुनिया छोड़ गए।

## सरदार पटेल ने जिस पार्टी के निर्माण में योगदान दिया उसी ने उनकी उपलब्धियों को हाशिए पर डाला: अनुराग

**अनंत ज्ञान, बड़सर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने हमीरपुर के बड़सर में सरदार/150 यूनिटी मार्च में हिस्सा लेकर लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी के देश निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को याद किया।

इस अवसर पर बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें अनुराग ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर बड़सर से ही पूर्व विधायक बलदेव शर्मा ने अनुराग ठाकुर को बिहार चुनावों में जीत की बधाई दी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर सहित जिला भाजपा के पदाधिकारी और बड़सर विधानसभा के दोनों मंडलों के सदस्य भी मौजूद रहे। सरदार 150 यूनिटी मार्च में हिस्सा लेते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि पटेल जी ने भारत के एकीकरण के लिए 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक कार्य किया था, जिससे आज का अखंड भारत अस्तित्व में आया। गुजरात के एकता नगर में स्थापित 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' न केवल सरदार पटेल की स्मृति का प्रतीक है, बल्कि भारत की अदम्य एकता का परिचायक भी है।



वल्लभभाई पटेल जी के देश निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को याद किया।

आज देश लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पूरे हर्षोल्लास के साथ मना रहा है। सरदार पटेल ने प्रशासनिक व्यवस्था की नींव रखी और आज का भारत उनके दृष्टिकोण का परिणाम है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे एकता, अनुशासन और राष्ट्र समर्पण की भावना से देश सेवा करें। अनुराग ठाकुर ने कहा कि सरदार पटेल की विरासत उनकी व्यावहारिकता, दृढ़ इच्छाशक्ति और अखंड भारत के निर्माण में उनके अद्वितीय योगदान से परिभाषित होती है। हालांकि उनकी उपलब्धियां अभूतपूर्व हैं, लेकिन दशकों से चली आ रही राजनीतिक साजिशों की वजह से, जिस पार्टी के निर्माण में उन्होंने योगदान दिया था, उसी पार्टी ने उनके योगदान को हाशिए पर डाल दिया। हाल के वर्षों में, भारतीय जनता पार्टी ने उनकी विरासत को पुन: प्राप्त करने और उसे उजागर करने के लिए सक्रिय रूप से काम किया है, जिससे भारतीय इतिहास में लौह पुरुष के चिरस्थायी महत्व को रेखांकित किया गया है।

## हिम अकादमी पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम में सुरक्षा, अपराध रोकथाम पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**




हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर व हीरा नगर में शुक्रवार को विशेष जागरूकता कार्यक्रम कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया था। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में एस.पी. हमीरपुर भगत सिंह ठाकुर ने शिरकत की।

उन्होंने छात्र-छात्राओं को सुरक्षा, कानून-व्यवस्था तथा अपराध रोकथाम से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। अपने प्रभावशाली संबोधन में उन्होंने बच्चों को जागरूक रहने, समय पर अपराध की रिपोर्ट करने और समाज में सुरक्षा बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अगर हम सब सतर्क रहें, सहयोग करें और समय-समय पर आवश्यक जानकारी सांझा करें, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, नशा-निवारण, तथा पुलिस और जनता के बीच बेहतर संबंधों पर भी प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ प्रश्न पूछे और सुरक्षा संबंधी जानकारी प्राप्त की। अंत में विद्यालय की ओर से एसपी का धन्यवाद किया गया कि उन्होंने छात्रों को इतनी उपयोगी एवं महत्त्वपूर्ण जानकारी देकर उन्हें जागरूक नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में कानून के प्रति सम्मान और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं।

## युवा उत्सव के लिए 17 तक करवाएं पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** युवा सेवाएं एवं खेल विभाग द्वारा नेशनल यूथ फेस्टिवल-2026 के अंतर्गत राज्य स्तरीय युवा उत्सव के लिए जिला हमीरपुर की टीमों का चयन किया जाएगा।

जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी विवेक वर्मा ने बताया कि उत्सव की कुल 6 प्रतियोगिताओं- समूह लोक नृत्य, समूह लोक गान, भाषण, कहानी लेखन, कविता लेखन तथा चित्रकला के लिए प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। प्रतिभागी युवाओं की आयु 18 से 29 तक होनी चाहिए। विवेक वर्मा ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक युवा 17 नवंबर सायं पांच बजे से पहले हमीरपुर स्थित जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी कार्यालय में अपना पंजीकरण सुनिश्चित करें।

## थर्मल द्रव हीटर ऊर्जा दक्ष हीटिंग डिवाइस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

ऊर्जा-कुशल तकनीक और मानव कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, थर्मल द्रव हीटर का डिजाइन भारतीय पेटेंट कार्यालय द्वारा आधिकारिक रूप से पंजीकृत किया गया है।

यह पेटेंट डिजाईन नंबर 464670-001, क्लास 23-03 में दर्ज हुआ है। इस अभिनव तकनीक को विकसित करने वाली शोध-टीम में देश-विदेश के छह प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. पुष्प लता शर्मा, सह आचार्य गणित विभाग, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला, डॉ. अजित कुमार, सहायक आचार्य गणित, सांयकालीन महाविद्यालय शिमला, डॉ. ज्ञान चंद राणा, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय धनेटा, हमीरपुर, डॉ. धनन्जय यादव, सह आचार्य गणित, निजवा विश्वविद्यालय ओमान, डॉ. पंकज कुमार, सहायक आचार्य, केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला, डॉ. पंकज ठाकुर, आचार्य इक्फाई विश्वविद्यालय सोलन शामिल हैं। शोध-टीम ने बताया कि थर्मल द्रव हीटर एक आधुनिक, ऊर्जा-दक्ष और सुरक्षित हीटिंग डिवाइस है।

## विश्वसनीय पत्रकारिता के लिए तथ्यों पर आधारित रिपोर्टिंग जरूरी: कुलदीप ढटवालिया

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पत्रकारों को विश्वसनीय पत्रकारिता स्थापित करने के लिए तथ्यों पर आधारित रिपोर्टिंग करना बेहद जरूरी है, ताकि जनता तक सही जानकारी पहुंचे।

यह बात प्रेस सूचना ब्यूरो के पूर्व प्रधान महानिदेशक कुलदीप सिंह ढटवालिया ने प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत में कही। उन्होंने मीडियाकर्मियों को अपनी रिपोर्टिंग में निष्पक्ष रहने की सलाह भी दी और कहा कि उन्हें पत्रकारिता के नैतिक मूल्यों का पालन करना चाहिए। किसी की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचानी चाहिए। ढटवालिया जिले के ढटवाल क्षेत्र के निवासी हैं और 36 साल की सेवा के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से भारत सरकार के प्रवक्ता के रूप में सेवानिवृत्त हुए हैं। उन्होंने गृह मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय में कुछ कार्यकालों के अलावा पीआईबी, डीएवीपी, आरएनआई और क्षेत्रीय प्रचार शाखाओं में विभिन्न पदों पर कार्य किया है।



पत्रकारों से बातचीत करते प्रेस सूचना ब्यूरो के पूर्व प्रधान महानिदेशक कुलदीप सिंह ढटवालिया।

ढटवालिया ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि संचार के तरीके और यहां तक कि सरकार द्वारा सूचना और प्रतिक्रिया एकत्र करने के तरीके में भी भारी बदलाव आया है। हालांकि, क्षेत्रीय प्रचार कार्यालयों की उपस्थिति कम हो गई है, लेकिन नवीनतम तकनीक के उपयोग से सरकारी तंत्र ने अपनी सूचना संग्रह प्रक्रिया में सुधार किया है। ढटवालिया ने क्षेत्र के लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए बड़सर विधानसभा क्षेत्र के बिझड़ी गांव में सामुदायिक रेडियो स्टेशन (सीआरएस) रेडियो ढटवाल की आवाज की स्थापना की है। उन्होंने कहा कि देश में 500 से अधिक सामुदायिक रेडियो स्टेशन हैं, जिनमें हिमाचल प्रदेश में आठ हैं। ये स्टेशन 20 से 25 लाख रुपए की लागत से स्थापित किए जा सकते हैं और दस किलोमीटर के दायरे में रहने वाली आबादी को कवर कर सकते हैं। इस अवसर पर प्रेस क्लब हमीरपुर के सदस्यों ने कुलदीप ढटवालिया को सम्मानित किया।

### एनडीए की सरकार बनने पर फोड़े पटाखे

**अनंत ज्ञान,सुजानपुर।** बिहार में एनडीए सरकार की बनने की खुशी सुजानपुर में भी दिखाई दी। सुजानपुर भाजपा शहरी अध्यक्ष रमन भटनागर की अध्यक्षता में शहरी इकाई भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा के पक्ष में नारेबाजी की तथा पटाखे भी फोड़ें। इस मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, बीजेपी जिंदाबाद के नारे लगाये ।इस मौके पर शहरी भाजपा अध्यक्ष रमन भटनागर के अलावा भाजपा कार्यकर्ता राजेश गुप्ता, रमन धीमान, प्रकाश सडियाल,अशोक मेहरा, कमलेश कुमारी, योगेंद्र भटनागर आदि मौजूद थे।

### रंगड़ों के काटने से एक व्यक्ति की मौत

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन उपमंडल के बेहा गांव में रंगड़ों के काटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है, जिससे क्षेत्र में शोक व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार 51 वर्षीय बेहा गांव का वीर मोहम्मद पुत्र जामू दीन घरों से कुछ दूरी पर घास काटने गया था, तो वहां रंगड़ों ने अचानक हमला कर दिया और काफी संख्या में रंगड़ों ने उसे बुरी तरह से काटा। खबर मिलने पर परिजन उसे धनेटा अस्पताल ले गए जहां डाकटरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कॉलेज हमीरपुर रैफर कर दिया। जहां उसने दम तोड़ दिया। यह जानकारी देते हुए मुस्ताक मोहम्मद ने बताया कि मृतक अपने पीछे पत्नी के अलावा दो बेटियां व एक बेटा छोड़ गया है। लोगों ने सरकार से आग्रह किया है कि पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दी जाए।

### हमीरपुर के कई क्षेत्रों में 16 को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बिजली उपमंडल-2 हमीरपुर में 16 नवंबर को लाइनों की आवश्यक मरम्मत और पेड़ों की काट-छांट के कार्य के चलते शहर के वार्ड नंबर 5,7,8,9 और 10, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, हिमुडा कॉलोनी, होटल हमीर, ठाकुर नर्सिंग होम, दुलेड़ा, बजूरी, बाईपास, लोहारडा, गौड़ा, भोटा चैक, मेडिकल कालेज अस्पताल, आयुर्वेदिक अस्पताल और आसपास के क्षेत्रों में सुबह 10 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### पदोन्नति के अवसर पर पदचिन्ह अलंकरण समारोह

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक जिला हमीरपुर व जिला पुलिस हमीरपुर के सभी पद के अधिकारियों व कर्मचारियों की ओर से पुलिस कर्मचारियों को उनकी पदोन्नति पर बधाई दी। इस अवसर पर सहायक उप निरीक्षक प्रकाश चन्द व सहायक उप निरीक्षक पवन कुमार को स्टार लगाकर अलंकृत किया। उपरोक्त पुलिस कर्मचारियों की पदोन्नति के अवसर पर शुक्रवार को कार्यालय पुलिस अधीक्षक में पदचिह्न अलंकरण समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर द्वारा इस जिला के अन्य अधिकारियों के साथ मिलकर उनको सहायक उप निरीक्षक के पदों पर पदोन्नत होने पर स्टार लगा कर नए पद से अलंकृत किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार, पुलिस उपअधीक्षक हरीश गुलेरिया तथा कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला हमीरपुर के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### 24 तक बंद रहेगी पक्का भरो-हीरानगर सड़क

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पक्का भरो से हीरानगर में डॉ. विनोद के घर तक पेयजल पाइपलाइन के कार्य के चलते इस सड़क पर यातायात 24 नवंबर तक बंद किया जा रहा है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक पक्का भरो से हमीरपुर शहर होते हुए अणु तक आवाजाही कर सकते हैं। उन्होंने सभी वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है।

### चमनेड़ स्कूल में पारितोषिक वितरण समारोह

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय माध्यमिक पाठशाला चमनेड़ में शुक्रवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह उत्साही और गरिमामय वातावरण में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा थे, जिन्होंने विद्यालय में दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ समारोह की शुरुआत की। डॉ. वर्मा का गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियां दीं, जिसमें 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' नाटिका ने विशेष ध्यान आकर्षित किया। डॉ. वर्मा ने बाल दिवस पर चाचा नेहरू के योगदान को याद करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में हिमाचल की प्रगति की सराहना की और बताया कि राज्य ने तीन वर्षों में 21वें स्थान से पांचवें स्थान तक की छलांग लगाई है।

## मुख्यमंत्री की चिट्टा विरोधी जंग में सभी दें साथ: सुनील शर्मा बिट्टू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि बच्चों और युवाओं को नशे से बचाने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बहुत ही कड़े कदम उठा रही है।

शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मटाहणी के वार्षिक पारितोषिक वितरण एवं बाल दिवस समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने बताया कि मुख्यमंत्री 15 नवंबर को शिमला के रिज मैदान से 'चिट्टा मुक्त हिमाचल' अभियान शुरू करने जा रहे हैं। चिट्टा जैसे घातक नशीले पदार्थ का सेवन और तस्करी को पूरी तरह खत्म करने के लिए मुख्यमंत्री ने एक बड़ी जंग का ऐलान किया है। हिमाचल के हर नागरिक को इस चिट्टा विरोधी जंग में प्रदेश सरकार एवं मुख्यमंत्री का साथ देना चाहिए। सुनील शर्मा बिट्टू ने शिक्षकों और अभिभावकों से कहा कि बच्चों का विशेष ध्यान रखें तथा उन्हें अच्छे संस्कार देकर जीवन में सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। सभी बच्चों और शिक्षकों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने अपना जन्म दिवस बच्चों को समर्पित किया था। आज के दिन सभी बच्चे जवाहर लाल नेहरू के आदर्शों को आत्मसात करने तथा कड़ी मेहनत के बल पर सफलता हासिल करने का संकल्प लें। इस अवसर पर उन्होंने शैक्षणिक, खेलकूद, सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों में सराहनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया। इससे पहले प्रधानाचार्य अंजू चोपड़ा ने मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों का स्वागत किया तथा स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। एसएमसी के अध्यक्ष एवं बीडीसी उपाध्यक्ष संजीव शर्मा और अन्य लोगों ने भी बच्चों के साथ अपने विचार साझा किए। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह में एपीएमसी अध्यक्ष अजय शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेश आनंद, राकेश वर्मा, होशियार सिंह, सुनील कुमार, अनिल चैधरी, शिक्षाविद पीएल चोपड़ा आदि मौजूद रहे।



बाल दिवस समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए सुनील शर्मा बिट्टू।

## भाषण प्रतियोगिता में अदिति प्रथम

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** गीतांजलि पब्लिक स्कूल धनेटा में बाल दिवस का आयोजन बहुत उत्साह और धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में रमन हाउस की अदिति डढवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के बच्चों ने कविता पाठन प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और चाचा नेहरू की वेशभूषा में सज धज कर स्कूल आए। चित्रकला प्रतियोगिता में नर्सरी से आठवीं तक के बच्चों ने भाग लिया, जिसमें नर्सरी कक्षा से काव्या, ऐलकेजी से नायरा, यूकेजी से सात्विका, पहली कक्षा से एकांश, दूसरी कक्षा से प्रियांशी, तीसरी कक्षा से मानविक, चौथी कक्षासे वेदांश, पांचवी कक्षा से काव्या भारद्वाज, छठी कक्षा से निमिषा, सातवीं कक्षा से नव्या, आठवीं कक्षा से शिवांग और हरलीन ने प्रथम स्थान हासिल किया।

## न्यूज ब्रीफ

### शिमला के पुनर्वास केंद्र में भर्ती पूर्व सैनिक लहूलुहान लौटा, संदिग्ध हालात में मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला में एक सेवानिवृत्त सैनिक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। 50 वर्षीय संदीप कुमार पुनर्वास केंद्र में उपचाराधीन थे और आईजीएमसी के साइकियाट्रिक विभाग से भी उनका इलाज चल रहा था। 12 नवंबर की रात करीब 12 बजे वह अचानक अपने घर पहुंचे, जहां उनकी नाक से खून बह रहा था और कपड़े खून से सने हुए थे। पत्नी ने सुबह पुनर्वास केंद्र के स्टाफ को बुलाया, लेकिन दिन में ही सूचना मिली कि संदीप की हालत गंभीर है और बाद में तेंजिन अस्पताल में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए आईजीएमसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने शरीर पर कई चोटें, खरोंचें और नीले निशान पाए। पत्नी का कहना है कि घर लौटने से पहले उनके पति पर किसी ने हमला किया, जिसके चलते गंभीर चोटें आईं और यही उनकी मौत का कारण बनीं। घटना के बाद पुलिस सतर्क हो गई है और अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दिल्ली हाट में सजेगा भव्य हिम महोत्सव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार दिल्ली हाट में 16 से 30 नवंबर तक तीसरे हिम महोत्सव का भव्य आयोजन करने जा रही है। 15 दिनों तक चलने वाला यह कार्यक्रम राजधानी के लोगों को हिमाचल की समृद्ध लोक कला, पारंपरिक शिल्प, व्यंजन और पर्यटन संस्कृति से रूबरू कराएगा। आयोजन का शुभारंभ 16 नवंबर की शाम 5:30 बजे मुख्य सचिव संजय गुप्ता करेंगे। अबकी बार भी दिल्ली हाट के सभी स्टॉल अग्रिम रूप से बुक हो चुके हैं, जो लोगों के जबरदस्त उत्साह का संकेत है। हैंडलूम एंड हैंडीक्राफ्ट की एमडी गन्धर्वा राठौर ने बताया कि महोत्सव का उद्देश्य शिल्पकारों को बड़ा और सीधा मंच देना है, ताकि वे अपने उत्पाद सीधे ग्राहकों तक पहुंचा सकें। हिमाचल प्रदेश राज्य हस्तशिल्प एवं हाथकरघा निगम को पुनः नोडल एजेंसी बनाया गया है, जो इस बार पारंपरिक शिल्पों को आधुनिक फ्यूज़न और वैल्यू ऐडेड उत्पादों के साथ प्रदर्शित करेगा। दिल्ली हाट को पारंपरिक ग्रामीण बाजार के अनुभव की थीम पर सजाया जाएगा, जिससे आगंतुकों को अनोखा माहौल मिलेगा। महोत्सव में हिमाचली लोक कला, पहाड़ी खानपान, ग्रामीण जीवन की झलक, आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और स्थानीय कारीगरों की अद्भुत कला मुख्य आकर्षण रहेंगी। पिछले वर्षों में इस आयोजन ने हिमाचल के पर्यटन, शिल्प और संस्कृति को नई पहचान दी थी और इस बार भी उम्मीद है कि हिम महोत्सव आगंतुकों को जीवंत और यादगार अनुभव प्रदान करेगा।

### शिमला में छात्रों दिए बिजनेस के टिप्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित ट्रेड फेयर-2025 में छात्रों ने अपने व्यापारिक कौशल और व्यावहारिक गुणों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को वास्तविक व्यावसायिक माहौल से जोड़ना और उन्हें उद्यमिता की बारीकियां समझाना रहा, जिसके तहत विद्यार्थियों ने मार्केटिंग, प्रबंधन, लेखा और बिक्री से जुड़े कौशलों को सीधे व्यवहार में उतारा। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार यह पहल छात्रों के भविष्य के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी।

### चियोग में छात्रों ने ली नशामुक्ति की शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चियोग में मानव कल्याण सेवा समिति के सौजन्य से नशामुक्ति जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने नशे के विरुद्ध अभियान चलाने की शपथ भी ग्रहण की। शिविर की अध्यक्षता समिति के निदेशक केशव राम लोथटा ने की। उन्होंने कहा कि नशा नाश का कारण है और कई परिवार नशे की चपेट में आकर बर्बाद हो चुके हैं। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि युवा पीढ़ी तेजी से विभिन्न प्रकार के नशे का शिकार हो रही है, जो समाज के लिए गंभीर चुनौती है। लोथटा ने बताया कि प्रदेश सरकार ने विशेषकर चिट्टे के खिलाफ अभियान शुरू किया है, जिसमें जनसहयोग जरूरी है क्योंकि किसी भी अभियान की सफलता जनता की भागीदारी पर निर्भर करती है।

### बरागटा ने कांग्रेस नेतृत्व पर साधा निशाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक और प्रचंड जीत पर जुब्बल-कोटखाई के कोटखाई बाज़ार में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई बांटी, आतिशबाज़ी की और पूरे बाज़ार में विजय का माहौल रहा। इस मौके पर भाजपा नेता चेतन बरागटा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे, जिन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, नीतीश कुमार तथा समस्त एनडीए कार्यकर्ताओं को बधाई दी। चेतन बरागटा ने कहा कि यह जीत केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और सुशासन पर जनता के भरोसे का प्रमाण है। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस अब तक 91 चुनाव हार चुकी है और शतक के करीब पहुंच चुकी है, जो दर्शाता है कि जनता नकारात्मक राजनीति को स्वीकार नहीं कर रही है।

### अजय ने प्रगति मैदान में हिमाचल पैविलियन का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार में प्रधान आवासीय आयुक्त अजय कुमार यादव ने आज प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित 44वें इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में हिमाचल प्रदेश पैविलियन का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष लगाई गई प्रदर्शनी हिमाचल की सांस्कृतिक समृद्धि और कारीगरों की प्रतिभा को देश-दुनिया तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगी।

# बिहार में एनडीए की ऐतिहासिक जीत ने बदली सियासत की हवा

## जयराम ठाकुर बोले- जनादेश बताता है देश अब झूठ और छलावे को नहीं देता जगह

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की अभूतपूर्व विजय ने देश में नई राजनीतिक दिशा तय कर दी है। शिमला के सीटीओ चौक पर आयोजित विजय समारोह में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, सुशासन और विकास मॉडल पर जनता की गहरी मुहर बताया।



शिमला में बिहार विजय उत्सव से उत्साहित जयराम ठाकुर व भाजपा के अन्य कार्यकर्ता।

उन्होंने कहा कि बिहार ने जिस विश्वास के साथ कमल के पक्ष में जनादेश दिया है, उसने कांग्रेस और महागठबंधन की राजनीति को आईना दिखा दिया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि यह जीत हिमाचल में भी उन जनभावनाओं को मजबूत करती है, जो झूठी गारंटियों और खोखले वादों से तंग आ चुकी हैं। उन्होंने कहा कि 20 वर्षों तक सत्ता में रहने के बाद भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में ऐसा जनादेश अभूतपूर्व है। इसे भारतीय राजनीति में प्रो-इनकंबेंसी का नया अध्याय कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सुशासन की वह मिसाल पेश की है, जिसमें एक-एक पाई बिना किसी बिचौलिये के लाभार्थियों तक पहुंची। यही वजह है कि जनता बार-बार उसी नेतृत्व पर भरोसा जताती है जो काम करता है और अपने संकल्प पत्र को समय पर पूरा करता है। जयराम ने प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और एनडीए के सभी नेताओं को इस ऐतिहासिक विजय पर बधाई दी।

उन्होंने कहा कि आज देश उस राजनीति को सिरे से खारिज कर चुका है, जो समाज को तोड़ने वाली, नकारात्मक और भ्रम फैलाने वाली हो। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जब भी प्रधानमंत्री मोदी पर अमर्यादित आक्षेप लगाते हैं, जनता हर बार उन्हें जवाब देती है। बिहार की जनता ने स्पष्ट संदेश दिया है कि झूठी गारंटियां और लोकलुभावन दावे अब लोगों को भ्रमित नहीं कर सकते।

### मुख्यमंत्री सुक्खू का झूठा प्रचार भी नहीं आया काम

**नेता** प्रतिपक्ष ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बिहार में कांग्रेस के स्टार प्रचारक के रूप में पहुंचे, लेकिन उनके भाषणों में झूठ और खोखले दावों का ऐसा अंबार था जिसे वे खुद बाद में संभाल नहीं पाए। उन्होंने कहा कि सबसे अधिक जिलों में प्रचार करने, आपदा पर चर्चा से बचने और बिहार में वोटर अधिकार यात्रा निकालने के बावजूद जनता ने कांग्रेस को लगभग शून्य पर ला खड़ा किया। जिस प्रकार हिमाचल में झूठी गारंटियों के सहारे कांग्रेस सत्ता में आई, उसी तरह उसकी हालत बिहार में हुई है। जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल की जनता भी अब पूरी तरह समझ चुकी है और समय आने पर इसी तरह का निर्णायक जनादेश देगी।

अंतरराष्ट्रीय लवी मेले के समापन पर सीएम बोले-

# शिपकी ला मार्ग से व्यापार और पर्यटन फिर होगा शुरू

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू लवी मेले के समापन समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए।

शिमला जिले के रामपुर में आयोजित चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय लवी मेले के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिपकी ला मार्ग से भारत-तिब्बत व्यापार पुनः शुरू करने का आग्रह दोहराया। उन्होंने बताया कि कैलाश मानसरोवर यात्रा को इसी मार्ग से शुरू करने पर केंद्र से बातचीत जारी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने स्वयं इस मार्ग से सीमा पर्यटन की शुरुआत की थी, जिससे अब तक 70 हजार से अधिक पर्यटक चीन सीमा के समीप हिमाचल की घाटियों का भ्रमण कर चुके हैं। उन्होंने पदम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामपुर में अगले सत्र से सीबीएसई पाठ्यक्रम शुरू करने की भी घोषणा की।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में तेजी से सुधार ला रही है। हिमाचल अब गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में देश में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है, जबकि पिछली सरकार के समय राज्य 21वें स्थान पर था। उन्होंने कहा कि आईजीएमसी शिमला और चम्याणा संस्थान में अगले छह महीने में अत्याधुनिक उपकरण उपलब्ध करवा दिए जाएंगे। उन्होंने दावा किया कि पड़ोसी राज्यों के सरकारी अस्पतालों में जहां अभी रोबोटिक सर्जरी की सुविधा नहीं है, वहीं हिमाचल प्रदेश ने चम्याणा और टांडा में यह सुविधा शुरू कर दी है।

आपदा प्रभावित परिवारों को राहत का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र से वन भूमि पर पुनर्वास की अनुमति मांगी गई है, ताकि अपनी भूमि गंवा चुके परिवारों को एक बीघा जमीन देकर बसाया जा सके। समापन समारोह में विभागीय, हस्तशिल्प, हथकरघा और धातु कला श्रेणियों के विजेताओं को सम्मानित किया गया। प्रदेशभर से आए कलाकारों ने हिमाचल की लोक संस्कृति की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

# पेंशनर्स 30 नवंबर तक करें ई-सत्यापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- आंगबाड़ी स्तर पर चल रहा विशेष अभियान
- दस्तावेज अपडेट न करने वालों की दिसंबर में नहीं आएगी पेंशन

हिमाचल प्रदेश में सामाजिक सुरक्षा पेंशन पाने वाले लाभार्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। सरकार ने सभी पेंशनरों को अंतिम अवसर देते हुए 30 नवंबर तक अनिवार्य रूप से ई-सत्यापन पूरा करने के निर्देश दिए हैं। निर्धारित तिथि तक यह प्रक्रिया पूरी न करने पर दिसंबर महीने की पेंशन रोक दी जाएगी। विभाग का कहना है कि पेंशन प्रणाली को पारदर्शी रखने और फर्जी लाभों को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है।

जानकारी के अनुसार निदेशालय अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं विशेष रूप से सक्षम का सशक्तिकरण के निदेशक सुमित खिमटा ने बताया कि जिन पेंशनरों ने अब तक इलेक्ट्रॉनिक पहचान सत्यापन नहीं कराया है, वे 30 नवंबर तक यह कार्य जरूर पूरा कर लें, अन्यथा दिसंबर की पेंशन उनके खाते में नहीं आएगी। सरकार इससे पहले भी कई बार समय बढ़ा चुकी है, लेकिन हजारों लाभार्थी अभी भी सत्यापन से बाहर हैं।

प्रदेश में कुल 8,31,161 लाभार्थी सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त कर रहे हैं, जिनमें से 6.85 लाख लोगों का ई-सत्यापन पूरा हो चुका है। राज्य सरकार ने सत्यापन की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से जिला, तहसील और पंचायत स्तर पर विशेष अभियान चलाया है। इस अभियान में सभी पेंशनरों के आधार कार्ड, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर और स्थायी पते समेत जरूरी दस्तावेजों को स्थानीय स्तर पर जांचा जा रहा है। कई लाभार्थियों का सत्यापन पूरा हो चुका है, लेकिन जिन लोगों ने अभी तक अपनी नई जानकारी अपडेट नहीं करवाई है, उन्हें विभाग द्वारा तैयार किए जा रहे नए डिजिटल मंच पर पेंशन प्राप्त करने में कठिनाई हो सकती है।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा-परित्यक्ता-एकल नारी पेंशन, दिव्यांग राहत भत्ता, कुष्ठ रोगी भत्ता और ट्रांसजेंडर पेंशन के सभी लाभार्थियों को 30 नवंबर तक अपना ई-सत्यापन अनिवार्य रूप से पूरा करना होगा। महिला लाभार्थियों को हर महीने 1500 रुपए और पुरुषों को 1000 रुपए से 1150 रुपए तक पेंशन दी जाती है, जबकि 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को 1700 रुपए मासिक पेंशन मिल रही है।

# लवी मेले में विभागीय प्रदर्शनी बनी आकर्षण

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**



**रामपुर बुशहर।** अंतरराष्ट्रीय लवी मेला-2025 में इस वर्ष विभागीय प्रदर्शनी मुख्य आकर्षण बनी, जहां प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों ने अपनी जन कल्याणकारी योजनाओं, तकनीकी नवाचारों और सेवाओं का सजीव व प्रभावी प्रस्तुतीकरण किया। सूचना एवं जनसंपर्क, बागवानी, कृषि, वन, जल शक्ति, विद्युत, स्वास्थ्य, परिवहन विभागों के साथ एसजेवीएन तथा पशुपालन विभाग ने अपने-अपने बूथों पर दर्शकों को योजनाओं और तकनीकी जानकारी से रू-ब-रू करवाया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने वर्तमान सरकार की व्यवस्था परिवर्तन, आत्मनिर्भरता और गारंटियों के क्रियान्वयन पर आधारित आकर्षक प्रदर्शनी लगाई।

बागवानी विभाग ने हाई डेंसिटी प्लांटेशन मॉडल, माइक्रो इरिगेशन और यांत्रिकीकरण को आकर्षक तरीके से प्रस्तुत किया। कृषि विभाग ने प्राकृतिक खेती, फसल विविधिकरण कार्यक्रम, पीएम-किसान योजना और मिट्टी स्वास्थ्य कार्ड से जुड़ी सेवाओं की जानकारी दी, जबकि जल शक्ति विभाग ने जल जीवन मिशन, जल संरक्षण व पेयजल गुणवत्ता प्रबंधन को सरल रूप में समझाया। विद्युत विभाग ने ऊर्जा संरक्षण कार्यक्रम और उपभोक्ता सुविधाओं का प्रदर्शन किया, स्वास्थ्य विभाग ने जांच शिविरों व स्वास्थ्य योजनाओं का विस्तार से परिचय दिया और परिवहन विभाग ने सुरक्षित यातायात व डिजिटल सेवाओं के प्रति लोगों को जागरूक किया।

# एनडीए की जीत में मोदी-नीतीश पर जनता का भरोसा कायम : डॉ. बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और समाज कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता कीविजय बताया। उन्होंने कहा कि बिहार, जो कभी पिछड़ेपन की पहचान माना जाता था, आज मोदी और नीतीश कुमार की साझेदारी के कारण देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने वाला प्रदेश बन चुका है। बिंदल ने इस जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और एनडीए नेतृत्व को बधाई दी। डॉ. बिंदल ने कहा कि बिहार की जनता ने हिमाचल कांग्रेस की कथित झूठी गारंटियों को पूरी तरह नकार दिया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल कांग्रेस के नेता बिहार चुनाव में बड़े-बड़े वादे और जुमले लेकर पहुंचे थे, लेकिन जनता ने उन्हें सिरे से खारिज कर दिया।

बिंदल ने दावा किया कि हिमाचल की जनता भी वर्तमान कांग्रेस सरकार से परेशान है और प्रदेश में चुनाव का इंतजार कर रही है, ताकि कांग्रेस को सत्ता से बाहर कर भाजपा सरकार स्थापित की जा सके। कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए बिंदल ने कहा कि इस चुनाव ने साफ कर दिया है कि देश में सबसे नीचे खड़ी होने वाली पार्टी कांग्रेस ही है। उन्होंने कहा कि 'वोट चोरी' के नाम पर देश को गुमराह करने की कोशिश करने वाले नेताओं को 10 सीटें भी नहीं मिलीं। कांग्रेस केवल पांच सीटों पर सिमट गई, जो पार्टी के लिए शर्मनाक स्थिति है।

# शिमला जिले में 14 नई उचित मूल्य की दुकानें खोलने की प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत 14 स्थानों पर नई उचित मूल्य दुकानें खोलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह जानकारी जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नरेंद्र कुमार धीमान ने दी।

उन्होंने बताया कि विकास खंड चौपाल के ग्राम पंचायत झिकनीपुल के ग्राम रावतन, विकास खंड रामपुर की ग्राम पंचायत शिंगला के ग्राम उमरी वार्ड नंबर तीन, विकास खंड कोटखाई की ग्राम पंचायत बाधी में, विकास खंड चौपाल की ग्राम पंचायत चांजु चौपाल के ग्राम कराई वार्ड नंबर तीन, शिमला शहर के वार्ड नंबर 16 जाखु, शिमला शहर के वार्ड नंबर 34 कनलोग, शिमला ग्रामीण की ग्राम पंचायत नेरी के ग्राम सांगटी, विकास खंड जुब्बल की ग्राम पंचायत गिलटाड़ी और झगटान, विकास खंड छौहारा की ग्राम पंचायत सारीबासा के देवीधार वार्ड नंबर दो, ग्राम पंचायत कवार के कवार वार्ड नंबर सात, विकास खंड रामपुर की ग्राम पंचायत दरकाली, विकास खंड ठियोग की ग्राम पंचायत धर्मपुर तथा विकास खंड चौपाल की ग्राम पंचायत झीना के झीना वार्ड नंबर तीन में उचित मूल्य की दुकान खोलने हेतु आवेदन मांगे गए हैं। इन सभी स्थानों के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 5 दिसंबर निर्धारित की गई है। इच्छुक व्यक्ति संस्था वेबसाइट पर जाकर ही आवेदन कर सकते हैं। अन्य किसी माध्यम से भेजे गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। आवेदन करने के लिए न्यूनतम योग्यता मैट्रिक निर्धारित है और व्यक्तिगत आवेदक की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी आवश्यक है।

# 382 मेगावाट सुन्नी बांध परियोजना में छंटनी के विरोध में दूसरे दिन भी हड़ताल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



रित्विक कंपनी कार्यालय के बाहर हड़ताल के दौरान नारेबाजी करते मजदूर।

382 मेगावाट सुन्नी बांध पनविद्युत परियोजना में तीन मजदूरों की कथित गैर-कानूनी छंटनी के विरोध में मजदूरों की दो दिवसीय हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। रित्विक कंपनी के कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में मजदूर एकत्र हुए और जोरदार प्रदर्शन किया। हड़ताल में सैकड़ों मजदूरों की भागीदारी रही, जिससे माहौल पूरी तरह आंदोलनकारी रहा।

प्रदर्शन के दौरान सीटू राज्य अध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, जिला कोषाध्यक्ष बालक राम, सचिव विवेक कश्यप, रंजीव कुठियाला, किसान नेता जयकृष्ण शास्त्री सहित सुन्नी डैम हाइड्रो प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन के प्रधान ओमप्रकाश, महासचिव प्रेम प्रकाश, हेमराज, टेकचंद, ज्ञानी, सतीश, नेकचंद, जितेंद्र, पारस, देवेंद्रपाल, भूपेंद्र, संदीप, विनोद, केशवराम, राकेश, नमन, रिंकू, रमेश, कैलाश, सन्जू आदि नेताओं ने मजदूरों को संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि परियोजना क्षेत्र में श्रम कानूनों का लगातार उल्लंघन किया जा रहा है, जिससे मजदूरों में भारी रोष है।

> सीटू नेता बोले समझौता लागू न हुआ तो आंदोलन होगा तेज

नेताओं ने चेतावनी दी कि 22 अगस्त 2025 को हुआ समझौता तुरंत लागू किया जाए। छंटनी किए गए मजदूरों को वापस काम पर लिया जाए, हर महीने की 7 तारीख से पहले वेतन का भुगतान सुनिश्चित किया जाए, मैस और सुरक्षा गार्डों की भर्ती में पारदर्शिता लाई जाए तथा सभी मजदूरों के लिए पीएफ सुविधा अनिवार्य रूप से लागू हो। मजदूरों के लंबित बोनस को भी तुरंत जारी करने की मांग की गई। उन्होंने कहा कि यदि कंपनी ने इन मांगों पर सकारात्मक कदम नहीं उठाए, तो मजदूर ट्रेड यूनियन की बड़े स्तर की गतिविधियों के लिए विवश होंगे।

# संजौली मस्जिद में नमाज को लेकर लोगों में तनाव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला के संजौली क्षेत्र में शुक्रवार को उस समय तनाव फैल गया जब मुस्लिम समुदाय के लोग मस्जिद में नमाज अदा करने पहुंचे। स्थानीय लोगों ने इसका विरोध करते हुए मस्जिद के बाहर जमावड़ा लगा दिया। विरोध बढ़ने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पहले भी बाहरी राज्यों से आए कुछ लोगों ने माहौल बिगाड़ा है, इसलिए वे केवल स्थानीय मुस्लिमों को ही मस्जिद में प्रवेश देने की मांग कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार संजौली मस्जिद लंबे समय से विवादों में रही है। 31 अगस्त 2024 को मैहली में दो गुटों के बीच झगड़े के बाद यह मामला और गर्मा गया था। इसके बाद सितंबर 2024 में शिमला व संजौली-ढली में लगातार प्रदर्शन हुए। मस्जिद कमेटी खुद आयुक्त कोर्ट पहुंची और अवैध हिस्से को हटाने की पेशकश की। बाद में अदालतों में कई दौर की सुनवाई चली और मई 2025 में एमसी आयुक्त कोर्ट के फैसले पर जिला अदालत ने भी मुहर लगा दी। इसी विवाद के बीच शुक्रवार को नमाज को लेकर फिर तनाव पैदा हो गया।

**विवाद बढ़ा तो पुलिस की सक्रियता से शांत हुआ माहौल:** विरोध के कारण कुछ देर तक मस्जिद के बाहर तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। पुलिस अधिकारियों ने दोनों पक्षों से बात कर हालात को काबू में किया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी बाहरी व्यक्ति को अनुमति नहीं होगी और केवल स्थानीय मुस्लिम समुदाय के लोग ही मस्जिद में नमाज अदा कर सकेंगे। फिलहाल स्थिति सामान्य है, लेकिन पूरे क्षेत्र में एहतियातन पुलिस तैनात कर दी गई है।

उद्घाटन | 10 करोड़ की लागत से निर्मित भवन से विद्यार्थियों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

# जुब्बल में शहरी आजीविका केंद्र का उद्घाटन, तकनीकी शिक्षा को नई दिशा

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** जुब्बल में लगभग 10 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित शहरी आजीविका केंद्र के उद्घाटन के साथ क्षेत्र की तकनीकी शिक्षा को नई दिशा मिली है। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने संयुक्त रूप से इस भवन का लोकार्पण किया।



मंत्री राजेश धर्माणी और मंत्री रोहित ठाकुर आजीविका केंद्र का उद्घाटन करते हुए।

प्री-इंजीनियरिंग बिल्डिंग तकनीक से तैयार यह आधुनिक संरचना भूकंप जैसी आपदाओं में विशेष सुरक्षा प्रदान करती है और पर्यावरण के प्रति भी अनुकूल मानी जाती है क्योंकि इसमें रेत-बजरी और सीमेंट का न्यूनतम उपयोग होता है। धर्माणी ने कहा कि इस भवन से आईटीआई जुब्बल में पढ़ रहे विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी और प्रशिक्षण की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा। उन्होंने बताया कि मुश्किल आर्थिक परिस्थितियों और प्राकृतिक आपदाओं के बावजूद प्रदेश सरकार ने शिक्षा और तकनीकी शिक्षा में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। वर्ष 2021 में देश में 21वें स्थान पर रहा हिमाचल अब 2025 के मूल्यांकन में पांचवें स्थान पर पहुंच चुका है, जो सरकार की स्पष्ट नीयत और प्रयासों का प्रमाण है।

धर्माणी ने युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम होने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि आने वाला समय पूरी तरह तकनीक आधारित होगा और हर क्षेत्र में आधुनिक कौशल की मांग बढ़ती रहेगी।

### जुब्बल-नावर-कोटखाई क्षेत्र शिक्षा की दृष्टि से हो रहा सशक्त

**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि जुब्बल-नावर-कोटखाई क्षेत्र शिक्षा की दृष्टि से सशक्त हो रहा है। तीन आईटीआई और प्रगति नगर में स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इंजीनियरिंग कॉलेज गुम्मा में 104.2 करोड़ रुपए की लागत से आधारभूत ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। कई भवन तैयार हो चुके हैं। ईसीसी डिप्लोमा को दोबारा शुरू करना, इलेक्ट्रिक वाहन विषय का नया कोर्स आदि करने की घोषणा इस क्षेत्र को तकनीकी शिक्षा का उभरता केंद्र बना रही है।

# गुम्मा अभियांत्रिकी कॉलेज को तकनीकी शिक्षा का भविष्य केंद्र बनाएगी सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने जुब्बल-कोटखाई प्रवास के दौरान अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय गुम्मा में तकनीकी शिक्षा विभाग के अधिकारियों, संस्थान के प्रधानाचार्य और संकाय सदस्यों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। इस बैठक में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहे।

बैठक के प्रारंभ में संस्थान के प्रधानाचार्य एवं निदेशक डॉ. उमेश राठौड़ ने महाविद्यालय में चल रही गतिविधियों और शैक्षिक व्यवस्था की क्रमवार जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह संस्थान प्रदेश का एक अनूठा केंद्र है, जहां पॉलिटेक्निक, आईटीआई तथा इंजीनियरिंग कॉलेज एक ही परिसर में संचालित किए जा रहे हैं। डॉ. राठौड़ ने दोनों मंत्रियों को विद्यार्थियों की संख्या, शिक्षकों की उपलब्धता तथा संसाधनों की वर्तमान स्थिति से भी अवगत करवाया।

तकनीकी शिक्षा मंत्री और शिक्षा मंत्री ने महाविद्यालय में निर्माणाधीन कार्यों, प्लेसमेंट की दिशा में हो रहे प्रयासों, संचालित पाठ्यक्रमों एवं अन्य गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने संस्थान के भविष्य की रूपरेखा पर भी चर्चा की और इसे प्रदेश का अग्रणी तकनीकी शिक्षा केंद्र बनाने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए। मंत्रियों ने यह विश्वास व्यक्त किया कि महाविद्यालय आने वाले समय में न केवल स्थानीय क्षेत्र बल्कि पूरे प्रदेश और देश के विद्यार्थियों के लिए उत्कृष्ट शैक्षिक केंद्र के रूप में विकसित होगा।

### धर्माणी बोले-सरकार देगी हरसंभव सहयोग

**राजेश** धर्माणी ने कहा कि राज्य सरकार संस्थान के व्यापक विकास के लिए पूर्ण सहयोग देगी और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### बणी से गरली रोड यातायात के लिए रहेगा बंद

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अधिसूचना जारी की है कि परागपुर उपमंडल के अन्तर्गत बणी से गरली सड़क के मरम्मत कार्य के चलते 16 नवंबर 2025 से 15 दिसंबर 2025 तक हर प्रकार के यातायात के लिए पूर्ण रूप से बंद रहेगा। इस दौरान गाडियों की आवाजाही के लिए वाया नक्की खड-गरली तथा सदवां-चंबा मार्गों का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### हर पदाधिकारी को बूथ तक जाने की जरूरत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** संगठनात्मक जिला कांगड़ा किसान मोर्चा की परिचय बैठक जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा मोहिंदर राणा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि कांगड़ा चंबा संसदीय प्रभारी किसान मोर्चा व प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा संजीव ठाकुर उपस्थित रहे और विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिलाध्यक्ष कांगड़ा सचिन शर्मा का मार्गदर्शन रहा। सचिन शर्मा ने अपने संबोधन में संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि किसान मोर्चा भाजपा का एक बहुत महत्वपूर्ण मोर्चा है और हर पदाधिकारी व कार्यकर्ता को बूथ स्तर तक जाने की आवश्यकता है। प्रभारी व प्रदेश महामंत्री संजीव ठाकुर ने संगठन का परिचय करने के बाद प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे 10 एक बूथ 10 किसान अभियान पर जोर देते हुए कहा कि अब मंडल स्तर पर बैठकें की जाएंगी और कार्यकारिणी का विस्तार भी किया जाएगा।

### बिहार की जनता ने विकास राजनीति को चुना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व उद्योग मंत्री एवं जसवां-प्रागपुर के विधायक बिक्रम ठाकुर ने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर प्रदेश व देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम जनादेश देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरीब-कल्याणकारी नीतियों और राष्ट्रहित के लिए गए निर्णायक निर्णयों का परिणाम है। प्रधानमंत्री मोदी ने अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचाकर विकास की राजनीति को मजबूत किया है। इसी विश्वास ने आज फिर बिहार सहित पूरे देश में एनडीए को नई ऊर्जा दी है। बिहार इसका ताजा उदाहरण है, जहां जनता ने नफरत की राजनीति को नकार कर सुशासन और विकास की राजनीति को चुना है।

### प्रागपुर स्कूल में बच्चों ने बांधा समां

**शिवम शर्मा, अनंत ज्ञान, परागपुर।** प्रागपुर स्कूल में शुक्रवार को आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह प्रतिभा, ऊर्जा और उत्साह का ऐसा संगम बनकर उभरा कि पूरा विद्यालय दिनभर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने की, जबकि विद्यालय की प्रधानाचार्या सीमा कौशल ने आयोजन की कमान संभाली। बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियों भांगड़ा, गिद्दा, वंदे मातरम समूहगान, पहाड़ी नाटियां, भारत विजय प्रस्तुति और नशा निवारण पर दमदार नुक्कड़ नाटक से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हर प्रस्तुति पर तालियों की लंबी गूंज साबित कर रही थी कि बच्चों ने मंच पर अपना शत-प्रतिशत उंडेल दिया है। इस दौरान होनहारों को सम्मानित किया गया।

### पशु तस्करी करने पर ट्रक चालक को पकड़ा

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पठानकोट-जेंड़ेके नेशनल हाईवे पर रविवार को माहौल तनावपूर्ण हो गया जब कुछ लोगों ने पशुओं से भरे एक ट्रक को रोक लिया। लोगों ने पहले ट्रक चालक को पकड़ा और उसकी पिटाई की, इसके बाद ट्रक से पशु निकालकर वीडियो बनाने लगे। स्थानीय लोगों का आरोप है कि गुरदासपुर से रोजाना बड़े पैमाने पर पशु जेंड़ेके भेजे जाते हैं, जिन्हें काटा जाता है। उन्होंने कहा कि गाय उनकी माता है और गौहत्या किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। घटना की जानकारी पाकर पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और ट्रक व चालक को कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी। इस घटना ने हाईवे पर तनाव और भी बढ़ा दिया।

### अवैध शराब से भरी कार जब्त, चालक फरार

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** अमृतसर-पठानकोट मार्ग पर बलसूआ पुली के पास एक्साइज विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर अवैध शराब से भरी एक कार को जब्त किया। हालांकि कार चालक मौके से फरार होने में सफल रहा। विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि इससे पहले गुरदासपुर जिले से 47 पेटियां अवैध शराब पकड़ी जा चुकी हैं और आज फिर करीब 22 पेटियां शराब, जो एक शिफ्ट डिज़ायर कार में लाई गई थी, बरामद की गई। शराब कहां से आई और कहां ले जाई जा रही थी, इसकी जांच जारी है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अवैध शराब तस्करी का मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। यह कार्रवाई अवैध शराब की रोकथाम में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

### चिट्टे के खिलाफ छात्रों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खैरा में कार्यरत सहायक हरीश चंद ने विद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर में विद्यार्थियों द्वारा चिट्टे के नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में अपने द्वारा लिखे गाने गाकर चिट्टे के प्रयोग से होने वाली हानियों के प्रति जागरूक किया। उनकी इस समाज सुधारक प्रवृत्ति से खुश होकर विद्यालय प्रबंधन ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इससे पहले भी वह सड़क सुरक्षा व पालमपुर की खूबसूरती को अपने शब्दों में पिरो कर अपने यूट्यूब चैनल पर गीत गाते रहे हैं।

### 40 शिक्षकों व स्टूडेंट्स ने किया रक्तदान

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय, बैजनाथ के रेड रिबन क्लब तथा रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा हिमाचल ब्लड डोनर एनजीओ के सहयोग से रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना और समाज में मानव सेवा की भावना को बढ़ावा देना था। लगभग 40 विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने रक्तदान किया, जिन्होंने उत्साहपूर्वक इस मानवीय कार्य में भाग लिया। सभी रक्तदाताओं को उनके उत्कृष्ट योगदान हेतु पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर एक निशुल्क दंत जांच शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों तथा स्टाफ सदस्यों ने दंत स्वास्थ्य संबंधी जांच और परामर्श प्राप्त किया।

### कर्टेन रेजर कार्यक्रम पालमपुर में आयोजित

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान (आईएचबीटी) पालमपुर में इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल के कर्टेन रेजर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. सुदेश कुमार यादव ने स्कूलों और कॉलेजों से आए विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए बताया कि आईआईएसएफ का आयोजन 6 से 9 दिसंबर को पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव विज्ञान को उत्सव के रूप में मनाने और छात्रों में जिज्ञासा एवं नवाचार को बढ़ावा देने का माध्यम है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला के भौतिकी विभाग के प्रो. डॉ. शशि धीमान रहे, जिन्होंने भारत के समृद्ध वैज्ञानिक इतिहास और आधुनिक युग में उसकी महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सन्हूं में शुक्रवार को बाल दिवस एवं वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हिमाचल प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान मौजूद रहे। सरस्वती दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया, जबकि शिक्षा व खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। प्रधानाचार्य अरुण कुमार ने विद्यालय की उपलब्धियों और समस्याओं का ब्यौरा प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के योगदान को स्मरण करते हुए अभिभावकों से बच्चों के साथ दोस्ताना व्यवहार और मार्गदर्शन का आग्रह किया। कार्यक्रम में एसएमसी प्रधान त्रिलोचन सिंह, स्कूल स्टाफ और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### श्रेष्ठा देवी के निधन पर शोक की लहर

**अनंत ज्ञान, डरोह।** गांव भट्टू समूला के पूर्व प्रधान व वर्तमान उपप्रधान व जिला भाजपा प्रवक्ता अरुण राणा की धर्मपत्नी एवं पूर्व पंचायत प्रधान श्रेष्ठा देवी (55) के निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। हिमाचल लोक हित जनकल्याण संस्था के केंद्रीय महामंत्री तुलसी राम डोगरा ने उनके निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट की हैं। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को किया गया, जिसमें सुलह के विधायक विपिन परमार, पूर्व विधायक जगजीवन पाल, संजय चौहान सहित कई राजनीतिक हस्तियों ने उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी और समर्थक भी मौजूद रहे। सभी ने परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें और परिवार को इस दुःखद घड़ी में धैर्य व शक्ति प्रदान करें।

# 25 लाख से बने पंचायत भवन दगोह का लोकार्पण

## मंत्री यादविंद्र गोमा ने 75 लाख के विकास कार्य किए लोकार्पित

**नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान**



मंत्री यादविंद्र गोमा पंचायत भवन दगोह का लोकार्पण करते हुए।

**जयसिंहपुर।** आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने आज जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत दगोह में 75 लाख रुपए की विभिन्न विकास कार्यों को लोकार्पित किया। उन्होंने 25 लाख रुपए की लागत से तैयार ग्राम पंचायत भवन दगोह, 6 लाख रुपए की लागत का सामुदायिक सेवा केंद्र, 9 लाख रुपए की लागत के महिला मंडल भवन दगोह खास और दरोबड़ और अनुसूचित जाति बस्ती मझेड़ा, लुगट और पड़मन क्षेत्र के लिए 34.43 लाख की पेयजल योजना का उद्घाटन किया।

मंत्री ने इस दौरान दगोह में आयोजित जनसभा में स्थानीय लोगों को विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण पर बधाई दी। गोमा ने कहा कि जयसिंहपुर क्षेत्र के विकास के लिए उन्होंने हमेशा दलगत राजनीति से उपर उठकर कार्य किया है और लगातार क्षेत्र के विकास के लिए तत्पर रहेंगे।

मंत्री ने दुर्गा महिला मंडल भवन और काहण महिला मंडल भवन निर्माण के लिए 2-2 लाख रुपए, दरोबड़ में महिला मंडल भवन में अतिरिक्त निर्माण कार्य के लिए 1.50 लाख रुपए और अरंडा व अन्य महिला मंडलों को 11-11 हजार रुपए देने की घोषणा की। मंत्री ने स्थानीय लोगों के आईटीआई निर्माण दगोह में करने के आग्रह पर आश्वासन दिया कि लोगों की मांग को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस दौरान आयुष मंत्री ने ग्राम पंचायत दगोह की 125 लाभार्थी महिलाओं को सिलाई मशीनें भी वितरित की। स्थानीय पंचायत ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित मंत्री को सम्मानित भी किया।

## धर्मशाला कॉलेज की महिला फुटबॉल टीम ने लगातार दूसरी बार जीती ट्रॉफी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला की महिला फुटबॉल टीम ने एक बार फिर शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए एचपी यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप, शिमला में लगातार दूसरी बार विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। टीम के बेहतरीन प्रदर्शन ने पूरे कॉलेज परिवार को गौरवान्वित कर दिया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. राकेश पाठानिया ने टीम को हार्दिक बधाई देते हुए कहा हमारी बेटियों ने न केवल कॉलेज का नाम रोशन किया है, बल्कि यह भी सिद्ध किया है कि अनुशासन, कठिन परिश्रम और निरंतर अभ्यास से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। आप सब आने वाली पीढियों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। इसी के साथ शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रोफेसर डॉ. नरेश मनकोटिया ने भी पूरी टीम, कोच एवं सहयोगी स्टाफ को इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और कहा कि टीम की इस सफलता के पीछे सामूहिक प्रयास और सकारात्मक सोच की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला की महिला बैडमिंटन टीम ने गौतम कॉलेज, हमीरपुर में आयोजित हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। यह उपलब्धि महाविद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। टीम की कप्तान ज्योतिष्का के नेतृत्व में प्रकृति, पल्लवी और प्रांजल ने उत्कृष्ट खेल भावना और टीमवर्क का परिचय दिया।

## अंडर-19 आट्या पाट्या का चयन 16 को

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** आट्या पाट्या जिला कांगड़ा (जयसिंहपुर) के सचिव दिनेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 16 नवम्बर रविवार को सुबह 11 बजे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जो बिलासपुर में आयोजित होने जा रही है उसके लिए कांगड़ा जिला के अंडर 19 लड़कों और लड़कियों की टीमों का चयन राजपुर के मैदान में किया जाएगा। जिसमें कांगड़ा जिला के सचिव दिनेश कुमार, कुनिका, साहिल आदि टीमों का चयन करेंगे।

## बिहार में एनडीए को मिली जीत पर परमार ने दी शुभकामनाएं



बिहार में एनडीए को मिली जीत पर विपिन परमार कार्यकर्ताओं संग खुशी मनाते हुए।

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** यह ऐतिहासिक क्षण पूरे देश के लोकतांत्रिक मूल्यों की शक्ति को दर्शाता है कि बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को मिली भव्य जीत पर सुलह विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह परमार ने हृदय से बधाई देते हुए कहा कि यह विजय जनता के विश्वास, परिश्रम और विकास की स्पष्ट इच्छा का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने जिस दृढ़ता और विश्वास के साथ एनडीए को जनादेश दिया है, वह केवल सरकार बदलने का निर्णय नहीं, बल्कि राज्य की प्रगति, पारदर्शिता और स्थिरता की दिशा में बढ़ाया गया एक ऐतिहासिक कदम है। परमार ने कहा कि बिहार की इस अभूतपूर्व जीत ने पूरे देश में आशा और सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया है। उन्होंने इस जीत को गरीब, किसान, युवाओं, महिलाओं और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की जीत बताया, जिनकी आकांक्षाओं और उम्मीदों को एनडीए ने हमेशा सर्वोपरि रखा। उन्होंने कहा कि बिहार ने साबित कर दिया है कि जब जनता विकास, सुशासन और राष्ट्रहित को प्राथमिकता देती है, तो परिणाम ऐतिहासिक ही होते हैं। उन्होंने एनडीए नेतृत्व, कार्यकर्ताओं और समर्थकों को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में बिहार नई ऊंचाइयों को छुएगा और देश की प्रगति में अग्रणी भूमिका निभाएगा।

### मास्टर चंदू लाल सूद शैक्षिक न्यास के सौजन्य से मनाया बाल दिवस

## मेधावी व जरूरतमंद बच्चों को मिला सहयोग

**अनंत ज्ञान, डरोह**



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थुरल द्वारा बाल दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। हर वर्ष यह दिवस मास्टर चंदू लाल सूद शैक्षिक न्यास के सौजन्य से बड़ी श्रद्धा एवं समर्पण के साथ करवाया जाता है। मास्टर चंदू लाल की बहू श्रेष्ठा सूद एवं उनके पौते आंतरिक सूद के द्वारा यह कार्यक्रम हर वर्ष नये एवं उन्नत स्वरुप में संपन्न करवाया जाता है। बच्चों द्वारा एक से बढक़र एक रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। मंच संचालन भी बच्चों द्वारा न्यास प्रभारी सीमा समकडिया के मार्गदर्शन में बहुत ही प्रभावी रूप से किया।

मुख्य अतिथि के रूप में रवि जंबाल सेवानिवृत्त उपनिदेशक उपस्थित हुए। विशेष अतिथियों में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य जगदीश बासल, अजीत सिंह, यशपाल वर्मा , सेवानिवृत्त खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह, सेवानिवृत्त प्रवक्ता आदि उपस्थित रहे। न्यास प्रभारी सीमा समकडिया ने बताया कि न्यास द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह कार्यक्रम बच्चों को समर्पित करते हुए मेधावी छात्रों को स्मृति चिन्ह, गरीब बच्चों को लगभग 40000 रुपए तक के स्वेटर, जूते तथा जिप्पर वितरित किए। मास्टर चंदू लाल सूद की अकल्पनीय दूरगामी सोच का परिणाम है कि मेधावी छात्रों को भी पुरस्कृत किया जाता है तथा सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत गरीब परिवार के बच्चों की भी आवश्यकतानुसार मदद की जाती है।

प्रधानाचार्य अनुपम बाला शर्मा ने कहा कि यह विद्यालय की खुशकिस्मती है कि मास्टर चंदू लाल सूद शैक्षिक न्यास इस विद्यालय से संबंधित न्यास है। उन्होंने कहा कि मास्टर चंदू लाल सूद तो स्वर्ग में हैं लेकिन उनकी बहु श्रेष्ठा सूद, पौते आंतरिक सूद एवं अन्य परिवार के सदस्यों ने उन्हें न्यास के माध्यम से अमर रखा है। मुख्य अतिथि रवि जंबाल ने कहा कि न्यास मेधावी छात्रों को प्रेरणा तथा गरीब बच्चों में विश्वास पैदा करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने न्यास से जुड़ी समस्त विभुतियों को न्यास को जीवंत रखने तथा उसके उद्देश्यों को परिपूर्ण करने के लिए बधाई दी । कार्यक्रम में पंचायत प्रधान वंदना कायस्थ, उपप्रधान अशोक गुलेरिया, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष विनिता जंबाल, लवली धीमान सुनिल गौतम , समस्त स्टाफ,विद्यालय प्रबंधन समिति, अविभावक उपस्थित हुए।

### स्कूल शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश का बड़ा कदम

## पं. नेहरू की नीतियों वाली बुकलेट द विजनरी जारी, छात्रों तक पहुंचेगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ राजेश शर्मा की सोच के तहत देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की नीतियों को प्रदेश के छात्रों व युवाओं तक पहुंचाने की एक नई पहल की आज से शुरुआत हो गई है। शिक्षा बोर्ड ने पहले पीएम रहे नेहरू के विचारों को लेकर एक बुकलेट तैयार करवाई है, जिसे स्कूली छात्रों व यूथ तक पहुंचाने का काम आज से शुरू हो गया है। इसके लिए धर्मशाला स्थित शिक्षा बोर्ड परिसर में आज भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ राजेश शर्मा ने इस बुकलेट का अनावरण किया, इसके साथ ही ये विद्यार्थियों के बीच बंटना शुरू हो गई है। कार्यक्रम में प्रदेशभर से होनहार बच्चों को भी बोर्ड परिसर में आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया। इसके साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाली विभूतियों को भी सम्मानित किया गया। शिक्षा बोर्ड द्वारा इस उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय बाल दिवस समारोह 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें पंडित जवाहरलाल नेहरू की नीतियों विशेषत: शिक्षा, युवा व रोजगार पर भाषण, निबंध व कला प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम बोर्ड परिसर स्थित दीनदयाल उपाध्याय सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया गया। उक्त समारोह में देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के उपलक्ष्य में पुस्तक द विजनरी का अनावरण किया गया। इस पुस्तक में उनके जीवन परिचय तथा उनसे जुड़े हुए परिवारिक व उनकी नितियों से प्रभावित व्यक्तियों द्वारा अपने संदेश दिए गए है।

समारोह में राजकीय उच्च विद्यालय कोतवाली बाजार, धर्मशाला के कक्षा सातवीं के एक प्रतिभावान छात्र नक्ष कुमार ने बोर्ड अध्यक्ष डॉ राजेश शर्मा को उनकी स्केचनुमा तस्वीर भेंट की। समारोह में प्रदेश से आए विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यालय स्तर पर व बोर्ड मुख्यालय में भाग लिया।

## क्रिकेट बॉलिंग मशीन का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



अवर ऑन इंग्लिश स्कूल शाहपुर में क्रिकेट बॉलिंग मशीन का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अत्याधुनिक मशीन को विद्यालय के नेट प्रैक्टिस क्षेत्र में स्थापित किया गया है, जिससे विद्यार्थियों को अब प्रोफेशनल स्तर पर क्रिकेट अभ्यास का अवसर मिलेगा। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस मशीन की सहायता से विद्यार्थी तेज गति तथा विभिन्न प्रकार की गेंदबाजी का अभ्यास कर सकेंगे। इससे उनकी तकनीक, प्रतिक्रिया समय और खेल कौशल में उल्लेखनीय सुधार होगा। विद्यालय का उद्देश्य है कि शाहपुर के प्रतिभाशाली खिलाड़ी जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें और क्षेत्र का नाम खेल जगत में रोशन करें।

विद्यालय प्रबंधन ने यह घोषणा की कि शाम के समय यह सुविधा शाहपुर और आसपास के क्षेत्रों के इच्छुक खिलाडियों के लिए भी उपलब्ध रहेगी, ताकि स्थानीय युवा भी इस आधुनिक बॉलिंग मशीन का लाभ उठा सकें। विद्यालय के निदेशक पारस अवस्थी ने कहा कि केवल क्रिकेट तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यालय में अन्य खेलों के लिए भी अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध हैं । उन्होंने बताया कि स्कूल में खेल शिक्षा को अकादमिक विकास के समान महत्व दिया जा रहा है, ताकि विद्यार्थी मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त बन सकें। उन्होंने कहा कि इस कदम से न केवल स्कूल के विद्यार्थियों को, बल्कि पूरे शाहपुर क्षेत्र के खेल प्रेमियों को एक नई दिशा और प्रेरणा मिलेगी।

## पालमपुर में जनजातीय गौरव वर्ष का समापन

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान (आईएचबीटी) पालमपुर में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य पर आयोजित जनजातीय गौरव वर्ष का समापन समारोह शुक्रवार को एसएस भटनागर सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्म भूषण डॉ. अनिल प्रकाश जोशी, संस्थापक हेस्को देहरादून, ने भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते हुए पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण और उसकी उपयोगिता पर बल दिया। उन्होंने बदलती जीवन शैली और पर्यावरणीय चुनौतियों को रेखांकित करते हुए सामंजस्य स्थापित करने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता प्रो. चंद्र मोहन पर्शीरा, निदेशक जनजातीय अध्ययन संस्थान, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, ने उच्च हिमालयी जनजातीय समुदायों के जीवन, व्यवहारिक ज्ञान, सामाजिक संरचना और प्रतिकूल परिस्थितियों में जीने की क्षमता पर विस्तृत प्रकाश डाला। इससे पूर्व संस्थान के निदेशक डॉ. सुदेश कुमार यादव ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और जनजातीय क्षेत्रों में संस्थान द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

## चेयर रेस में गरिमा ने झटका प्रथम स्थान

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, देहरा।** बाल दिवस के अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सकरी में बच्चों के कार्यक्रम आयोजित किए गए। बाल दिवस के विशेष अवसर पर आज सकरी स्कूल में बच्चों के विशेष कार्यक्रम करवाए गए। बच्चों की चेयर रेस करवाई गई, जिसमें, प्राइमरी सेक्शन में गरिमा ने प्रथम स्थान हासिल किया, एलिमेंट्री सेक्शन में चेयर रेस में लड़कियों में मानवी और लडक़ों में गौरव प्रथम स्थान , नौंवी दसवीं में लड़कियों में सिमरन और लडक़ों में वंश प्रथम स्थान, 11वीं और बाहरीवीं में लड़कियों में अंशिका और लडक़ों में मनप्रीत प्रथम स्थान पर रहे। ब्लाइंड फोल्ड गेम्स में हर्षित और हरमन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य राजिंदर गुलेरिया ने बच्चों को इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि बाल दिवस बच्चों का एक विशेष अवसर होता है जहां बच्चों से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई जाती हैं और यह दिवस विशेष रूप से बच्चों से ही संबंधित होता है,। बाल दिवस के अवसर पर जो भी प्रतियोगिताएं हुई उन बच्चों को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह पर विशेष रूप से प्राइज दिए जाएंगे।

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक जीत : रविंद्र धीमान

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**



जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने बिहार चुनाव में भाजपा गठबंधन की शानदार जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हार्दिक बधाई दी है। धीमान ने कहा कि बिहार में मिली यह ऐतिहासिक जीत प्रधानमंत्री मोदी के मजबूत नेतृत्व, विकासवादी नीतियों और जनता के विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह विजय राष्ट्र के आत्मविश्वास को और सुदृढ़ करती है तथा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना को और मजबूती देती है। पूर्व विधायक ने यह भी कहा कि भाजपा की यह जीत देश में सुशासन, पारदर्शिता और स्थिरता की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बिहार में बनने वाली नई सरकार राज्य के सर्वांगीण विकास, युवाओं के लिए रोजगार अवसर, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में और तेजी से कार्य करेगी।

### एचपीटीडीसी और वन विभाग में एमओयू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल पर्यटन विकास निगम और वन विभाग के अधिकारियों में एक एमओयू साइन हुआ है। जिसके तहत एचपीटीडीसी अपने होटलों में वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को कमरों के किराये में 20 प्रतिशत, जबकि भोजन में 15 प्रतिशत तक की छूट देगा। एचपीटीडीसी के सहायक महाप्रबंधक कैलाश ठाकुर ने बताया कि इस एमओयू के दौरान वन विभाग से धर्मशाला वन वृत्त की मुख्य अरण्यपाल बासु कौशल व डीएफओ हैडक्वाटर राहुल शर्मा, जबकि एचपीटीडीसी से वह स्वयं और प्रबंधक विपणन विजय मौजूद रहे।

### पाइप बैंड स्पर्धा में चमका पीएम श्री डाडासीबा

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** राज्य स्तरीय पाइप बैंड प्रतियोगिता में पीएमश्री बाबा कांशीराम राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डाडा सीबा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। दो दिवसीय प्रतियोगिता पीएमश्री जीएसएस भुंतर (जिला कुल्लू) में आयोजित हुई, जिसमें प्रदेशभर के 31 विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। डाडा सीबा स्कूल के 33 छात्रों ने पाइप बैंड प्रस्तुति में अपनी अनुशासन, ताल-लय और उत्कृष्ट कौशल से दर्शकों और निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। छात्र वर्ग में डाडा सीबा की यह उपलब्धि स्कूल और क्षेत्रदोनों के लिए गर्व का क्षण है। प्रतियोगिता में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल घुमारवीं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुदर्शन कुमार, डीपी राकेश कुमार हैप्पी, पीटी रविंदर सिंह, और टीजीटी राजीव कुमार ने समस्त स्टाफ, छात्रों और इलाकावासियों को इस उल्लेखनीय सफलता पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि बच्चों की कड़ी मेहनत, समर्पण और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

### बिहार में जीत पर शाहपुर बाजार में बांटे लड्डू

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** बिहार में भाजपा की जीत की खुशी में शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओ ने शाहपुर बाजार में लड्डू बांटे। मंडल अध्यक्ष रविदत्त शर्मा के नेतृत्व में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते हुए पटाखे भी चलाए साथ ही शाहपुर बाजार में लड्डू बांट कर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर भाजपा नेता कमल शर्मा, राकेश चौहान, मंजीत, नवनीत, जरासंध आदि नेताओं सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बैजनाथ में आतिशबाजी कर मनाई खुशी

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बिहार विधानसभा चुनावों में एनडीए की हुई प्रचंड जीत की खुशी में बैजनाथ भाजपा द्वारा आतिशबाजी तथा मिठाइयां बाटकर जश्न मनाया । इस मौके पर भाजपा के पूर्व विधायक मुल्क राज प्रेमी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत इस बात का प्रमाण है कि आज भारत के प्रधानमंत्री देश की जरूरत बन चुके हैं तथा समाज को बांटने वाले कांग्रेस तथा उनके सहयोगी जनता को अब कतई मंजूर नहीं है । मुल्क राज प्रेमी ने कहा आने वाले विधानसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश की जनता भी एक इतिहास रचेगी और इस बार भाजपा को यहां 60 से ऊपर सीटें मिलने बाली है ।

### डॉ. मैथिली ने संभाला स्त्री रोग विशेषज्ञ का कार्यभार

**अनंत ज्ञान, डरोह।** सिविल अस्पताल पालमपुर में स्त्री रोग विशेषज्ञ ने शुक्रवार को कार्यभार संभाल लिया है। उनके यहां आने से महिला रोगियों को लाभ मिलेगा। पालमपुर अस्पाल में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मैथिला परमार ने शुक्रवार को पालमपुर अस्पताल में कार्यभार ग्रहण किया। डॉ. मैथिला परमार के पालमपुर अस्पताल में आने से अब यहां पर दो महिला रोग विषेषज्ञ हो गए हैं। जिससे पालमपुर व साथ लगते क्षेत्रों की महिलाओं को लाभ मिलेगा। डॉ. मैथिला ने आईजीएमसी शिमला से पीजी किया है और यह उनकी पहली एपाईटमेंट है। डॉ. मैथिला परमार पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और सुलह के मौजूदा विधायक विपिन सिंह परमार की बेटी हैं। डॉ. मैथिला की माता शर्मिला परमार भी शिक्षा विभाग में शिक्षिका हैं। पालमपुर अस्पताल के एमएस डॉ. तिलक भागड़ा ने डॉ. मैथिला के रुप में एक नई महिला रोग विषेषज्ञ मिलने पर खुशी जताते हुए कहा कि इसका क्षेत्र की महिलाओं को बहुत लाभ मिलेगा।

### 205 बूथों में स्वाभिमान पार्टी खड़ा करेगी संगठन

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** स्वाभिमान पार्टी की बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारियों की बैठक पी डब्ल्यू डी रेस्ट हाउस बैजनाथ में रघुनाथ सिंह राणा की अध्यक्षता में हुई जिसमें राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष पूर्व मंत्री वीरेन्द्र पाण्डेय तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष बलदेव राज सूद ने का कार्य कर्ताओं से पार्टी की नीतिओं के वारे में चर्चा की। पार्टी के बैजनाथ मंडल के महामंत्री गुलजार सिंह भूरिया द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि स्वाभिमान पार्टी का संगठन बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के 205 बूथों तक खड़ा किया जाएगा तथा आने वाले पंचायत चुनावों में निस्वार्थ, समाजसेवी, समर्पित उम्मीदवारों का चयन स्थानीय मतदाताओं से विचार-विमर्श से किया जाएगा। मंडल अध्यक्ष श्री रघुनाथ सिंह राणा ने राष्ट्रीय अधिकारिओं को अस्वस्थ किया कि शीघ्र ही पार्टी के संगठन को वूथ स्तर तक ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र की अगली बैठक 14 दिसंबर को महांकाल में होगी।

### कमलेश ने किया घियोरी पंचायत का दौरा

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, देहरा।** विधायक कमलेश ठाकुर ने आज देहरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पंचायत घियोरी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएँ सुनीं तथा मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने मुख्यतः सडक़ मरम्मत, पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य सुविधाओं, ग्रामीण रास्तों से संबंधित मुद्दे उठाए, जिनमें से कई समस्याओं का तत्काल समाधान किया गया। सडक़, पानी, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंनें घियोरी पंचायत में सामुदायिक उपयोग के लिए एक कम्युनिटी हॉल स्थापित करने हेतु भूमि चिन्हित कर विस्तृत प्रपोजल बनाने के निर्देश दिए। साथ ही 10 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की। विधायक ने बताया कि घियोरी -बड्डल- बीहण क्षेत्र में पीएचसी स्तर का पशु चिकित्सालय खोलने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे लगभग 10 से 15 पंचायतों को लाभ प्राप्त होगा। इस दौरान उन्होंने आवारा पशुओं की समस्या को देखते हुए बीहण में डेढ़ सौ पशुओं की क्षमता वाली गौशाला के निर्माण के लिए 30 लाख रुपये की राशि प्रावधान करने की बात कही। उन्होंने बताया कि आवारा पशुओं से फसलों को हो रहे नुकसान को रोकना सरकार की प्राथमिकता है।

### कांगड़ा जिला के प्रमुख मंदिरों को विकसित करने को बनेगा मास्टर प्लान : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिला के प्रमुख शक्तिपीठों सहित सरकार द्वारा अधिकृत मंदिरों के विकास तथा सौंदर्यीकरण के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा । इस बाबत डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने सभी उपमंडलाधिकारियों को इस दिशा में त्वरित कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को एनआईसी के सभागार में मंदिर न्यासों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी ने कहा कि ज्वालामुखी मंदिर के सौंदर्यीकरण के विकास तथा सौंदर्यीकरण के लिए एनआईटी हमीरपुर के विशेषज्ञों के सहयोग से मास्टर प्लान तैयार करने के लिए संपर्क किया गया है इसी तरह से चामुंडा तथा ब्रजेश्वरी, डमटाल मंदिरों के लिए विशेषज्ञ एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर मास्टर प्लान तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा सकें और भविष्य में भी मंदिर परिसरों के उचित रखरखाव की दृष्टि से कार्य किया जा सके। उन्होंने कांगड़ा के ब्रजेश्वरी धाम की वाण गंगा में आरती आरंभ करने के लिए भी उपयुक्त कदम उठाने के दिशा निर्देश दिए गए हैं इसके साथ ही ज्वालामुखी के भैरव तथा अष्टभुजा तथा तारा देवी मंदिर के उचित रखरखाव के लिए भी आवश्यक निर्देश हैं। सभी मंदिरों में चरणबद्ध तरीके से ऑनलाइन लंगर बुकिंग और ऑनलाइन दर्शन जैसी डिजिटल सेवाएं भी सुविधा शीघ्र ही आरम्भ की जाएगी। पारंपरिक पूजा पद्धति में गुणवत्ता लाई जाए।

# 1076 सहकारी सभाओं में से 818 लाभ में

## कांगड़ा जिला में नुकसान में चल रही सभाओं को लाभ में लाने के चल रहे प्रयास

राजेश कुमार, अनंत ज्ञान

**धर्मशाला।** प्रदेश के सबसे बड़े जिला कांगड़ा की 1076 सहकारी सभाओं में से 818 वर्तमान में लाभ चल रही हैं। हालांकि नुकसान में चल रही सभाओं की संख्या कम है, लेकिन फिर भी विभाग इन्हें लाभ में लाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है तथा केंद्रीय योजनाओं का इसमें सहारा लिया जा रहा है।

केंद्र की ओर से सहकारिता क्षेत्र में 300 योजनाएं शुरू की गई हैं, जिनमें से 18 योजनाओं को जिला कांगड़ा में लागू किया गया है। यही नहीं सहकारी सभाओं को ऑनलाइन करने की प्रक्रिया भी तेज कर दी गई है।

गौरतलब है कि जिला कांगड़ा सहकारिता विभाग में चार असिस्टेंट रजिस्ट्रार कोआपरेटिव सोसायटी के चार सर्किल हैं, जिनमें धर्मशाला, पालमपुर, देहरा व नूरपुर शामिल हैं। इनमें 1076 सहकारी सभाएं पंजीकृत हैं, जो कि लोगों को सस्ती दरों पर लोन उपलब्ध करवाती हैं। जिला कांगड़ा में 611 प्राथमिक कृषि सहकारी सभाएं हैं, उनमें 1280.45 लाख रुपये हैं। जिला कांगड़ा में सहकारी सभाओं के सदस्यों की संख्या 5 लाख 92 हजार 542 है। जिला कांगड़ा में स्थित 1076 सहकारी सभाओं में से 818 सहकारी सभाएं लाभ में हैं। इन सभाओं के माध्यम से कई लोगों को लोन व रोजगार उपलब्ध करवाया गया है।

उप पंजीयक सहकारी सभाएं एवं समाहर्ता राकेश कुमार ने अनंत ज्ञान से विशेष बातचीत में बताया कि जिला में जो सहकारी सभाएं लाभ में नहीं हैं, उन्हें लाभ में लाने के लिए केंद्रीय योजनाओं के माध्यम से प्रोत्साहित किया जा रहा है।

केंद्र की ओर से सहकारी क्षेत्र के लिए 300 योजनाएं शुरू की हैं, जिनमें से जिला कांगड़ा में 18 योजनाओं को लागू किया गया है, जिसके तहत लोगों कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) दिए जा रहे हैं, जहां लोगों को विभिन्न सेवाएं उपलब्ध हो सकें। नुकसान में चल रही सभाओं को लाभ में लाने की दिशा में विभाग की ओर से कार्य किया जा रहा है।

### जिला में 800 सहकारी सभाओं का ऑनलाइन करने के लिए चयन, 60 हो चुकी हैं ऑनलाइन

**राकेश** कुमार ने बताया कि सहकारिता विभाग को ऑनलाइन करने का प्रोजेक्ट भी चल रहा है, जो कि वर्ष 2023-24 में शुरू हुआ था और इसे वर्ष 2027-28 तक पूरा किया जाना है। जिला कांगड़ा में 800 सहकारी सभाओं को ऑनलाइन के लिए चुना गया है, जिनमें से 60 सहकारी सभाएं ऑनलाइन हो चुकी हैं, शेष को भी जल्द कम्प्यूट्राइजड करने के प्रयास जारी हैं।



अनंत ज्ञान स्पैशल

### निरीक्षकों की चल रही कमी

**बकौल** राकेश कुमार, सहकारिता विभाग में निरीक्षकों की कमी चल रही है। विभाग की ओर से सरकार के समक्ष बार-बार इस मामले को उठाया जा रहा है और सरकार से आश्वासन मिला है कि इस कमी को जल्द दूर कर दिया जाएगा।

# 1.26 करोड़ से बनेगी अंबोटी कूहल : केवल सिंह पठानिया

**कहा- 348 किसान परिवारों की 56 हेक्टेयर भूमि को मिलेगी सिंचाई सुविधा**

अनंत ज्ञान, शाहपुर

शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना चरण-2 (जायका) के अंतर्गत 6.75 करोड़ रुपये की राशि से कुल छह परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। इनसे क्षेत्र के लगभग 1510 किसान परिवारों की 342.83 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी।

यह जानकारी शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने वीरवार को कल्याड़ा में 1.26 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली अम्बोटी बहाव सिंचाई कूहल के शिलान्यास अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए दी। विधायक पठानिया ने बताया कि इस कूहल के पूर्ण होने पर 348 किसान परिवारों की 56 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी। इसे एक वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। स्थानीय लोगों की मांग पर पठानिया ने ओडर हरिजन बस्ती और गरयाल बस्ती तक सड़क निर्माण कार्य में लोक निर्माण विभाग को सहयोगात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कल्याड़ा और बंडी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति में बार-बार बाधा पर चिंता जताई तथा विभाग को समस्या का जल्द समाधान सुनिश्चित करने को कहा। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्य सचेतक ने लगभग 350 किसानों को गोभी की पौध, प्याज व गृह वाटिका के बीज भी वितरित किए।

जायका जिला परियोजना प्रबंधक डॉ. योगिंदर पाल कौशल ने जिला में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी दी तथा किसानों से निर्माण कार्यों का समय-समय पर निरीक्षण करने का आग्रह किया।

## हैप्पी बर्थडे



रजवाड़ी बग्गी के शिवजोत (संभु) को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से शुभकामनाएं।



ढारु गांव की अश्विका धीमान को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## न्यूज ब्रीफ

### बच्चों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई




**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, देहरा।** खंड चिकित्सा अधिकारी नगरोटा सूरियां के निर्देशानुसार राजकीय माध्यमिक पाठशाला सुगनाडा में तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता स्कूल प्रभारी विजय धीमान ने की। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से खंड स्वास्थ्य पर्यवेक्षक सुभाष चंद और सीएचओ निधि शर्मा उपस्थित रहे। सुभाष चंद ने बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी और उन्होंने बच्चों से अपील करते हुए कहा कि सभी बच्चे नशे से दूर रहे और यदि उनकेआसपास नशे की वस्तु बेचता है तो उसकी सूचना पंचायत के माध्यम से पुलिस को दी जाये। इस मौके पर बच्चों में भाषण और पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई गई और जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और बच्चों ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया बच्चों को शपथ दिलाई गई। इस मौके पर राजकीय प्राथमिक पाठशाला के मुख्य अध्यापक कुलदीप सिंह मोनिका सोहल, दीक्षा, रक्षा सहित 35 बच्चे उपस्थित रहे।

### डीएवी स्कूल नगरोटा सूरियां में बाल दिवस की धूम




**अनंत ज्ञान, देहरा।** डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल नगरोटा सूरियां कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के विद्यार्थियों द्वारा बाल दिवस के उपलक्ष पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सर्वप्रथम विद्यालय में हवन किया गया। इसके बाद बच्चों ने कार्ड मेकिंग, कविताएं, भाषण, पंजाबी गाने आदि की प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। बच्चों की इन प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सातवीं कक्षा से बाहरवीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा रन फॉर यूनिटी के तहत एकता की भावना को जागृत किया। स्कूल के प्रधानाचार्य शेखर मोदगिल ने सभी बच्चों को शिक्षकों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को सभी बच्चे चाचा जी चाचा जी कहकर के पुकारते थे क्योंकि जवाहरलाल नेहरू जी को बच्चों से अति प्रेम वह लगाव था आदि बातें बताई। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को रिफ्रेशमेंट दी गई।

### संविधान को जानने के लिए किया प्रेरित




**अनंत ज्ञान, डरोह।** बाल दिवस के अवसर पर राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना और आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय संविधान विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन प्रो. राजेश कुमार और डॉ. योगेश पाण्डेय के संयोजन में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह और प्रमुख वक्ता के रूप में प्रो. वीरेंद्र शर्मा के साथ महाविद्यालय के अन्य शिक्षक वर्ग उपस्थित रहे। प्राचार्या ने मुख्य वक्ता का पौधा देकर स्वागत किया। डॉ. संगीता सिंह ने अपने वक्तव्य में भारतीय संविधान का महत्व बताते हुए विद्यार्थियों को संविधान को जानने के लिए प्रेरित किया और सभी को भारतीय संविधान में निहित मूल्यों को जीवन में अपनाने पर जोर दिया। इसके साथ ही प्रो. वीरेंद्र का स्वागत करते हुए घंडालवी महाविद्यालय का भी धन्यवाद किया। इस अवसर पर डॉ. उज्ज्वल सिंह, डॉ. नीतिका शर्मा, प्रो. विवेकानंद शर्मा, अनीता कुमारी, रविंद्र कुमार और मनजीत सिंह उपस्थित रहे।

### तियारा स्कूल में मनाया बाल दिवस

**अनंत ज्ञान, गगल।** आदर्श मॉडल पब्लिक स्कूल तियारा में बाल दिवस मनाया गया बाल दिवस भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन पर मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल में कक्षा नर्सरी, एलकेजी तथा यूकेजी के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रथम स्थान पर कक्षा नर्सरी से परीशा चौधरी, एलजी से अनुष्का, यूकेजी से आस्था तथा यूकेजी बी से सृष्टि रहे, दूसरे स्थान पर कक्षा नर्सरी से तृशा, एलजी से मितांश, यूकेजी ए से विवान तथा यूकेजी बी से अमायरा रही। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष सुभाष चंद्र धलोरिया ने बच्चों को पंडित जवाहरलाल नेहरू के बारे में बताया तथा उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू

**सालविया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** ग्राम लगडू चौकी में शुक्रवार को श्रीमद्भागवत साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ विष्ठापित कलश शोभा यात्रा के साथ अत्यंत श्रद्धा और आस्था के वातावरण में हुआ। मुख्य आयोजक कश्मीर सिंह राणा एवं समस्त परिवार द्वारा आयोजित इस आध्यात्मिक अनुष्ठान में गांव की महिलाओं, युवाओं व वरिष्ठ जनों ने पारंपरिक वेश-भूषा में भाग लेकर आस्था का अद्भुत प्रदर्शन किया। कथा के प्रथम दिवस में कथा व्यास आचार्य भवानी शंकर (गांव पाईसा, जिला कांगड़ा) ने मंच संभाला और आत्मदेव और धुंधली देवी के प्रेरणादायक प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। उनकी सशक्त वाणी, सरल शैली और भावपूर्ण विवेचन ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## ब्लॉकस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** मेरा युवा भारत कांगड़ा, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रलाय भारत सरकार, द्वारा विकास खंड रैत में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें विभिन्न युवा मंडलों के युवाओं ने वॉलीबॉल, कबड्डी, टेबल टेनिस, रस्साकस्सी व बैडमिंनट जैसी खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। ज्ञान ज्योति महाविद्यालय राजोल के खेल मैदान में आयोजित प्रतियोगिताओं में मुख्यतिथि के रूप में रमेश बरार, अध्यक्ष जिला परिषद कांगड़ा, विशिष्ट अतिथि के रूप में वीरेंद्र चौधरी प्रबंध निदेशक- ज्ञान ज्योति महाविद्यालय राजोल और सामाजिक कार्यकर्ता और युवा आईकन स्नेह कुमार, प्रधानाचार्य, शिक्षक व एवं अन्य समाजसेवी मौजूद थे। प्रतियोगिता में सभी विजेता तथा उप-विजेता युवा मंडल सदस्यों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान किए गए। युवाओं को नशे से दूर करने तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रलाय भारत सरकार, के फिट इंडिया मिशन से जोड़ने हेतु समस्त युवा मंडलों को खेल सामग्री प्रदान की गई।

## विधायक किशोरी लाल ने 23 लाख रुपए से बने आवासीय भवन का किया लोकार्पण




विधायक किशोरी लाल आवासीय भवन, कैंटीन व हिम-ईरा दुकान का लोकार्पण करते हुए।

जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान

**बैजनाथ।** विधानसभा क्षेत्र बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल ने खंड विकास कार्यालय में 23 लाख रुपए की लागत से निर्मित आवासीय भवन एवं 5 लाख रुपए की लागत से निर्मित कैंटीन एवं हिम-ईरा दुकान का लोकार्पण किया। लोकार्पण के दौरान विधायक किशोरी लाल ने सभी कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि इस आवासीय परिसर के निर्माण से जहां कर्मचारियों को कार्यालय के पास रहने की सुविधा के साथ समय की बचत एवं सरकारी सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार आएगा वहीं कैंटीन के शुरू होने से कर्मचारियों एवं कार्यालय आने वाले लोगों को ताजा एवं स्वच्छ भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। उन्होंने विशेष रूप से हिम-ईरा दुकान की सराहना करते हुए कहा कि यह दुकान महिला सशक्तिकरण एवं राष्ट्र सशक्तिकरण की परिकल्पना के तहत स्थापित की गई है। इसके माध्यम से स्थानीय महिला स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पाद बेचने का अवसर मिलेगा, जिससे वे आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनेंगी। यह दुकान महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उनके कौशल को बढ़ावा देने और स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नव-निर्मित भवन, कैंटीन और हिम-ईरा दुकान के रखरखाव एवं प्रभावी संचालन को सुनिश्चित किया जाए, ताकि सभी सुविधाओं का लाभ समयबद्ध और प्रभावी ढंग से कर्मचारियों एवं स्थानीय लोगों तक पहुंच सके।

## जीवनशैली में बदलाव करके मधुमेह को किया जा सकता नियंत्रित : सुमित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा स्वास्थ्य विभाग द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कॉन्फ्रेंस हाल में विश्व मधुमेह दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय गतिविधि का आयोजन किया गया। बता दें हर वर्ष 14 नवंबर को विश्व मधुमेह दिवस मनाया जाता है। इस गतिविधि की अध्यक्षता जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश सूद ने की। गतिविधि के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुमित शर्मा, डॉ अनुराधा व एमीआईओ हेमलता तथा अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे। इस दौरान डॉ सूद ने जानकारी देते हुए कहा कि इस दिन को मनाने का उद्देश्य लोगों में इस रोग से बचने के बारे जानकारी व जागरूकता बढ़ाना है। डॉ सूद ने कहा कि विश्व मधुमेह दिवस के वर्ष 2025 के थीम मधुमेह और कल्याण है जोकि की लोगों तक यह संदेश पहुंचाना है कि मधुमेह केवल ब्लड शुगर का विषय नहीं बल्कि जीवन गुणवत्ता, शारिरिक व मानसिक स्वास्थ्य एवं सामाजिक जुड़वां से जुड़े होने का संदेश देती है। डॉ सुमित ने कहा कि जीवनशैली में बदलाव करके मधुमेह को नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ भोजन, नियमित व्यायाम, तनाव प्रबंधन, पर्याप्त नींद और नियमित जांच जैसे पांच नियमों का पालन करके मधुमेह पर विजय प्राप्त की जा सकती है।

## डीआर स्कूल में बाल दिवस पर होनहार नवाजे

**शिवम शर्मा, अनंत ज्ञान, परागपुर।** डीआर पब्लिक स्कूल नेहरन पुखर में बाल दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से स्कूल प्रांगण बच्चों की मुस्कान, रंग-बिरंगे परिधानों और सांस्कृतिक गतिविधियों से गुलजार रहा। स्कूल प्रधनाचार्य ओम प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता मे आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश शिक्षा बोर्ड के पूर्व सचिव बलराम शर्मा ने बतौर चीफ गेस्ट शिरकत की। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने कहा कि बच्चे भविष्य की नींव हैं, इसलिए उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सकारात्मक माहौल आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, मेहनत और आत्मविश्वास को जीवन का आधार बनाने की सीख दी। मुख्य अतिथि ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार भी प्रदान किए। उन्होंने खेल, कला, संगीत और शैक्षणिक गतिविधियों में अव्वल आए बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश ने अपने संबोधन में कहा कि बाल दिवस बच्चों की ऊर्जा, रचनात्मकता और उज्जवल भविष्य को समर्पित पर्व है।

## बेमौसमी सब्जियों व नकदी फसलों का करें उत्पादन : कुलदीप धीमान

अजय पाल, अनंत ज्ञान

**पालमपुर।** जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश प्रकृति द्वारा प्रदत्त विविध जलवायु वाला राज्य है, जहां ऊंचाई, तापमान और वर्षा की भिन्नता के कारण प्रत्येक जिले में अनेक प्रकार की जलवायु पाई जाती है। यही कारण है कि राज्य के कई क्षेत्रों की जलवायु कृषि खण्ड-1 से लेकर खण्ड-4 तक फैली हुई है। जानकारी देते हुए डॉ. कुलदीप धीमान, उप कृषि निदेशक ने बताया कि चंबा जिला ऐसा उदाहरण है जहां एक ही विकास खण्ड में सभी चारों प्रकार की जलवायु उपलब्ध है। ऐसी जलवायु विविधता किसानों को पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर बेमौसमी सब्जियों, नकदी फसलों, उच्च मूल्य वाली फसलों तथा सब्जियों की पनीरी उत्पादन जैसी आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने का सुनहरा अवसर प्रदान करती है। यदि किसान योजनाबद्ध तरीके से खेती करें तो कम मेहनत में अधिक लाभ अर्जित कर सकते हैं। सब्जियों की पनीरी बेचकर अधिक लाभ कम भूमि में अधिक आमदनी प्राप्त करने का सबसे सरल और प्रभावी तरीका है-सब्जियों की गुणवत्ता युक्त पनीरी तैयार करना। पॉलीहाउस में मिर्च, शिमला मिर्च, बैंगन, टमाटर की पौध तैयार कर मार्च माह में बेचने पर अच्छे दाम मिलते हैं। इसके अलावा कद्दू वर्गीय सब्जियों (ककड़ी, लौकी, करेला, तोरई, कद्दू) की पौध पॉलीट्यूब में तैयार कर मार्च में बेचने से और अधिक लाभ मिलता है। बरसात के बाद गोभी वर्गीय फसलों तथा प्याज की पनीरी की बाजार में बहुत अधिक मांग रहती है। पनीरी व्यवसाय की खासियत यह है कि इसमें जोखिम कम, लागत सीमित तथा लाभअच्छे होते हैं। सब्जियों की पनीरी बेचकर अधिक लाभ कम भूमि में अधिक आमदनी प्राप्त करने का सबसे सरल और प्रभावी तरीका है-सब्जियों की गुणवत्ता युक्त पनीरी तैयार करना। पॉलीहाउस में मिर्च, शिमला मिर्च, बैंगन, टमाटर की पौध तैयार कर मार्च माह में बेचने पर अच्छे दाम मिलते हैं।

## रोजमेरी स्कूल ने मनाया बाल दिवस समारोह

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, देहरा।** रोजमेरी पब्लिक स्कूल हरिपुर में बाल दिवस बडे ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय में विविध सांस्कृतिक, शैक्षिक तथा खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने नृत्य, समूह गीत, कविता पाठ, नाटक तथा अन्य रचनात्मक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। शैक्षिक गतिविधियों के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी, चित्रकला, मॉडल मेकिंग जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। खेलकूद प्रतियोगिताओं में छात्रों ने अपनी ऊर्जा और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों ने वॉलीबाल, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, रिले रेसिंग आदि खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने कौशल का परिचय दिया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेक कौडल ने सभी बच्चों को बाल दिवस की हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

## संजय चौहान ने नवाजे होनहार विद्यार्थी

### गढ़ जमूला स्कूल ने मनाया वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा

**डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ जमूला में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। हिमाचल प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान ने मुख्यातिथि की भूमिका निभाई। विशेष अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. आरआर भाटिया ने शिरकत की। सर्वप्रथम मुख्यातिथि ने मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। एसएमसी प्रधान विवेक गुलेरिया भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे।

इस मौके पर प्रधानाचार्या मीनू सूद व तमाम स्टाफ द्वारा मुख्यातिथि को टोपी व शॉल भेंट की गई। इस दौरान मुख्यातिथि द्वारा स्कूल की वार्षिक पत्रिका युवा दृष्टि का विमोचन भी किया गया। इसके साथ-साथ बाल दिवस भी मनाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने हिंदी, पंजाबी, पहाड़ी व देशभक्ति गीत गाए। साथ ही शानदार नृत्य भी पेश किया। मंच संचालन स्कूल के अध्यापक सतीश राणा ने किया। प्रधानाचार्या ने मुख्यातिथि व गण्यमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया उसके बाद स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिसमें स्कूल की उपलब्धियों की जानकारी मुख्यातिथि व गण्यमान्य सज्जनों की दी तथा कुछ मांगों के बारे भी बताया गया।

विशेषातिथि डॉ. आरआर भाटिया ने बच्चों को बुरी संगत से दूर रहने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि आपको जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जद्दोजहद करनी है,तभी जाकर सफलता हासिल होगी। जीवन में कठिनाइयां भी आएंगी मगर उनसे घबराना नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के सदके हमारा हिमाचल प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में नंबर एक पर आ गया है। मुख्यमंत्री का बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं। उन्होंने प्रधानाचार्या को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही मांगों को अमल में लाया जाएगा। स्कूल के उप प्रधानाचार्य अजय स्टेट अवार्डी ने इस कार्यक्रम में भरपूर सहयोग दिया। इस दौरान होनहार बच्चों को सम्मानित किया गया।



गढ़ जमूला स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में होनहारों को सम्मानित किया।

**जश्न** एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बांटे लड्डू

# बिहार फतह का कांगड़ा में धमाकेदार जश्न



अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

बिहार में एनडीए की प्रचंड, रिकॉर्ड तोड़ और ऐतिहासिक जीत के बाद संगठनात्मक ज़िला कांगड़ा भाजपा में जश्न की लहर दौड़ गई। जिला अध्यक्ष सचिन शर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक लड्डू बांटे, पटाखे फोड़े और एक-दूसरे को जीत की बधाइयां दीं। विजय के नारों ने धर्मशाला के माहौल को पूरी तरह चुनावी जोश और देशभक्ति की ऊर्जा से भर दिया। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता राकेश शर्मा, एडवोकेट विश्व चक्षु, रंजू रस्तोगी, शक्ति चड्ढा, मधु शर्मा, समीक्षा शर्मा, सुशील कपूर, संजीव ठाकुर, डॉ. विशाल नेहरिया, संदीप शर्मा, सर्वजीत धीमान, मोहिंदर राणा, प्रणव शर्मा, आशीष जैन, अंकुश धीमान सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नेताओं ने कहा कि बिहार की यह ऐतिहासिक जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, भाजपा-एनडीए की नीतियों और जनता के अटूट विश्वास का परिणाम है। कांगड़ा भाजपा ने इस जीत को लोकतंत्र की सबसे बड़ी विजय बताते हुए बिहार की जनता, भाजपा नेतृत्व और एनडीए गठबंधन को हार्दिक बधाई दी।

### एनडीए की जीत पर ज्वाली में खुशी की लहर

**शिबू ठाकुर, अनंत ज्ञान, कोटला।** बिहार चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर ज्वाली भाजपा में खुशी की लहर है। ज्वाली भाजपा ने कैहरियां चौक पर भाजपा नेता संजय गुलेरिया के नेतृत्व में पटाखे फोड़कर व लड्डू बांटकर जीत का जश्न मनाया। भाजपा नेता संजय गुलेरिया ने कहा कि बिहार में एनडीए की जीत भाजपा व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों की जीत है। उन्होंने इस जीत का श्रेय राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह व शीर्षस्थ नेतृत्व को दिया है।

### बिहार में विकास व सुशासन की जीत : सुकृत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** बिहार में भाजपा गठबंधन की ऐतिहासिक जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए डॉ. सुकृत सागर ने कहा कि यह परिणाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकासवादी नीतियों पर जनता के अटूट विश्वास का प्रमाण है। डॉ. सुकृत सागर ने कहा कि बिहार की जनता ने एक बार फिर लालू प्रसाद यादव के जंगलराज, भ्रष्टाचार और परिवारवाद की राजनीति को पूरी तरह नकार दिया है। उन्होंने कहा कि बिहार अब पिछली अराजकता और अंधेरगर्दी के दौर में वापस नहीं जाना चाहता, इसलिए जनता ने भाजपा गठबंधन को भारी बहुमत देकर स्थिरता और विकास को चुना है।

### बिहार ने फिर रच दिया इतिहास : अचल

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** बिहार में भाजपा को मिली प्रचंड जीत पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अचल पठानिया ने बिहार के कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि गुंडा राज से मुक्त हुआ बिहार आज देश के अब्बल राज्यो में शुमार है और बिहार की जनता ने विकास का साथ दिया जिसके कारण आज फिर से एनडीए की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि आज देश का हर राज्य भगवा रंग में रंग रहा है और बिहार ने एक बार फिर से इतिहास रच दिया है।

## युवाओं को साहित्य व वक्तृत्व कला में नई दिशा देने की अनूठी पहल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

स्थानीय युवाओं की प्रतिभा, आत्मविश्वास और साहित्यिक क्षमताओं को नई दिशा देने के उद्देश्य से पालमपुर में पालमपुर वॉयसेज़ एंड वर्सेज़ लिटरेरी क्लब की स्थापना की गई है। इस क्लब की शुरुआत इसके संस्थापक और अध्यक्ष ऐशवीर सिंह द्वारा की गई है, जिन्होंने इस पहल को पालमपुर के युवाओं को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

उन्होंने कहा कि जब हमारे उपमंडल के युवा राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली डिक्लेमेशन, वाद-विवाद और अन्य वक्तृत्व प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते हैं तो वे अक्सर मंच भय और आत्मविश्वास की कमी के कारण अपने वास्तविक प्रतिभा का प्रदर्शन नहीं कर पाते। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए इस क्लब की स्थापना की गई है ताकि युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ाया जा सके, उनका मंच भय दूर किया जा सके और उन्हें उनकी साहित्यिक यात्रा में सही दिशा मिल सके। क्लब के उपाध्यक्ष अंकित कौंडल अपने अनुभव और नेतृत्व क्षमता के साथ क्लब की गतिविधियों को दिशा प्रदान कर रहे हैं तथा युवाओं को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वर्तमान में क्लब की सदस्यता प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और स्थानीय युवाओं में इसे लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

क्लब निकट भविष्य में एक भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित करने जा रहा है, जिसमें क्लब की आगामी योजनाओं, कार्यशालाओं और साहित्यिक गतिविधियों का विस्तृत परिचय दिया जाएगा। पालमपुर वॉयसेज़ एंड वर्सेज़ लिटरेरी क्लब का उद्देश्य पालमपुर के युवाओं को मंचीय कौशल, साहित्यिक दक्षता और वक्तृत्व कला में उत्कृष्टता प्राप्त कराने के लिए एक मजबूत और सुलभ मंच प्रदान करना है, ताकि वे क्षेत्रीय, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित कर सकें।

## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा नेताओं ने मोदी-नड्डा को दी बधाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** श्री नयना देवी जी के विधायक रणधीर शर्मा, झंडूता के विधायक जीत राम कटवाल, सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल, पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग व जिला भाजपा के अध्यक्ष कृष्ण चंदेल ने कहा बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी की नीतियों की और समाज कल्याण के प्रति उनकी भावना की जीत है। नीतीश जी और मोदी जी की जोड़ी ने जिस तरह से एक विकास का राज बिहार में स्थापित किया है और जहां बिहार बिल्कुल पिछड़ेपन की निशानी के रूप में जाना जाता था। आज बिहार देश की आर्थिकी के अंदर महत्वपूर्ण योगदान देने वाला प्रांत इस रूप में आगे बढ़ा है। इस प्रचंड जीत पर हम श्रद्धेय नरेंद्र भाई मोदी जी को अमित भाई शाह जी को श्री जगत प्रकाश नड्डा जी माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी को और संपूर्ण भारतीय जनता पार्टी और एनडीए को शत शत बधाई देते हैं और हिमाचल प्रदेश के कांग्रेस के नेताओं को यह बहुत बड़ा सबक है जो झूठी गारंटियों के और बहुत बड़े जुमले को लेकर बिहार चुनाव में प्रचार करने पहुंचे थे।

### जिला भाजपा ने मनाया बिहार विजय का जश्न

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत का जश्न बिलासपुर जिलाभर में जोरदार तरीके से मनाया गया। झंडूता और सदर–दोनों ही मंडलों के भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर और मिठाइयां बांटकर इस विजय को सुशासन और विकसित भारत की राह पर जनता के भरोसे की जीत बताया। झंडूता के बरठीं और झंडूता बाजार में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एनडीए की भारी जीत पर उत्सव मनाया। विधायक जीतराम कटवाल ने स्वयं कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाई और राष्ट्रीय नेतृत्व व करोड़ों कार्यकर्ताओं को इस ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी।कटवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का संकल्प मजबूत हुआ है और बिहार का जनादेश इसी विश्वास की मुहर है। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की संगठनात्मक क्षमता की भी सराहना की और कहा कि भाजपा का सशक्त नेटवर्क और कार्यकर्ताओं की निष्ठा इस जनादेश का आधार रही। बिहार में एनडीए की जीत का उत्साह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के गृह जिला बिलासपुर में भी खूब देखने को मिला। सदर मंडल भाजपा ने जिला मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय में आतिशबाजी कर और मिठाई बांटकर विजय का जश्न मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हंसराज ठाकुर ने की, जबकि पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान विशेष रूप से उपस्थित रहे। सांख्यान और ठाकुर ने कहा कि बिहार चुनाव में विपक्षी दलों ने झूठे प्रचार और भ्रामक वादों का सहारा लिया, लेकिन जनता ने सच्चाई और विकास को चुना।

### बलोह की शिवाली ने रोशन किया जिला का नाम

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** विकास खंड झंडूता की ग्राम पंचायत बलोह की शिवाली धीमान ने जिला बिलासपुर का ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने भारत सरकार के साथ ऑटोनॉमस रोबोटिक हार्वेस्टर नामक एक पेटेंट पंजीकृत किया है। यह एक आधुनिक कृषि मशीन है, जो फसल कटाई की प्रक्रिया को आसान और अधिक प्रभावी बनाती है। इस मशीन में मशीन लर्निंग, कंप्यूटर विजन और स्वचालित नेविगेशन जैसी उन्नत तकनीकों का उपयोग किया गया है, जिससे श्रम लागत घटती है, उत्पादकता बढ़ती है और फसल क्षति कम होती है। शिवाली धीमान वर्तमान में कॉलेज ऑफ हॉर्टिकल्चर एंड फॉरेस्ट्री नेरी हमीरपुर से सब्जी विज्ञान में पीएचडी कर रही हैं, जो डॉ. यशवंत सिंह परमार यूनिवर्सिटी ऑफ हॉर्टिकल्चर एंड फॉरेस्ट्री नौणी सोलन से संबद्ध है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता परमजीत धीमान और कांता धीमान को दिया है।



### किसानों को बताईं कृषि की आधुनिक तकनीकें

**अनंत ज्ञान, नम्होल।** कृषि विभाग बिलासपुर के सौजन्य से विकास खंड सदर द्वारा नम्होल में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में क्षेत्र के कई किसान उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कार्यक्रम में एसएमएस (कृषि) ब्लॉक सदर रत्न लाल ठाकुर, एडीओ सदर अरुण कुमार और एईओ राकेश कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। अधिकारियों ने किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीजों, आधुनिक खेती तकनीकों, फसल सुरक्षा उपायों और मिट्टी की जांच के महत्व के बारे में जानकारी दी। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कृषि योजनाओं जैसे प्राकृतिक खेती, पीएम किसान सम्मान निधि, जल जीवन मिशन, ड्रिप इरिगेशन और बीज उत्पादन योजनाओं की भी विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान किसानों की समस्याओं को सुना गया और समाधान के सुझाव दिए गए। विभागीय अधिकारियों ने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं किसानों को नई तकनीकों व योजनाओं की जानकारी देकर खेती को अधिक लाभदायक बनाने में मददगार साबित होती हैं।

### मिहाड़ा स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया बाल दिवस

**अनंत ज्ञान, स्वारघाट।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला मिहाड़ा में बाल दिवस उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यापक खूब सिंह ठाकुर ने की। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर मनाए जाने वाले बाल दिवस अवसर पर स्कूल परिसर दिनभर बच्चों की खिलखिलाहट और उत्साह से गूंजता रहा। शुरुआत में अध्यापक खूब सिंह ठाकुर ने बच्चों को बाल दिवस के महत्व और नेहरू के बाल प्रेम के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके उपरांत नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए विविध रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बोरी दौड़ में नर्सरी वर्ग से आधया ने प्रथम स्थान हासिल कर सबका ध्यान खींचा। पहली से पांचवीं तक की लड़कियों की दौड़ में परिवेदा ने बाजी मारी, जबकि लड़कों में अमित प्रथम रहा। लेग रेस में अमित-सूर्यांश और परिवेदा-काव्य की जोड़ी ने पहला स्थान प्राप्त किया। मटकी फोड़ में डोली और झलक विजेता रहीं। इसके बाद बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसमें कविता, गीत और लोकनृत्य की सुंदर प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अध्यापिका प्रेमलता ने प्रतियोगिताओं में अव्वल आए बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए। बच्चों के लिए मिष्ठान की विशेष व्यवस्था भी स्कूल प्रबंधन द्वारा की गई थी। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों सहित सभी बच्चे कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### सतपाल सर्वसम्मति से दूसरी बार बने प्रधान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं कृषि सेवा सहकारी समिति सीमित घुमारवीं की प्रबंधक कमेटी का चुनाव आज सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। चुनावी बैठक की अध्यक्षता सहकारी सभाएं बिलासपुर की अंकेक्षण निरीक्षक शैलजा शर्मा ने की। उन्होंने पूरे चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और नियमों के अनुसार संचालित करवाया। चुनाव में किसी भी पद हेतु मुकाबला न होने के चलते सभी पदाधिकारियों को सर्वसम्मति से चुना गया। इस दौरान समिति में पुनः विश्वास जताते हुए सतपाल वर्धन को दूसरी बार प्रधान नियुक्त किया गया। उपप्रधान पद पर चैन सिंह को चुना गयाए जिन्हें सदस्यों का विशेष समर्थन मिला। नई कार्यकारिणी के सदस्य सतपाल वर्धन प्रधान, चैन सिंह उपप्रधान व सदस्यों की फेहरिस्त में प्रेमलाल, विक्रांत ठाकुर, रविंद्र कुमार, ब्रह्मदास, मिल्खी रामर को शामिल किया गया। इस अवसर पर समिति के सचिव निर्मल और सहसचिव राज शर्मा भी मौजूद रहे।

# एडीबी ने ली योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट

## बैंक की टीम ने जिला प्रशासन के साथ की ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



एशियन डेवलपमेंट बैंक की ग्रामीण विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त राहुल कुमार।

एशियन डेवलपमेंट बैंक की उच्चस्तरीय टीम शुक्रवार को ग्रामीण समृद्धि एवं लचीलापन कार्यक्रम के अंतर्गत बिलासपुर पहुंची। टीम में वरिष्ठ नेचुरल रिसोर्स विशेषज्ञ सुना किम, सामाजिक विकास विशेषज्ञ आनंद रमेश कुनियार, परियोजना प्रबंधन (कृषि) विशेषज्ञ प्राची शर्मा, एसोसिएट प्रोजेक्ट ऑफिसर नेहा सैनी, कृषि व्यवसाय सलाहकार अर्जुन तथा वित्त सलाहकार तनुश्री चंद्रा शामिल थे।

बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने की। बैठक में केंद्र व राज्य सरकार की ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं की डिजाइनिंग, क्रियान्वयन, लाभार्थियों तक पहुंच, पंचायत स्तर पर भेजी जाने वाली बजट डिमांड, अनुमोदन प्रक्रिया और कार्य प्रगति पर गहन चर्चा हुई। ग्रामीण विकास विभाग के परियोजना अधिकारी यशपाल ने विभागीय योजनाओं पर विस्तृत प्रस्तुति दी। टीम ने प्रधानमंत्री धन–धान्य योजना के आगामी चरणों, मूल्यांकन मानकों और लागू करने की रणनीति पर विशेष रूप से विचार–विमर्श किया। इसके साथ ही अन्य केंद्रीय योजनाओं के प्रभाव, मौजूदा चुनौतियों, नशा निवारण कार्यक्रमों तथा स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति पर भी विस्तृत चर्चा हुई। टीम ने जमीनी स्तर से लेकर उच्च स्तर तक योजनाओं के अंतिम रूप, विभागीय समन्वय, सफलताओं–असफलताओं के कारणों और क्रियान्वयन में आने वाली बाधाओं की जानकारी प्राप्त की।

ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं से जुड़े मुद्दे, विशेषकर ऋण उपलब्धता की कमी और बैंकों में स्थानीय स्तर पर किए जा रहे डिपॉजिट्स पर भी तथ्य जुटाए गए। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर

### टीम ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर दिखाई रुचि

भी टीम ने विशेष रुचि दिखाई। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों, उत्पादों के विपणन के लिए उपलब्ध सहयोग तथा महिलाओं के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं की समीक्षा की गई। ग्रामीण सड़कों की स्थिति, रखरखाव, आवाजाही की कठिनाइयों, पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका और उनकी चुनौतियों पर भी चर्चा हुई।

अधिकारियों ने बताया कि हिमाचल प्रदेश की भौगोलिक–सामाजिक परिस्थितियों के अनुरूप कुछ केंद्रीय योजनाएं अपेक्षित परिणाम नहीं दे पा रही हैं, जबकि राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाएं स्थानीय जरूरतों के साथ अधिक मेल खाती हैं।

अंत में बैठक में विभिन्न योजनाओं के लिए समय पर बजट न मिलने, कार्य आदेशों में देरी और इसके कारण प्रभावित होने वाली परियोजनाओं पर भी विस्तृत समीक्षा की गई। भविष्य में बिलासपुर जिला के लिए योजनाओं की बेहतर डिजाइनिंग, रणनीति निर्माण और प्रभावी क्रियान्वयन को मजबूत बनाने के लिए सुझावों पर सहमति भी बनी।

## बाड़ा दा घाट-सलाओ सड़क का रेस्टोरेशन कार्य जल्द होगा शुरू : धर्माणी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** प्रदेश सरकार के तकनीकी शिक्षा मंत्री धर्माणी ने बताया कि घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बाड़ा दा घाट से सलाओ सड़क के रेस्टोरेशन कार्य के लिए बजट की व्यवस्था कर दी गई है। बरसात के दौरान इस सड़क को भारी नुकसान हुआ था, जिसके पुनर्निर्माण और सुदृढ़ीकरण के लिए सरकार ने एक करोड़ रूपए से अधिक की राशि स्वीकृत की है। उन्होंने कहा कि इसका टेंडर लगाया जा चुका है और विभागीय औपचारिकताएं पूर्ण होते ही कार्य शीघ्र आरंभ कर दिया जाएगा। मंत्री धर्माणी ने कहा कि सड़क के रेस्टोरेशन कार्य के पूर्ण होने से बाड़ा दा घाट, सलाओ, जाह् सहित पूरे क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा, जिससे दस हज़ार से अधिक स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा। सुचारू सड़क सुविधा न केवल ग्रामीणों के दैनिक आवागमन को सहज बनाएगी बल्कि व्यवसाय, स्वास्थ्य सेवाओं, कृषि–बागवानी और शैक्षणिक गतिविधियों को भी गति प्रदान करेगी। सड़क की समय पर मरम्मत से दुर्घटनाओं का जोखिम कम होता है, यात्रा सुरक्षित बनती है, समय और ईंधन की बचत होती है तथा स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलता है।



## कृषि विभाग में डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए निजी सर्वेयरों की भर्ती जल्द

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

कृषि विभाग एग्रीस्टैक के तहत डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए निजी सर्वेयरों की भर्ती कर रहा है। इस सर्वे का उद्देश्य प्रदेश के सभी पंचायत क्षेत्रों में फसलों से संबंधित जानकारी को डिजिटल माध्यम से एकत्रित करना है। यह जानकारी देते हुए उप निदेशक कृषि प्रेम ठाकुर ने बताया कि आवेदनकर्ता की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए तथा आधार कार्ड और बैंक विवरण होना अनिवार्य है। उम्मीदवारों को मोबाइल एप्लिकेशन के उपयोग का ज्ञान होना चाहिए और अपने स्थानीय क्षेत्र की भौगोलिक जानकारी से परिचित होना चाहिए। उन्होंने बताया कि एटीएम, बीटीएम, सुपरवाइजर, कृषि प्रसार अधिकारी, कृषि–बागवानी–वन स्नातक, कृषक साथी, पशु साथी, स्वयं सहायता समूहों के सदस्य, पैक्स सचिव तथा पंचायत प्रतिनिधि आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक उम्मीदवार विभाग की वेबसाइट httpsÑ//hpdcsa.agristack.gov.in/crop-survey-hp या गुगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध डीसीएस हिमाचल प्रदेश ऐप के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि सर्वेक्षण कार्य के लिए विभाग द्वारा उपयुक्त प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए कृषि विभाग की वेबसाइट www agriculture.hp.gov.in पर संपर्क किया जा सकता है।

# ईवीएम सुरक्षा में चूक सुनियोजित साजिश: बंबर

## पूर्व विधायक पे सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों की अनुपस्थिति की निष्पक्ष जांच करने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



पत्रकारों को संबोधित करते कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधायक बंबर ठाकुर।

पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने आरोप लगाया है कि 2022 के विधानसभा चुनाव में उन्हें षड्यंत्रपूर्वक हराने के बाद अब भी उनके खिलाफ साजिशें जारी हैं। बिलासपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट में मामला लंबित होने के बावजूद हाल ही में वेयरहाउस में रखी ईवीएम मशीनों की सुरक्षा में गंभीर लापरवाही सामने आना बेहद संदिग्ध है। उन्होंने बताया कि जिस वेयरहाउस में ईवीएम मशीनें सुरक्षित रखी गई थीं, वहां तैनात पुलिसकर्मी ड्यूटी से नदारद पाए गए और बाद में उन्हें सस्पेंड कर दिया गया। बंबर ठाकुर का कहना है कि 26 नवंबर को मामले की उच्च न्यायालय में सुनवाई निर्धारित है, ऐसे में सुनवाई से पहले सुरक्षा में सेंध लगना 'किसी बड़े षड्यंत्र' की ओर इशारा करता है।

बंबर ठाकुर ने दावा किया कि वे 139 वोटों से चुनाव हारे थे, जबकि द्रोबड बूथ पर 140 फर्जी वोट डाले जाने का प्रमाण उन्होंने हाईकोर्ट में प्रस्तुत कर दिया है। उन्होंने कहा कि इन फर्जी वोटों की शिकायत उन्होंने तत्कालीन उपायुक्त को भी की थी, और वर्तमान उपायुक्त ने इन मतों को रद्द कर पुष्टि कर दी कि ये वोट उन लोगों के नाम पर डाले गए जो उस क्षेत्र को छोड़कर जा चुके थे। उन्होंने आरोप लगाया कि तत्कालीन उपायुक्त और एसडीएम ने विपक्षी उम्मीदवार को जीताने के लिए हरसंभव प्रयास किए। 'मैं स्वयं चुनाव जीता था, लेकिन परिणाम भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में घोषित कर दिए गए,' उन्होंने आरोप लगाया। पूर्व विधायक ने चुनाव आयोग पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि तत्कालीन एसडीएम ने एक सीडीआर की जांच के बाद लिखित में बताया था कि चुनाव में गड़बड़ी की आशंका है।

उन्होंने सवाल उठाया। कि जब एसडीएम ने खुद हेराफेरी की पुष्टि जैसी टिप्पणी की, तो चुनाव आयोग ने चुनाव रद्द क्यों नहीं किया?' बंबर ठाकुर ने ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था में हुई चूक और पुलिस कर्मियों की अनुपस्थिति की निष्पक्ष जांच की मांग की।

# जिन बसों के रूट पुराने एनएच से हैं, वे वहां से ही चलें

## विधायक रणधीर शर्मा के नेतृत्व में सात पंचायतों के प्रतिनिधिमंडल ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



विधायक रणधीर शर्मा के नेतृत्व में डीसी को ज्ञापन सौंपता प्रतिनिधिमंडल।

श्री नयना देवी जी के विधायक रणधीर शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार से मिला। उन्होंने उपायुक्त को अवगत करवाया कि जब से फोरलेन बना है, तब से कुटैहला, तनबोल, छड़ोल, कल्लर, कचैली, राजपुरा व कोठीपुरा आदि पंचायतों के लोगों को आने–जाने की समस्या का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि कुछ रूट पुराने नेशनल हाईवे से सरकार ने ही बदल दिए और कुछ रूट नहीं बदले हैं। वह भी पुराने नेशनल हाईवे से न होकर फोरलेन से चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि यही नहीं प्राइवेट बसें भी अपने रूट पर नहीं चलती, जिससे इन पंचायतों की जनता को भारी कठनाई का सामना करना पड़ रहा है। जो बसें बिना रूट के फोरलेन से चलती हैं, न तो उनका चालान किया जाता है, न ही उनको पूछा जाता है। उन्होंने उपायुक्त से

### फोरलेन से जा रहीं बसें ग्रामीण हो रहे परेशान

निवेदन किया कि जिनके रूट पुराने एनएच से हैं, वे वहां से चलें, ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

इससे पहले मंडी भराड़ी पुल पर सतदेव शर्मा, छड़ोल पंचायत प्रधान फूलां देवी, भगत राम, कचैली के प्रधान महिंद्र ठाकुर, रोशन, प्रधान कोठीपुरा पिंकी देवी, जगदीश बीडीसी अनिल, चिल्ला से वेदप्रकाश व नरेश ने बसों को रोककर उनके रूटों को चेक किया।

# स्मार्ट विनिर्माण तकनीकों से बढ़ती है उत्पादन क्षमता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला उद्योग केंद्र बिलासपुर ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से स्मार्ट विनिर्माण और उद्योग 4.0 विषय पर एक विस्तृत जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन होटल सागर व्यू, बिलासपुर में किया। कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र के जर्नल मैनेजर जे. आर. अभिलाषी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि यह कार्यशाला एमएसएमई उद्यमों को डिजिटल तकनीकों से सशक्त बनाने और उनके उत्पादन प्रक्रियाओं में आधुनिकता लाने की दिशा में प्रभावी कदम होगी। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य उद्यमियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, मशीन अधिगम, क्लाउड ईआरपी प्रणाली और ग्राहक संबंध प्रबंधन जैसे आधुनिक औद्योगिक उपकरणों के उपयोग और लाभों से अवगत कराना था, ताकि वे रैंप पहल के अंतर्गत अपने कारखानों को डिजिटल रूप से अधिक सक्षम बना सकें।

कार्यशाला की शुरुआत रैंप पहल के परिचय के साथ हुई, जिसमें एमएसएमई इकाइयों के डिजिटल सशक्तिकरण की संभावनाओं पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि स्मार्ट विनिर्माण तकनीकों को अपनाने से उत्पादन क्षमता बढ़ती है, संसाधनों की बचत होती है और उत्पाद की गुणवत्ता स्वत: बेहतर होती है। उदाहरण स्वरूप कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित मशीनों के पूर्वानुमानित रखरखाव, इंटरनेट ऑफ थिंग्स सेंसरों द्वारा तापमान व ऊर्जा खपत की रीयल–टाइम निगरानी, मशीन अधिगम आधारित गुणवत्ता परीक्षण और बाजार मांग का पूर्वानुमान जैसी तकनीकों को सरल भाषा में समझाया गया।

कार्यक्रम में एमएसएमई उद्यमियों, प्लांट प्रबंधकों, औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों, जिला उद्योग केंद्र के अधिकारियों तथा मंत्रालय के विशेषज्ञों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### उद्यमियों को दिखाए मॉडल

प्रतिभागियों को डिजिटल प्रतिकृति मॉडल, स्मार्ट औद्योगिक डैशबोर्ड, स्वचालित असेंबली लाइनें, कम लागत वाले स्वचालन मॉडल तथा क्लाउड ईआरपी प्रणालियों के वास्तविक उपयोग दिखाए गए, जिससे छोटे उद्यमों को यह समझने में मदद मिली कि बिना बड़े निवेश के भी तकनीकी उन्नयन संभव है। विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया कि चरणबद्ध तरीके से तकनीक अपनाने से उद्यम तुरंत लाभ प्राप्त कर सकते हैं और भविष्य में उत्पादन क्षमता को आसानी से बढ़ा सकते हैं। प्रतिभागियों ने तकनीक अपनाने की लागत, उपयुक्त सेवा प्रदाताओं के चयन, स्वचालन की व्यावहारिकता और छोटे उद्यमों में तकनीक की विस्तार क्षमता जैसे सवाल पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने व्यावहारिक समाधान बताए।

# 'फसाड लाइट' लगने से श्री नयना देवी मंदिर की सुंदरता में लगेंगे चार चांद : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

श्री नयना देवी जी मंदिर आयुक्त एवं उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने शुक्रवार को मंदिर के समग्र सौंदर्यीकरण कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मंदिर में प्रस्तावित अग्रभाग प्रकाश व्यवस्था अर्थात फसाड लाइटिंग परियोजना की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने बताया कि श्री नयना देवी जी मन्दिर उत्तर भारत का एक प्रमुख शक्ति पीठ है और यहां आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को उत्कृष्ट सुविधाएं प्रदान करना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी दिशा में मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण कार्यों को और अधिक गति प्रदान करते हुए अग्रभाग प्रकाश व्यवस्था स्थापित करने हेतु 25 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति आयुक्त द्वारा प्रदान की जा चुकी है।

उन्होंने कहा कि इस परियोजना के क्रियान्वयन के लिए ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है और आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण होते ही कार्य संबंधित एजेंसी को आवंटित कर दिया जाएगा। संपूर्ण कार्य लगभग एक माह की अवधि में पूरा होने का लक्ष्य रखा गया है। फसाड लाइटिंग स्थापित होने के बाद मंदिर परिसर की सभी प्रमुख इमारतें रात्रि के समय आकर्षक एवं सुनियोजित प्रकाश व्यवस्था से सुसज्जित दिखाई देंगी। यह रोशनी न केवल मंदिर की वास्तुकला, डिज़ाइन और बाहरी संरचना को अत्यंत प्रभावशाली रूप से उभारेगी, बल्कि परिसर की रात्रिकालीन सुरक्षा और दृश्यता को भी बेहतर बनाएगी।

## रोड टारिंग मामले में बिलासपुर नंबर वन

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बरसात में खराब हुई सडक़ों की टारिंग के मामले में बिलासपुर का लोक निर्माण विभाग टॉप पर है। काफी कम समय में ही विभाग के अधीक्षण अभियंता ई. जीत सिंह ठाकुर की कुशल रणनीति की बदौलत ज्यादातर सडक़ों की टायरिंग कर ली गई है जबकि कई सडक़ों की टायरिंग का कार्य जोरों पर चल रहा है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना के तहत बन रही राहियां-अमरपुर-हडसर-सुन्हाणी-तुंगड़ी सड़क का बंद पड़ा उन्नयन का कार्य आखिरकार शुरू हो ही गया है, जिससे संबंधित क्षेत्र के लोगों को जल्द ही बेहत्तर सड़क सुविधा मिलेगी तथा धूल मिट्टी से भी राहत मिल जाएगी।

# धाली स्कूल में मेधावी किए सम्मानित

## वार्षिक समारोह में व्यवसायी नवीन ठाकुर ने बांटे इनाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय उच्च पाठशाला धाली में वार्षिक पुरस्कार वितरण दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में व्यवसायी नवीन ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि विशिष्ठ अतिथि के रूप में बीडीसी रमेश शर्मा और समाजसेवी मंटू शर्मा शामिल हुए।

उन्होंने देश के प्रथम प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर मनाए जाने वाले बाल दिवस की सभी को बधाई दी तथा मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। समारोह के अध्यक्ष एवं धाली स्कूल के मुख्याध्यापक राकेश वर्मा ने स्कूल की गतिविधियों की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। कार्यक्रम राजकीय प्राथमिक पाठशाला धाली और उच्च पाठशाला धाली के संयुक्त तत्वावधान में मनाया गया।

### समारोह में इन होनहारों को किया गया पुरस्कृत

**शैक्षणिक** गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार बच्चों में छठी कक्षा की मोहिनी कश्यप (प्रथम), महक (द्वितीय) व प्राची(तृतीय), सातवीं कक्षा की अपराजिता (प्रथम), मयंक शर्मा(द्वितीय), अंशिता(तृतीय), कक्षा आठवीं से पल्लवी(प्रथम), तनिष्का (द्वितीय), सोनाक्षी(तृतीय), नवम कक्षा से आरूषि(प्रथम), मन्नत(द्वितीय), रिया (तृतीय), दसवीं कक्षा से गौरव शर्मा(प्रथम), महक (द्वितीय), सपना(तृतीय) को पुरस्कृत किया गया। सर्वाधिक हाजरी में छठी कक्षा की भव्या, सातवीं की प्राची, आठवीं की अपराजिता, नवम की तनविका व नव्या तथा दसवीं की रिया को सम्मानित किया गया। अन्य गतिविधियों में वाद विवाद प्रतियोगिता में मन्नत, आरुषि को प्रथम व द्वितीय तथा प्रियांशु तथा रिया को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहने के लिए सम्मानित किया। चित्रकला में अवंतिका, श्वेता और कमल को क्रमश प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया।

**बाल मेला** द विंटेज हॉल स्कूल लखनपुर में बाल मेले का भव्य आयोजन, बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

# विद्यार्थियों की सुंदर कलाकृतियों ने मोहा सबका मन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

द विंटेज हॉल स्कूल लखनपुर में शुक्रवार को बाल मेले का रंगारंग आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों की रचनात्मकता और प्रतिभा पूरे उत्साह के साथ झलकी। विद्यार्थियों ने अपने हाथों से बनाई बेहतरीन कलाकृतियां, हस्तशिल्प और तरह–तरह के स्वादिष्ट व्यंजन तैयार कर प्रदर्शित किए। मेले में बच्चों का उत्साह और उनकी नवाचारी सोच दर्शकों का ध्यान आकर्षित करती रही। अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने मेले में बढ़–चढ़कर भाग लिया। उन्होंने बच्चों की बनाई कलाकृतियां खरीदीं और उनके द्वारा तैयार किए गए व्यंजनों का स्वाद लेते हुए उनकी मेहनत की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक आनंद दुबे, प्राचार्या प्रीति अरोड़ा दुबे, डीन अकैडमिक्स गायत्री शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी नरेंद्र दत्त तथा विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे। प्रबंध निदेशक आनंद दुबे ने बच्चों की रचनात्मकता की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, सृजनशीलता और व्यावहारिक ज्ञान को प्रोत्साहित करते हैं। प्राचार्या प्रीति अरोड़ा दुबे ने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी इसी प्रकार की गतिविधियां निरंतर आयोजित करता रहेगा, ताकि विद्यार्थियों को सीखने के साथ–साथ अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलता रहे। मेले में उत्साह, उमंग और रचनात्मकता का अनूठा संगम दिखा, जिसे उपस्थित सभी ने खूब सराहा।






## न्यूज ब्रीफ

### छात्रों की शोध प्रस्तुतियों ने बढ़ाई सेमिनार की शोभा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** समाजशास्त्र विभाग, राजकीय महाविद्यालय चंबा में 12 और 13 नवंबर को दो दिवसीय रिसर्च सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। सेमिनार का केंद्र बिंदु विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए शोध आधारित प्रतिवेदन रहे। कार्यक्रम का संचालन शिवानी, ओमप्रकाश और विनायक ने संभाला। मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मदन गुलेरिया ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इतिहास विभाग के प्रो. परविंदर और राजनीति विज्ञान विभाग की प्रो. आशा मुख्य वक्ता बने और विद्यार्थियों को महत्त्वपूर्ण शैक्षणिक मार्गदर्शन प्रदान किया। विभाग के प्राध्यापकों गौरव सर और ऋत्विक सर ने छात्रों को उत्कृष्ट शोध प्रस्तुतियों और सफल आयोजन के लिए बधाई दी। दोनों दिनों में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए प्रभावशाली शोध प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाणपत्र वितरित किए गए। यह सेमिनार छात्रों की शोध क्षमता और अकादमिक अभिव्यक्ति को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास साबित हुआ।

### अदिति व सुप्रीत कौर बनीं विश्वविद्यालय की टॉपर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल चंबा के विद्यार्थियों ने लगातार दूसरे वर्ष भी प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। यह जानकारी महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. पंकज गुप्ता ने दी। डॉ. गुप्ता के अनुसार, वर्ष 2024 में अदिति जंवाल, निवासी पालमपुर, ने प्रथम प्रोफेशनल एमबीबीएस परीक्षा में 900 में से 717 अंक (80%) प्राप्त कर विशिष्ट श्रेणी में विश्वविद्यालय टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। इसी उत्कृष्ट परंपरा को आगे बढ़ाते हुए वर्ष 2025 में पांवटा साहिब निवासी सुप्रीत कौर ने 900 में से 684 अंक (76%) प्राप्त कर विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य डॉ. गुप्ता ने कहा कि इन उपलब्धियों से महाविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता सिद्ध होती है। उन्होंने इसका श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और संस्थान के अनुशासित शैक्षणिक वातावरण को दिया।

### नेहरू की जीवनी के बारे में करवाया परिचित

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मांधा मे स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर बाल दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया इस मौके पर सबसे पहले प्रवक्ता हिंदी सुभाष शर्मा ने बच्चों को स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जीवनी के बारे में रू- ब- रू करवाया और उन्होंने बच्चों को बताया कि क्यों इस दिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है तत्पश्चात इस मौके पर स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया और खेलकूद प्रतियोगिता भी करवाई गई जिसमें स्कूल के सभी बच्चों ने चढ़कर भाग लिया। स्कूल प्रभारी सुशील पठानिया ने भी बाल दिवस के बारे में बच्चों को रू- ब- रू करवाया और प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया इस मौके पर स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा और सभी ने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया।

### भारतीय पब्लिक स्कूल में बाल दिवस उत्सव

**अनंत ज्ञान, चंबा।** भारतीय पब्लिक स्कूल चंबा में बाल दिवस बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कक्षा पहली से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने 'बाल मन और सपनों की उड़ान' थीम पर नृत्य, कविता, रंगोली और चित्रकला जैसी प्रस्तुतियां दीं, जिससे स्कूल परिसर खुशियों और रचनात्मकता से भर गया। शिक्षकों ने बच्चों के हुनर की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में चेयरमैन डॉ. डी.पी. मल्होत्रा ने बच्चों को राष्ट्र की अमूल्य धरोहर बताया और उनके सर्वांगीण विकास का महत्व रेखांकित किया। प्रधानाचार्य बृज लाल ने बच्चों के आत्मविश्वास की प्रशंसा की। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया और पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

### बच्चों ने चाचा नेहरू के जीवन पर दिए भाषण

**अनंत ज्ञान, सुल्तानपुर।** क्लासिक ईरा अकादमी में बाल दिवस का आयोजन उत्साह और रचनात्मकता के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक व प्रसिद्ध साहित्यकार टीसी सावन ने की। बच्चों ने चाचा नेहरू के जीवन पर भाषण दिए और भावपूर्ण कविताएं प्रस्तुत कीं, जिससे पूरा माहौल प्रेरक बना। प्रबंध निदेशिका एवं कवयित्री दिव्या 'बदली' ने नेहरू के जीवन और विचारों पर सारगर्भित वक्तव्य और कविता प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। निदेशक टी.सी. सावन ने बालश्रम और भिक्षावृत्ति के दर्द को अपनी चर्चित कविताओं के माध्यम से उजागर किया। शिक्षक वर्ग रंजीता ठाकुर, शिल्पा बनवाल, सरोज कुमारी और बंदना वर्मा की मौजूदगी ने कार्यक्रम को और गरिमा दी। विद्यार्थियों शिवानी ठाकुर, मुस्कान, रिशु सूर्यवंशी, कार्तिक, मोहित गुलशन, राजकुमार, नीरज कुमार, दीक्षा अरोरा और अंकिता सहित कई बच्चों ने भाग लेकर बाल दिवस को यादगार बनाया।

### चंबा और पांगी में आयोजित होंगी पदयात्राएं

**अनंत ज्ञान, चंबा।** भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर भारत सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय की पहल 'मेरा भारत' के तहत 'सरदार@150 - एकता मार्च' अभियान चलाया जा रहा है। उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने बताया कि अभियान का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सौहार्द और राष्ट्रनिर्माण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। जिला चम्बा में इस कड़ी में 15 नवंबर को जनजातीय क्षेत्र पांगी में 5 किलोमीटर लंबी पदयात्रा आयोजित होगी, जिसमें विधायक डॉ. जनक राज मुख्य अतिथि रहेंगे। इसके बाद 20 नवंबर को जिला मुख्यालय चम्बा में 3 किलोमीटर लंबी जिला स्तरीय पदयात्रा होगी, जिसमें लोकसभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज मुख्य अतिथि होंगे। पदयात्राओं के समापन स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### बाल दिवस पर न्यायिक जागरूकता कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंबा में बाल दिवस पर न्यायिक जागरूकता, सामाजिक कुरीतियों और कानूनों के प्रति छात्रों को संवेदनशील बनाने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। डिस्ट्रिक्ट लीगल सेल के अधिवक्ताओं ने पॉकसो एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, जुवेनाइल जस्टिस एक्ट, घरेलू हिंसा, मानव तस्करी और नशा उन्मूलन जैसे गंभीर विषयों पर विद्यार्थियों को जानकारी दी। 'गुड टच-बैड टच' और कड़ी सजा के प्रावधानों पर विशेष ध्यान दिया गया। 320 से अधिक छात्रों और प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर न्यायिक और पर्यावरणीय जागरूकता पर विचार साझा किए गए, जिससे विद्यार्थियों में जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना मजबूत हुई।

### पेंशनरों ने लंबित मामलों पर उठाई आवाज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** बिजली बोर्ड पेंशनर संघ चंबा की अहम बैठक शुक्रवार को स्थानीय स्तर पर आयोजित हुई, जिसमें बड़ी संख्या में पेंशनर शामिल हुए। बैठक में पेंशन मामलों में देरी, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी, मेडिकल रिइम्बर्समेंट की जटिलताएँ और भत्तों के लंबित मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि पेंशनरों को उनकी सेवाओं के अनुरूप सुविधाएं नहीं मिल रही हैं, जिससे वरिष्ठ नागरिकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी लंबित मांगों को विभागों के समक्ष लिखित रूप में रखा जाएगा, ताकि समाधान की प्रक्रिया तेज़ हो सके। पेंशनर संघ ने राज्य सरकार और विभागीय अधिकारियों से तत्काल हस्तक्षेप की अपील की और चेतावनी दी कि यदि मांगों पर जल्द कदम नहीं उठाए गए, तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जा सकता है।

### थल्ली की महिलाएं बनीं वित्तीय रूप से सशक्त

**अनंत ज्ञान, तीसा/चुराह।** सेवा संस्था के सौजन्य से वित्तीय साक्षरता केंद्र (एफ.एल.सी.) तीसा द्वारा ग्राम पंचायत थल्ली के गाँव सरेला में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीण महिलाओं को बैंकिंग सुविधाओं, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, केसीसी लोन प्रक्रिया तथा बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शिविर में आरबीओ धर्मशाला (वित्तीय समावेशन प्रबंधक, एस.बी.आई.) अनिल विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने महिलाओं को सुरक्षित बचत, बीमा तथा डिजिटल लेनदेन में सतर्कता पर महत्त्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। शिविर के दौरान 12 ग्रामीणों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, 8 लोगों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, तथा 3 लाभार्थियों को अटल पेंशन योजना से जोड़ा गया।

### बच्चों ने संविधान निर्माण में भागीदारी निभाई

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला मौड़ा में बाल दिवस उत्साह और नवाचार के साथ मनाया गया। बच्चों ने केक काटकर और हार पहनकर कार्यक्रम का आनंद लिया। विशेष बाल सभा में छात्रों ने पाठशाला के नए संविधान निर्माण की समीक्षा की और इसे संविधान दिवस (26 नवंबर) पर लागू करने की रणनीति बनाई। विभिन्न समितियों के बाल अध्यक्षों ने मिलकर प्रारूप समिति का गठन किया, जिसमें अरनव ठाकुर को अध्यक्ष चुना गया। तंबाकू मुक्त पाठशाला अभियान में अभय, आशीष, तमन्ना, आकृति और अर्पित को मॉनिटर नियुक्त किया गया। बाल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में लक्ष्य और आशीष प्रथम, अरनव और अभय द्वितीय स्थान पर रहे। स्कूल प्रभारी युद्धवीर टंडन ने बच्चों की सक्रिय भागीदारी और भविष्य में ऐसे कार्यक्रम जारी रखने की योजना साझा की।

# जवाहरलाल नेहरू का देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान : कुलदीप पठानिया

## रायपुर स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बोले विधानसभा अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, चुवाड़ी**



रायपुर स्कूल के वार्षिक समारोह में विस अध्यक्ष पठानिया का स्वागत करते हुए।

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का राष्ट्र की आजादी और नवनिर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिसे देश कभी नहीं भूल सकता।

कुलदीप सिंह पठानिया भटियात विधानसभा क्षेत्र के तहत पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रायपुर के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि भाग लेते हुए बोल रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष ने बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की भी कामना की। उन्होंने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू को स्नेहपूर्वक चाचा नेहरू के नाम से भी याद किया जाता है। बच्चों के प्रति उनके विशेष लगाव के कारण उनके जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है।

उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा राष्ट्र के विकास को लेकर किए गए महान कार्यों का उल्लेख भी अपने संबोधन में किया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है। प्रदेश के वर्तमान शिक्षा पैटर्न में बदलाव लाते हुए वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से संबद्ध करने का लिया गया यह निर्णय ऐतिहासिक है।

पठानिया ने इससे पहले समारोह का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति एवं स्थानीय लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

विधानसभा अध्यक्ष ने इस दौरान शैक्षणिक एवं बहुआयामी गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

उन्होंने विद्यालय के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों की सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए क्रमश: 31 हजार और 11 हजार रुपये की धनराशि देने की घोषणा भी की। विद्यालय का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह अभ्युदय ज्ञान परिश्रम और प्रगति का संगम के थीम विषय पर आयोजित किया गया।

इस दौरान उपमंडल दंडाधिकारी नागरिक पारस अग्रवाल, पुलिस उपाधीक्षक मयंक शर्मा , खंड विकास अधिकारी अनिल गुराडा , अधिशासी अभियंता राकेश ठाकुर, पंकज राठौर, नरेंद्र चौधरी, पुलिस थाना प्रभारी रमन कुमार, राज कुमार चंबियाल, सुरेंद्र चाड़क, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों सहित कई मौजूद रहे।

# मारपीट मामले में आरोपी कोई भी हो, बख्शा नहीं जाएगा : लखनपाल

**अनंत ज्ञान, चंबा**

बुधवार को सामने आए गंभीर मारपीट प्रकरण ने पूरे जिले में तनाव का माहौल पैदा कर दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एडीशनल एसपी चंबा हितेश लखनपाल ने शुक्रवार शाम प्रेस को संबोधित करते हुए एक के बाद एक बड़ी कार्रवाईयों का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि बुधवार शाम एक युवक ने सिटी चौकी थाना चंबा में मारपीट की शिकायत दर्ज करवाई, जिसके तुरंत बाद पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की।

पुलिस ने कस्बे से लेकर अंतरराज्यीय सीमाओं तक सर्च ऑपरेशन चलाया। सबसे बड़ी कार्रवाई में पठानकोट पुलिस की मदद से मामून कैंटोनमेंट, पठानकोट से एक संदिग्ध गाड़ी पकड़ी गई, जिसमें फरार होने का प्रयास कर रहे आरोपी शामिल थे। दोनों जिलों की पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर अब तक 15 लोगों को हिरासत में ले लिया है। साथ ही एक स्कूटी और तीन बाइक व एक चारपहिया वाहन जब्त किए गए।

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

### सीसीटीवी फुटेज की हो रही गहन जांच

**एडीशनल** एसपी लखनपाल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज की गहन जांच, तकनीकी साक्ष्य जुटाने तथा घटना के मास्टरमाइंड की पहचान में पूरी ताकत से लगी हुई है। उन्होंने बताया कि 'कौन किस समुदाय से है– यह मायने नहीं रखता, कानून सबसे ऊपर है और दोषी चाहे कोई भी हो, सख्त कार्रवाई तय है।' उन्होंने जिले के लोगों से अपील की कि धार्मिक भावनाओं को भड़काने की किसी भी कोशिश से दूर रहें।



पुलिस ने बताया कि इस समूह में नाबालिग से लेकर 40 वर्ष तक के युवक शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जांच जारी है और सभी आरोपियों को जल्द कानूनी प्रक्रिया के तहत कठोर सजा दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में गुआं स्कूल ने किया शानदार प्रदर्शन



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुआं ने सत्र 2024-25 का रिपोर्ट कार्ड पेश किया।

**अनंत ज्ञान, धरवाला**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुआं में विद्यालय प्रभारी सोनी वासुदेवा ने सत्र 2024 25 का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। जिसमें ब्लॉक स्तर पर अंडर-19 में 12 लड़कियों ने भाग लिया कबड्डी प्रतियोगिता में यह टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंची वहीं खो-खो में लड़कियों ने प्रथम स्थान हासिल किया। जिसमें भरमौर जोन में खो-खो में 6 लड़कियों का चयन जिला स्तर पर हुआ वहीं रंगोउत्सव में कक्षा छठी से आठवीं तक मैहला ब्लॉक में विद्यालय गुआं प्रथम स्थान पर रहा। इस वर्ष कला उत्सव में बच्चों ने ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करने के बाद जिला स्तर पर तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं दसवीं कक्षा में कुशल ठाकुर ने 87.42% खुशी शर्मा 84% कक्षा ग्यारहवीं में अंशिका ठाकुर ने 94% स्नेहा ठाकुर कक्षा 12वीं में कार्तिक ने 86% रवीना ने 81% अंक हासिल किए वहीं 396 दिन में से 384 दिन की उपस्थिति स्कूल में दर्ज करवा कर मिंटू पुत्र बलदेव सिंह ने विद्यालय का नाम रोशन किया।

## नशा तस्करी और मारपीट के दो मामलों में की कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा पुलिस ने 14 नवंबर 2025 को कानून-व्यवस्था बनाए रखने के तहत दो अलग-अलग मामलों में महत्वपूर्ण कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अनुसार, पहला मामला पुलिस थाना सीहूंता में दर्ज हुआ, जिसमें धारा 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई। कार्रवाई के दौरान तरवीज सिंह, निवासी धर्माण के कब्जे से 68.04 ग्राम चरस बरामद की गई। आरोपी को बीएनएस की धारा 35(3) के तहत नोटिस पर छोड़ दिया गया है। यह मामला अभी जांचाधीन है। दूसरा मामला एफआईआर नंबर 100/25, दिनांक 13.11.2025, धारा 332(ष्ट), 115(2), 352, 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया। शिकायतकर्ता पवन कुमार, निवासी सलूणी, ने आरोप लगाया कि 17 लोग उनके घर आए और उनके व पत्नी पर मारपीट की। इस घटना में उनकी 7 माह की बच्ची भी चोटिल हुई। आरोपियों द्वारा परिवार को धमकियां और गाली-गलौज देने का भी मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले की गहन जांच जारी है। साथ ही, जिला पुलिस ने ट्रैफिक चैकिंग अभियान भी चलाया। अभियान के दौरान मोटर वाहन अधिनियम के तहत 110 चालान काटे गए, जिनसे 28,100 रुपये का जुर्माना वसूला गया। कोटपा एक्ट के तहत 08 चालानों से 800 रुपये का जुर्माना लिया गया। पुलिस ने कहा कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, एक घायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी के थाना जंजैहली क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें एक युवक की मौत हो गई और एक घायल हुआ। शिकायतकर्ता गुलशन कुमार ने बताया कि वह अपने तीन दोस्तों के साथ दो स्कूटियों पर तुंगासिगढ़ मंदिर जा रहे थे। लेहगला के पास उनकी स्कूटी फिसल गई, जिससे गुलशन और उसका मित्र सड़कों पर गिर गए। इसी दौरान ट्रक नंबर एचपी 20एफ 0305, जिसे राज कुमार चला रहा था, का पिछला टायर पियूष कश्यप पर चढ़ गया। हादसे में पियूष कश्यप की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गुलशन कुमार घायल हुआ और उसका उपचार जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चालान से वसूला 7000 रुपए का जुर्माना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला पुलिस मंडी ने विभिन्न कानूनों के तहत व्यापक कार्रवाई की। मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत 446 चालान किए गए, कोटपा अधिनियम के तहत 70 चालान जारी किए गए और कुल 7000 रुपए जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा माइनिंग एक्ट के अंतर्गत भी एक चालान किया गया।

### ट्रैफिक उल्लंघन पर 51,000 जुर्माना वसूला

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी निखिल अग्रवाल की अध्यक्षता में प्री-लोक अदालत में ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले चालकों पर कड़ी कार्रवाई की गई। मोटर वाहन अधिनियम के तहत प्रस्तुत 50 चालानों में से 34 मामलों में कुल ₹51,000 का जुर्माना मौके पर ही वसूला गया। अदालत ने चेतावनी दी कि यदि कोई चालक दोबारा नियम तोड़ता पाया गया, तो उसका ड्राइविंग लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा। 16 चालकों ने अदालत में पेश नहीं होकर समन की अवहेलना की, जिनके खिलाफ अगली तिथि तय की गई है। यह कार्रवाई पुलिस और न्यायालय के लगातार चल रहे अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराना है।

### हमला व धमकी देने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पुलिस थाना सरकाघाट में प्रीति पाल पुत्र नंद लाल निवासी तहसील सरकाघाट की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। शिकायत के अनुसार 12 नवंबर की शाम जब वह अपने खेत की ओर जा रहा था, तभी उसके पड़ोसी ने रास्ते में रोककर गाली-गलौज की, जान से मारने की धमकी दी और उस पर पत्थरों से हमला किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है तथा आगे की जांच जारी है।

### अवैध पार्किंग करने पर 5 वाहन किए जब्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** थाना सदर मंडी के अंतर्गत नेला-मझवाड़ सड़क पर अवैध पार्किंग की सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने मौके पर कार्रवाई की। जांच में पाया गया कि सड़क के दोनों ओर पांच वाहन गलत ढंग से खड़े किए गए थे, जिससे आम जनता, विद्यार्थियों, कर्मचारियों और मरीजों की आवाजाही बाधित हो रही थी। पुलिस ने इन वाहनों को कब्जे में लिया व वाहन मालिकों/चालकों के विरुद्ध सार्वजनिक मार्ग में बाधा उत्पन्न करने पर मामला दर्ज किया है। मामले की जांच जारी है।

### लोगों को सिटीजन सेवा पोर्टल की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** नगर निगम वार्ड 2 पुरानी मंडी में स्वच्छ शहर-स्मार्ट शहर अभियान के तहत समाधान शिविर का आयोजन महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। शिविर में आमजन को सिटीजन सेवा पोर्टल के माध्यम से समस्याएं दर्ज कराने और घर बैठे निपटारे की जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों ने अपनी शिकायतें साझा कीं, जिनमें कई का मौके पर ही समाधान किया गया। पोर्टल से संबंधित सेवाओं जैसे व्यापार लाइसेंस, संपत्ति कर, होर्डिंग अनुमतियां, पालतू पंजीकरण और कचरा संग्रहण के बारे में जागरूकता दी गई। जलशक्ति एवं लोक निर्माण विभाग से जुड़ी समस्याओं पर महापौर ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। शिविर में निगम कर्मचारी और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### जीवन ठाकुर ने बच्चों को दिया आगे बढ़ने का मंत्र

**अभिषेक, अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल खुददर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह शुक्रवार को बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों से खचाखच भरा रहा। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे समाजसेवी जीवन ठाकुर का स्कूल की प्रधानाचार्य रेखा ठाकुर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया।समारोह की शुरुआत छात्रों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई, जिसके बाद विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों ने लोकनृत्य, समूह गायन, एकल नृत्य, नाटक तथा अन्य प्रस्तुतियों से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि जीवन ठाकुर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे बच्चे प्रदेश और देश का उज्ज्वल भविष्य हैं। बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों से प्रभावित होकर जीवन ठाकुर ने अपनी जेब से ₹11,000 की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की, जिसे सुनकर बच्चों में उत्साह का संचार हो गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्य गोपाल सिंह, ललित धरवाल, मनोज चौहान, राजकुमारी, किरण ठाकुर, सुभाष ठाकुर सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों की प्रतिभा और स्कूल प्रबंधन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। समारोह का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ, जिसमें विभिन्न शैक्षणिक व सह शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

## नगर परिषद वार्ड-4 में सीवरेज लाइन बिछाने का काम शुरू

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** नगर परिषद जोगिंद्रनगर के वार्ड नंबर 4 समलोट में वर्षों से लंबित पड़ी सीवरेज लाइन बिछाने की समस्या अब आखिरकार समाधान की दिशा में आगे बढ़ गई है। लगभग 20 वर्षों से शहर में सीवरेज व्यवस्था होने के बावजूद इस क्षेत्र के कई परिवार सीवरेज सुविधा से वंचित थे। बरसाती दिनों में गलियों व घरों में गंदा पानी घुसने से लोगों का जनजीवन प्रभावित होता था और स्वच्छता से जुड़ी कई दिक्कतें सामने आती थीं। अब सीवरेज लाइन बिछाने का काम शुरू होने के बाद स्थानीय लोगों में राहत की उम्मीद जगी है। जलशक्ति विभाग ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के निर्देश पर वार्ड-4 के लिए 1.5 करोड़ रुपये की सीवरेज लाइन योजना को मंजूरी प्रदान कर दी है। मंजूरी मिलते ही विभाग ने क्षेत्र में कार्य शुरू कर दिया है। इस योजना के पूरा होने के बाद न केवल वार्ड नंबर 4 के लगभग 35 परिवारों की समस्या समाप्त होगी बल्कि नगर परिषद जोगिंद्रनगर के अन्य वार्डों में मल निकासी की समस्या का भी स्थायी समाधान हो सकेगा। सीवरेज लाइन के विस्तार से शहर की जल निकासी व्यवस्था बेहतर होगी और गंदगी की समस्या से लोगों को छुटकारा मिलेगा।वार्ड 4 की पार्षद शिखा ने बताया कि यह समस्या बेहद पुरानी थी और लोग वर्षों से सीवरेज सुविधा की मांग कर रहे थे। अपने कार्यकाल की शुरुआत में ही उन्होंने इस मुद्दे को प्राथमिकता दी और लगातार विभागीय अधिकारियों से लेकर उच्च स्तर तक इसे उठाती रहीं। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के जोगिंद्रनगर दौरे के दौरान उन्होंने यह विषय व्यक्तिगत रूप से मुख्यमंत्री के समक्ष रखा था और ज्ञापन भी सौंपा था, जिसके बाद परियोजना को मंजूरी की प्रक्रिया तेज हुई।

## मंडी जिला में बाल दिवस पर नई पहल- बच्चों को शिक्षा, नशामुक्ति व महापुरुषों से प्रेरणा का संदेश



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी जिला में शुक्रवार को बाल दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन ने 'अपना विद्यालय' पहल के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किए। उपायुक्त अपूर्व देवगन सहित विभिन्न अधिकारियों ने अडॉप्ट किए गए स्कूलों में जाकर बच्चों को प्रोत्साहित किया और पंडित जवाहरलाल नेहरू के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए बाल दिवस के महत्व को समझाया। उपायुक्त देवगन ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बगला में छात्रों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा और खेल गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने नशे से दूर रहने और चिट्टे जैसी बुराइयों से बचने का आह्वान किया, साथ ही शिक्षकों को इस दिशा में मार्गदर्शन करने की जिम्मेदारी याद दिलाई। पाठशाला परिसर में पौधरोपण कर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

जिला में आयोजित अन्य कार्यक्रमों में एसडीएम मंडी सदर रूपिंदर कौर, एसडीएम बल्ह स्मृतिका ने छात्रों को नशे से दूर रहने, शिक्षा पर ध्यान देने और सही करियर विकल्प चुनने के लिए प्रेरित किया। राजस्व प्रशिक्षण संस्थान जोगिंद्रनगर के निदेशक सतीश शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय बदरेल, सहायक निदेशक पशुपालन डॉ. पुरी और खंड विकास अधिकारी विनय चौहान व विवेक चौहान ने विभिन्न पाठशालाओं में जाकर बच्चों को महापुरुषों से प्रेरणा लेने, नशा न करने और खेल-क्रीड़ा व शिक्षा में बढ़-चढ़कर भाग लेने का संदेश दिया।

### एनएसयूआई ने नेहरू जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, चंबा।** शुक्रवार को एनएसयूआई जिला चंबा द्वारा महाविद्यालय परिसर में ज़िला अध्यक्ष मुकेश शर्मा की अगुवाई में देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदाधिकारियों और छात्रों ने भाग लिया। ज़िला अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने कहा कि 14 नवम्बर 1889 को पंडित नेहरू का जन्म हुआ था और उनके सम्मान में ही देशभर में नेहरू जयंती तथा बाल दिवस मनाया जाता है। उन्होंने नेहरू जी को याद करते हुए कहा कि पंडित नेहरू एक दूरदर्शी, प्रगतिशील और आधुनिक भारत के वास्तविक निर्माता थे, जिन्होंने कल्याणकारी राज्य की मजबूत नींव रखी तथा देश को आत्मनिर्भर औद्योगिक राष्ट्र की दिशा में अग्रसर किया। उन्होंने कहा कि कृषि उन्नति, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रसार, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और आधुनिक भारत के निर्माण में नेहरू जी के योगदान को सदैव याद रखा जाएगा। कार्यक्रम में कैंपस अध्यक्ष आर्यन, प्रभारी यमन, ज़िला महासचिव रोशन, सचिव तुषार सहित एनएसयूआई कैंपस के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बच्चे देश का भविष्य : चमन राही



राजीव गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बाल दिवस धूमधाम से मनाया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

राजीव गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल मैरामसीत में बाल दिवस समारोह बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। विद्यालय पहुंचने पर चमन राही का विद्यालय प्रशासन की ओर से स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनके सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने छात्रों को मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें लोकनृत्य, देशभक्ति गीत, कविताएं तथा नाटक शामिल रहे। विद्यार्थियों की इन मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी लोगों का दिल जीत लिया। बच्चों की प्रतिभा और आत्मविश्वास को देखते हुए कार्यक्रम स्थल उत्साह और तालियों की गूंज से लगातार गूंजता रहा। विद्यालय प्रबंधन ने भी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने और शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर चेयरमैन प्रकाश चौधरी, मुख्याध्यापिका नीलम ठाकुर, कांता पठानिया, मंजू ठाकुर, चंपा देवी, पूजा शर्मा, डिंपल कुमार, बंदना कुमारी, मधुवाला, लीला देवी और कपिल देव सहित विद्यालय का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा।

### बाल अधिकारों के साथ बताया 'गुड टच बैड टच'

**आदर्श, अनंत ज्ञान, नेरचौक।** बाल विकास परियोजना सदर मंडी के वृत सलवाहन की ग्राम पंचायत शाली के आंगनबाड़ी केन्द्र फ़गोह में पर्यवेक्षक संदीप चौहान की अध्यक्षता में वृत स्तरीय बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंचायत उपप्रधान पवन कुमार बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे।उन्होंने जवाहर लाल के चित्र पर माल्यार्पण कर के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को जवाहर लाल के तरह स्नेह करना चाहिए। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी व स्कूली बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधियां करवाई गई। जिसमें म्युजिकल चेयर में शिवांश प्रथम, काव्या द्वितीय व दिवंशी तृतीय स्थान में रहे। इस अवसर पर संदीप चौहान ने बताया कि बच्चे देश का भविष्य है। उन्होंने बताया कि बाल दिवस बाल अधिकारों को बताने के उद्देश्य से मनाया जाता है। उन्होंने चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, बाल संरक्षण एक्ट,पोस्को एक्ट व आर.टी.ई एक्ट तथा गुड टच बैड टच की भी जानकारी दी। उन्होंने मुख्यमंत्री सुख-आश्रय, कन्यादान, शगुन, बेटी है अनमोल योजना तथा बाल विवाह निषेध कानून पर भी जानकारी दी।

### गुरुकुल स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया बाल दिवस

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल जोगिंद्रनगर में बाल दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य सतीश ठाकुर द्वारा पंडित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। बच्चों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाट्य प्रस्तुति, खेल और प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ने बालकों को मेहनत, अनुशासन और सत्य के मार्ग पर प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन प्रतिभोज और बच्चों की खुशियों के साथ हुआ।

अनंत Classifieds

**नाम दुरुस्ती**

**मैं** जुलेखा पुत्री हस्नदीन निवासी गांव व डाकघर नगवांई, तहसील औट, जिला मंडी हि.प्र. घोषणा करती हूं कि मेरा सही नाम जुलेखा है जोकि मेरे आधार कार्ड , पैन कार्ड व भारत निवार्चन आयोग पहचान पत्र में दर्ज है, लेकिन ग्राम पंचायत नगवांई के रिकार्ड में मेरा नाम जलेखा गलत दर्ज है। अत: ग्राम पंचायत नगवांई के रिकॉर्ड में मेरा नाम जलेखा के स्थान पर जुलेखा दर्ज किया जाए। सभी संबंधित नोट करें।

# ओपिनियन



**धूर्तता** तो निर्बलों का हथियार है। बलवान कभी नीच नहीं होता ।
– मुंशी प्रेमचन्द

## संपादकीय

### न्याय में देरी क्यों ?

हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनावों के नतीजों को लेकर चल रही विवादास्पद स्थिति ने न केवल राजनीतिक माहौल को अस्थिर किया है, बल्कि न्यायपालिका की भूमिका और चुनाव प्रणाली की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। अब यह मामला लोकतंत्र की बुनियाद पर चोट का विषय बन गया है। चुनाव नतीजों की घोषणा और उनके पारदर्शी तरीके से सत्यापन का समय सीमा के भीतर होना बेहद आवश्यक है। इससे न केवल निर्वाचित प्रतिनिधियों को उनके कार्यकाल की शुरुआत सही समय पर करने का अवसर मिलता है, बल्कि चुनाव प्रक्रिया में जनता का विश्वास भी बना रहता है।

बिलासपुर सदर और नयनादेवी विधानसभा क्षेत्रों के नतीजों को लेकर तीन साल से चल रहा विवाद न्यायिक देरी का जीता जागता उदाहरण है। तीन साल का समय कोई छोटा अंतराल नहीं है; इस दौरान जनता अपने चुने हुए प्रतिनिधि के नेतृत्व में विकास कार्यों, जनकल्याण योजनाओं और स्थानीय प्रशासन से वंचित रह जाती है। अभी तक नतीजों पर फैसला न होना यह संदेश देता है कि लोकतंत्र के संस्थानों में कहीं न कहीं त्रुटि है, जिसे सुधारना बेहद जरूरी है। इससे चुनाव प्रणाली की विश्वसनीयता प्रभावित होती है, जो लोकतंत्र के लिए घातक हो सकती है। न्यायालयों को चाहिए कि वे शीघ्र और निष्पक्ष फैसला सुनाएं, जिससे जीत के असली हकदार को उसका हक मिल सके और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे।

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को चुनाव प्रक्रिया की रीढ़ माना जाता है। ये मशीनें ही चुनावी नतीजों की सत्यता सुनिश्चित करती हैं। ऐसे में अगर इनकी सुरक्षा में पुलिसकर्मियों की लापरवाही सामने आए तो यह पूरे चुनाव की विश्वसनीयता को कमजोर कर देता है। बिलासपुर सदर विधानसभा क्षेत्र में सुरक्षा में तैनात आठ पुलिसकर्मियों का ड्यूटी से नदारद पाया जाना बेहद चिंताजनक है। इस घटना से सवाल उठते हैं कि क्या ऐसे हालात में ईवीएम के साथ छेड़छाड़ नहीं हो सकती ?

चूंकि चुनावी नतीजे इतने लंबे समय से न्यायालय में लटकाए हुए हैं, ऐसे में सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों को तैनात रखना पुलिस संसाधनों का दुरुपयोग भी है। साथ ही यह भी एक बड़ा खतरा है, क्योंकि बिना सुरक्षा के ईवीएम की विश्वसनीयता को कोई भी राजनीतिक दल प्रभावित कर सकता है। ऐसे में प्रशासन को चाहिए कि वे सुरक्षा प्रबंधन को और कड़ा करें और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की सुरक्षा के लिए तकनीकी विकल्पों को अपनाएं, ताकि मानवीय त्रुटि और लापरवाही को न्यूनतम किया जा सके।

निर्वाचित विधायक का क्षेत्र में विकास कार्यों पर ध्यान देना और जनता से जुड़ना लोकतंत्र की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, लेकिन जब चुनाव परिणामों पर असमंजस बना रहता है तो विधायक की प्रभावशीलता प्रभावित होती है। जीत की पुष्टि न होने के कारण विधायक अपनी जिम्मेदारियों से बचते हैं और क्षेत्र का विकास रुका रह जाता है। वहीं, हारने वाला प्रत्याशी भी हार स्वीकार नहीं करता, जिससे क्षेत्र में राजनीतिक अस्थिरता बढ़ती है।

हिमाचल प्रदेश के मामले में भी यही स्थिति देखने को मिल रही है। जनता में भ्रम की स्थिति बनी हुई है, जो लोकतंत्र के लिए घातक हो सकती है। जब तक नतीजों का विवाद नहीं सुलझता, तब तक क्षेत्र के विकास कार्य अधर में लटक जाते हैं, जिससे आम जनता को सबसे अधिक नुकसान होता है। न्यायपालिका लोकतंत्र की चौथी शाखा है, जिसका कार्य निष्पक्ष और त्वरित निर्णय देना है। हिमाचल प्रदेश के चुनाव विवादों में न्यायालय की देरी ने लोकतंत्र को कमजोर किया है। न्यायालय को चाहिए कि वह अपनी प्रक्रियाओं को सरल और तेज बनाकर ऐसे मामलों का शीघ्र निपटारा करे।

इसके अलावा, न्यायालय को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि फैसले पारदर्शी और सभी पक्षों के लिए स्वीकार्य हों ताकि राजनीतिक अस्थिरता कम हो और जनता का विश्वास लोकतंत्र और उसके संस्थानों में बना रहे। हिमाचल प्रदेश के चुनाव विवाद न केवल राजनीतिक संघर्ष का प्रतीक हैं, बल्कि लोकतंत्र की कमजोर कड़ियों का भी परिचायक हैं।

न्याय में देरी, सुरक्षा में लापरवाही और राजनीतिक असमंजस ने जनता के मन में सवाल पैदा कर दिए हैं कि क्या वास्तव में चुनाव निष्पक्ष होते हैं और क्या न्याय व्यवस्था समय पर निर्णय करती है। इसलिए अब समय आ गया है कि चुनाव आयोग, न्यायपालिका, प्रशासन और सभी राजनीतिक दल मिलकर इस स्थिति को सुधारें और जनता को भरोसा दिलाएं कि उनका अधिकार सुरक्षित है और लोकतंत्र की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं न्यायसंगत है। लोकतंत्र तभी मजबूत होगा जब हर नागरिक का अधिकार सुरक्षित हो, हर विवाद का त्वरित निपटारा हो और सभी को न्याय मिले। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र — **आज की प्रमुख हस्ती**

### 'धरती आबा' अर्थात 'पृथ्वी के पिता'

**बिरसा** मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को झारखंड के खूंटी जिले के उलिहातू गांव में एक साधारण आदिवासी परिवार में हुआ था। वे मुंडा समुदाय से थे, जिसकी संस्कृति, परंपरा और प्रकृति के प्रति गहरी आस्था ने बचपन से ही उनके व्यक्तित्व को प्रभावित किया। बिरसा का बचपन गरीबी और कठिनाइयों में बीता, किंतु उनकी प्रतिभा, नेतृत्व क्षमता और संवेदनशीलता बचपन से ही झलकने लगी थी। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा जर्मन मिशन स्कूल से प्राप्त की, जहां उनकी तेज बुद्धि और सीखने की क्षमता ने सभी को प्रभावित किया।



बिरसा मुंडा
**जन्म :** 15 नवंबर, 1875
**मृत्यु :** 9 जून, 1900

अंग्रेजों और जमींदारों द्वारा आदिवासी समाज के शोषण, उनकी भूमि पर कब्जा और सामाजिक-आर्थिक विसंगतियों को देखकर बिरसा के मन में विद्रोह की भावना प्रबल होती गई। धीरे-धीरे वे आदिवासियों के नेता के रूप में उभरने लगे और लोगों ने उन्हें 'धरती आबा' अर्थात 'पृथ्वी के पिता' के नाम से सम्मानित करना शुरू कर दिया।

उन्होंने आदिवासी समाज में जागृति लाने के लिए 'मुंडा उलगुलान' या महान मुंडा विद्रोह का नेतृत्व किया, जिसका मुख्य उद्देश्य अंग्रेजों के अत्याचारों से मुक्ति पाना, खोई हुई जमीन वापस लेना और पारंपरिक अधिकारों को पुनर्स्थापित करना था। हालांकि अंग्रेजों ने इस आंदोलन को दबाने के लिए कठोर कदम उठाए और 9 जून 1900 को बिरसा मुंडा का रांची जेल में निधन हो गया, परंतु मात्र 25 वर्षों का उनका जीवन भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन और आदिवासी चेतना के इतिहास में अमर हो गया। उनकी संघर्ष गाथा आज भी न्याय, अधिकार और स्वाभिमान की प्रेरणा देती है। ■



कविता — **सर्वदर्शी**

डॉ. राजीव डोगरा, गांव जनयानकड़ जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश

**किताबों** के बाद, इंसानों को पढ़ने का
शौक पैदा हुआ,
इतना पढ़ा कि वो भी पढ़ लिया
जो कभी नहीं पढ़ना चाहिए था
उनके अंतर्मन का।
तुमको देखने के बाद इंसानों को देखने का
शौक पैदा हुआ,
इतना देखा कि वो भी देख लिया
जो वो छुपाना चाहते थे
सदा दुनिया से।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# बिरसा मुंडा : आदिवासी चेतना और पुनर्जागरण के अमर योद्धा




**डॉ. राकेश कुमार शर्मा**
सहायक आचार्य इतिहास
सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी

भगवान बिरसा मुंडा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के उन अद्वितीय नायकों में से एक थे जिन्होंने आदिवासी समाज में आत्मसम्मान, स्वाभिमान और स्वतंत्रता की ज्योति प्रज्वलित की। वे केवल एक स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं थे, बल्कि सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के अग्रदूत, जननायक और कर्मयोगी थे।

उनका छोटा-सा जीवन भारत के इतिहास में वह अमर अध्याय है जहां एक निर्धन, किंतु ओजस्वी युवक ने औपनिवेशिक शासन को चुनौती दी और एक उपेक्षित समाज को संगठित करके उसे संघर्ष की राह दिखाई। उनका जीवन इस सत्य का प्रमाण है कि स्वराज केवल राजनीतिक परिवर्तन नहीं, बल्कि आत्म-सम्मान, सांस्कृतिक अस्मिता और सामाजिक समरसता की स्थापना का नाम है। उन्नीसवीं शताब्दी का उत्तरार्ध भारत के लिए औपनिवेशिक दमन का घोर काल था। ब्रिटिश शासन ने भारतीय समाज की पारंपरिक सामाजिक-आर्थिक संरचना को झकझोर कर रख दिया था। छोटानागपुर, संथाल परगना, सिंहभूम और पलामू जैसे क्षेत्रों में आदिवासी समुदायों की पारंपरिक भूमि व्यवस्था 'खूंटी-कट्टी' को समाप्त कर जमींदारी प्रथा एवं महाजनी शोषण को बढ़ावा दिया गया। भूमि राजस्व में बढ़ोतरी, जबरन बेगार, जंगलों पर ब्रिटिश नियंत्रण और मिशनरियों द्वारा धर्मांतरण की गतिविधियों ने आदिवासी समुदाय को अस्थिर और असुरक्षित बना दिया। इन्हीं सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक संकटों की पृष्ठभूमि में बिरसा मुंडा का उदय हुआ।

बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को झारखंड के रांची जिले के उलीहातु गांव में हुआ था। उनके पिता सुगना मुंडा और माता करमी हातू साधारण कृषक थे। बचपन से ही वे जिज्ञासु, बुद्धिमान और समाज की पीड़ा के प्रति संवेदनशील थे। आखेट, निशानेबाजी और बांसुरी वादन में उनकी विशेष रुचि थी। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा जर्मन मिशन स्कूल से प्राप्त की, किंतु मिशनरी वातावरण की नकारात्मक प्रवृत्तियों-विशेषकर देशज धर्म और संस्कृति के अपमान ने उन्हें भीतर से व्यथित किया। उन्होंने पादरियों का खुला विरोध किया, जिसके कारण उन्हें स्कूल से निष्कासित कर दिया गया।

जीवन के प्रारंभिक चरण में आनंद पांडे नामक संन्यासी के संपर्क में आकर वे आध्यात्मिकता और भारतीय धर्मग्रंथों की ओर आकर्षित हुए। रामायण और महाभारत के पात्रों ने उनके भीतर वीरता, त्याग और न्याय की भावना को प्रबल किया। बाद में वैष्णव संत दुबिया गोसाईं से प्रेरणा लेकर उन्होंने मांसाहार, मद्यपान और आखेट जैसी आदिवासी समाज की कई कुप्रथाओं का त्याग किया और एक संयमी, धर्मपरायण एवं तपस्वी जीवन अपनाया। यहीं से उनका व्यक्तित्व एक धार्मिक नेता के रूप में उभरने लगा। बिरसा मुंडा ने अपने समाज में व्याप्त अंधविश्वास, असमानता और सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध आंदोलन प्रारंभ किया।



जनजातीय गौरव दिवस विशेष

उन्होंने अपने अनुयायियों से कहा कि ईश्वर हमारे बीच-जंगलों, नदियों, पर्वतों और प्रकृति में स्थित है, अतः हमें किसी विदेशी धर्म या ईश्वर की आवश्यकता नहीं है।

उन्होंने 'बिरसाइट धर्म' की स्थापना की, जो प्रकृति-पूजन, सत्य, श्रम और नैतिकता पर आधारित था। इस धर्म का उद्देश्य धर्मांतरण नहीं, बल्कि आत्मांतरण था। वे स्त्री-सम्मान, सामूहिक श्रम और पारस्परिक सहयोग को समाज की नींव मानते थे। इस प्रकार वे धार्मिक नेता से आगे बढ़कर सांस्कृतिक नवजागरण के प्रवर्तक बने। 1895 में बिरसा मुंडा का उदय एक मसीहा के रूप में हुआ, जब आदिवासी समाज ब्रिटिश शासन, जमींदारों और महाजनों के अत्याचारों से त्रस्त था। उनकी सिद्धियों और चमत्कारिक क्षमताओं के बारे में कई कथाएं फैलने लगीं, जिसने जन-समर्थन को नया रूप दिया। बिरसा ने तीर्थ यात्राएं कराकर, बड़ी सभाएं आयोजित कर और समाज में जागरूकता फैलाकर आदिवासियों में संघर्ष की भावना को जागृत किया। उनके नेतृत्व में आदिवासी समाज पहली बार एक संगठित शक्ति के रूप में खड़ा हुआ। यही एकजुटता आगे चलकर 'उलगुलान' अर्थात महान क्रांति—के नाम से प्रसिद्ध हुई। बिरसा का आंदोलन दो चरणों में हुआ। पहला चरण (1894-1895) सुधारवादी था। इस अवधि में उन्होंने सामाजिक और धार्मिक सुधारों पर जोर दिया तथा शराब, अंधविश्वास और धर्मांतरण जैसी बुराइयों के विरुद्ध आवाज उठाई। उनकी बढ़ती लोकप्रियता से भयभीत ब्रिटिश शासन ने उन्हें गिरफ्तार कर दो साल के कठोर कारावास की सजा दी। 1897 में महारानी विक्टोरिया की हीरक जयंती पर चेतावनी देकर उन्हें रिहा किया गया, परंतु इससे उनके प्रति जनता का विश्वास और बढ़ गया।

दूसरा चरण (1898-1900) राजनीतिक और उग्र रूप में सामने आया। इस दौरान बिरसा और उनके अनुयायियों ने जमींदारों, महाजनों, पुलिस थानों और चर्चों जैसे शोषण के केंद्रों पर हमले किए। फिर भी, गरीब गैर-आदिवासियों के विरुद्ध कोई हिंसा नहीं हुई, जो यह दर्शाता है कि उनका संघर्ष जातीय नहीं, बल्कि अन्याय के विरुद्ध था।

अंग्रेजों ने विद्रोह को दबाने के लिए सेना का प्रयोग किया और अंततः विश्वासघात के कारण 3 फरवरी 1900 को बिरसा गिरफ्तार कर लिए गए। 9 जून 1900 को रांची जेल में रहस्यमय परिस्थितियों में मात्र 25 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। यद्यपि इसे हैजा कहा गया, परंतु उनकी मृत्यु अब भी प्रश्नों के घेरे में है। उलगुलान के बाद भी उनका संघर्ष व्यर्थ नहीं गया। 1908 के 'छोटानागपुर टेनेंसी एक्ट' ने आदिवासी भूमि अधिकारों को कानूनी सुरक्षा प्रदान की। आज 15 नवंबर को 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाकर उनके योगदान का सम्मान किया जाता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# मोबाइल नहीं, किताबें : बच्चों को डिजिटल लत से बचाने का सही मार्ग



**अश्वनी कुमार शर्मा**
हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, हमीरपुर

आज का डिजिटल युग बच्चों को ज्ञान और मनोरंजन के असंख्य विकल्प प्रदान करता है, परंतु इसी सुविधा ने एक खतरनाक आदत को जन्म दिया है-मोबाइल की अत्यधिक निर्भरता। अभिभावक, चाहे व्यस्तता के कारण या सुविधा के लिए, अक्सर बच्चों को शांत रखने के लिए मोबाइल पकड़ा देते हैं। धीरे-धीरे यह आदत लत में बदल जाती है।

बच्चे किताबों, खेलों, बाहरी गतिविधियों और वास्तविक संवाद से दूर होकर स्क्रीन पर निर्भर हो जाते हैं। इस बदलती प्रवृत्ति ने न केवल पारिवारिक माहौल को प्रभावित किया है, बल्कि स्कूलों में अनुशासन, भावनात्मक संतुलन और व्यवहारिक समस्याओं को भी बढ़ा दिया है। ऐसे समय में यह आवश्यक हो जाता है कि हम बच्चों को 'मोबाइल नहीं, बुक' का संदेश दें और इस दिशा में ठोस कदम उठाएं। सबसे पहले बात बच्चों के बढ़ते स्क्रीन टाइम की। सर्वे बताते हैं कि 8 से 15 वर्ष के बच्चे प्रतिदिन 3 से 6 घंटे मोबाइल पर बिताते हैं। तेज रोशनी, तेज गति वाला कंटेंट और लगातार नोटिफिकेशन बच्चों के दिमाग को थकाते हैं। इससे एकाग्रता कमजोर होती है, नींद प्रभावित होती है और बच्चों का ध्यान किसी भी विषय पर लंबे समय तक टिक नहीं पाता। माता-पिता अक्सर शिकायत करते हैं कि बच्चे बात पूरी सुने बिना उत्तर दे देते हैं या पढ़ाई में मन नहीं लगाते। यह सुनने और समझने की क्षमता में कमी का संकेत है, जिसका सीधा संबंध स्क्रीन की आदत से है। मोबाइल बच्चों के दिमाग को इतना उत्तेजित कर देता है कि वे शांत बैठकर सोचने, कल्पना करने और सुनने की आदत खो देते हैं।

इसके बाद आता है स्कूलों में बढ़ता अनुशासनहीन व्यवहार। शिक्षकों के अनुसार, मोबाइल-निर्भर बच्चे कक्षा में स्थिर नहीं बैठ पाते, बार-बार ध्यान भटकता है और साधारण निर्देश भी वे एक-दो बार में समझ नहीं पाते। कक्षा में शोर, उलझन, बहस, असहिष्णुता और चिड़चिड़ापन लगातार बढ़ रहा है। यह कोई साधारण समस्या नहीं, बल्कि बच्चों के मानसिक संतुलन पर हो रहे स्क्रीन के प्रभाव का परिणाम है। डिजिटल ओवरलोड के कारण बच्चे भावनाओं को नियंत्रित नहीं कर पाते, जिसके कारण छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आ जाना, झगड़ा करना या साथियों से दुर्व्यवहार करना सामान्य होता जा रहा है।



सबसे चिंताजनक पहलू है बच्चों में बढ़ती हिंसक प्रवृत्ति। हिंसक मोबाइल गेम्स, आक्रामक वीडियो और सोशल मीडिया की अतिरंजित दुनिया बच्चों को वास्तविक जीवन की संवेदनशीलता से दूर कर रही है। अनुसंधान यह भी बताता है कि डिजिटल हिंसा देखने वाले बच्चों में आवेग कम होता है और वे गुस्से में तुरंत प्रतिक्रियाएं देते हैं। कई स्कूलों में मारपीट, बदतमीजी, ग्रुप फाइट और अनावश्यक आक्रामकता के मामले बढ़े हैं।

इन समस्याओं का सबसे सरल और प्रभावी समाधान है- बच्चों को मोबाइल की जगह रोचक और ज्ञानवर्धक किताबें प्रदान करना। किताबें बच्चों को शांत करती हैं, धैर्य सिखाती हैं और उन्हें कल्पनाशील बनाती हैं। पढ़ने से भाषा, सोच, अवलोकन शक्ति और शब्द भंडार बढ़ता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह कि किताबें बच्चों को वास्तविक भावनाओं, मूल्यों, नैतिकता और मानवीय संबंधों से जोड़ती हैं। जहां मोबाइल का कंटेंट उथला और तात्कालिक होता है, वहीं किताबें गहराई और स्थिरता देती हैं इसी संदर्भ में एक अहम बिंदु यह भी है कि किताबों के साथ-साथ माता-पिता का मार्गदर्शन, सलाह और नियमित संवाद बच्चों के व्यक्तित्व पर अत्यंत सकारात्मक प्रभाव डालता है।

बच्चों के साथ बैठकर किताबें चुनना, उन्हें पढ़कर सुनाना, कहानियों पर चर्चा करना, और जीवन-मूल्यों पर सरल बातचीत करना बच्चों के चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। माता-पिता की काउंसलिंग, संवेदनशीलता व समय-ये तीन बातें बच्चे को सुरक्षित, संतुलित और समझदार बनाती हैं। अनुसंधान यह भी कहता है कि जिन बच्चों को माता-पिता नियमित संवाद, मार्गदर्शन और भावनात्मक समर्थन देते हैं, उनमें व्यवहारिक समस्याएं कम देखी जाती हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# लोकतंत्र और महिलाओं की शक्ति : क्रिकेट विश्व कप की जीत से प्रेरणा



**दीपक कोहली**
स्वतंत्र लेखक

इतिहास के पन्ने पलटने पर यह स्पष्ट होता है कि लोकतंत्र आने से पहले लगभग हर देश में महिलाओं की स्थिति अत्यंत कठिन और असमान रही है। भारत भी इससे अलग नहीं था। भले ही हम महिलाओं को देवी मानते हैं, पर हमारे समाज में महिलाओं के साथ शोषण, अत्याचार और घरेलू हिंसा आज भी देखने को मिलती है।

स्वतंत्रता से पहले भारतीय समाज में महिलाओं के पास शिक्षा का अधिकार नहीं था, अपनी पसंद की शादी करने का अधिकार नहीं था, और न ही अपने अनुसार जीवन जीने की स्वतंत्रता थी। समाज ने महिला को पति की दासी, पतिव्रता, घर की लक्ष्मी जैसे तमगे पहनाए। आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में कम उम्र की लड़कियों का विवाह अपने से कई गुना उम्र के पुरुषों से कर दिया जाता है। इतना ही नहीं, पढ़-लिखकर नौकरी करने के बाद भी लड़की के पिता को दहेज देना पड़ता है। दहेज और घरेलू हिंसा के कारण कई लड़कियों को आत्महत्या के लिए मजबूर होना पड़ता है। समाज इस सच्चाई को अपने बुरे कर्मों की तरह छुपाने की कोशिश करता है। यह स्थिति बताती है कि लोकतंत्र और समानता की आवश्यकता कितनी ज्यादा महत्वपूर्ण है।

2 नवंबर 2025 को भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने महिला वनडे क्रिकेट वर्ल्ड कप-2025 का खिताब जीता। इस उपलब्धि ने साबित कर दिया कि अगर महिलाओं को अवसर मिले तो वे किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं। सोचिए, अगर हमारे देश में लोकतंत्र नहीं होता तो क्या हमारी लड़कियां क्रिकेट खेल पाती? मेरा उत्तर स्पष्ट है-बिलकुल नहीं। लोकतंत्र महिलाओं के लिए स्वर्णिम युग है। लोकतंत्र ने महिलाओं, गरीबों, पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों को समान अधिकार दिए हैं। भले ही हम भारतीय अपनी संस्कृति और परंपरा को महान मानते हों, मगर समाज में सदियों से बराबरी और समानता की कमी रही है, और यह आज भी कहीं-कहीं देखने को मिलती है। हमारी बेटियों ने क्रिकेट में विश्व कप जीतकर इस असमानता और पितृसत्तात्मक मानसिकता को चुनौती दी है।



जो लोग यह कहते हैं कि लड़कियां यह नहीं कर सकतीं, लड़कियों को ऐसे कपड़े नहीं पहनने चाहिए या लड़कियों को नौकरी नहीं करनी चाहिए, उन्हें हमारी बेटियों की इस ऐतिहासिक जीत को देखकर अपनी सोच बदलनी होगी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की इस विजय ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि अगर अवसर और समर्थन मिले, तो महिलाएं हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं। यह केवल खेल की जीत नहीं है, बल्कि समाज में महिलाओं के अधिकारों, उनके सम्मान और समान भागीदारी की विजय है।

2 नवंबर 2025 का दिन न केवल महिला क्रिकेट के इतिहास में, बल्कि पूरे समाज के लिए गर्व और प्रेरणा का प्रतीक बन गया। इस दिन हमारी बेटियों ने यह साबित किया कि महिलाएं खेल, शिक्षा, विज्ञान, राजनीति और हर पेशे में पुरुषों से कम नहीं हैं। उनके साहस, मेहनत और समर्पण ने यह सिद्ध कर दिया कि सशक्त महिलाओं का समाज सशक्त राष्ट्र बनाता है। यह जीत दिखाती है कि जब महिलाओं को समान अवसर दिए जाते हैं, तो वे न केवल अपने सपनों को पूरा कर सकती हैं, बल्कि समाज व राष्ट्र की प्रतिष्ठा भी बढ़ा सकती हैं।

इस उपलब्धि ने आने वाली पीढ़ियों के लिए आशा, प्रेरणा और नए अवसरों के दरवाजे खोल दिए हैं। महिला क्रिकेट टीम की मेहनत और प्रतिबद्धता यह सिखाती है कि केवल अधिकार देना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि समर्थन और समान अवसर भी जरूरी हैं। अतः इस ऐतिहासिक दिन पर हमें लोकतंत्र के महत्व को समझना चाहिए और उसका सम्मान करना चाहिए। लोकतंत्र ने ही महिलाओं को अधिकार, सम्मान और अवसर दिए हैं, और हमारी बेटियों ने यह दिखाया कि जब अवसर और समर्थन मिलता है, तो कोई भी सपना असंभव नहीं। उनकी जीत केवल खेल के लिए नहीं, बल्कि समाज के विकास, महिलाओं के सशक्तिकरण और समानता के लिए एक प्रेरणास्त्रोत है। यह दिन हर भारतीय के लिए गर्व और प्रेरणा का प्रतीक बनकर हमेशा याद रखा जाएगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# क्या आपको अपने आसपास फिक्र है युवाओं की?



**डॉ. दमन आहूजा**
लेखक राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के विशेषज्ञ हैं

पुलवामा के कोइल गांव का लड़का जो बिना किसी बाहरी कोचिंग के एमबीबीएस का इम्तिहान पास करता है, बाद में कश्मीर के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज से एमडी भी करता है, दस नवंबर, 2025 को दिल्ली लालकिले के पास हुए बम का मुख्य अभियुक्त सिद्ध होता है एवं वारदात को अंजाम देते हुए स्वयं को भी खत्म कर लेता है। तज्जुब तब और भी ज्यादा होता है कि 1993 में पैदा हुआ ये बालक बत्तीस साल की उम्र तक पहुंचते पहुंचते एक आतंकी बन जाता है और समाज को कानों कान खबर भी नहीं होती ।

मां-बाप, रिश्तेदार, अध्यापक, दोस्त एवं ऑफिस के साथी कोई भी उसके दिमाग में क्या चल रहा है उसे जान ही नहीं पाते। दूसरी तरफ बेंगलुरु के एक कॉलेज में एक छात्रा के साथ उसी का जूनियर, पुरुषों के वॉशरूम में दुष्कर्म करता है। तीसरी घटना जयपुर के एक स्कूल में कक्षा आठ की एक छात्रा की है, वह आत्महत्या कर लेती है, वजह जानने पर स्कूल में उसके साथियों के द्वारा बुलीइंग की बात सामने आती है।

ऐसे अनेकों उदाहरण हर रोज अखबारों की सुर्खियों में मौजूद रहते हैं । सवाल यह नहीं है, कानून की दृष्टि से इनके साथ क्या होगा, सवाल यह है कि भविष्य में और आतंकी न बनें, और दुष्कर्मी न बनें एवं और युवा अपने जीवन को समाप्त करने का निर्णय न लें इस हेतु क्या प्रयास किए जा रहे हैं या किए जा सकते हैं। आखिर कौन से वो कारक हैं जो युवाओं को इतना उग्र बना देते हैं कि वे कोई भी असामाजिक कार्य करते हुए कोई नैतिक बंधन महसूस ही नहीं कर रहे हैं ?

बताया यह भी जा रहा है कि पुलवामा का यह बालक किसी से ज्यादा बात नहीं करता था, फंदे से लटकने वाली छात्रा भी कुछ दिन से गुमसुम सी रहने लगी थी। क्या ये संकेत उनके भीतर चल रही कशमकश के लिए काफी नहीं थे? क्या हमारे आसपास जो युवा अचानक चुपचाप हो जाते हैं उनके प्रति हम सबको भी सावधान होने की जरूरत है, क्या ये किसी मानसिक अस्वास्थ्य का संकेत तो नहीं है?



विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, हर तीस सेकंड में एक व्यक्ति विश्व में आत्महत्या कर लेता है। एनसीआरबी के मुताबिक, अपने देश में हर चार मिनट में एक व्यक्ति अपनी जीवनलीला समाप्त कर लेता है। वर्ष 2022 में एक लाख सत्र हजार लोगों ने खुद अपनी जान ले ली। हैरानी की बात यह है कि 40% इसमें से 15- 29 साल की उम्र के युवा थे। मोबाइल की दुनिया में खोए हुए युवा एवं बड़े भी अब मोबाइल को अपना सब से सच्चा साथी मानने लगे हैं, हिमाचल प्रदेश में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों से बात करते हुए 90% बच्चों ने यह माना कि वे मोबाइल एडिक्शन के शिकार हैं। मोबाइल जानकारी लेने, मनोरंजन एवं अन्य कितनी भी सुविधाएं प्रदान कर दे, संवेदनशीलता के साथ भावनात्मक सुरक्षा तो नहीं दे सकता, जो आज के युवाओं की सबसे बड़ी जरूरत है।

पैसे की लत में खोए हम सब, अपने बच्चों को साजो सामान, बढ़िया स्कूल, कॉलेज तो दे रहे हैं, लेकिन उनके भीतर कोई विकार पैदा हो रहा है तो उसके लिए अपनापन, समय, करुणा एवं दोस्त नहीं दे पा रहे हैं।

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (RKSK) में इन सब चीजों की परवाह की है, टेलीमानस नंबर 14416 एवं मनोदर्पन कार्यक्रम के अंतर्गत 8445440632 नंबर भी उपलब्ध करवाया है, जिससे कभी भी कोई किशोर युवा बात कर सकता है, लेकिन पाठ्यक्रम तो फिर पाठ्यक्रम ही है, उसे लागू करने, किशोरों के दिल में उतरने के लिए तो अध्यापकों, समाज एवं आप सब की संवेदशीलता एवं अपनापन ही काम आएगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
**ई-मेल :** anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# माणी पंचायत में मनरेगा में काम न मिलने पर 35 मजदूरों ने मांगा बेरोजगारी भत्ता

## 22 दिन बाद भी रोजगार न मिलने पर मजदूरों ने बीडीओ को सौंपा हस्ताक्षरित आवेदन

**नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान**



माणी पंचायत में मनरेगा में काम न मिलने पर आक्रोशित मजदूर ज्ञापन सौंपते हुए।

**बालीचौकी।** बालीचौकी विकास खंड की ग्राम पंचायत माणी में आवेदन करने के 22 दिन उपरांत भी रोजगार नहीं दिए जाने पर आक्रोशित हुए 35 मनरेगा मजदूरों ने अब बेरोजगारी भत्ते के लिए आवेदन करने की ठानी है। शुक्रवार को ग्रामीण कामगार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संत राम एवं स्थानीय पंचायत के उप प्रधान ईश्वर दास के नेतृत्व में 35 में से 18 मजदूरों ने बेरोजगारी भत्ते के लिए बीडीओ बालीचौकी को अपना हस्ताक्षरित आवेदन पत्र सौंपा।

इन मनरेगा मजदूरों का कहना है कि उन्होंने 23 अक्तूबर को मनरेगा में काम के लिए आवेदन किया था, लेकिन 22 दिन बीत जाने के बाद भी उन्हें सम्बन्धित पंचायत क्षेत्र में रोजगार नहीं मिल पाया था। शुक्रवार को 18 मजदूरों ने मिल कर बीडीओ बालीचौकी को बेरोजगारी भत्ते के लिए आवेदन प्रेषित किया। वहीं ग्रामीण कामगार संगठन के नेता संतराम ने कहा कि ग्राम पंचायत माणी के बेरोजगारों का मामला बेरोजगारी भत्ते के लिए लोक अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा ताकि मजदूरों को न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि कुछ ग्राम रोजगार सेवक मनरेगा मजदूरों के साथ न केवल तानाशाही कर रहे हैं बल्कि मनमर्जी से उनके आवेदनों को डस्टबिन में डाला जा रहा है।

गौरतलब है कि संबंधित पंचायत के ग्राम रोजगार सेवक को 23 अक्तूबर को बीडीओ बालीचौकी द्वारा लिखित आदेश दिए गए थे कि इन मजदूरों को मनरेगा एक्ट के अंतर्गत रोजगार दिया जाये लेकिन इसके बावजूद भी संबंधित रोजगार सेवक ने अधिकारी के आदेशों को ठेंगा दिखा दिया जिसके परिणामस्वरूप अब यह मामला लोक अदालत तक पहुंच रहा है। वहीं लोगों का कहना है कि उक्त रोजगार सेवक लगभग 8 वर्षों से अपनी गृह पंचायत में कार्यरत है और लगातार मनमानी करता रहता है। लोगों ने उक्त रोजगार सेवक को उसकी गृह पंचायत माणी से तबदील करने की भी मांग की है।

### आज दे दिया जाएगा रोजगार : बीडीओ

**इस** विषय पर बीडीओ बालीचौकी व बनेश चड्ढा ने कहा कि संबंधित मजदूरों को शनिवार 15 नवंबर तक रोजगार दे दिया जाएगा, जिसके लिए संबंधित पंचायत के रोजगार सेवक से बात हो गई है। जब उनसे बेरोजगारी भत्ते को लेकर पूछा गया तो उनका कहना था कि रोजगार मिलने पर भत्ते वाला मामला खत्म हो जाता है।

## विधायक दिलीप ने एनडीए की जीत को बताया ऐतिहासिक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** भाजपा विधायक दिलीप ठाकुर ने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत को ऐतिहासिक बताते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकलापों एवं नीतियों की जीत करार दिया है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने एनडीए के पक्ष मे ऐतिहासिक मतदान करके यह बता दिया है कि जो पार्टी जनहित में कार्य करेगी जनता उसी का चुनाव करेंगी। देश के इतिहास में बहुत से राज्यों में भाजपा और एनडीए गठबंधन की लगातार सरकारें बनना बात का द्योतक है कि पिछले 12 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश हित के लिए दिन-रात कार्य कर रहे हैं। प्रदेश सरकार पर बरसते हुए विधायक दिलीप ठाकुर ने कहा की आने वाले विधानसभा चुनाव में हिमाचल में भाजपा की सरकार भारी बहुमत से बनेगी और कांग्रेस दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच पाएगी। उन्होंने प्रदेश सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि क्या मंडी मेडिकल कॉलेज से 41 डॉक्टरों की एकसाथ ट्रांसफर करना व्यवस्था परिवर्तन है?

# महिला वर्ग में 63 किलोग्राम वर्ग में प्रियंका प्रथम

## बलद्वाड़ा कॉलेज में अंतर महाविद्यालय भारोतोलन प्रतियोगिता संपन्न

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



मुख्यतिथि प्रोफेसर विजय कुमार कौंडल होनहार बच्चों को सम्मानित करते हुए।

राजकीय महाविद्यालय बलद्वाडा में चलने वाली पुरुष एवं महिला अंतर महाविद्यालय भारोतोलन प्रतियोगिता का समापन बड़ी धूमधाम से हुआ।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर विजय कुमार कौंडल पूर्व प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय बलद्वारा उपस्थित हुए। दिन भर चलने वाली प्रतियोगिता में पुरुष तथा महिला खिलाड़ियों ने उत्तम प्रदर्शन किया। महिला वर्ग में 63 किलोग्राम वर्ग में प्रियंका प्रथम स्थान पर रही। 69 किलोग्राम वर्ग में पुष्पा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 70 किलोग्राम वर्ग में नेहा भारद्वाज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 86 किलोग्राम भार वर्ग में संजना, 86 किलोग्राम से ऊपर वाले वर्ग में कंगना सैनी प्रथम स्थान पर रही।

इसी प्रकार पुरुष वर्ग में 79 किलोग्राम भार वर्ग में उदय सिंह, 88 किलोग्राम भार वर्ग में आकाश पठानिया, 94 किलोग्राम भार वर्ग में दिशांत, 110 किलोग्राम भार वर्ग में सिद्धार्थ ठाकुर व 110 से अधिकतम भार वर्ग में युगल ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में संपूर्ण प्रदर्शन में महिला वर्ग में एमएलएसएम सुंदर नगर की टीम विजेता, राजकीय महाविद्यालय बलद्वारा की टीम उपविजेता तथा राजकीय महाविद्यालय मंडी की टीम द्वितीय उपविजेता रही तथा पुरुष वर्ग में एमएलएसएम सुंदर नगर की टीम विजेता, राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट की टीम उप विजेता और राजकीय महाविद्यालय मंडी की टीम द्वितीय उपविजेता रही। प्रतियोगिता के अंत में मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य महोदय डॉ विजय कुमार कौंडल ने सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय डॉक्टर दायक राम ठाकुर ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी । इस दौरान महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं गैर शिक्षक कर्मचारी एवं अधिकारी गण तथा अन्य मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### मलबे में दबा स्कूल मैदान, झूले क्षतिग्रस्त

**भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान, महादेव।** महादेव क्षेत्र के भरजवाणू-जरल मार्ग स्थित एक पब्लिक स्कूल का खेल मैदान और बच्चों के झूले पिछले कई महीनों से मलबे तले दबे हुए हैं। भारी बरसात के दौरान पास की ऊंचाई से आया ल्हासा स्कूल परिसर के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले गया था, जिससे मैदान, झूले और अन्य मनोरंजन उपकरण बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। मानसून बारिश खत्म हुए काफी समय बीत चुका है, लेकिन अभी तक स्कूल प्रबंधन द्वारा मैदान और झूला क्षेत्र को दुरुस्त करने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इससे छात्रों की खेल गतिविधियां गंभीर रूप से प्रभावित हो रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पब्लिक स्कूल अभिभावकों से अधिक फीस वसूलते हैं, लेकिन सुविधाओं के नाम पर अपेक्षित व्यवस्था नहीं मिल रही। स्कूल प्रबंधन की इस उदासीनता को लेकर अभिभावकों और ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। कुछ लोग आरोप लगा रहे हैं कि शिक्षा को व्यवसाय बना दिया गया है और शुल्क के अनुरूप संतोषजनक कार्य नहीं किए जा रहे, जिसके चलते विरोध का माहौल बन रहा है।

### सुंदरनगर में मनाई पं. जवाहरलाल नेहरू की जयंती

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर के जवाहर पार्क में कांग्रेस पार्षदों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई। इस अवसर पर नेहरू जी की प्रतिमा पर पुष्प मालाएं अर्पित की गईं और मिठाइयां बांटी गईं। कार्यक्रम के दौरान पार्षद गोपाल कपूर ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपने दूरदर्शी, निडर और प्रगतिशील नेतृत्व से स्वतंत्र भारत में संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूत नींव रखी। उन्होंने देश को आधुनिक विकास की दिशा प्रदान की, जिसके कारण भारत ने विश्व पटल पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। इस अवसर पर नगर परिषद सुंदरनगर के पार्षद गोपाल कपूर, पार्वती शर्मा, विनोद सोनी, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष नरेश सेन (मिंटू), मनोनीत पार्षद सोम कुमार, राजेश शर्मा, राम सिंह, रवि शंकर, कांग्रेस जिला मंडी किसान सेल के महामंत्री राहुल कपूर सहित कई उपस्थित रहे।

### हिमालयन स्कूल ने बेटी को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमालयन पब्लिक स्कूल सरकाघाट में 14 नवंबर को बाल दिवस बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने दीप प्रज्वलित करके किया। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक व देशभक्ति कार्यक्रमों से पंडित जवाहरलाल नेहरू को याद किया। अध्यापकों ने भी बच्चों की खुशी बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दसवीं कक्षा की बहुमुखी प्रतिभा की धनी छात्रा आस्था ठाकुर का सम्मान रहा। उन्हें राज्य स्तरीय कला उत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी प्रदान की गई। आस्था अब राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। अध्यक्ष राजकुमार शर्मा और प्रधानाचार्य प्रेमलता डोगरा ने सभी बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए नेहरू जी के जीवन से प्रेरणादायक तथ्य साझा किए।

### डीएवी जोगिंद्रनगर में मनाया बाल दिवस

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद नगर में बाल दिवस बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई।विद्यालय के शिक्षक अनीश शर्मा ने बच्चों को बाल दिवस का महत्व समझाते हुए कहा कि यह दिन बाल अधिकारों, उनकी खुशियों और उनके उज्ज्वल भविष्य को केंद्रित है।कक्षा आठवीं के आदित्य सिंह ने मधुर गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। वहीं कक्षा नौवीं की छात्राओं कृतिका और अनाहिका ने शानदार नृत्य प्रस्तुति देकर समारोह में चार चांद लगा दिए।शिक्षकों द्वारा भी विशेष प्रस्तुति दी गई। गीतों ने पूरे वातावरण को उल्लास और उमंग से भर दिया।कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने सभी को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं और बच्चों को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के बाल प्रेम तथा उनके आदर्शों की याद दिलाता है।

### चौंतड़ा स्कूल की कृतिका व अरुण खेलेंगे नेशनल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** उपमंडल जोगिंद्रनगर की पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौंतडा के दो होनहार खिलाड़ी हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा का जौहर दिखाएंगे। स्कूल के होनहार खिलाड़ी अरुण ने बीते सप्ताह हमीरपुर में आयोजित राज्य एथलेटिक्स मीट में 400 मीटर दौड़ स्पर्धा में सिल्वर मैडल जीतकर मंडी जिला का नाम रोशन कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है। इसके अलावा कृतिका चौहान ने जेवलिन थ्रो में सिल्वर मैडल हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफ़ाई किया है। बीते वर्ष कृतिका ने खो-खो स्पर्धा में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा ले कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। इसके अलावा स्कूल को 4 खिलाड़ी मीनाक्षी, अंजलि, कृतिका चौहान व रितिका बबरैल ने हाल ही में खो-खो प्रतियोगिता में मंडी जिला का प्रतियोगिता करते हुए खिताब की उपविजेता रही है। वहीं लड़कों में अरूण, रोहित व शुभम ने भी मंडी जिला की टीम से खेलते हुए राज्य स्तरपर खो-खो प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन करते हुए खिताब के उपविजेता रहे हैं। प्रधानाचार्य सहित स्कूल समिति के सदस्यों ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### ईमानदारी को बनाएं जीवन का आधार

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** सिमस स्कूल में बाल दिवस, वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह का संयुक्त आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि तथा स्थानीय पाठशाला के मुख्याध्यापक शेर सिंह राणा द्वारा दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ हुआ। पाठशाला के वरिष्ठ अध्यापक विजय कुमार ने मुख्यातिथि, उपस्थित अतिथियों व समस्त अभिभावकों का स्वागत किया तथा वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए शैक्षणिक, खेलकूद और सांस्कृतिक उपलब्धियों का विस्तार पूर्वक उल्लेख किया। समारोह में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें नृत्य, गीत और नाटक शामिल थे। मुख्यातिथि ने में कहा कि बाल दिवस बच्चों की खुशियों और उनके उज्ज्वल भविष्य को समर्पित दिन है। उन्होंने बच्चों को परिश्रम, अनुशासन और ईमानदारी को जीवन का आधार बनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि जब भारत विकसित राष्ट्र बने, तो हमारी युवा पीढ़ी नशे से पूर्णतया दूर होनी चाहिए।कार्यक्रम के अंत में पाठशाला के मेधावी विद्यार्थियों अमन, अवनीत, मानवी और मुस्कान को शैक्षणिक, खेलकूद, सहगामी गतिविधियों तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए।

# नशे से दूर रहें बच्चे, शिक्षा व खेल को दें प्राथमिकता: टेकचंद ठाकुर

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



राजकीय उच्च विद्यालय झोर में आयोजित बाल दिवस पर शिक्षकों के साथ बच्चों के सुंदर मॉडल का अवलोकन करते मुख्य अतिथि टेकचंद ठाकुर व अन्य।

राजकीय उच्च विद्यालय झोर में नेहरू जयंती और बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में लुहाखर पंचायत के प्रधान टेकचंद ठाकुर ने समस्त पंचायत सदस्यों के साथ शिरकत की। विद्यालय पहुंचने पर मुख्याध्यापक मेहरचंद ठाकुर ने पारंपरिक रूप से मुख्यातिथि का स्वागत किया व स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके बाद विद्यालय के बच्चों ने सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। साथ ही बच्चों द्वारा लगाई गई शैक्षिक प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें विज्ञान, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक मुद्दों तथा स्थानीय संस्कृति से संबंधित मॉडल प्रदर्शित किए गए।

मुख्यातिथि टेकचंद ठाकुर ने कहा कि बाल दिवस बच्चों की खुशियों और उनकी उज्ज्वल संभावनाओं का पर्व है। बच्चे पूरी ऊर्जा के साथ पढ़ाई करें और जीवन में आगे बढ़ें। नशा युवाओं को गलत दिशा में ले जाता है, इसलिए सभी बच्चे इससे दूर रहें और समाज के लिए एक सकारात्मक उदाहरण पेश करें। उन्होंने विद्यालय में हो रहे प्रयासों की सराहना करते हुए शिक्षकों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्रदान करने के लिए उनका धन्यवाद भी किया। मुख्याध्यापक मेहरचंद ठाकुर ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की जीवनी, उनके बच्चों के प्रति प्रेम और बाल दिवस की पृष्ठभूमि पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पंचायत उपप्रधान यशवंत ठाकुर, बीडीसी सदस्यता सत्या देवी, एसएमसी प्रधान सुषमा देवी, प्राथमिक पाठशाला झोर का पूरा स्टाफ, सभी पंचायत प्रतिनिधि व सदस्यगण एवं अभिभावक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## प्रदेश सरकार का मंडी में जश्न मनाने का निर्णय समझ से परे: राकेश जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने कहा कि सुक्खू सरकार द्वारा तीन वर्ष पूरे होने पर मंडी में जश्न मनाने का निर्णय समझ से परे है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने चुनावों में बड़े-बड़े वादे कर सत्ता हासिल की, लेकिन तीन वर्षों में हर वर्ग को केवल निराशा मिली। सड़कें बदहाल हैं, स्वास्थ्य सेवाएं चरमराई हुई हैं और बेरोजगार, कर्मचारी, पेंशनर, किसान-बागवान सभी आंदोलित हैं। ऐसे में उत्सव मनाना जनता के दुखों पर नमक छिड़कने जैसा है।

जम्वाल ने कहा कि सरकार ने मंडी जिले की लगातार उपेक्षा की है। कई संस्थानों को बंद कर दिया गया और जो चल रहे थे उन्हें भी कमजोर किया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज, मेडिकल यूनिवर्सिटी और सरदार पटेल विश्वविद्यालय तक प्रभावित हुए हैं। ऐसे हालात में मंडी में जश्न मनाने की घोषणा जनता के साथ अन्याय है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने जयराम सरकार की अनेक कल्याणकारी योजनाएं बंद कर दीं, जिससे हजारों परिवार प्रभावित हुए। आयुष्मान भारत योजना लगभग ठप है, स्वास्थ्य संस्थानों पर करोड़ों की देनदारी है और सहारा योजना भी बंद कर दी गई है। कोई नया विकास कार्य शुरू नहीं हुआ और पुराने कार्य भी रोक दिए गए। जम्वाल ने कहा कि सरकार युवाओं को हर साल 1 लाख नौकरियां, महिलाओं को 1500 रुपए और किसानों-बागवानों के लिए राहत देने के वादे पूरे नहीं कर सकी। जनता सब देख रही है और आने वाले चुनावों में कांग्रेस को जवाब देगी।

# एसपीएस स्कूल में रंगारंग कार्यक्रमों से सजा बाल दिवस, बच्चों ने मोहा मन



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

सरकाघाट स्थित एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को बाल दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन संगीता कटोच और अरुण कुमार ने किया। प्री-प्राइमरी के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन जीत लिया। इसके बाद कक्षा प्रथम और दूसरी के विद्यार्थियों ने फैंसी ड्रेस कार्यक्रम में शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा तीसरी से पांचवी के विद्यार्थियों ने प्रभावशाली डीक्लेमेशन प्रस्तुतियों से सभी को प्रभावित किया। कक्षा छठी से बाहरवीं के विद्यार्थियों ने अनुशासित दर्शक बनकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में समाजसेवी पीसी जम्वाल ने बच्चों के रिफ्रेशमेंट के लिए 2100 रुपए का योगदान दिया, जिसके लिए स्कूल परिवार ने उनका आभार व्यक्त किया। स्कूल के निर्देशक प्रेम चंद ठाकुर ने विद्यार्थियों को अपने प्रेरणादायक शब्दों से मार्गदर्शन दिया और मेहनत, अनुशासन एवं लक्ष्य-निर्धारण का संदेश दिया। विद्यालय के चेयरमैन सुरेंद्र कुमार एंव प्रधानाचार्य नरेंदर कुमार गौतम ने सभी बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान किया।

# परिवहन कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर इंटक महासंघ ने दी चेतावनी



हिमाचल पथ परिवहन कर्मचारी महासंघ (इंटक) सरकाघाट यूनिट की नई कार्यकारिणी।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

हिमाचल पथ परिवहन कर्मचारी महासंघ (इंटक) सरकाघाट की यूनिट के चुनाव शुक्रवार को महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष उमेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुए। इस अवसर पर कार्यकारी प्रधान समर चौहान, महासचिव मोहम्मद नासिर और सीनियर वाइस प्रेसिडेंट जिया लाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

चुनाव प्रक्रिया में रविकांत को प्रधान, जगरेश्वर सिंह को सचिव, राकेश कुमार को चेयरमैन, जमील खान को कार्यकारी प्रधान, नाबू राम को उपप्रधान, सौरव चंदेल को कार्यालय सचिव, शिवराम व अमर चंद को सीनियर वाइस प्रेसिडेंट तथा प्रवीण कुमार को प्रेस सचिव चुना गया। बैठक में पवन कुमार, हेमराज, श्याम लाल, संदीप कुमार, किरना देवी, रणजीत सिंह सहित अनेक कर्मचारियों ने भाग लिया। इस दौरान कर्मचारियों ने निगम में चालकों, परिचालकों व मैकेनिकल स्टाफ की शीघ्र भर्ती, पेंशनरों को समय पर पेंशन, एक तारीख को वेतन अदायगी, लंबित पदोन्नतियां और 2016 के पे स्केल एरियर की किस्त जारी करने की मांग उठाई। महासंघ ने चेतावनी दी कि यदि प्रबंधन ने मांगों पर गंभीरता नहीं दिखाई तो इंटक संगठन कठोर आंदोलनात्मक कदम उठाने को बाध्य होगा।

## विकास कार्यों में तेजी लाएं सभी विभाग: एसडीएम

**अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर।** एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने शुक्रवार को उपमंडल के सभी विभागाध्यक्षों के साथ विकास कार्यों की प्रगति की व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा चल रहे विकासात्मक कार्यों, सरकारी योजनाओं और जनकल्याण से जुड़ी गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। एसडीएम ने सभी विभागों को अपने-अपने स्तर पर लंबित कार्यों का संपूर्ण ब्यौरा प्रस्तुत करने और निर्धारित समय-सीमा के भीतर इन्हें पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अनावश्यक देरी जनहित के विपरीत है, इसलिए प्रत्येक अधिकारी समयबद्धता और जवाबदेही को प्राथमिकता दें। बैठक में पूर्ण हो चुके कार्यों के उपयोगिता प्रमाण पत्र (यूसी) समय पर जारी करने पर भी विशेष जोर दिया गया। एसडीएम ने बताया कि यूसी जारी न होने से कई बार आगामी बजट स्वीकृतियों में बाधा आती है, इसलिए सभी विभाग तत्काल प्रभाव से यह प्रक्रिया पूरी करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता विकास और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर जनता तक पहुंचाना है। सभी विभाग टीम भावना और पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करें ताकि क्षेत्र में विकास की रफ्तार और तेज हो सके। बैठक में बीडीओ चौंतड़ा अनुभव, तहसीलदार जोगिंद्रनगर रजत सेठी, तहसीलदार लड़भड़ोल मुकुल शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएसपी संजीव गौतम ने युवाओं को खेलों व जागरूकता से नशे से दूर रहने की दी प्रेरणा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



नशा भगाओ-युवा बचाओ-भविष्य बचाओ अभियान के संदेश को ज्ञान विज्ञान एवं साक्षरता समिति के कला जत्थे ने सरकाघाट में नुक्कड़ नाटक व गीतों के माध्यम से संदेश दिया और सभी को इसके खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया। सरकाघाट पार्क में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद के अध्यक्ष कश्मीर सिंह ने की और मुख्य अतिथि के रूप में डीएसपी संजीव गौतम ने भाग लिया।बाल विकास परियोजना अधिकारी अनिता शर्मा, मशाल संस्था की प्रेमकुमार ठाकुर,साक्षरता व ज्ञान विज्ञान समिति के संस्थापक भूपेंद्र सिंह, सचिव सुनीता बिष्ट, सुनीता पटियाल, रोशनी देवी और ब्रह्मकुमारी आश्रम की उर्मिला, ज्ञान विज्ञान के केके ठाकुर,आंगनवाड़ी बर्करों सहित सैंकड़ों लोगों ने भाग लिया जिसमें महिलाओं की भागीदारी ज्यादा रही।समिति की सचिव सुनिता बीस्ट ने सबका स्वागत किया और बताया कि इस सामाजिक कुरीति से निपटने के लिए जनांदोलन चलाने की जरूरत है तभी समाज से नशा रुक सकता है।

डीएसपी संजीव गौतम ने अपने संबोधन में कहा कि युवाओं में जिस तेज़ी से नशे का प्रचलन बढ़ रहा है उससे देश व समाज में स्थिति चिंताजनक हो गई है। स्थिति से निपटने के लिए हिमाचल सरकार व पुलिस पूरी मुस्तैदी से नशे की सप्लाई रोकने के लिए काम कर रही है, लेकिन इसमें तभी सफलता प्राप्त हो सकती है जब पूरा समाज इसके खिलाफ आवाज उठाए और अपनी भूमिक निभाये। उन्होंने कहा कि इस दिशा में हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति द्वारा इसे रोकने के लिए की गई पहल सराहनीय है। पूरे समाज में जागरुकता फैलाने वाले ऐसे कार्यक्रमों को गांव गांव में आयोजित करना होगा। उन्होंने कहा कि नशे को केवल दंडात्मक तरीके से ही कंट्रोल नहीं किया जा सकता है। इसके लिए समाज में जागरुकता फैलाने के लिए ज्यादा समय देना होगा और काम भी करना होगा। नशे की सप्लाई चेन को रोकने के साथ साथ इसकी मांग कम करने के लिए करने लिए जागरूकता पैदा करनी होगी। उन्होंने युवाओं को खेलों में ज्यादा से ज्यादा भाग लेने के लिए प्रेरित करने की ज़रूरत है और उसके लिए इंतजाम भी करने होंगे।

**कार्यक्रम** रखोह स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बोले विधायक

# आधुनिक व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना लक्ष्य: चंद्रशेखर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**




रखोह स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में विधायक चंद्रशेखर के साथ नौनिहाल।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रखोह में आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह तथा बाल दिवस विशेष कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधायक चंद्रशेखर ने कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को आधुनिक, प्रतिस्पर्धात्मक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाना है। इसी दिशा में राज्य में 100 नए सीबीएसई पैटर्न के विद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं, जो ग्रामीण विद्यार्थियों को बड़े शहरों जैसी शिक्षा के अवसर प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि पहली कक्षा से अंग्रेज़ी माध्यम लागू होना और सीबीएसई स्कूलों की स्थापना सरकार की दूरदर्शी शिक्षा नीति का परिणाम है।

विधायक चंद्रशेखर ने कहा कि मजबूत शिक्षण संस्थान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा किसी भी समाज की समृद्धि और प्रगति की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसी दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धा के दौर में लक्ष्य निर्धारण और कड़ी मेहनत ही सफलता की कुंजी है।

समारोह में बाल दिवस के उपलक्ष्य पर विधायक ने चाचा नेहरू को श्रद्धापूर्वक याद किया। उन्होंने उनके बच्चों के प्रति प्रेम और शिक्षा को प्राथमिकता देने के दृष्टिकोण को छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत बताया गया। विद्यार्थियों ने बाल दिवस से संबंधित सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दीं।

कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। रिपोर्ट में विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, खेल प्रदर्शन, सांस्कृतिक गतिविधियों, आधारभूत सुविधाओं के विकास और भविष्य की योजनाओं का विस्तार से उल्लेख किया गया। उन्होंने बताया कि विद्यालय लगातार बेहतर परिणामों की ओर अग्रसर है।

### नशे से दूर रहने का दिया संदेश

**विधायक** ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद एवं रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रहने और नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य निर्धारण और कड़ी मेहनत सफलता की कुंजी है। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों से बच्चों को सही दिशा और समय पर मार्गदर्शन देने का आग्रह किया।

# नौलखा-छातर संपर्क सड़क खस्ताहाल ग्रामीणों की आवाजाही पर बना संकट

**भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान**

**महादेव।** कीरतपुर-मनाली फोरलेन को नाचन विधानसभा क्षेत्र से जोड़ने वाला नौलखा-छातर-साई वाया ग्वाल जरल संपर्क मार्ग इन दिनों अपनी दयनीय हालत पर खुद ही आंसू बहाता दिख रहा है। लोक निर्माण विभाग के अधीन इस मार्ग पर गहरे गड्ढों ने ऐसा कब्जा जमाया है कि वाहनों का गुजरना किसी जोखिम से कम नहीं। सड़क पर वाहन उछल-कूद करते हुए गुजरते हैं, जिसके चलते गर्भवती महिलाओं, बीमारों और रोजाना इस मार्ग का उपयोग करने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

हाल ही में हुई भारी बरसात से मार्ग का एक बड़ा किनारा पूरी तरह ढह गया, लेकिन इसके बावजूद इसे सुरक्षित करने के लिए डंगा लगाने या मार्ग को पूर्व स्थिति में लाने के लिए विभाग ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। गड्ढे वर्षों से सड़क की बदहाली का गवाह बने हुए हैं। यही नहीं, इसी मार्ग पर स्थित ग्वाल जरल गांव के शहीद जगदीश कुमार की स्मारक स्थली भी उपेक्षा का शिकार है, जो ग्रामीणों की पीड़ा को और बढ़ा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मार्ग विकास नहीं, बल्कि बदहाली की तस्वीर पेश करता है। सड़क की हालत ऐसी है कि वाहन चलते नहीं, बल्कि रेंगते हुए आगे बढ़ते हैं।

क्षेत्र के बुद्धिजीवी और ग्रामीण मुंशी राम, रामपाल, शंकरी कुमारी, संत, जितेंद्र चौहान, सेवक राम, योगराज, बृज लाल, रुप लाल, मीना देवी, लोशी राम, भादरू राम, तुलसी राम और सतनाम कौर—ने डीसी मंडी और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से इस बदहाल मार्ग को जल्द सुधारने की मांग की है। उनका कहना है कि सड़क और नाली का कार्य उच्च गुणवत्ता और तकनीकी मानकों के साथ हो तथा विभाग को जवाबदेह बनाने के लिए सख्त निर्देश जारी किए जाएं। ग्रामीणों की एक ही मांग है कि सड़क बने, सुरक्षित बने और समय पर बने।

# ऊना की हवा में घुल रहा जहर, विषैला हो रहा जल

## जहरीली गैस लीक और दूषित भूजल से बीमार पड़ रहे लोग, फसलें भी प्रभावित, वायु गुणवत्ता सूचकांक 113 तक पहुंचा

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**ऊना।** वायु और जल में प्रदूषण की मात्रा ने हिमाचल के मैदानी जिला ऊना की चिंताएं बढ़ा दी हैं।

जिले में लगातार बढ़ता प्रदूषण एक विकराल समस्या बनता जा रहा है। जहरीली हो रही आबोहवा के साथ-साथ जमीन के भीतर भी विषाक्त जल परेशानी बढ़ा रहा है। खासकर ऊना के सीमावर्ती पंजाब के रूपनगर से सटी पांच ग्राम पंचायतों के लोग इस समस्या से सबसे अधिक प्रभावित हैं। कभी कारखानों से गैस लिकेज, तो कभी धरती के नीचे से आने वाला दूषित जल लोगों के स्वास्थ्य को बिगाड़ रहा है। शिकायत पर अब हिमाचल सरकार की एक कमेटी इस समस्या की छानबीन करने में जुट गई है। बीते पखवाड़े में ऊना जिला में जो वायु और कुछ जगह भू जल प्रदूषण के आंकड़ों ने चौंका दिया है। पंजाब के साथ सटे व नया नंगल की नजदीकी ऊना जिले की अजौली, सनौली मजारा, मलूकपुर, बिनेवाल ग्राम पंचायत क्षेत्रों में यह समस्या आसमान के साथ-साथ धरती के नीचे भी है। कथित तौर पर यहां पंजाब क्षेत्र में लगी केमिकल पर आधारित उद्योगों का प्रदूषण यहां के लोगों की सांसों को रोकने लगा है। स्थानीय लोगों शिवम, मलकियत सिंह, लक्की, हरकीरत, राजिंद्र सिंह और गुरपाल का कहना है कि दशकों से इस क्षेत्र की भूमि के नीचे विषैला जल है, जो पीने और अन्य किसी काम के इस्तेमाल में नहीं है। महज कुछ जगह सिंचाई की जा रही है, लेकिन भूजल प्रदूषण की वजह से इंसान के साथ साथ फसलें भी प्रभावित हो रही हैं। हालांकि कई पेयजल योजनाएं जल शक्ति विभाग ने बंद भी की हैं।



पंजाब के एक उद्योग से निकलता जहरीला धुआं।



स्वां नदी के किनारे लगे गंदगी के ढेरों ने लोगों का जीना किया दुश्वार।

### उद्योगों से हो रही जहरीली गैस लीक

**एक** दशक में इस क्षेत्र में कई दफा उद्योगों से कथित जहरीली गैस का रिसाव होने की घटनाएं भी सामने आई हैं। इन लोगों ने उसकी शिकायत भी की और पंजाब के इन उद्योगों के आगे प्रदर्शन भी किया। आश्वासनों के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो सका। अब हाल ही में फिर हवा में विषैली गैस लिकेज के कारण कई लोगों के बीमार होने और गला खराब होने जैसी शिकायतें भी सामने आईं। हवा की गुणवत्ता बीते पखवाड़े से खराब चल रही है। बीते सप्ताह रविवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक 113 तक पहुंच गया था, जो चिंताजनक था। उसी समय ऐसी घुटन होने जैसी शिकायतें भी इन प्रभावित क्षेत्रों से आ रही थीं। शुक्रवार को भी लगभग सूचकांक 75 है, जो खराब माना गया है। प्रभावित गांवों की समस्या को देखते हुए सरकार ने एक कमेटी भी गठित करके कारणों की जांच के लिए लगाई है।

### जल प्रदूषण और बढ़ा सकता है चिंता: एसडीएम

**एसडीएम** ऊना अभिषेक मित्तल ने भी इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि यह कमेटी जिसमें जल शक्ति, प्रदूषण नियंत्रण, स्वास्थ्य, उद्योग आदि विभागों के अधिकारी शामिल हैं। इनकी रिपोर्ट पर काफी कुछ निर्भर रहने वाला है। हालांकि ऊना में स्वां नदी के जल प्रदूषण की बात करें तो यह भी चिंतनीय है। बेमौसमी फसलों की खेती स्वां की धरा पर होती आ रही है और विषैले कीटनाशकों के लगातार छिड़काव के अलावा लोगों ने स्वां के किनारे गंदगी के लिए डंपिंग साइट बना दी हैं। ऐसे में जल प्रदूषण भविष्य में ऊना के लोगों की चिंता की और बढ़ा सकता है।

## बिहार की जनता ने पीएम पर विश्वास करके प्रचंड बहुमत से बनाई एनडीए सरकार: भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने बिहार विधानसभा चुनावों में एनडीए को मिली प्रचंड जीत 200 सीटों पर बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम स्पष्ट संकेत है कि देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और उनके नेतृत्व पर अटूट विश्वास रखती है।

उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि झूठे वादों और खोखली गारंटियों पर अब कोई भरोसा करने को तैयार नहीं है। दविंदर भुट्टो ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जो भी कहते हैं, उसे पूरा करते हैं, और यही वजह है कि उनके साढ़े ग्यारह वर्ष के स्वर्णिम कार्यकाल में देश में विकास की जो धारा प्रवाहित हुई है, उस पर जनता ने अपनी मुहर लगाई है। उन्होंने कहा कि चाहे गरीब कल्याण की योजनाएँ हों, आधार भूत ढाँचे का विस्तार हो, या देश की आर्थिक व वैश्विक प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों पर ले जाना प्रधानमंत्री मोदी ने हर क्षेत्र में ठोस और प्रभावी कार्य किया है। पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि बिहार की जनता ने अपने मत से यह भी स्पष्ट कर दिया है कि केवल घोषणाएँ और झूठी गारंटियाँ देकर जनता को भ्रमित नहीं किया जा सकता।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार द्वारा दी जा रही ग़लत और झूठी गारंटियों की रेलगाड़ी बिहार पहुँचकर केवल चार सीटों पर सिमटकर रह गई। यह स्थिति बताती है कि जनता अब वादों की नहीं, बल्कि कार्यों की राजनीति को महत्व दे रही है। दविंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जिस पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ काम किया है, उसका असर देश के हर हिस्से में दिखाई देता है। उन्होंने दावा किया कि पिछले साढ़े ग्यारह वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई, करोड़ों लोगों के जीवन स्तर में सुधार आया और भारत की वैश्विक स्थिति और भी सुदृढ़ हुई है।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क हादसे में घायल युवक ने पीजीआई में तोड़ा दम

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** उपमंडल अंब के टकारला मोड़ पर 6 नवंबर की रात सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल देस राज निवासी चुरुडू, जिला ऊना ने पीजीआई चंडीगढ़ में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे के बाद से उनकी स्थिति लगातार नाजुक बनी हुई थी। मिली जानकारी के अनुसार देस राज की बाइक की आमने-सामने टक्कर एक टिपर से हो गई थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उन्हें गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। हालांकि तमाम प्रयासों के बावजूद वे जिंदगी की जंग हार गए। शुक्रवार को चुरुडू गांव में उनका अंतिम संस्कार किया गया। निधन की खबर मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और हर आंख नम हो उठी। देस राज अपने पीछे चार बेटियां और एक बेटा छोड़ गए हैं। बताया जा रहा है कि सबसे बड़ी बेटी मात्र 15 वर्ष की है। देस राज परिवार के इकलौते कमाने वाले थे, ऐसे में उनके निधन से परिवार की आर्थिक स्थिति पर भारी संकट के बादल छा गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि देस राज मिलनसार और मेहनती स्वभाव के व्यक्ति थे। उनका असमय निधन परिवार और गांव दोनों के लिए बड़ी क्षति है। पुलिस अधीक्षक अमित यादव ने पुष्टि की है कि आरोपी टिपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है।

### क्षेत्रां स्कूल में धूमधाम से मनाया बाल दिवस

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** हरोली उपमंडल के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय क्षेत्रां में शुक्रवार को बाल दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को उनके जन्मदिन पर याद किया गया। डीपीआई जतिंद्र कुमार ने नेहरू के जीवन पर प्रकाश डाला और बाल दिवस की सभी को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बच्चों द्वारा भाषण व सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए और मजेदार खेलों द्वारा कार्यक्रम का आनंद लिया प्रधानाचार्य व अध्यापकों द्वारा बच्चों के लिए जलपान, मिठाई का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी शिक्षकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में बढ़ चढ़ कर योगदान दिया।

### संयुक्त सलाहकार समिति की बैठक 19 को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला स्तरीय संयुक्त सलाहकार समिति, ऊना की बैठक 19 नवंबर को प्रातः 11 बजे जिला मुख्यालय पर स्थित बचत भवन में होगी। यह जानकारी हिमाचल प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ जिला ऊना के प्रधान रजनीश शर्मा ने दी। उन्होंने कहा कि यह बैठक कर्मचारियों की समस्याओं को हल करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। अतः ज़िला के समस्त कर्मचारी प्रतिनिधि इस बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करें। बैठक में पिछली लम्बित मांगों के साथ-साथ 13 नई मांगों पर भी चर्चा की जाएगी।

### डिजिटल तकनीकों से उत्पादन सुधार पर कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** औद्योगिक क्षेत्र गगरेट स्थित मिनी कॉमन सुविधा केंद्र (सीएफ़सी) में शुक्रवार को स्मार्ट विनिर्माण और डिजिटल रूपांतरण विषय पर एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के उद्यमियों, उद्योग प्रतिनिधियों और सरकारी अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य इंडस्ट्री 4.0 पहल को अपनाने के लिए स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहित करना था, और इसे सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (सीईएल) द्वारा भारत सरकार के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी) ऊना की प्रबंधक कमला देवी ने एमएसएमई इकाइयों को सरकारी योजनाओं, प्रोत्साहनों और तकनीकी सहायता से जोड़ने के लिए डीआईसी की भूमिका को बताया। उन्होंने उद्योगों से स्मार्ट विनिर्माण और स्वचालन जैसी नई तकनीकों को अपनाने का आह्वान किया। गगरेट औद्योगिक संघ के अध्यक्ष प्रमोद और महासचिव सुरेश ने इस पहल का स्वागत करते हुए छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए डिजिटल भविष्य की दिशा में मार्ग प्रशस्त करने का समर्थन किया। सीईएल के तकनीकी विशेषज्ञों ने स्वचालन, इंटरनेट आधारित उपकरण (आईओटी), कृत्रिम बुद्धिमत्ता और आंकड़ा-आधारित निर्णय प्रणाली जैसी तकनीकों का प्रदर्शन किया। इन तकनीकों से उत्पादन में सुधार, मशीन बंदी में कमी और उत्पादकता में वृद्धि की संभावना जताई गई। उद्यमियों ने इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की सराहना की और भविष्य में इन तकनीकी सहयोग कार्यक्रमों को जारी रखने की आवश्यकता जताई।

### धुसाड़ा स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता संपन्न

**अनंत ज्ञान, जोल।** केवी इंटरनेशनल स्कूल धुसाड़ा में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का समापन समारोह शुक्रवार को हर्षोल्लास व उत्साह के साथ संपन्न हुआ। समारोह में विद्यालय प्रबंधक विकास शर्मा और समीक्षा शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की और विजेता विद्यार्थियों को ट्रॉफी, मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए आवश्यक हैं, बल्कि यह आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को भी बढ़ाते हैं। समारोह में अक्षरा और महक, जिन्होंने अरुणाचल प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में तीसरा स्थान प्राप्त किया, को विशेष पुरस्कार और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने उनकी कड़ी मेहनत और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि वे स्कूल के लिए गर्व का विषय हैं। कार्यक्रम में सांस्कृतक प्रस्तुतियां भी दी गईं, और समापन के साथ ही अगले वर्ष के लिए खेल गतिविधियों को और सुदृढ़ करने का संकल्प लिया गया।

### स्काउट को नशे से दूर रहने की नसीहत

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** भारत स्काउट एवं गाइड जिला ऊना के तृतीया सोपान प्रशिक्षण एवं परीक्षण शिविर का समापन शुक्रवार को सदाशिव ध्यूंसर महादेव मंदिर प्रांगण में हुआ। समापन समारोह में उप निदेशक उच्च शिक्षा अनिल कुमार तक्खी और उप निदेशक प्रारंभिक शिक्षा सोम लाल धीमान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने प्रतिभागियों को अनुशासन में सीखी अच्छी बातों को मित्रों तक पहुंचाने और नशे से दूर रहने का आह्वान किया। जिले के 95 स्कूलों से 374 स्काउट शिविर में शामिल हुए, जबकि 41 स्काउट मास्टर्स ने बेसिक ट्रेनिंग कोर्स पूरा किया। कार्यक्रम में संजीव कुमार, विजय संधू, करनैल सिंह संधू, सुरजीत सिंह, राजीव कुमार, राकेश कुमार, लखन कुमार, किशोरी लाल, राजन शर्मा, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव का धूमधाम से शुभारंभ



चिंतपूर्णी महोत्सव की शोभायात्रा में शामिल विधायक सुदर्शन बबलू और अन्य गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव का शुभारंभ हो गया है। विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने माता के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर चिंतपूर्णी मंदिर के पुजारी व कांग्रेस सचिव संजीव कालिया विशेष रूप से उपस्थित रहे।

विधायक बबलू ने बताया कि यह महोत्सव माता के आशीर्वाद से हो रहा है और इसमें मुख्य रूप से पंजाबी गायक बब्बू मान और अमृत मान अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इसके अलावा हिमाचली गायक भी कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुतियां देंगे। महोत्सव का समापन विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया करेंगे। यह तीन दिवसीय महोत्सव 14 से 16 नवंबर तक अंब के मेला मैदान में आयोजित किया जा रहा है। इस महोत्सव में सांस्कृतिक संध्याएं, लोक कला प्रदर्शन, खेल प्रतियोगिताएं व जनभागीदारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस मौके पर मंदिर ट्रस्टी तिलक राज कालिया, पूर्व जिला परिषद सदस्य सुलोचना देवी, मंदिर अधिकारी अजय मड़ियाल, करनल मनीष धीमान आदि मौजूद रहे।

## महोत्सव का निमंत्रण पत्र एक बार फिर घेरे में

### राज्य स्तर पर आयोजित हो रहा है माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव?

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

- उपमुख्यमंत्री मुकेश की घोषणा के बावजूद निमंत्रण पत्र में बदलाव पर विवाद
- मुख्यमंत्री सुक्खू का नाम निमंत्रण पत्र से गायब, प्रोटोकॉल उल्लंघन पर चर्चा

माता श्री चिंतपूर्णी जी की कृपा से इस वर्ष भी माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को शानदार तरीके से हुआ, लेकिन गौर करने का विषय है कि गत वर्ष यह महोत्सव जिला स्तरीय तौर पर आयोजित किया गया था और प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ने गत वर्ष जिला स्तरीय माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव 2024 में यह ऐलान किया था कि 'हम इस महोत्सव को राज्य स्तरीय करने की घोषणा करते हैं।

इस वर्ष जब महोत्सव आयोजित हो रहा है, तब महोत्सव के नाम के साथ राज्य स्तरीय नाम क्यों दर्ज नहीं किया गया। आखिर किसी भी चीज की पहचान उसके नाम से होती है वैसे ही माता श्री चिंतपूर्णी जी के नाम पर आयोजित इस महोत्सव में राज्यस्तरीय नाम क्यों जोड़ा गया। यह बात जिले के युवाओं के मन मे चल रही है। जिला प्रशासन द्वारा प्रकाशित किए गए आमंत्रण पत्र पर उपमुख्यमंत्री के घोषणा के हिसाब से राज्यस्तरीय दर्ज होने चाहिए था, जो कि दर्ज नहीं किया गया है। सवाल उठता है कि क्या यह महोत्सव राज्य स्तरीय हुआ भी है कि नहीं, क्या उपमुख्यमंत्री की घोषणा का कुछ प्रणाम निकला है कि यह घोषणा भी कहीं विलुप्त हो गई।

यह सब गतिविधियां समझ से परे हैं और आमजनमानस के बीच चर्चा का अहम विषय बन चुकी हैं। वहीं, अगर यह महोत्सव जिला स्तरीय भी, या जो कि राज्य स्तरीय होना चाहिए था, तब भी इस महोत्सव के निमंत्रण पत्र पर प्रदेश के मुख्यमंत्री का नाम शामिल क्यों नहीं है। समाहरोह में आना या ना आना मुख्यमंत्री के काम की समय-सारिणी के अनुसार होता है क्योंकि मुख्यमंत्री पर पूरे प्रदेश की जिम्मेदारी होती है, लेकिन क्या निमंत्रण पत्र पर मुख्यमंत्री का नाम न होना स्थायी प्रोटोकॉल का उल्लंघन नही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री को निमंत्रण देने के लिए प्रोटोकॉल के हिसाब से जिला प्रशासन और श्री चिंतपूर्णी के विधायक शिमला गए थे, तब ऐसा क्या हुआ कि निमंत्रण पत्र पर मुख्यमंत्री का नाम शामिल नहीं है यह सोच विचार करने का विषय है। जिला ऊना में पांच विधानसभा क्षेत्रों के प्रतिनिधि अपने इलाके के लगभग 50 से 80 हजार लोगों का सम्मान करते हैं। इसी बात पर विधानसभा में विपक्ष से ऊना के विधायक का नाम भी निमंत्रण पत्र पर न होना ऊना इलाके के लोगों से कही न कही धोखा है। अगर पक्ष-विपक्ष एक-दूसरे के निजी कार्यक्रम, विधानसभा में एक साथ शामिल हो सकते हैं, तब आमजनता के लिए ही क्यों यह सब राजनीति। हालांकि, ऐसी राजनीतिक गतिविधिया और हिस्सों में भी होती है, लेकिन क्या इसका निवारण आमजनता के हित के लिए नहीं होना चाहिए ?

## मधुमेह जागरूकता पर रचनात्मक संदेश प्रस्तुत किए

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में विश्व डायबिटीज दिवस बड़े उत्साह और जागरूकता के उद्देश्य से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेड रिबन क्लब की नोडल अधिकारी प्रो. किरण कुमारी ने की। कार्यक्रम के दौरान पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने मधुमेह जागरूकता पर रचनात्मक एवं सार्थक संदेश प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तनुज, द्वितीय स्थान पलक जस्वाल तथा तृतीय स्थान मनत ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. रमेश ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष विश्व डायबिटीज दिवस की थीम 'जीवन के विभिन्न चरणों में मधुमेह' है, जो हर उम्र में मधुमेह से पीड़ित लोगों के लिए एकीकृत देखभाल और स्व-प्रबंधन की आवश्यकता पर केंद्रित है। उन्होंने मधुमेह के नकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह आंखों की रोशनी कम होने (डायबिटिक रेटिनोपैथी) का एक प्रमुख कारण है।

## बिहार की जनता ने विकास व सुशासन के रास्ते पर विश्वास जताया: वीरेंद्र कंवर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



अखिल भारतीय बॉलीबॉल फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने बिहार विधानसभा चुनावों में एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूरे गठबंधन को बधाई दी है।

उन्होंने कहा कि यह जीत किसी एक राजनीतिक दल की विजय नहीं, बल्कि जनता द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व, नीतियों और गारंटियों पर जताए गए गहरे भरोसे का परिणाम है। कंवर ने कहा कि आज पूरा विश्व मोदी को एक दूरदर्शी, प्रभावशाली और लोकप्रिय नेतृत्व के रूप में देखता है, जिनकी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला, जनधन, आयुष्मान भारत और किसान सम्मान निधि जैसी दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन सभी ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सीधा लाभ पहुंचाया है। सरकार की पारदर्शी नीतियों और जमीनी प्रभाव ने जनता का विश्वास और मजबूत किया है। इसी विकास मॉडल पर बिहार की जनता ने एक बार फिर अपनी मुहर लगाई है और एनडीए को भारी बहुमत देकर स्थिर शासन का मार्ग प्रशस्त किया है। कंवर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चल रही डबल इंजन सरकार ने विकास को नई गति दी है। बिहार के मतदाताओं ने स्पष्ट संदेश दिया है कि राज्य विकास, सुशासन और पारदर्शिता की राह पर आगे बढ़ना चाहता है। उन्होंने विश्वास जताया कि बिहार में नई एनडीए सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेगी।

## टकारला पंचायत में पानी निकासी की समस्या दूर

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** उपमंडल अंब की टकारला पंचायत में वर्षों से चली आ रही पानी निकासी की समस्या अब पूरी तरह हल हो गई है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बने बड़ूही-टकारला मार्ग की सड़क ऊंची हो जाने के कारण बरसाती पानी रुक जाता था।

इससे बरसात के दिनों में खेत तालाब में बदल जाते थे और कई बार पानी घरों में घुसने की कगार पर पहुंच जाता था। ग्रामीण लगातार नुकसान और परेशानी झेल रहे थे। ग्रामीणों की शिकायतों और बार-बार की गई मांगों के बाद लोक निर्माण विभाग सक्रिय हुआ और सड़क के साथ एक बड़े नाले का निर्माण करवाया। अब बरसाती पानी उसी नाले से बहकर सुरक्षित रूप से गारनी खड में पहुंच रहा है। इससे खेतों में जलभराव की समस्या पूरी तरह समाप्त हो गई है और घरों में पानी घुसने का खतरा भी खत्म हो गया है। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग का आभार व्यक्त करते हुए आशा जताई कि विभाग आगे भी इसी तरह जनहित में तत्परता से कार्य करता रहेगा।

### विधायक विवेक की अध्यक्षता में उपमंडल स्तरीय शिकायत निवारण बैठक संपन्न

## विकास कार्यों की हुई व्यापक समीक्षा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



विधायक विवेक शर्मा उपमंडल स्तरीय शिकायत निवारण बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

उपमंडल बंगाणा के एसडीएम बैठक हाल बंगाणा में कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा की अध्यक्षता में उपमंडल स्तरीय शिकायत निवारण एवं विकास समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों तथा स्थानीय लोगों ने भाग लिया। बैठक में क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई और जनता से प्राप्त शिकायतों पर गंभीरता से चर्चा की गई। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि अब यह बैठक हर माह उपमंडाधिकारी नागरिक बंगाणा के बैठक हाल में नियमित रूप से आयोजित की जाएगी, ताकि जनता की शिकायतें समयबद्ध तरीके से दर्ज हों और उनका समाधान भी तत्परता से किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल आमजन की ही नहीं, बल्कि विभागों को भी अपने कार्यक्षेत्र से संबंधित समस्याएं रखने का अवसर मिलेगा, जिससे विकास कार्यों के बीच आने वाली बाधाओं को दूर किया जा सके। विवेक शर्मा ने कहा कि बैठक में आए कई शिकायतों, जैसे सड़क मरम्मत, पेयजल आपूर्ति, बिजली व्यवस्था, राजस्व संबंधित मुद्दों तथा सामाजिक कल्याण योजनाओं के लाभ में आ रही दिक्कतों पर विभागीय अधिकारियों से रिपोर्ट ली गई। विधायक ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए और जनता को संतोषजनक समाधान प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि पारदर्शी प्रशासन और सुचारू विकास व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए ऐसी बैठकें बेहद आवश्यक हैं। इससे न सिर्फ जनता और प्रशासन के बीच संवाद मजबूत होता है, बल्कि विकास परियोजनाओं की गति भी बढ़ती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आगामी महीनों में ऐसी बैठकों के माध्यम से क्षेत्र की अधिकांश समस्याओं का प्रभावी निवारण होगा और कुटलैहड़ विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।

**अनदेखी** बारिश के दिनों में गड्ढों और दलदल से लोगों का चलना होता है दूभर

## खडोह गांव तक नहीं पहुंची सड़क, अब हो रहा पलायन

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**

**बड़ूही।** बंगाणा विकासखंड की ग्राम पंचायत डीहर के गांव खडोह की ब्राह्मण बस्ती आज भी सड़क के इंतजार में है। देश आजाद हो चुका है, सरकारें बदल चुकी हैं, लेकिन इस गांव तक आज तक सड़क नहीं पहुंची है। ग्रामीणों का कहना है कि उनके पूर्वज भी सड़क का सपना देखते-देखते दुनिया छोड़ गए और उनकी अगली पीढ़ी भी इसी पीड़ा को झेल रही है। सड़क सुविधा न होने से अधिकतर लोग गांव को छोड़कर शहरों के लिए पलायन कर चुके हैं।

बारिश के दिनों में हालात और भी भयावह हो जाते हैं। चारों तरफ कीचड़ पानी से भरे गड्ढे और दलदल जैसे हालात बन जाते हैं। लोग किसी तरह फिसलते-गिरते पैदल रास्ता तय करने को मजबूर होते हैं। इस दुर्दशा से कई बार बाइक से गिरकर घायल हो चुके हैं। ग्रामीणों के मुताबिक बारिश के मौसम में दुर्घटनाएं आम हो जाती हैं। इसी गांव के बच्चों को तलमेहड़ा या डीहर जाने के लिए इसी कच्ची सड़क से होकर स्कूल के लिए जाना पड़ता है। बरसात के समय यह दलदल होने के कारण सड़क से जा भी नहीं पाते। खडोह गांव में सड़क न होने से अगर किसी की तबीयत अचानक बिगड़ जाए या गर्भवती महिला को अस्पताल ले जाना पड़े, तो एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच सकती। ग्रामीणों को मरीज को खाट या चारपाई पर उठाकर 2 किलोमीटर पैदल चलकर मुख्य सड़क तक लाना पड़ता है।



बंगाणा विकासखंड की ग्राम पंचायत डीहर के गांव खडोह की ब्राह्मण बस्ती आज भी सड़क के इंतजार में।

### ग्रामीणों ने विधायक से लगाई मूलभूत सुविधाओं की गुहार

**पूर्व** पंचायत सदस्य गिरधारी लाल, मिंटू मिंटू शर्मा, रिंकू भारद्वाज, सुरेंद्र शर्मा, विजय शर्मा, रमेश चंद, बख्शीराम, रामकिशन, ज्ञानचंद, मलकीत सिंह, देशराज, योगराज आदि लोगों ने कुट्लैहड क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा विक्कू से मांग की है कि उन्हें भी स्वास्थ्य, शिक्षा व रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाएं मिल सकें। खडोह गांव की लगभग ढाई सौ लोगों की यह ब्राह्मण बस्ती आज भी शासन-प्रशासन व जनप्रतिनिधियों की तरफ उम्मीद भरी नजरों से देख रही है, कि कब उनका सपना साकार होगा और वह भी विकास की मुख्य धारा से जुड़ सकेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि अब सिर्फ आश्वासन नहीं, उन्हें हकीकत में सड़क चाहिए।

### शिकायतों के बाद भी नहीं समाधान

**ग्रामीणों** ने कई बार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से सड़क बनाने की गुहार लगाई है। हर बार आश्वासन मिला, लेकिन काम आज तक नहीं हुआ। खडोह गांव के पूर्व पंचायत सदस्य गिरधारी लाल शर्मा बताते हैं कि कई पीढ़ियां बीत गई, लेकिन डेढ से दो किलोमीटर की सड़क आज तक नहीं बनी। सरकारें 'हर गांव सड़क से जुड़े' का नारा देती हैं, लेकिन खडोह गांव की ब्राह्मण बस्ती को आज दिन तक इस बुनियादी सुविधा से वंचित रखा हुआ है।

## वशिष्ट पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास व उत्साह से मनाया बाल दिवस

**अनंत ज्ञान, ऊना**

वशिष्ट पब्लिक स्कूल में बाल दिवस हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया।

दिन की शुरुआत विशेष प्रार्थना सभा से हुई। इसमें विद्यार्थियों ने चाचा नेहरू के विचार प्रस्तुत किए। इसके बाद बच्चों ने चाचा नेहरू के जीवन व बाल-प्रेम पर प्रभावशाली भाषण दिए। विशेष आयोजन के बाद खेल गतिविधियों की शुरुआत हुई। कक्षा पहली और दूसरी के नन्हें बच्चों के लिए 'लेमन एंड स्पून रेस' तथा 'बैलून रेस' का आयोजन हुआ। इसमें बच्चों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। कक्षा तीसरी, चौथी और पांचवीं के विद्यार्थियों ने ' हिट द टार्गेट' और' म्यूजिकल चेयर्स' जैसी रोचक प्रतियोगिताओं में दमखम दिखाया। कक्षा छठी, सातवीं और आठवीं की लड़कियों के बीच बास्केटबॉल मैच व लड़कों के बीच क्रिकेट मैच ने दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं, कक्षा नौवीं और दसवीं की लड़कियों के क्रिकेट मैच और लड़कों के 'बास्केटबॉल मैच' ने प्रतियोगिता को और रोमांचक बना दिया। विद्यालय के प्रिंसिपल दीपक कौशल ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चे ही देश का उज्ज्वल भविष्य हैं और विद्यालय उनकी प्रतिभा व व्यक्तित्व निर्माण के लिए सदैव समर्पित है। विद्यालय के निदेशक अनुज वशिष्ट ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करना है।



वशिष्ट पब्लिक स्कूल में बाल दिवस हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया।

# विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी मनाली से जुड़ी हैं चाचा नेहरू की खास यादें

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

अनंत ज्ञान स्पैशल

**कुल्लू।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी मनाली देश के दो प्रधानमंत्रियों पं. जवाहर लाल नेहरू व अटल बिहारी वाजपेयी के आगमन के चलते देश-विदेश में चर्चा का केंद्र बिंदु रहा है। एक तरफ जहां मनाली के प्रीणी में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अपना आशियाना बनाया हुआ है।

वहीं, दूसरी तरफ देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू का भी मनाली से खासा लगाव रहा है। देश के पहले प्रधानमंत्री स्व. नेहरू जब पहली बार मनाली आए थे, तो उस समय उनके द्वारा प्रयोग की गई चीजों को आज भी धरोहर की तरह मनाली में संभालकर रखा गया है। परिधि गृह मनाली में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू की यादों को हमेशा के लिए सहज कर रखा गया है। देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू पहली बार मनाली आए थे, तो वह इसी भवन में ठहरे थे और उस समय उन्होंने जो सामान यहां पर प्रयोग किया था, उसे सहेज कर जंगली साहब की कोठी में सहेज कर रख दिया गया था, जो आज भी यहां पर सुरक्षित है। इसके अलावा नेहरू का मनाली की वादियों से खासा लगाव रहा है। विश्व धरोहर गांव नग्गर में भी नेहरू का आना-जाना रहता था। वहीं, नग्गर स्थित आर्ट गैलरी में भी चाचा नेहरू अक्सर घूमने जाते थे। मनाली के कोठी स्थित जंगली साहब की कोठी जिसे अंग्रेजों द्वारा बनाया गया था, उसके नाम से प्रसिद्ध इस भवन के स्वरूप में हल्का परिवर्तन किया गया है, लेकिन भवन के मूल ढांचे से छेड़छाड़ करने में पूरी तरह से सावधानी बरती गई है। परिधि गृह को समय के अनुसार आधुनिक बनाने की मुहिम में भवन के पुराने कुछ कमरों और बरामदों को उखाड़कर डायनिंग हॉल व बाथरूम का निर्माण किया गया है। देवदार के स्थान पर अन्य किस्म की लकड़ी का प्रयोग किया गया है। अंग्रेज अधिकारी ने इस रेस्ट हाउस का निर्माण उस दौर में मनाली के मध्य में ऐसे स्थान पर किया था,जहां से कुल्लू की तरफ पूरी पर्वत श्रृंखलाओं का खूबसूरत नजारा दिखता है, अब यह नजारा भी बहुमंजिला निर्माणों के चलते छिपने लगा है। सरकार ने इस भवन के आसपास बहुमंजिला भवनों के बजाय हट्स या एक मंजिल मकान बनाने का नियम रखा था, लेकिन समय के साथ इन नियमों की परवाह करने वाले भी कम रह गए हैं।

### सुरक्षा कर्मियों को दूर रहने की देते थे हिदायत

**चाचा** नेहरू 1959 में भी मनाली आए थे। नेहरू के साथ उस दौर में उपायुक्त कांगड़ा एन खोसला ही घूमा करते थे। बंच ऑफ ओल्ड लेटरज को भी नेहरू ने मनाली में ही जोड़ दिया था। सुरक्षा कर्मियों को वह हमेशा अपने से दूर रहने की हिदायत देते थे, ताकि खोसला के साथ खुलकर मनाली घूमने का आनंद ले सकें। सुरक्षा कर्मियों को गुपचुप जंगलों से होकर सुरक्षा का घेरा बनाना पड़ता था।



पर्यटन नगरी मनाली में परिधि गृह जहां पर पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू रहे थे।

### आज भी सहेज कर रखा है सामान

**पूर्व** प्रधानमंत्री स्व. नेहरू के मनाली दौरे के दौरान इस्तेमाल में लाए गए चांदी के टी सेट, चम्मच, मिट्टी के बर्तन व अन्य वस्तुओं को आज भी परिधि गृह में एक अलमारी में सहेज कर रखा गया है। कुल्लू के पूर्व विधायक व मंत्री स्व. लाल चंद प्रार्थी ने अपनी पुस्तक में इस बात का उल्लेख किया है कि जब प्रार्थी ने नेहरू जी को 1953 में कुल्लू आने निमंत्रण दिया तो उन्होंने कहा कि जब आराम की जरूरत महसूस करूंगा, तो मनाली आऊंगा।

### 1958 में लगभग एक महीने के लिए मनाली आए थे स्व. नेहरू

**नेहरू** से जुड़ी यादों के बारे में बुजुर्ग बताते हैं कि जब वे छोटे थे उस समय नेहरू जी लाहुल-स्पीति जाते थे तो उस समय वे कोठी स्थित जंगली साहब की कोठी में ठहरते थे और वहां से घोड़ों पर सवार होकर लाहुल की तरफ निकलते थे।1958 में नेहरू लगभग एक महीने के लिए मनाली आए थे। उनके आगमन से पूर्व मनाली में शौचालय में आधुनिक शीट नहीं होते थे। प्रधानमंत्री की व्यवस्था के लिए फर्नीचर व शीट लगवाने के लिए अमृतसर से अधीक्षण अभियंता बसंत सिंह विशेष रूप से मनाली आए थे।

### कुल्लू-मनाली में रखी थी भारत-चीन के बीच हुए समझौते की नींव

**देश** के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने कुल्लू-मनाली में भारत-चीन के बीच हुए समझौते की नींव रखी थी। जिसे पंचशील के नाम से जाना जाता है। यहां की शांत वादियों से ही पंचशील का ताना-बाना बुना गया था। इसके अलावा नेहरू की आत्मकथा पर आधारित पुस्तक डिस्कवरी ऑफ इंडिया में भी इसका स्पष्ट उल्लेख है। पुस्तक के पृष्ठ 364 पर उन्होंने इस बात का जिक्र किया है कि वह उस समय क्रिप्स मिशन की विफलता से परेशान और मायूस थे। ऐसे में उन्होंने नगर की शांत वादियों को कर्मक्षेत्र के लिए चुना। नेहरू ने कहा था-मैं पहाड़ों का दिलदादा हूं...कुल्लू-मनाली में भी एक खामोश हकीकत का एहसास होता है। यही कारण रहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू अपनी जीवनावस्था में दो बार मनाली आए। पहली मर्तबा वर्ष 1942 तो दूसरी बार 1958 में इस शांत वादी की ओर मुड़े।

### साकार मूक वास्तविकता का होता है अनुभव

**उस** समय मनाली के बारे में नेहरू ने दिल्ली में एक साक्षात्कार में कहा था कि 'मनाली में साकार मूक वास्तविकता का अनुभव होता है।अंग्रेजों की विरासत इस भवन को आधुनिकता का रंग चढ़ाया जा चुका है। लेकिन अब किसी भी तरह से छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री की यादें इस भवन के साथ जुड़ी हुई हैं। नेहरू का मानना था कि प्रकृति की एकांतस्थली में किसी भी योजना को फलीभूत साकार किया जा सकता है और यहां आत्मिक शांति का आभास होता है। तभी तो अंतरराष्ट्रीय कला प्रेमी रौरिक ने इस स्थल को अपनी कला साधना के लिए चुना।

## ग्लोबल विलेज स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आगाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** ग्लोबल विलेज स्कूल हुरला में शुक्रवार को बाल दिवस के उपलक्ष्य पर दो दिवसीय खेल उत्सव का शुभारंभ हुआ। इसमें विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं शामिल हैं। इस खेल उत्सव में मुख्यातिथि शेर सिंह ने दीपक प्रज्वलन के बाद रिबन काट कर शुभारंभ किया। बच्चों को शैक्षणिक सत्र 2024-25 के पुरस्कार भी वितरित किए। प्रिंसिपल गणेश भारद्वाज ने कहा कि शिक्षा के साथ खेलकूद का बड़ा महत्व है। इस समय तो यह आवश्यकता और भी बढ़ जाती है, जब बच्चे मोबाइल के साथ अपना समय बिताते हैं। बच्चों को खेलने के लिए साथी ही नहीं मिलते और न ही स्थान मिलता है। पारंपरिक खेलों को अब कोई नहीं खेलता। ग्लोबल विलेज स्कूल पारंपरिक खेलों को भी महत्व देता है। मुख्यातिथि शेर सिंह ने कहा कि खेलकूद का महत्व शारिरिक विकास के साथ मानसिक विकास के लिए भी है। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्लोबल विलेज स्कूल पिछले दस वर्षों से बच्चों का सर्वांगीण विकास कर रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### भरत का पुलिस विभाग में हुआ चयन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** अकादमी ऑफ सेल्फ डिफेंस कुल्लू के कोच भरत के पुलिस विभाग में चयनित होने पर अकादमी द्वारा भरत को सम्मानित किया गया। एकेडमी के संस्थापक हरीश शर्मा ने भरत व उनके परिवार को बधाई दी और भविष्य में और ऊँचे मुकाम हासिल करने का आशीर्वाद दिया। भरत गाहर गाँव से सम्बंध रखता है जो गीता देवी और डिणे राम के पुत्र हैं। इस दौरान एकेडमी में यादव, अंजनी ठाकुर, परस राम,चेतन सिंह, सतपाल, अर्घ्य सूद, ऋचा, रूप लाल व हर्षिता मौजूद रहे और सभी ने भरत की इस उपलब्धि पर खुशी जताई ब इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सोलंग के समीप नाग मंदिर की सराय में लगी आग

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली के पर्यटन स्थल सोलंगनाला के समीप कंचन नाग मंदिर की सराय में आग लग गई। आग लगने से सराय की खिलाड़ियां व दरवाजे जलकर राख हो गए। सराय से धुंआ निकलता देख लोगों ने सुबह पौने आठ बजे अग्निशमन विभाग को सूचना दी। हालांकि, अग्निशमन विभाग के पहुंचने से पहले खिलडियां व दरवाजे जलकर राख हो गए। अग्निशमन केंद्र मनाली के प्रभारी सरनपत ने बताया कि उन्हें सुबह 7:50 बजे सोलंग नाला में नाग मंदिर की सराय में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही टीम दलबल सहित 20 मिनट के भीतर मौके पर जा पहुंची। उन्होंने कहा कि संपत्ति का लगभग 1 लाख का नुकसान हुआ है जिसमें 20 लकड़ी के स्लीपर, खिड़कियाँ और दरवाजे शामिल है। उन्होंने बताया कि लगभग 10 लाख की संपत्ति की बचाई गई है। उन्होंने बताया कि अभी आग लगने के कारणों का पता नहीं लग पाया है।

### बिहार में एनडीए की धमाकेदार जीत पर उत्सव

**अनंत ज्ञान, सैंज।** बिहार विधानसभा चुनावों में एनडीए की धमाकेदार और ऐतिहासिक जीत की खुशी शुक्रवार को बंजार विधानसभा क्षेत्र में भी देखने को मिली। सैंज बाजार में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक सुरेंद्र शौरी की अगुवाई में जोरदार उत्सव मनाया। कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े, एक-दूसरे को मिठाइयाँ खिलाईं और पूरे जोश के साथ नारेबाज़ी कर जीत का स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि 'बिहार की जनता ने एक बार फिर भाजपा नेतृत्व और केंद्र सरकार पर अपने भरोसे की मोहर लगाई है। यह जीत विकास, सुशासन और स्थिरता के प्रति जनता की आस्था का प्रमाण है। 'उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, एनडीए नेतृत्व और सभी विजयी उम्मीदवारों को हार्दिक बधाई दी। शौरी ने कहा कि बिहार में मिली यह जीत देशभर में उत्साह भरने वाली है और आगे के विकास कार्यों को नई गति देगी।जश्न में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, युवा और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर एनडीए की इस ऐतिहासिक जीत का उल्लासपूर्ण माहौल में जश्न मनाया।

### नितिन हेड बॉय, श्रेया को हेड गर्ल का खिताब

**अनंत ज्ञान मनाली।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मनाली का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह शुक्रवार को बड़े उत्साह और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने शिक्षा, खेल और अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। प्रधानाचार्य पुष्पा ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। समारोह में नितिन को हेड बॉय और श्रेया को हेड गर्ल चुना गया। शैक्षणिक क्षेत्र में जमा एक विज्ञान में पूजा शर्मा, इशिता और निखिल ठाकुर, वाणिज्य में आर्यन शर्मा, रूबी तमंग और आयुष तमंग, जबकि कला संकाय में नितीश कुमार, इशारा कांता और शुभांगी को प्रथम से तृतीय स्थान पर पुरस्कृत किया गया। जमा दो में भी विभिन्न संकायों के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मान मिला। खेल गतिविधियों में संजू, रिद्धिमा, सोनम, सूर्या, ईशान ठाकुर सहित कई विद्यार्थियों को पुरस्कार दिए गए। राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर अंजलि और पूरी कबड्डी टीम को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्रों ने कुल्लूवी नाटी और फिल्मी थीम पर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। विधायक गौड़ ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और शिक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में एसडीएम रमण कुमार शर्मा सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

### 20 लाभार्थियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना (चरण-दो) जायका-ओश डीश एश के तहत खंड परियोजना प्रबंधन इकाई कुल्लू द्वारा आजीविका गतिविधियों हेतु चयनित 20 लाभार्थियों का साढ़े चार माह का प्रशिक्षण कार्यक्रम 14 नवंबर 2025 को ग्राम पंचायत बरान और काईस में शुरू किया गया। इसमें बरान की 5 महिलाओं को बेसिक कंप्यूटर कोर्स, 5 पुरुषों को इलेक्ट्रिशियन प्रशिक्षण, काईस से 2 महिलाओं व 1 पुरुष को इलेक्ट्रिशियन, गाहर पंचायत से 2 पुरुषों को इलेक्ट्रिशियन तथा काईस, गाहर और करारसू पंचायतों से कुल 5 युवाओं को प्लंबर प्रशिक्षण के लिए चयनित किया गया है। खंड परियोजना प्रबंधक डॉ. जयंत रत्ना ने बताया कि यह पहल ग्रामीण महिलाओं व युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम है। प्रशिक्षण अवधि में प्रतिभागियों को मानदेय भी दिया जाएगा। ग्राम पंचायत बरान की प्रधान धनी देवी ने प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण के लाभों के बारे में जागरूक किया। उद्घाटन कार्यक्रम में सभी प्रतिभागी, मास्टर ट्रेनर और परियोजना इकाई के अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा 15 नवंबर से शालंग व डोगरी पंचायतों के 9 युवाओं को भी इलेक्ट्रिशियन व प्लंबर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### पोक्सो अधिनियम पर विशेषज्ञों ने दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) और जिला प्रशासन लाहौल-स्पीति के संयुक्त तत्वावधान में बच्चों के अधिकार, शिक्षा, किशोर न्याय और पॉक्सो अधिनियम पर एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त किरण भड़ाना ने की। एनसीपीसीआर से वरिष्ठ परामर्शदाता उमेश चंदर शर्मा, परामर्शदाता ऋषभ दुबे और मानवाधिकार अधिवक्ता हनीफ-उर-रहमान विशेष रूप से उपस्थित रहे। बाल विकास परियोजना अधिकारी खुशविंदर ठाकुर ने बच्चों के अधिकारों से संबंधित कानूनों की जागरूकता को महत्त्वपूर्ण बताया। अपने संबोधन में डीसी किरण भड़ाना ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों में बच्चों की भागीदारी इन्हें अधिक प्रभावी बनाती है। उन्होंने शिक्षकों, पुलिस और बाल संरक्षण कर्मियों से बच्चों से जुड़े मामलों पर खुलकर चर्चा करने का आग्रह किया। वरिष्ठ परामर्शदाता उमेश चंदर शर्मा ने कहा कि उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण देना है। ऋषभ दुबे ने बुलिंग, साइबर बुलिंग, बाल स्वास्थ्य और पोषण पर जानकारी दी।

## क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज ढालपुर ने मनाया बाल दिवस

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू



क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज कुल्लू ने शुक्रवार को गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल, गांधी नगर में उत्साहपूर्वक बाल दिवस मनाया। सीएनसी के छात्रों ने स्कूल के बच्चों को मौखिक स्वच्छता और सही तरीके से हाथ धोने के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए रोचक नाटक और गतिविधियां प्रस्तुत कीं।

उनकी रचनात्मक प्रस्तुतियों ने सीखने को मजेदार और उपयोगी बनाया। बच्चों में मिठाइयां, टॉफियां और छोटे उपहार वितरित किए गए, जिससे उनके चेहरों पर खुशी और उत्साह झलक उठा। सभी बच्चों की सक्रिय भागीदारी ने इस अवसर को यादगार बना दिया। दोनों संस्थानों के शिक्षकों ने इस कार्यक्रम की सराहना की और बच्चों की मुस्कान देखकर प्रसन्न हुए। कार्यक्रम का नेतृत्व एसोसिएट डायरेक्टर सुश्री ज्योति मार्या मसीह ने किया, जिनके साथ पूर्व निदेशक श्री सैमुअल श्रेष्ठ मसीह एवं कॉलेज के संकाय सदस्य उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम सीख, हँसी और सौहार्द से भरपूर एक सुंदर और हृदयस्पर्शी उत्सव साबित हुआ। क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज राष्ट्र और विश्व के सभी बच्चों को बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देता है।

## 16 नवंबर को गठिया जांच शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** डीसी एवं अध्यक्ष जिला रेड क्रॉस सोसायटी तोरूल रवीश ने बताया कि जिला रेड क्रॉस सोसायटी, कुल्लू, एम्स, बिलासपुर के सहयोग से 16 नवंबर को प्रात: 9:30 बजे से जिला विकलांगता पुनर्वास केंद्र, क्षेत्रीय अस्पताल, कुल्लू में गठिया स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन करने जा रही है। उन्होंने अनुरोध किया है कि समस्त जनता इस सुविधा का लाभ उठाए, इच्छुक व्यक्ति मोबाइल नंबर 9317277166 पर अपना पंजीकरण पूर्व में ही कराएं। उन्होंने कहा कि गठिया बाय एक बीमारी है। इसमें जोड़ों में दर्द, सूजन और जकड़न होती है। गठिया बाय के 100 से ज्यादा प्रकार होते हैं। गठिया बाय सिर्फ बुजुर्गों की बीमारी नहीं है। यह बच्चों, किशोरों, युवाओं और बुजुर्गों सभी उम्र के लोगों को हो सकती है। जोड़ों में दर्द और सूजन खासकर हाथ, कोहनी, कंधे और घुटनों में।

## बिहार चुनावों की जीत ने साबित किया जाति धर्म की राजनीति से ऊपर है मोदी की विकास नीति: अमित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन ने बिहार में प्रचंड जीत दर्ज करते हुए एकतरफा बहुमत हासिल किया और इसका जश्न पूरे देश में मनाया गया।

इसी कड़ी में भाजपा जिला कुल्लू ने जिला अध्यक्ष अमित सूद के नेतृत्व में मिठाई बांट कर बड़े हर्षोल्लास से जश्न मनाया और बिहार की जनता का आभार व्यक्त किया। जिला अध्यक्ष अमित सूद ने बिहार की जीत पर कहा कि बिहार की जनता ने जंगलराज, गुंडागर्दी को किनारे कर सुशासन और विकास पर मोहर लगाई है। इन चुनावों ने साबित किया है कि अब पूरा देश जाती धर्म की राजनीति को पूरी तरह से नकार चुका है और सशक्त भारत बनाने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़ा हो चुका है । उन्होंने कहा कि बिहार चुनावों में जिस प्रकार के ओछे हथकंडे कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने अपनाए और समाज को बांटने के प्रयास किए, उन सबका करारा जवाब बिहार की जनता ने दिया और मोदी नीतीश की जोड़ी पर विश्वास कर उन्नत बिहार का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने भाजपा और उसके सहयोगी दलों पर बिहार की जनता द्वारा जताए विश्वास के लिए उन्हें धन्यवाद दिया और बड़ी जीत पर बधाई दी। इस मौके पर नरोतम ठाकुर, दानवेंद्र सिंह, जिला महामंत्री नवल नेगी, नैना शर्मा, नरेश चौहान, निलेश गौतम, युवा मोर्चा गौतम अध्यक्ष दिग्विजय, महिला मोर्चा अध्यक्ष बिंदिया सूद, संजीव पंडित, सहित भारतीय जनता पार्टी के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



भाजपा जिला कुल्लू ने जिला अध्यक्ष अमित सूद के नेतृत्व में मिठाई बांट कर बड़े हर्षोल्लास से जश्न मनाया और बिहार की जनता का आभार व्यक्त किया।

### एसडीएम ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जीभी का किया निरीक्षण

## विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच अपनाने की दी प्रेरणा

अनंत ज्ञान बंजार

उप-मंडलाधिकारी पंकज शर्मा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जीभी का दौरा कर शिक्षा और बुनियादी ढांचे से जुड़े मुद्दों की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय की भौतिक सुविधाओं में सुधार के लिए हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग व संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। शर्मा ने बताया कि विद्यालय के लिए चिह्नित भूमि को अब राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जीभी के नाम कर दिया गया है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि विद्यालय भवन निर्माण की लागत का आकलन जल्द पूरा किया जाए और निर्माण से संबंधित सभी औपचारिकताएं शीघ्र पूरी की जाएं। एसडीएम ने प्रधानाचार्य को निर्देश दिए कि विद्यालय परिसर में पुस्तकालय के लिए उपयुक्त स्थान चिन्हित किया जाए और पुस्तकालय बनने पर आवश्यक पुस्तकें उपलब्ध करवाई जाएं, ताकि स्टूडेंट्स को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए दूर न जाना पड़े। शर्मा ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हासिल करने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कुछ विद्यार्थी सीनियर सेकेंडरी के बाद पढ़ाई छोड़ देते हैं, जिससे उनका शैक्षणिक विकास प्रभावित होता है। निरीक्षण के दौरान पिछले वर्ष के परीक्षा परिणामों की समीक्षा भी की गई। इसमें सुधार की आवश्यकता पाई गई। पंकज शर्मा ने प्रधानाचार्य और स्टाफ को निर्देश दिए कि इस वर्ष परिणाम में स्पष्ट सुधार दिखना चाहिए और आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त कक्षाएं आयोजित की जाएं। उन्होंने कहा कि बरसात के कारण शिक्षा सत्र प्रभावित हुआ है, इसलिए छात्र-छात्राओं को भी अतिरिक्त प्रयास करना होंगे।



उप-मंडलाधिकारी पंकज शर्मा जीभी स्कूल के स्टूडेंट्स के साथ।

## विधायक अनुराधा ने ताबो काजा में सुनी जनसमस्याएं

अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा



जिला लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने अपने स्पीति प्रवास के दौरान शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह ताबो, पोह और काजा में अधिकारियों की मौजूदगी में क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनी।

इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों तथा स्थानीय लोगों ने सामूहिक समस्याओं सहित व्यक्तिगत समस्याएं भी उनके समक्ष रखी। इसके अतिरिक्त क्षेत्र के प्रतिनिधि मंडलों ने उन्हें अपने क्षेत्र से जुड़ी सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, सिंचाई व पेयजल से संबंधित मूलभूत समस्याओं के साथ-साथ विधायक के समक्ष उनके क्षेत्र से संबंधित मांगें भी रखी। विधायक ने अधिकांश समस्याओं का मौके पर समाधान किया और शेष मांगे व समस्याएं जो स्थानीय स्तर की थीं उन्हें संबंधित अधिकारियों को सौंप कर उनका समयबद्ध समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र के लोगों को आश्वासन दिया कि उनके द्वारा रखी गई मांगों को भी शीघ्र-अतिशीघ्र पूर्ण किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जनसेवा, जन समस्याओं का समाधान, पिछड़े वर्गों एवं क्षेत्रों का उत्थान हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि स्पीति क्षेत्र के समग्र विकास को मध्य नजर रखते हुए वह समय-समय पर अपने स्पीति क्षेत्र में प्रवास पर आते हैं तथा क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनते हैं ताकि क्षेत्र की समस्याओं का समयबद्ध समाधान किया जा सके।

## लाइब्रेरी की किताबें दान करने की अपील

**अनंत ज्ञान, आनी।** आनी के एसडीएम लक्ष्मण सिंह कनेट ने क्षेत्र के विद्यार्थियों और जागरूक नागरिकों से आनी की लाइब्रेरी को पुस्तकें दान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आनी में एक उत्कृष्ट लाइब्रेरी स्थापित की गई है, जहां स्कूल और कॉलेज के छात्र तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवा अध्ययन के लिए आते हैं। लेकिन फिलहाल इस लाइब्रेरी में पुस्तकों की कमी महसूस की जा रही है। एसडीएम कनेट ने कहा कि बहुत से छात्र और अभ्यर्थी ऐसे हैं जिनके पास अब ऐसी किताबें हैं जो उनके काम की नहीं रहीं। यदि वे इन पुस्तकों को लाइब्रेरी में दान करते हैं तो ये किताबें अन्य विद्यार्थियों के लिए उपयोगी सिद्ध होंगी। उन्होंने कहा कि ज्ञान का सबसे अच्छा उपयोग तब होता है जब वह साझा किया जाए। क्षेत्र के शिक्षकों, अभिभावकों, पूर्व विद्यार्थियों और सफल प्रतियोगी परीक्षा अभ्यर्थियों से आग्रह किया कि वे इस मुहिम में सहयोग करें, जो भी व्यक्ति किताबें दान करना चाहता है, वह उन्हें सीधे आनी की लाइब्रेरी में या एसडीएम कार्यालय में जमा करवा सकता है।

## अंतरराष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का आगाज

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** अंतरराष्ट्रीय रौरिक मैमोरियल ट्रस्ट नग्गर में आर्टफोर्ट इंडिया, चंडीगढ़ द्वारा परभिंदर लाल की क्यूरेटरशिप में एक अंतरराष्ट्रीय कला प्रदर्शनी और रौरिक आर्ट गैलरी के ग्रीन थियेटर में राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों का शिविर 'यूनाइटड आर्टिस्ट-25' का उद्घाटन नकुल खुलर, अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस विजेता, निदेशक, बडागढ़ रिसोर्ट्स एंड स्पा, आई एच क्यू एल सेलेक्शंस, मनाली द्वारा रिबन काटकार और दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर रशियन क्यूरेटर लारिसा सुरगिना व भारतीय क्यूरेटर सुरेश कुमार नड्डा मौजूद रहे। प्रदर्शनी में भारत की ओर से कलाकार प्रभिंदर लाल, डॉ. वंदना मल्होत्रा, संगीता शर्मा, भारत वेदी, हर्ष इंद्र लूंबा, बलवंत सिंह भलौरिया, जंग सिंह बर्मन, मुक्ता गुप्ता, डॉ. अलीशा शर्मा, लीजा, महक शर्मा, सुरभि महाजन, शिवाली जम्वाल, कोमल कौर, प्रिया, रशिया की ओर से कलाकार एलीना याकोवलेवा, इलमिरा फरीदोनोवा, नादेझदा कोबजिस्तोवा, मलेशिया से सुजली इब्राहिम आदि ने अपनी पेंटिंग को दिखाया।

## भुट्टिको में धूमधाम से मनाया 72वां अखिल भारतीय सहकारिता दिवस समारोह

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू



सहकारिता की ध्वजवाहक देश की अग्रणी बुनकर सहकारी सभा हिमाचल प्रदेश में प्रतिष्ठित भुट्टिको सहकारी सभा के सभागार परिसर में 72वां अखिल भारतीय सहकारिता समारोह भुट्टिको द्वारा हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि पूर्व बागवानी मंत्री हिमाचल प्रदेश एवं भुट्टिको के अध्यक्ष सत्य प्रकाश ठाकुर ने शिरकत की। समारोह में सर्व प्रथम सहकारी ध्वज को फहराया गया और सहकार गीत गाकर सहकारिता के सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। मुख्यातिथि सत्य प्रकाश ने अपने संबोधन में उपस्थित सहकारों को जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार हमारे देश ने आज़ादी के पशचात सोवियत संघ के समुदाय विकास प्रणाली से प्रभावित होकर सहकारिता आंदोलन को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि सहकारिता यद्यपि हमारे समाज के हर वर्ग, हिस्से और कार्य संस्कारों में व्यापक है परन्तु इसके सही दर्शन हमें सहकारी सिद्धांतों को आत्मसात करने से ही मिलते हैं इसलिए सहकारिताएं किसी भी रूप में क्यों न हों सिद्धातों के अनुसरण बिना वे अधूरी हैं, जिसके लिए सहकारी शिक्षा और सहकारी विभाग की अहम भूमिका रहती है। ठाकुर सत्य प्रकाश ने कहा कि भुट्टिको के संस्थापक अध्यक्ष ठाकुर वेद राम ने बर्ष 1955-56 में सहकारी विभाग के निरीक्षक सहकारी सभाएं सरदार गुरचरण सिंह से प्रेरित होकर ही भुट्टिको सहकारी सभा को एक सशक्त स्वरूप प्रदान किया है । उन्होंने उपस्थित सहकारों से आहवान किया कि अपनी संस्थाओं को आगे बढ़ने के लिए हमें हर प्रकार की कुर्बानी देने के लिए तैयार रहना चाहिए तभी हम हर प्रकार की चुनौतियों का सामना कर पाने में सक्षम होंगे । समारोह में देश के प्रथम प्रधान मंत्री पं जवाहर लाल नेहरु की जयंती पर उन्हे देश के लिए दिये योगदान के लिए याद किया गया।

## चंबा के युवाओं ने सीखे रिवर राफ्टिंग के गुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** अटल बिहारी पर्वतारोहण संस्थान प्रशिक्षण संस्थान मनाली के रिवर राफ्टिंग प्रशिक्षण केंद्र पिरडी में 14 दिवसीय जल क्रीड़ा प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार को संपन्न हुआ। समापन अवसर पर उपायुक्त तोरूल एस रवीश ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

उन्होंने देश भर के विभिन्न क्षेत्रों से प्रशिक्षण लेने आए प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण शिविर के सर्टिफिकेट व बैज प्रदान किए। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं को साहसिक खेलों को प्रोत्साहन देते हुए और अधिक बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करते किया तथा सभी को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उपायुक्त ने प्रशिक्षण केंद्र के लिए बनाई गई सुरक्षा दीवार का निरीक्षण किया तथा बचे हुए कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने यहां पर एक स्विमिंग पूल का निर्माण करने का भी आश्वासन दिया ताकि भविष्य में प्रशिक्षकों को और अधिक सुविधा मिल सके।

## विधायक शौरी का प्रहार, कांग्रेस सरकार के तीन वर्ष का जश्न नहीं, विफलताओं का रिकॉर्ड

अनंत ज्ञान, बंजार

विधायक सुरेंद्र शौरी ने कांग्रेस सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर आयोजित किए जा रहे जश्न को 'अनुचित और जनता के साथ अन्याय' करार दिया है।

इन तीन वर्षों में सरकार की ऐसी कोई उपलब्धि नहीं है, जिसके आधार पर जश्न मनाया जाए। जनता पर बोझ, अधूरी गारंटियां, बढ़ती महंगाई और भ्रष्टाचार ने पूरे शासनकाल को विफलताओं का रिकॉर्ड बना दिया है। विधायक शौरी ने कहा कि युवाओं के लिए सरकारी नौकरी एक स्वप्न, कर्मचारियों का डीए कागजों की बात व 10 गारंटियां चुनावी घोषणा बनकर रह गई हैं। प्रदेश की 28 लाख बहनें आज भी अपने 1500 रुपए का इंतजार कर रही हैं, जबकि किसान-बागवान अपने अधिकारों और समस्याओं के समाधान के लिए भटक रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सबसे बड़ा धोखा युवाओं के सार्थ किया है रोजगार व नौकरी दिलाने के नाम पर सिर्फ हवाई बातें की जा रही हैं। सरकार एक भी भर्ती को तीन साल में अब तक पूरी नहीं कर पाई है। कांग्रेस सरकार ने हिमाचल को आर्थिक संकट की कगार पर ला खड़ा किया है। स्थिति यह है कि प्रदेश पर एक लाख करोड़ रुपए का कर्ज चढ़ चुका है और सरकार कर्मचारियों को वेतन व पेंशनरों को पेंशन तक समय पर नहीं दे पा रही। विकास कार्य लगभग ठप हैं और सड़कें व अन्य परियोजनाएं केंद्र सरकार की योजनाओं के माध्यम से ही संचालित हो रही हैं, क्योंकि प्रदेश सरकार का बजट कहीं दिखाई नहीं देता। विधायक शौरी ने आरोप लगाया कि ठेकेदारों के बिल अटके पड़े हैं। डीसी को विभिन्न योजनाओं में आने वाला बजट रोका गया है और आपदा प्रभावितों को राहत देने में सरकार पूरी तरह विफल रही है।

जलशक्ति विभाग में केंद्र की पंचायत योजनाओं से आया पैसा भी अन्य कार्यों में डायवर्ट किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराध, नशा, शराब और भूमि माफिया के हौसले बढ़े हैं और सरकार प्रशासनिक विफलताओं पर कोई नियंत्रण नहीं कर पा रही। उन्होंने कहा कि तीन वर्ष केवल असफलताओं, अव्यवस्था और जनविरोधी निर्णयों से भरे रहे हैं, इसलिए कांग्रेस सरकार को जश्न मनाने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

## न्यूज ब्रीफ

### नशा तस्कर को दस साल का कठोर कारावास

**अनंत ज्ञान, नाहन।** विशेष न्यायाधीश जिला सिरमौर, नयोगेश जसवाल की अदालत ने एनडीपीएस एक्ट में फंसे मुजरिम सोमदत्त निवासी गांव दुधम, डाकघर करगाणू सनौरा, तहसील राजगढ़ को मुजरिम करार देते हुए 10 साल के कठोर कारावास व एक लाख रुपए जुर्माना अदा करने के आदेश दिए। मुजरिम को जुर्माना अदा न करने की सूरत में 2 साल का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। अदालत ने मुजरिम को 1.396 किलोग्राम चरस के मामले में एनडीपीएस अधिनियम की धारा 20 के तहत यह आदेश जारी किए। न्यायवादी चंपा सुरील ने बताया कि 10 दिसंबर, 2023 को पुलिस चौकी यशवंत नगर में एक गुप्त सूचना मिली थी कि सोम दत्त चरस बेचने का धंधा करता है और एक निजी बस में नशे की खेप लेकर आ रहा है। बस से जोधन से सोलन आ रहा है। मुजरिम को दबोचने के लिए पुलिस टीम ने सुबह करीब 9:15 बजे पैरवी पुल के नजदीक बस की जांच की। बस की सीट संख्या 20 पर बैठे एक व्यक्ति ने खिड़की की ओर एक छोटा नीला बैग रखा था। बैग खोलने पर पुलिस टीम को उसके अंदर काले रंग की बत्ती जैसा पदार्थ मिला, जो 1.396 किलोग्राम चरस निकली। चंपा सुरील ने बताया कि इस मामले में अदालत के समक्ष 15 लोगों के बयान कलमबंद हुए। सबूतों के आधार पर अदालत ने मुजरिम को सजा सुनाई।

### परवाणू में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**अनंत ज्ञान, परवाणू।** पुलिस थाना परवाणू में सूचना मिली कि शीतला माता मंदिर के साथ ऊपर की तरफ एक व्यक्ति मृत पड़ा है। इस सूचना पर पुलिस थाना परवाणू की एक टीम मौके पर पहुंची, जहां पर झाड़ियों के बीच बनाई गई एक झोंपड़ी से एक अज्ञात व्यक्ति मृत हालत में पाया गया। तस्दीक करने उक्त व्यक्ति के नाम व पते बारे आसपास के लोगों से भी पूछताछ की गई, लेकिन उक्त अज्ञात व्यक्ति को किसी ने भी नहीं पहचाना व न ही उसके पास कोई ऐसा दस्तावेज व पहचान पत्र पाया गया, जिससे उसकी पहचान हो सके। उक्त अज्ञात व्यक्ति के शव का पुलिस की टीम द्वारा गहनता से निरीक्षण किया, लेकिन उसके शरीर पर किसी भी प्रकार के चोट/खरोंच के निशान न पाए गए। जांच के दौरान मौके पर मौजूद लोगों के बयान लेखबद्ध किए गए, जिसके अनुसार पाया गया कि उक्त नामालूम व्यक्ति 5/6 वर्षों से परवाणू में अकेला ही रहता था तथा कबाड़ उठाने का काम करता था, लेकिन उक्त अज्ञात व्यक्ति के नाम व पते बारे आसपास रहने वाले लोगों को कोई भी जानकारी नहीं है व न ही उक्त नामालूम व्यक्ति की मृत्यु बारे किसी ने कोई शक शुबा जाहिर किया है। मृतक का 14 नवंबर को पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। उक्त अज्ञात व्यक्ति की पहचान के लिए उसके शव को ईएसआई अस्पताल के शव गृह में रखा गया है। अभी तक की जांच पर यही पाया जा रहा है कि उक्त अज्ञात व्यक्ति की मृत्यु किसी बिमारी, ठंड या भूखा रहने के कारण हुई है।

### तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**अनंत ज्ञान, पांवटा/नाहन।** सिरमौर के पांवटा साहिब में हुए दर्दनाक सड़क हादसे के बाद स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिली। ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर देर रात तक जाम लगाते हुए सुरक्षा व्यवस्था की मांग उठाई। जानकारी के मुताबिक शिवपुर में देर शाम एक तेज रफ्तार ट्रक (एचपी-17डी9955) ने मोटरसाइकिल (एचपी-17 एफ-8347) को टक्कर मार दी। इस घटना में नवादा निवासी मनीष कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बन गया। हादसे के तुरंत बाद लोग बड़ी संख्या में इकट्ठा हुए और सड़क पर जाम लगा दिया। ग्रामीण शव को सड़क पर रखकर देर रात तक धरना देते रहे। उनका आरोप है कि ट्रालों की अत्यधिक आवाजाही के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन शिकायतों के बावजूद ठोस कदम नहीं उठाए गए। घटना की सूचना मिलते ही विधायक सुखराम चौधरी मौके पर पहुंचे और परिजनों व ग्रामीणों से बातचीत की। लोगों ने भारी वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही रोकने व सुरक्षा उपाय बढ़ाने की मांग रखी। डीएसपी पांवटा साहिब मानवेंद्र ठाकुर ने बताया कि ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है और आरोपी चालक फरार है। पुलिस थाना पुरुवाला में केस दर्ज कर आरोपी की तलाश जारी है।

### चाचा नेहरू के जीवन पर विचार प्रकट किए

**अनंत ज्ञान, शिलाई।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बकरास में धूमधाम से बाल दिवस मनाया गया। इसमें लगभग 300 बच्चों और अध्यापकों ने भाग लिया। इस अवसर पर बच्चों ने चाचा नेहरू के जीवन पर अपने विचार प्रकट किए। कक्षा 12वीं की छात्रा रोशनी ठाकुर और कृष्णा ठाकुर ने अपने भाषण से सभी का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया और खूब तालियां बटोरीं। इस उपलक्ष्य पर विद्यालय के अध्यापक व जिला अध्यक्ष टीजीटी आर्ट्स कपिल शणकयान ने बच्चों को नेहरू जी के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि नेहरू जी ने स्वतंत्रता संग्राम में अपनी अहम भूमिका निभाई और अपने जीवन काल के लगभग 3300 दिन जेल में बिताए। नेहरू ने इसरत का लक्ष्य रखा और भारत के प्रथम प्रधानमंत्री बनकर साबित भी किया की देश को कैसे चलाया जाता है। प्रधानमंत्री बनकर उन्होंने योजना आयोग, इसरो, रेलवे, एयर इंडिया, भेल, सेल, बोकारो, राउरकेला, और बहुत सारे उद्योग स्थापित किए। 1961 में बेलग्रेड सम्मेलन में उन्होंने साबित किया कि नेहरू सिर्फ भारत के ही नहीं, बल्कि दुनिया के नेता हैं। उन्होंने गुट निरपेक्ष आंदोलन को बढ़ावा दिया। कार्यवाहक प्रधानाचार्य प्रदीप राणा व शिक्षक कपिल शणकयान ने कहा कि नेहरू ने समाजवादी, लोकतांत्रिक और आर्थिक स्वतंत्रता की स्थापना भारत में की। 14 नवंबर, 1889 को मोतीलाल नेहरू के घर जन्मे नेहरू ने भारत के सबसे अमीर घराने के बालक होकर भी संघर्ष और क्रांति को चुना।

### सोलन शहरी मंडल की कार्यकारिणी का विस्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन शहरी मंडल के किसान मोर्चा भारतीय जनता पार्टी सोलन शहरी मंडल के किसान मोर्चा के अध्यक्ष रिपु सिंह दमन ने अपनी कार्यकारिणी घोषित की है जो तत्काल प्रभाव से लागू होगी। इसमें दलीप सिंह, चंद्रकांत शर्मा, आदित्य शर्मा, यशपाल ठाकुर को उपाध्यक्ष, अजय शर्मा और अभिलाष वर्मा को महासचिव, अमन ठाकुर को कोषाध्यक्ष, मनोज राणा, अमृत शर्मा, विनोद ठाकुर, लेखराज राणा को सचिव और हन्नी कम्बोज को आईटी प्रभारी नियुक्त किया गया।

### जीनियस ग्लोबल स्कूल का नवरंग रंगारंग कार्यक्रम आज

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जीनियस ग्लोबल स्कूल शनिवार को अपना 17वां वार्षिक समारोह बड़े उत्साह के साथ मनाने जा रहा है। इस बार कार्यक्रम की थीम नवरंग-2025 ए स्ट्रेटो-स्पेक्टिव रखी गई है। इसमें भारतीय रंग, संस्कृति, पुरानी यादों और अलग-अलग भावनाओं को बच्चों की प्रस्तुतियों के जरिए दिखाया जाएगा। समारोह का आयोजन कला मंच ऑडिटोरियम कोठों में होगा। स्कूल प्रबंधन के अनुसार नवरंग-2025 का मकसद बच्चों को कला के नौ रंगों शौर्य, करुणा, हास्य, शांति, आश्चर्य, प्रेम, रौद्र, वीभत्स और भिन्नावी के माध्यम से समाज और जिंदगी से जुड़े सरल संदेश समझाना है। कार्यक्रम में बच्चे नृत्य, नाटक, गीत-संगीत और छोटे-छोटे अभिनय पेश करेंगे।पिछले कई दिनों से बच्चे तैयारी में खूब मेहनत कर रहे हैं। स्कूल में सुबह से शाम तक अभ्यास चलता रहा। बच्चों में मंच पर आने को लेकर बेहद उत्साह है, जबकि अभिभावक भी कार्यक्रम का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। स्कूल डायरेक्टर नीति शर्मा ने बताया कि नवरंग-2025 सिर्फ मनोरंजन का कार्यक्रम नहीं है बल्कि इसका उद्देश्य बच्चों को रंगों के जरिए जिंदगी की भावनाएं और सीखें समझाना भी है। उन्होंने कहा कि हर प्रस्तुति के पीछे एक छोटा सा संदेश छिपा है, जिसे बच्चे अपने अंदाज में बताएंगे। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि वे शनिवार को अधिक संख्या में पहुंच बच्चों का हौसला बढ़ाएं।

### बिहार में एनडीए की जीत की खुशी मनाई

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** बिहार में भाजपा की बंपर जीत की खुशी दाड़लाघाट मंडल में भी देखने को मिली। दाड़ला मंडल के भराड़ीघाट क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर जीत का जश्न मनाया। मंडलाध्यक्ष दाड़ला राकेश ठाकुर ने बताया कि कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई बांटकर अपनी खुशी प्रकट की और जीत पर उत्साह जताया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि बिहार में मिली यह बड़ी जीत प्रधानमंत्री के नेतृत्व व संगठन के मजबूत नेटवर्क का परिणाम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में पार्टी और अधिक मजबूती के साथ जनता की सेवा करेगी।

### सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क रहने की जरूरत

**अनंत ज्ञान, सोलन।** माइनॉरिटी वेलफेयर कमेटी के अध्यक्ष व एंटी टेररिस्ट सिक्योरिटी एसएएस गिलानी ने दिल्ली में हुए बम धमाकों के बाद हिमाचल सरकार और सुरक्षा एजेंसियों को आतंकवादियों के खिलाफ सतर्क रहने का निर्देश दिया। एक प्रेस वार्ता में गिलानी ने दिल्ली घटना को कायरतापूर्ण करार देते हुए कहा कि इस्लाम कभी भी ऐसे कृत्यों को मंजूरी नहीं देता। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों द्वारा जम्मू कश्मीर, यूपी, पंजाब और हिमाचल में महिलाओं की भर्ती करने की गुप्त जानकारी प्राप्त हुई है। गिलानी ने चेतावनी दी कि हिमाचल में भी आतंकवादियों के सक्रिय होने का खतरा बना हुआ है और सुरक्षा एजेंसियों को हर व्यक्ति पर नजर रखने की आवश्यकता है। उन्होंने दिल्ली धमाकों की निंदा करते हुए कहा कि इस्लाम और ऐसे कृत्य करने वालों का कोई संबंध नहीं है, और इस्लाम में दहशत फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाती है।

# नेहरू ने विकसित भारत की रखी थी नींव : संजय अवस्थी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि जन-जन तक विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना आवश्यक है ताकि लक्षित वर्ग इनसे समय पर लाभान्वित हो सकें।

उन्होंने कहा कि इस दिशा में अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। संजय अवस्थी आज अर्की में उपमंडल स्तरीय विकास कार्यों की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। विधायक ने बाल दिवस के अवसर पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. पंडित जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा पर भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने प्रदेशवासियों एवं सभी बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने कहा कि स्व. पंडित जवाहर लाल नेहरू ने एक विकसित भारत की नींव रखी और युवा शक्ति के समग्र विकास एवं सशक्तिकरण के लिए उच्च शिक्षण संस्थानों की



जनसमस्याएं सुनते अर्की के विधायक संजय अवस्थी।

शुरुआत की। संजय अवस्थी ने इस अवसर पर कहा कि अधिकारी सरकार और आमजन के मध्य सेतु की भूमिका निभाते हैं और अपने कर्मठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बल पर ही सरकार लोगों के जीवन को सरल बनाती है। उन्होंने कहा कि आने वाले दो वर्ष प्रदेश के विकास की राह को और मजबूत बनाएंगे।

इसके लिए योजनाओं का बेहतर कार्यान्वयन और लाभ जन-जन तक पहुंचाना आवश्यक है। विधायक ने कहा कि अधिकारियों को समय-समय पर फील्ड में जाकर योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। इस प्रकार जहां समयबद्धता सुनिश्चित होगी वहीं लोगों से प्राप्त फीडबैक के माध्यम से योजनाओं को और बेहतर बनाने में सहायता मिलेगी। संजय अवस्थी ने विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्रीय प्राथमिकताओं को समझते हुए सड़कों के निर्माण, बिजली विभाग की परियोजनाओं, पेयजल योजनाओं, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा संस्थानों के उन्नयन पर विशेष ध्यान देने पर बल दिया।

## विधानसभा उपाध्यक्ष ने विकास कार्यों पर जताई संतुष्टि

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिला के बागथन में आयोजित जिला स्तरीय बाल दिवस मेला के समापन अवसर पर विधान सभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने मेले के सफल आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह मेला पं. जवाहर लाल नेहरू और हिमाचल प्रदेश के निर्माता डॉ. वाई. एस. परमार की महान विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित करता है। विनय कुमार ने प्रदेश की ऐतिहासिक विकास गाथा का जिक्र करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य बनाने का श्रेय डॉ. परमार को जाता है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू के अनाथ बच्चों के लिए किए गए कार्यों की भी सराहना की, जिनमें बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' के रूप में अपनाया गया और उन्हें शिक्षा, वित्तीय सहायता व अन्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। कार्यक्रम के दौरान मेला कमेटी अध्यक्ष सुनील ठाकुर ने मुख्यातिथि को सम्मानित किया और स्थानीय प्रधान सरोज बाला तथा जिला परिषद सदस्य आनंद परमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

## स्टेट चैंपियनशिप उभरते खिलाड़ियों के लिए बड़ा मंच : अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**





पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने बद्दी के कुड़ावाला में 63वीं हिमाचल प्रदेश राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन कर खिलाड़ियों और आयोजकों को शुभकामनाएं दीं। उद्घाटन समारोह में वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर और हिमाचल प्रदेश वॉलीबॉल संघ के महासचिव मदन राणा भी उपस्थित रहे।

तीन दिवसीय प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग की 32 टीमें भाग ले रही हैं। अनुराग ठाकुर ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि केंद्र सरकार खेलों को हर संभव सहायता प्रदान कर रही है। उन्होंने राज्य में कोचों की भारी कमी पर चिंता जताई और कहा कि आठ प्रमुख खेलों के लिए हिमाचल ओलंपिक संघ स्वयं कोच नियुक्त करेगा। उन्होंने स्टेट गेम्स आयोजित करने का सुझाव दिया ताकि खिलाड़ियों को बेहतर माहौल और नौकरी व अन्य लाभ मिल सकें। ठाकुर ने केंद्र सरकार द्वारा खेलो इंडिया अकादमी और खेलो इंडिया सेंटर के तहत पूरे देश में 1100 सेंटर स्थापित किए जाने की जानकारी भी दी। सांसद ने सरदार@150 यूनिटी मार्च में भाग लिया और सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को याद किया।

उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत पर खुशी जताई और कहा कि जनता ने विकास और सुशासन के पक्ष में मतदान किया। अनुराग ने युवाओं से एकता, अनुशासन और राष्ट्र सेवा की भावना अपनाने का आह्वान किया और कांग्रेस पर सरदार पटेल को अनदेखा करने का आरोप लगाया।

## सोलन भाजपा ने लड्डू बांटकर मनाई बिहार में एनडीए की जीत की खुशी





सोलन में जीत की खुशी मनाते भाजपा कार्यकर्ता।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

भारतीय जनता पार्टी सोलन शहरी मंडल ने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए ऐतिहासिक जीत की खुशी ओल्ड बस स्टैंड में लड्डू बांटकर मनाई।

मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व बिहारवासियों धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि बिहार की यह जीत जनता का स्पष्ट संदेश है देश में विकास और निर्णायक नेतृत्व ही भरोसे की पहली पसंद है। यह परिणाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और भाजपा संगठन की निरंतर मेहनत का मजबूत प्रमाण है। इस अवसर पर भाजपा उपाध्यक्ष रश्मि धर सूद, डॉ. राजेश कश्यप, भूपेंद्र सन्नी सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने जीत की खुशी बनाई।

## बाल दिवस पर केक काटकर दिया नो ड्रग्स का संदेश

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन में शहर के स्कूली बच्चों ने केक काटकर बाल दिवस मनाया। इस अवसर पर शिव बेकर्स के सौजन्य से केक प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के 250 से ज्यादा बच्चे पहुंचे।

बच्चों ने भारत माता की जय का उद्घोष किया साथ ही हाथों में पकड़े पोस्टरों के माध्यम से बेटी है अनमोल, नो टू ड्रग्स का संदेश आम जन को दिया। सभी बच्चों ने मिलकर 10 किलो का केक काटा और एक-दूसरे के साथ बाल दिवस की खुशियां साझा की। केक कटिंग के दौरान बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। शिव बेकर्स के मालिक मुकेश गुप्ता ने 20 वर्ष से चली आ रही परंपरा को जारी रखते हुए बच्चों के साथ बाल दिवस मनाया।

# दो तस्कर 4 .36 ग्राम चिट्टे सहित गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पुलिस थाना सदर की टीम रात्रि को जब थाना क्षेत्र में गश्त व नाकाबंदी पर मौजूद थ,ी तो उक्त टीम को सूचना मिली कि एक गाड़ी जो आंजी के समीप शामती बाइपास पर सड़क पर खड़ी है।

इसमें पवन कुमार और राकेश शर्मा उर्फ गजनी नामक युवक मौजूद हैं। इनके पास भारी मात्र में चिटटा/हेरोईन है, जिसे यह सोलन शहर व आसपास के क्षेत्रों में युवाओं/छात्रों को बेचने की फिराक में हैं। इस सूचना पर उक्त पुलिस टीम द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए उक्त गाड़ी को चेक करके गाड़ी में बैठे दो युवकों, जिनके नाम पवन कुमार पुत्र राजकुमार निवासी वृंदावन कॉलोनी लोअर सेरी डाकघर गलानग तहसील व जिला सोलन उम्र 38 वर्ष व राकेश शर्मा उर्फ गजनी पुत्र स्व. कृष्ण दत्त शर्मा निवासी गांव मणांजी डाकघर शामती तहसील व जिला सोलन उम्र 35 वर्ष के कब्जा से 4.36 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद किया गया। इसपर पुलिस थाना सदर सोलन में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान मामले में संलिप्त गाड़ी को जब्त करके पुलिस ने कब्जे में लिया। मामले में संलिप्त दोनों आरोपियों से जांच की जा रही है। दोनों आरोपियों के पूर्व के अपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल करने पर पाया गया कि उक्त दोनों आरोपी पहले भी अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे हैं। इससे आरोपी राकेश शर्मा उर्फ गजनी के विरुद्ध चिट्टा/हेरोइन तस्करी के 3 मामले दर्ज हैं। इनमें 2 मामले पुलिस थाना सदर सोलन व 1 मामला पंजाब राज्य के थाना लालडू (मोहाली) में दर्ज है, जो उक्त तीनों मामलों में इस आरोपी से उक्त 37.42 ग्राम हेरोइन व 6.25 ग्राम चरस बरामद की गई थी। इसके अतिरिक्त दुसरे आरोपी पवन कुमार के खिलाफ थाना चंडीमंदिर में दंगा/वाहन दूर्घटना का एक मामला दर्ज है। मामले में जांच जारी है।

### कचरा ढोने वाला निजी वाहन चालक चिट्टे सहित काबू

**अनंत ज्ञान, नाहन।** कच्चा टैंक पुलिस चौकी की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर शहर में नगर परिषद के लिए कचरा ढोने वाली एक निजी गाड़ी चालक के कब्जे से नजदीक डाइट संस्थान से चेकिंग के दौरान 0.62 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। आरोपी चालक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की है। आरोपी को हिरासत में लिया गया है। डीएसपी हेडक्वार्टर रमाकांत ठाकुर ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली थी कि आरोपी चालक कचरा ढोने वाली गाड़ी की आड़ में चिट्टा बेचने का धंधा कर रहा है। डीएसपी ने बताया कि आरोपी चालक हर्षत पुत्र नवीन कुमार निवासी वाल्मीकि बस्ती के कब्जे से 0.62 ग्राम चिट्टा बरामद करके हिरासत में लिया गया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में एफआईआर दर्ज की गई है। मामले में जांच जारी है।

## साक्षात्कार कौशल निखारने पर केंद्रित प्रभावी प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, सोलन**

राजकीय डिग्री कॉलेज सोलन के वाणिज्य विभाग की सोसाइटी 'अर्थश्री' तथा करियर काउंसलिंग सेल द्वारा आईबीएस हैदराबाद के सहयोग से 'उद्यमशील मानसिकता: भावी नेताओं के लिए समूह चर्चा एवं साक्षात्कार कौशल को निखारना' विषय पर एक इंटरैक्टिव एवं कौशल-विकास कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनके भविष्य के करियर हेतु आवश्यक संवाद-कौशल, प्रस्तुति क्षमता और साक्षात्कार में प्रभावी ढंग से स्वयं को प्रस्तुत करने की तकनीकों से सशक्त बनाना था।कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली द्वारा दीपप्रज्वलन के साथ किया गया। वे इस कार्यशाला की मुख्य अतिथि रहीं। कार्यक्रम में आईआईएम अहमदाबाद की पूर्व छात्रा एवं आईबीएस की फैकल्टी डॉ. विभा अरोड़ा, चंद्रमुखी रिज़ॉर्ट परवाणू की मैनेजिंग डायरेक्टर एवं प्रसिद्ध महिला





कार्यक्रम में पहुंचे प्रतिनिधियों के साथ छात्र।

उद्यमी नोनिका रूपेरिया, डॉ. दीपक गुप्ता, प्रो. वंदना गुप्ता, प्रो. अंकुर सूद तथा प्रो. जीना गुप्ता भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।कार्यशाला की शुरुआत एक रोचक और सक्रिय समूह चर्चा (ग्र.ष्ठ.) से हुई, जिसका संचालन डॉ. विभा अरोड़ा ने किया। छात्रों ने दिए गए विषयों पर आत्मविश्वासपूर्वक अपने विचार प्रस्तुत किए। डॉ. अरोड़ा ने उन्हें स्पष्ट व सुव्यवस्थित तर्क प्रस्तुत करने, टीमवर्क दिखाने, प्रभावी संचार विकसित करने तथा आत्मविश्वास बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर रचनात्मक मार्गदर्शन दिया।जीडी के पश्चात 'साक्षात्कार में कैसे बैठें और स्वयं को कैसे प्रस्तुत करें' विषय पर एक अत्यंत उपयोगी सत्र आयोजित किया गया। इसमें छात्रों को साक्षात्कार शिष्टाचार, उचित बैठने की मुद्रा, बॉडी लैंग्वेज, आँखों का संपर्क, प्रोफेशनल उत्तर देने की तकनीकें तथा बेहतर प्रथम प्रभाव निर्माण करने के व्यावहारिक उपायों की जानकारी प्रदान की गई।कार्यक्रम के अंतिम चरण में नोनिका रूपेरिया ने छात्रों को उद्यमिता पर प्रेरणादायक संबोधन दिया। उन्होंने रचनात्मक सोच विकसित करने, अवसरों को पहचानने, जोखिम उठाने व आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित किया। उनके विचारों ने छात्रों की उद्यमशील समझ को मजबूत किया ।

## पाइनग्रोव ने राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में पक्का किया स्थान

**अनंत ज्ञान, सोलन**



पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू के प्रतिभाशाली निशानेबाजों प्रीतेज सिंह ग्रेवाल, जयदित्य ठाकुर, रिद्धवंश सिंह वोहरा और मैक्सिम सैन की उत्कृष्ट उपलब्धियों को हासिल करके गौरवपूर्ण जश्न मनाया। भोपाल में आयोजित अखिल भारतीय प्री-नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में सीनियर वर्ग में राष्ट्रीय स्तर के लिए प्रीतेज सिंह ग्रेवाल, जयदित्य ठाकुर, रिद्धवंश सिंह वोहरा और मैक्सिम सैन क्वालीफाई किया है। असाधारण सटीकता, एकाग्रता और निरंतरता का प्रदर्शन करते हुए, उनका प्रदर्शन देश के कुछ बेहतरीन निशानेबाजों में सबसे अलग रहा। इस उल्लेखनीय उपलब्धि तक पहुँचने में उनके समर्पण, अनुशासन और अथक प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## आज बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड सोलन से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत 15 नवंबर को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता सोलन राहुल वर्मा ने दी। राहुल वर्मा ने कहा कि 15 नवंबर को प्रात: 10 से सायं 5 बजे तक नौणी बाजार, शमरोड, रंगाह, धारों की धार, कोईघाट, बदलेहच तथा आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इसी दिन प्रात: 10 से सायं 5 बजे तक दीपक एग्रो, पंडाह, थुरण, जोहड़ी, नौणी विश्वविद्यालय, कालाघाट तथा आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि खराब मौसम व किन्हीं अपिरहार्य कारणों से उक्त समय व तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

**समस्या** ग्रामीणों ने स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल के काफिले को रोक कर लगाई गुहार

# अधूरे स्कूल निर्माण को जल्द किया जाए पूरा

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सलोगड़ा राजकीय प्राथमिक विद्यालय का निर्माण कार्य पिछले छह वर्षों से अधूरा पड़ा होने पर ग्रामीणों का गुस्सा आखिर फूट पड़ा। ग्रामीण समाजसेवी मनीष कुमार व रितु की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल बनाकर स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल के काफिले को रोककर अपनी समस्या से अवगत करवाया।

ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय निर्माण के लिए सरकार द्वारा एक करोड़ 21 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी, लेकिन इतने वर्षों में केवल 27 पिलर ही खड़े हो पाए हैं। यह स्थिति देखकर मंत्री स्वयं भी हैरान रह गए और मौके पर ही उचित जांच के आदेश दिए। स्वास्थ्य मंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से जब जवाब मांगा तो वे कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके। इस पर मंत्री ने कहा कि विद्यालय के लिए गलत स्थान चयन भी इस देरी का एक बड़ा कारण रहा है। मंत्री शांडिल ने आश्वासन दिया कि अब जब करोड़ों रुपए खर्च हो चुके हैं, तो निर्माण कार्य को इसी माह पुनः शुरू करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह शिक्षा सचिव से बात कर जांच तेज करने व कार्य जल्द पूरा करवाने के निर्देश देंगे। कर्नल धनीराम शांडिलने कहा कि 'मैं स्वयं इस परियोजना की निगरानी करूंगा और समय-समय पर निरीक्षण करता रहूंगा, ताकि बच्चों को जल्द स्कूल की सुविधा मिल सके।

## अत्याधुनिक बहुउद्देशीय अस्पताल का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य व परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय व अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने सोलन के कथेड़ में निर्माणाधीन अत्याधुनिक बहुउद्देशीय अस्पताल का निरीक्षण किया।

डॉ. शांडिल ने निर्माणाधीन अत्याधुनिक बहुउद्देशीय अस्पताल को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन अस्पताल, तृतीय स्तरीय ट्रॉमा केंद्र तथा मातृ एवं शिशु अस्पताल के भवनों का निरीक्षण किया और निर्माण तथा सुविधाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। डॉ. शांडिल ने कहा कि इस 200 बिस्तर वाले बहुउद्देशीय अस्पताल में ट्रॉमा केंद्र के साथ-साथ मातृ शिशु



निर्माणाधीन अस्पताल का निरीक्षण करते स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल।

इकाई का पृथक से निर्माण भी किया जा रहा है। बहुउद्देशीय अस्पताल के निर्माण पर लगभग 130 करोड़ रुपए से अधिक व्यय किए जा रहे हैं। बहुउद्देशीय अस्पताल का 60 प्रतिशत से अधिक निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि निर्माणाधीन बहुउद्देशीय अस्पताल के लिए धनराशि की कमी नहीं आने दी जाएगी। इस अवसर पर ग्राम पंचायत नौणी के प्रधान मदन हिमाचली, नगर निगम सोलन के पार्षद सरदार सिंह, कांग्रेस नेता लक्ष्मी दत्त शर्मा, संधीरा सिंह सीनू, उपमंडलाधिकारी सोलन डॉ. पूनम बंसल, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राकेश पंवर, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमित रंजन तलवार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### मांजू गांव में दो दिवसीय मेले का आयोजन

## 66 वर्षों से चली आ रही परंपरा और नशे के खिलाफ जागरूकता का आह्वान

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान**

**अर्की।** अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत पलोग के गांव मांजू में पिछले कल दो दिवसीय मेले का शुभारंभ हुआ, मेले की प्रथम संध्या में मुख्यातिथि भीम सिंह ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की प्रथम संध्या की शुरुआत की। इसके पश्चात मेला कमेटी के अध्यक्ष वेद प्रकाश चौहान व स्थानीय पंचायत प्रधान नरेंद्र कुमार द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह व शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। ठाकुर ने कहा कि यह मेला हमारी संस्कृति, सभ्यता, परंपरा, एवं आपसी भाईचारे का प्रतीक है, जिस तरह से स्थानीय लोगों द्वारा लगभग 66 वर्षों से इस मेले का लगातार आयोजन करवाया जा रहा है। उसके लिए सभी स्थानीय लोग बधाई के पात्र हैं। उन्होंने स्थानीय युवाओं को नशे के खिलाफ मुहिम व खेलकूद गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए आगे आने का संदेश दिया व कहा कि इस तरह की आयोजन को बढ़ावा देने हेतु वह हमेशा तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर उनके साथ ग्राम पंचायत के प्रधान नरेंद्र कुमार, ब्लॉक समिति सदस्य सुनीता रघुवंशी, मेला समिति के अध्यक्ष वेद प्रकाश चौहान, सुशील पाठक, पंचायत के पूर्व प्रधान योगेश चौहान, अधिवक्ता राकेश शर्मा, ग्राम पंचायत जालना के उपप्रधान जोगिंदर ठाकुर, पूर्व प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा, खनलग पंचायत से लक्ष्मण चौहान, पंचायत के सभी सदस्य गन, स्थानीय निवासी हितेंद्र शर्मा, राजू पाठक, पुरुषोत्तम, यशपाल, महिला मंडल की अध्यक्ष, मनोज भार्गव व अन्य गण्या गणमान्य लोग शामिल रहे।



मेले के शुभारंभ पर पहुंचे मुख्यातिथि का स्वागत करते लोग।

## न्यूज ब्रीफ

### पास्टर क्रिस ईसाई नेताओं के सम्मेलन का करेंगे नेतृत्व

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लववर्ल्ड मिनिस्ट्री के संस्थापक रेवरेंड डॉ. क्रिस ओयाखिलोम 25 से 27 नवंबर 2025 तक हैदराबाद के लाल बहादुर स्टेडियम में आयोजित ईसाई नेताओं के सम्मेलन 2025 का नेतृत्व करेंगे। देश भर के पास्टर्स, मंत्रालय प्रमुखों और ईसाई नेताओं के लिए आयोजित यह तीन दिवसीय कार्यक्रम प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से रात 9 बजे तक चलेगा। सम्मेलन का उद्देश्य उपस्थित नेताओं को मंत्रालय कार्य हेतु प्रेरणा, शिक्षण और सशक्तिकरण प्रदान करना है। 28 नवंबर को हैदराबाद में एक सार्वजनिक सभा भी आयोजित होगी। प्रतिभागियों को अपनी यात्रा और आवास की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। कंचन मित्तल मिनिस्ट्रीज ने पंजाब और उत्तर भारत के सभी पास्टर्स व नेताओं को इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।

### संजीव खन्ना ने बच्चों को बाल दिवस की दी बधाई

**अनंत ज्ञान, जीरकपुर।** भाजपा नेता संजीव खन्ना ने शुक्रवार को बाल दिवस के अवसर पर देश के सभी बच्चों और उनके अभिभावकों को बधाई दी। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए संजीव खन्ना ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि बच्चे किसी भी देश की राष्ट्रीय पूंजी और अमूल्य प्राकृतिक संसाधन होते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं। अगर हमें अपना भविष्य सुनहरा बनाना है तो देश के बच्चों को एक अच्छा और खुशहाल बचपन देना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि बच्चों के सपनों को उड़ान देकर ही बच्चे आगे बढ़ सकते हैं। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों से बाल दिवस के महत्व के बारे में जानने और सही राह पर चलकर देश की तरक्की में भागीदार बनने की अपील की।

### अटेली में 3 गांवों को दिया 10-10 लाख का तोहफा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने महेंद्रगढ़ के अटेली विधानसभा क्षेत्र में आयोजित धन्यवाद कार्यक्रमों के दौरान तीन गांव- कटकई, सिलारपुर और कलवाड़ी- के लिए 10-10 लाख रुपए के विकास कार्यों की घोषणा की। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार का मुख्य फोकस विकास का लाभ राज्य के हर नागरिक तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में ग्रामीणों, किसानों, युवाओं और महिलाओं ने स्वास्थ्य मंत्री का जोरदार स्वागत किया। मंत्री ने नागरिकों की समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क और पेयजल सहित सभी क्षेत्रों में विकास कार्य तेजी से जारी हैं। आरती सिंह राव ने 16 नवंबर को नारनौल अनाज मंडी में होने वाली महाराजा शूर सैनी जयंती के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जनता को आमंत्रित किया।

# मुख्यमंत्री सैनी ने सोनीपत में किया 72वें सहकारिता सप्ताह का शुभारंभ

## सहकारिता से समृद्धि और आत्मनिर्भरता की ओर हरियाणा का संकल्प

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोनीपत में 72वें राज्य स्तरीय सहकारिता सप्ताह–2025 का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि गांवों की प्रगति का रास्ता सहकारिता से होकर गुजरता है और इसी भावना से राज्य सहकारिता वर्ष मना रहा है। मुख्यमंत्री ने युवाओं से सहकारी समितियां बनाकर उन्हें डिजिटल इंडिया के माध्यम से वैश्विक पहचान दिलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की शुरुआत सहकारिता ध्वज फहराने और प्रदर्शनी अवलोकन से हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लाखों लोगों की छोटी बचत और सामूहिक शक्ति ने देश में मजबूत सहकारी आंदोलन खड़ा किया है। आज भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और सहकारिता तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मोदी सरकार द्वारा बनाए गए सहकारिता मंत्रालय ने इस आंदोलन को नई मजबूती दी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 3 लाख से अधिक किसानों को रूपे किसान क्रेडिट कार्ड जारी हो चुके हैं। 5.31 लाख किसानों को 1,223 करोड़ रुपए की ब्याज राहत दी गई है। हैफेड रोहतक में 180 करोड़ रुपए की लागत से मेगा फूड पार्क बन रहा है, जबकि 10 सहकारी चीनी मिलें 93% क्षमता से संचालित हैं। पैक्स का डिजिटलीकरण तेजी से जारी है, जिसमें 710 में से 475 ई-पैक्स बन चुके हैं। सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि पैक्स अब 25 प्रकार की परियोजनाओं में रोजगार और आत्मनिर्भरता के अवसर दे रही हैं। उन्होंने सहकारिता को जन आंदोलन बनाने पर बल दिया। कार्यक्रम में विभागीय उपलब्धियां भी प्रस्तुत की गईं। कार्यक्रम के दौरान बिहार चुनाव में भाजपा की जीत पर मुख्यमंत्री को गोहाना की जलेबी खिलाकर बधाई दी गई। मौके पर अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।



# बिहार जीत पर चंडीगढ़ में जश्न भाजपा नेताओं ने बांटे लड्डू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन की जीत के बाद शुक्रवार को चंडीगढ़ में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार उत्सव मनाया। वरिष्ठ भाजपा नेता और हिमाचल प्रदेश सह प्रभारी संजय टंडन के नेतृत्व में शहर के सेक्टर 33 स्थित पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाइयां बांटीं, आतिशबाजी की और ढोल-नगाड़ों के साथ जीत का जश्न मनाया। पार्टी कार्यालय पूरे दिन 'भारत माता की जय' और 'मोदी है तो मुमकिन है' के नारों से गूंजता रहा।

संजय टंडन ने इस अवसर पर कहा कि बिहार की जीत देश के विकास मॉडल और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मजबूत नेतृत्व क्षमता पर जनता के भरोसे का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव परिणाम विपक्ष की नकारात्मक राजनीति को स्पष्ट संदेश देता है कि जनता अब केवल विकास, पारदर्शिता और सुशासन चाहती है। टंडन ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी लगातार मेहनत की और बिहार के लोगों ने एनडीए पर दोबारा विश्वास जताकर पूरे देश में उत्साह का माहौल बना दिया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता इस जीत का असली भागीदार है और पार्टी भविष्य में भी इसी ऊर्जा के साथ जनता के बीच काम करती रहेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और चुनावी जीत को जनता की सेवा के अवसर के रूप में अपनाने की अपील की।

इस मौके पर चंडीगढ़ भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, पार्षद और युवा मोर्चा के कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में एकत्र हुए। सभी नेताओं ने एकमत होकर कहा कि बिहार की जीत से पार्टी का मनोबल और मजबूत हुआ है और आने वाले चुनावों में भी भाजपा इसी गति से आगे बढ़ेगी।

कार्यक्रम के अंत में संजय टंडन और अन्य नेताओं ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सैकड़ों किलो लड्डू वितरित किए और खुशी का इज़हार किया। चंडीगढ़ में हुआ यह विजय उत्सव पूरे दिन उत्साह और उमंग के माहौल में चला।

# डॉ. यशपाल बेरवाल तकनीकी शिक्षा विभाग के निदेशक नियुक्त

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार ने वरिष्ठ अधिकारी डॉ. यशपाल सिंह बेरवाल को तकनीकी शिक्षा विभाग, हरियाणा का निदेशक नियुक्त किया है। वे वर्ष 2012 से विभाग में अतिरिक्त निदेशक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे और अपने कार्यकाल में उन्होंने तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अनेक उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।

विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि डॉ. बेरवाल के नेतृत्व और दृष्टिकोण से विभाग ने निरंतर प्रगति की है। उन्होंने नीलोखेड़ी में इंजीनियरिंग कॉलेज तथा सिरसा के पन्नीवाला मोटा में इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना में अग्रणी भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि तकनीकी शिक्षा को सुदृढ़ दिशा देने के लिए डॉ. बेरवाल के प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर भी मान्यता मिली है। वर्ष 2007 में उन्हें इंडियन सोसायटी फॉर टेक्निकल एजुकेशन द्वारा 'राजा राम बाबू पाटिल नेशनल अवार्ड' से सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि डॉ. बेरवाल ने वर्ष 2008 में कनाडा में 'ऑप्टिकल वायरलेस कम्युनिकेशन' विषय पर शोध पत्र भी प्रस्तुत किया।

# बाल दिवस पर सेक्टर-42 में 300 बच्चों ने दिखाया हुनर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



नेचर 9 फाउंडेशन और रेजिडेंट्स वेलफेयर सोसायटी, सेक्टर-42 के संयुक्त प्रयास से बाल दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर सिंह बंटी के मार्गदर्शन में सेक्टर 42 कम्युनिटी सेंटर में आयोजित हुआ, जिसमें चंडीगढ़ के करीब 12 स्कूलों से लगभग 300 बच्चों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में सांसद मनीष तिवारी मुख्यातिथि तथा चंडीगढ़ कांग्रेस पार्टी के प्रधान एचएस लक्की विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। निगम पार्षद प्रेमलता ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। अतिथियों ने बच्चों के उत्साह की सराहना करते हुए आयोजकों को बधाई दी। बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता, सिंगिंग परफॉर्मेंस जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। सभी प्रतिभागियों को रिफ्रेशमेंट और सहभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। लक्की ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए जवाहरलाल नेहरू के आदर्शों को अपनाने की प्रेरणा दी। नेचर 9 फाउंडेशन के निदेशक नीरज सूद ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में आत्मनिर्भरता, कौशल विकास और आत्मविश्वास बढ़ाना है, ताकि वे नेहरू जी के आधुनिक और सशक्त भारत के सपने को साकार कर सकें।

# एसबीआई ने चंडीगढ़ में लगाया मेगा डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट कैंप

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारत सरकार के डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (डीएलसी) अभियान 4.0 के तहत एसबीआई, आरबीओ चंडीगढ़ की क्षेत्रीय प्रबंधक सुश्री सुभाषिनी राय के नेतृत्व में एलएचओ, सेक्टर 17 में पेंशनभोगियों के लिए मेगा कैंप आयोजित किया गया। कैंप का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक कृष्ण शर्मा ने किया। इस अवसर पर नेटवर्क महाप्रबंधक नीरज भारती, विमल किशोर और विभिन्न आरबीओ व शाखाओं के अधिकारी मौजूद रहे। 200 से अधिक पेंशनभोगियों ने बैंक कर्मियों की सहायता से अपने डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट सफलतापूर्वक जमा किए। वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एसबीआई ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया। कार्यक्रम के दौरान डिजिटल साक्षरता और साइबर सुरक्षा जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें ऑनलाइन ठगी और डिजिटल गिरफ्तारी से बचाव के उपाय बताए गए। प्रतिभागियों ने पेंशन प्रक्रिया को सरल और सुविधाजनक बनाने के लिए भारत सरकार और एसबीआई के इस प्रयास की सराहना की।

# मैकमा एक्सपो-2025 का 12वां संस्करण चंडीगढ़ में शुरू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



भारत की प्रमुख मशीन टूल्स और ऑटोमेशन टेक्नोलॉजी प्रदर्शनी मैकमा एक्सपो 2025 का 12वां संस्करण चंडीगढ़ के सेक्टर-17 स्थित परेड ग्राउंड में आरंभ हो गया। चार दिवसीय कार्यक्रम (14-17 नवंबर) का उद्घाटन हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम घोष ने किया। उन्होंने इसे चंडीगढ़ के औद्योगिक विकास के लिए अत्यंत लाभदायक बताते हुए कहा कि बड़े उद्योगों को एक मंच पर लाना मशीनरी सेक्टर के लिए महत्वपूर्ण है।

आयोजक करमजीत सिंह के अनुसार, यह एक्सपो उद्योगों के लिए नए अवसर और सहयोग का मजबूत मंच प्रदान करता है। पंजाब विश्वविद्यालय का डीएसटी टेक्नोलॉजी एनेबल्ड सेंटर, आईआईटी, सीएसआईआर लैब्स और कई तकनीकी विश्वविद्यालय यहां अपने इनोवेशन प्रदर्शित कर रहे हैं।

400 प्रदर्शकों, 30,000 से अधिक आगंतुकों और 10,000+ उत्पादों के साथ, मैकमा एक्सपो मशीन टूल्स, प्लास्टिक मशीनरी, ऑटोमेशन और इंजीनियरिंग इनोवेशन के लिए उत्तर भारत का प्रमुख मंच बन गया है। फॉर्च्यून एक्जिबिटर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित एक्सपो रोजाना सुबह 10 से शाम 6 बजे तक खुला रहेगा।

## देश-विदेश

# भारत में उच्च शिक्षा प्रणाली में 2035 तक 8.11 करोड़ पंजीकरण जरूरी : रिपोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्य को पाने के लिए भारत को 2035 तक उच्च शिक्षा प्रणाली में 8.61 करोड़ पंजीकरण की आवश्यकता है, जो वर्तमान स्तर से 85 प्रतिशत की वृद्धि है और जिसके लिए उच्च शिक्षा क्षमता में निरंतर 5.3 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर की आवश्यकता है।'उच्च शिक्षा संस्थानों की निरंतर सुधार यात्रा: प्रशिक्षण के भविष्य को आकार देने वाले दृष्टिकोण और अभ्यास' शीर्षक वाली यह रिपोर्ट भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और ग्रांट थॉर्नटन भारत द्वारा प्रकाशित की गई है।

रिपोर्ट के अनुसार, "2035 तक सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के 50 प्रतिशत के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली को लगभग 8.61 करोड़ छात्रों का पंजीकरण करना होगा, जो इसके वर्तमान स्तर से 85 प्रतिशत की वृद्धि है।" रिपोर्ट के अनुसार, "इसका अर्थ है कि अगले दशक में लगभग 5.3 प्रतिशत की निरंतर वार्षिक वृद्धि दर चाहिए होगी, जो एक कठिन चुनौती है जिसके लिए छात्रों के लिए सीटों और संकाय क्षमता दोनों में महत्वपूर्ण विस्तार आवश्यक है।"

इसमें आगे कहा गया है, "पारंपरिक भौतिक संस्थान आधारभूत बने रहेंगे, लेकिन वे अकेले इस पैमाने को पूरा नहीं कर सकते। इसलिए, एक अलग दृष्टिकोण आवश्यक है, जिसमें डिजिटल विश्वविद्यालयों, आभासी शिक्षण पारिस्थितिकी तंत्रों और क्रेडिट-आधारित ऑनलाइन कार्यक्रमों जैसे प्रौद्योगिकी-सक्षम, लचीले शिक्षण मार्गों को व्यवस्थित रूप से अपनाना शामिल हो, जो भौतिक परिसरों से परे पहुंच का विस्तार करते हैं।" (अनंत ज्ञान)

# पाकिस्तान में पंजाब की महिला लापता

**एजेंसी, अमृतसर।** पाकिस्तान में सिख जत्थे के साथ गई कपूरथला जिले की एक महिला पाकिस्तान में लापता हो गई है। धार्मिक स्थलों के दर्शन के बाद जहां पूरा जत्था वापस भारत लौट आया, वहीं उक्त महिला अभी तक अपने घर नहीं पहुंची है।

बताया जा रहा है कि सरबजीत नमक इस महिला ने पाकिस्तान जाने से पूर्व इमिग्रेशन कार्यालय में जानकारी अधूरी दी थी, जिसकी जांच अब सुरक्षा एजेंसियों ने शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जत्था लौटने के बाद जब महिला के घर न पहुंचने की जानकारी मिली तो परिवार ने इसकी शिकायत संबंधित विभागों को दी। इमिग्रेशन और सुरक्षा एजेंसियां अब यह पता लगाने में जुटी हैं कि महिला कहां रुकी हुई है।

# ईडी ने अनिल अंबानी को जारी किया नया समन कहा- सोमवार को दिल्ली मुख्यालय में हों पेश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिलायंस एडीएजी ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी को सोमवार को बैंक फ्रॉड मामले में पूछताछ के लिए दिल्ली मुख्यालय में पेश होने के लिए समन जारी किया है। यह जानकारी सूत्रों की ओर से दी गई।

सूत्रों ने बताया कि पिछले समन के जवाब में अनिल अंबानी ने शुक्रवार को ईडी के सामने वर्चुअल रूप से पेश होने का प्रस्ताव रखा था, जिसे जांच एजेंसी की ओर से ठुकरा दिया गया था। अनिल अंबानी की ओर से जारी एक बयान में कहा गया था कि वह सभी मामलों में ईडी के साथ सहयोग करने के लिए तैयार है और वे वर्चुअल माध्यम से पेश हो सकते हैं। बयान में आगे कहा गया, अनिल अंबानी को ईडी की ओर से भेजा गया समन फेमा जांच से संबंधित है, न कि पीएमएलए के किसी मामले से इसका जुड़ाव है।

बयान में आगे कहा गया,अनिल अंबानी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के बोर्ड के सदस्य नहीं हैं। उन्होंने अप्रैल 2007 से मार्च 2022 तक लगभग पंद्रह वर्षों तक कंपनी में केवल एक गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में काम किया और कंपनी के डे-टू-डे मैनेजमेंट में कभी शामिल नहीं रहे। ईडी ने समूह के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए अनिल अंबानी को 14 नवंबर को फिर से तलब किया था। अगस्त में ईडी मुख्यालय में कथित 17,000 करोड़ रुपए के ऋण धोखाधड़ी मामले में उनसे लगभग नौ घंटे तक कड़ी पूछताछ हुई थी। (अनंत ज्ञान)

# इसराइल ने 15 फिलिस्तीनियों के शव लौटाए

**एजेंसी, खान यूनिस।** इजराइल ने शुक्रवार को और 15 फिलिस्तीनियों के शव गाजा पट्टी के प्राधिकारियों को लौटा दिए। खान यूनिस स्थित नासेर अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि हमास लड़ाकों ने सात अक्तूबर 2023 के हमलों के दौरान बंधक बनाए गए शेष चार इसराइली बंधकों में से एक के अवशेष वीरवार रात इसराइल को सौंप दिए, जिसके बाद इजराइल ने भी शुक्रवार को 15 फिलस्तीनियों के शव गाजा पट्टी के प्राधिकारियों को लौटा दिए। यह अमेरिका की मध्यस्थता वाले युद्ध-विराम समझौते की शर्तों को पूरा करने की दिशा में दोनों पक्षों की ओर उठाया गया नवीनतम कदम है। इसराइल ने हमास की ओर से लौटाए गए शव की शिनाख्त मेनी गोडार्ड के शव के रूप में की है, जिन्हें दक्षिणी इजराइल के किबुत्ज बेरी से अगवा किया गया था। गोडार्ड की पत्नी ऐलेट हमास के हमले के दौरान मारी गई थीं। हमास और फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद की सशस्त्र शाखाओं ने कहा कि गोडार्ड का शव दक्षिणी गाजा में बरामद किया गया। इजराइल और हमास के बीच 10 अक्तूबर को युद्ध-विराम शुरू होने के बाद से 25 बंधकों के अवशेष इजराइल को लौटाए जा चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

# इंडोनेशिया में मिनी बस दुर्घटनाग्रस्त, 5 मरे

**एजेंसी, डेनपसार (इंडोनेशिया)।** चीन के पर्यटकों को ले जा रही एक मिनी बस शुक्रवार सुबह इंडोनेशिया के बाली द्वीप पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे पांच यात्रियों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। बुलेलेंग रीजेंसी के पुलिस प्रमुख इडा बागुस विडवान सुतादी ने बताया कि मिनी बस एक घुमावदार, ढलान वाली सड़क पर द्वीप के दक्षिणी हिस्से से उत्तरी हिस्से की ओर जा रही थी। उन्होंने बताया कि चालक ने नियंत्रण खो दिया और गाड़ी सड़क से उतरकर एक बगीचे में जा घुसी और एक पेड़ से टकरा गई। सुतादी ने एक बयान में कहा, "चालक द्वारा सावधानी नहीं बरते जाने के कारण, बस सड़क से उतरकर एक सामुदायिक उद्यान में जा घुसी, जिससे यह हादसा हुआ।" (अनंत ज्ञान)

# एक्ट्रेस कामिनी कौशल का 98 साल की उम्र में निधन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत की सबसे उम्रदराज अभिनेत्री कामिनी कौशल ने 98 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया है। कामिनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रही थीं। कामिनी कौशल ने अपने अभिनय से इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाई थी। बतौर हीरोइन काम करने के बाद, उन्होंने कई फिल्मों में मां के भी यादगार किरदार निभाए थे। कामिनी कौशल का जन्म लोकप्रिय वनस्पति शास्त्री प्रोफेसर एसआर कश्यप के घर 24 जनवरी 1927 को लाहौर में हुआ। उनका असली नाम उमा कश्यप था। वे दो भाइयों और तीन बहनों में सबसे छोटी थीं। वे केवल सात वर्ष की थी जब उनके पिता का निधन हो गया। उमा कश्यप बचपन से ही प्रतिभाशाली थीं। बढ़ाई में अव्वल रहने वाली उमा ने 10 साल की उम्र में खुद का कठपुतली थिएटर बनाया। उन्होंने आकाशवाणी पर रेडियो नाटक किए। फिल्म निर्माता चेतन आनंद ने उन्हें रेडियो पर सुना और उनकी मधुर आवाज से प्रभावित होकर उन्हें 'नीचा नगर' ऑफर की। चेतन आनंद ने ही उनका नाम कामिनी रखा क्योंकि, उनकी पत्नी का नाम भी उमा (आनंद) था और वह फिल्म का हिस्सा थीं। (अनंत ज्ञान)

# एच-1बी वीजा खत्म करने का विधेयक ला रही अमरीकी सांसद

**एजेंसी, न्यूयॉर्क/वाशिंगटन**



अमेरिका में एच-1बी वीजा कार्यक्रम को पूरी तरह समाप्त करने का प्रस्ताव एक बार फिर जोर पकड़ रहा है। जॉर्जिया से रिपब्लिकन कांग्रेस सदस्य मार्जरी टेलर ग्रीन ने घोषणा की है कि वह ऐसा विधेयक पेश करेंगी, जिसका उद्देश्य एच-1बी वीजा को खत्म करना और इसके माध्यम से मिलने वाले नागरिकता के रास्ते को पूरी तरह बंद करना है। ग्रीन का कहना है कि इस बदलाव से वीजा अवधि पूरी होते ही धारकों को अपने देश लौटना पड़ेगा।


'एक्स' पर जारी वीडियो में ग्रीन ने दावा किया कि एच-1बी कार्यक्रम 'लंबे समय से धोखाधड़ी और दुरुपयोग' का केंद्र रहा है और इससे 'अमेरिकी कर्मचारियों की नौकरियां छिनी' हैं। उन्होंने कहा कि उनके प्रस्ताव में सिर्फ एक अपवाद रखा गया है— अमेरिकी नागरिकों को जीवनरक्षक सेवाएं देने वाले डॉक्टरों और नर्सों जैसे चिकित्सा पेशेवरों के लिए प्रति वर्ष 10,000 वीजा की सीमा। यह सीमा भी अगले 10 वर्षों में धीरे-धीरे समाप्त कर दी जाएगी।

ग्रीन ने कहा कि उनके विधेयक के तहत एच-1बी वीजा धारकों को स्थायी निवास या नागरिकता का कोई रास्ता उपलब्ध नहीं होगा। उन्होंने तर्क दिया, 'ये वीजा किसी विशेष समय पर विशेषज्ञता की जरूरत पूरी करने के लिए बनाए गए थे। लोगों को यहां आकर हमेशा रहने की अनुमति नहीं होनी चाहिए। हम उनकी सेवाओं का सम्मान करते हैं, लेकिन चाहते हैं कि वे अपनी अवधि पूरी होने पर वापस लौटें।'

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के दौरान एच-1बी वीजा के कथित दुरुपयोग, विशेषकर टेक कंपनियों द्वारा, पर सख्ती बढ़ाई गई थी। एच-1बी वीजा धारकों में भारतीय पेशेवर विशेषकर टेक कर्मी और चिकित्सक सबसे बड़ा समूह हैं। (अनंत ज्ञान)

# फिनलैंड बॉर्डर के पास रूस का लड़ाकू विमान क्रैश, दोनों पायलटों की मौत

**एजेंसी, मॉस्को**



दुनियाभर में विमानों के क्रैश होने के मामले कम होने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। आए दिन ही कहीं न कहीं विमानों के क्रैश होने के मामले सामने आते रहते हैं। सेना के फाइटर जेट्स भी इन हादसों से सुरक्षित नहीं हैं। समय-समय पर सैन्य फाइटर जेट्स के क्रैश होने के मामले भी देखने को मिलते हैं। ऐसा ही एक हादसा रूस के फाइटर जेट एसयू-30 के साथहुआ, जिससे हड़कंप मच गया।

रूसी सेना के फाइटर जेट एसयू-30 गुरुवार को फिनलैंड बॉर्डर के पास क्रैश हो गया। यह हादसा रूस के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र करेलिया में प्रियोनेजस्की जिले में हुआ, जो फिनलैंड बॉर्डर के पास है। हादसा ट्रेनिंग प्रोग्राम के दौरान हुआ।

रूसी सेना के फाइटर जेट के क्रैश होने के बाद वो चकनाचूर हो गया। इस हादसे में दोनों पायलटों की मौके पर ही मौत हो गई। रूसी रक्षा मंत्रालय ने इसकी पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)

# चीन : अंतरिक्ष में मलबे से टकराने के बाद स्टेशन पर फंसे यात्री दूसरे यान से आ रहे वापस

**एजेंसी, बीजिंग**

अंतरिक्ष में मलबे से अपने यान के टकराने पर फंसे तीन चीनी यात्री शुक्रवार को धरती के लिए रवाना हो गए। चीन की अंतरिक्ष एजेंसी ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने बताया कि अंतरिक्ष यान के देर शाम उत्तर-पश्चिम चीन के मंगोलिया क्षेत्र के सुदूर हिस्से में उतरने की उम्मीद है।

ये अंतरिक्ष यात्री अपने अंतरिक्ष स्टेशन पर छह महीने के लिए थे और नए दल के वहां पहुंचने के चार दिन बाद पांच नवंबर को लौटने वाले थे। उनकी वापसी में एक सप्ताह से ज्यादा की देरी हुई। चीन के 'मैन्ड स्पेस इंजीनियरिंग ऑफिस' ने बताया कि 'शेनझोउ-20' अंतरिक्ष यान के वापसी 'कैप्सूल' की एक खिड़की में मामूली दरारें थीं, जो संभवतः अंतरिक्ष मलबे के प्रभाव के कारण आई थीं।

पृथ्वी के चारों ओर मलबे के लाखों छोटे-छोटे टुकड़े गोली से भी तेज गति से चक्कर लगा रहे हैं। ऐसे मलबे उपग्रहों, अंतरिक्ष स्टेशन और उनके बाहर काम करने वाले अंतरिक्ष यात्रियों के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं। 'मैन्ड स्पेस इंजीनियरिंग ऑफिस' ने बताया कि चेन डोंग, चेन झोंगरुई और वांग जी 'शेनझोउ-21' यान से वापस आ रहे थे। उसने बताया कि 'शेनझोउ-20' कक्षा में ही रहेगा। (अनंत ज्ञान)

## शेयर मार्केट

## बिहार में एनडीए की जीत से संभला बाजार

# सेंसेक्स 84 अंक चढ़ा, निफ्टी 25910 पर बंद

**एजेंसी, मुंबई**



वैश्विक बाजारों में गिरावट के बावजूद भारतीय शेयर बाजार हफ्ते के अंतिम ट्रेडिंग सेशन यानी शुक्रवार (14 नवंबर) को हरे निशान में बंद होने में कामयाब रहे। आईटी शेयरों में बिकवाली के चलते बाजार कारोबार के दौरान ज्यादातर समय लाल निशान में ही रहा। लेकिन बिहार चुनावों में एनडीए को बढ़त की वजह से बाजार चढ़कर बंद हुआ।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 400 से ज्यादा अंक की गिरावट लेकर 84,060 पर खुला। कारोबार के दौरान यह 84,029 अंक तक फिसल गया था। अंत में यह 84.11 अंक या 0.10 फीसदी की बढ़त के साथ 84,562.78 पर बंद हुआ। बीएसई सेंसेक्स दिन के निचले स्तर 84,029.32 से 533.46 अंक ऊपर चढ़ा। इसी तरह, नैशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 भी गिरावट के साथ 25,767.90 पर खुला। कारोबार के दौरान यह 30.90 अंक या 0.12 फीसदी की बढ़त लेकर 25,910 अंक पर बंद हुआ। (अनंत ज्ञान)

# सीएसआईआर और इसरो मिलकर स्पेस मीट 2025 का करेंगे आयोजन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को दी गई जानकारी के अनुसार, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) और इसरो मिलकर 17 नवंबर को सीएसआईआर-इसरो स्पेस मीट 2025 का आयोजन करने जा रहे हैं।

यह आयोजन बेंगलुरू में होगा, जिसका उद्देश्य ह्युमन स्पेसफ्लाइट रिसर्च, माइक्रोग्रेविटी स्टडीज और स्पेस टेक्नोलॉजी इनोवेशन को बेहतर बनाने में भारत के प्रमुख वैज्ञानिकों और स्पेस इंस्टीट्यूशन के बीच साझेदारी को मजबूत बनाना है। इस कार्यक्रम में वैज्ञानिकों, टेक्नोलॉजिस्ट, अंतरिक्ष यात्रियों और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों सहित लगभग 150 से 200 लोगों के भाग लेने की उम्मीद की जा रही है।

मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, सीएसआईआर-इसरो स्पेस मीट 2025 सीएसआईआर की बहु-विषयक रिसर्च और इसरो की मिशन-ड्रिवन टेक्नोलॉजिकल जरूरतों को इंटीग्रेट करने पर फोकस करेगा। इस कॉन्फ्रेंस में ह्युमन स्पेसफ्लाइट फिजियोलॉजी, बायोमेडिकल इंस्ट्रूमेंटेशन, मटेरियल साइंस, माइक्रोग्रेविटी में लाइफ साइंस, स्पेसक्राफ्ट मेनटेनेंस और ऑपरेशन के लिए एडवांस सिस्टम्स जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर चर्चा होगी। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### ग्रैंड स्लैम टेनिस क्वालीफायर के लिए नागल को मिला चीन का वीजा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष पुरुष टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल को 24 नवंबर से चेंगडू में शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियन ओपन प्लेऑफ के लिए आखिरकार चीन जाने का वीजा मिल गया है। नागल ने को साई (भारतीय खेल प्राधिकरण), विदेश मंत्रालय, चीन के राजदूत और भारत में चीन दूतावास की प्रवक्ता को टैग करते हुए 'एक्स' पर लिखा, ''समय पर वीजा दिलाने में त्वरित मदद के लिए लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।'' हरियाणा के झज्जर के 27 वर्षीय खिलाड़ी ने मंगलवार को बिना किसी स्पष्टीकरण के अपना वीजा आवेदन खारिज होने के बाद चीन दूतावास से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की थी। चीन विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बाद में कहा कि चीन भारत सहित सभी देशों के खिलाड़ियों को कानूनों और नियमों के अनुसार वीजा जारी करता है। प्लेऑफ प्रतियोगिता क्षेत्रीय खिलाड़ियों को 2026 ऑस्ट्रेलिया ओपन के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने का रास्ता प्रदान करती है। नागल वर्तमान में भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी हैं, जो नवीनतम एटीपी रैंकिंग में 275वें स्थान पर हैं। (अनंत ज्ञान)

### फिडे विश्व कप : अर्जुन एरिगैसी के सामने अरोनियन की चुनौती

**एजेंसी, पणजी (गोवा)।** ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी का सामना फिडे विश्व कप के प्री-क्वार्टर फाइनल में शानदार फॉर्म में चल रहे आर्मेनिया के लेवोन अरोनियन से होगा, जबकि पी हरिकृष्णा कुछ दिग्गज खिलाड़ियों को शिकस्त देने वाले मैक्सिको जोस एडुआर्डो मार्टिनेज अल्कांतारा से भिड़ेंगे।टाई-ब्रेक के पहले मुकाबले में हंगरी के पीटर लेको को 2-0 से हराने वाले एरिगैसी की अच्छी रेटिंग के बावजूद अरोनियन के खिलाफ उनका मुकाबला बराबरी को होगा, क्योंकि आर्मेनिया का यह खिलाड़ी शानदार लय में चल रहा है। हरिकृष्णा के सामने जोस मार्टिनेज की कड़ी चुनौती होगी। मार्टिनेज ने टूर्नामेंट में अपने से उच्च रैंकिंग वाले कई खिलाड़ियों को मात दी है। हरिकृष्णा ने बताया कि उन्होंने मैक्सिको के इस खिलाड़ी के खिलाफ क्लासिकल प्रारूप में कभी नहीं खेला है। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि शायद कुछ ब्लिट्ज मुकाबलों में मैंने उनका सामना किया है लेकिन मुझे नहीं लगता कि मैंने पहले कभी उसके साथ खेला (क्लासिकल प्रारूप में) है। चौथे चरण के टाईब्रेकर में डेनियल दुबई के हाथों आर प्रज्ञानानंदा के भी बाहर हो जाने के बाद अब हरिकृष्णा और एरिगैसी पर भारतीय चुनौती बनाए रखने का दारोमदार है। (अनंत ज्ञान)

### रथिका सुथांथिरा सीलन ने बॉन्डी ओपन स्क्वाश खिताबा जीत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त रथिका सुथांथिरा सीलन ने शुक्रवार को सिडनी में बॉन्डी ओपन के फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त मेडन ली कोए को 3-0 से हराकर अपने करियर का दूसरा पीएसए खिताब जीता। रथिका ने न्यूजीलैंड की मेडन ली के खिलाफ एक भी गेम नहीं गंवाया और 11-7, 11-6, 11-7 से जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया। तमिलनाडु की इस 24 वर्षीय खिलाड़ी का यह साल का तीसरा चैलेंजर फाइनल था। एनएसडब्ल्यू ओपन में उपविजेता रहने के बाद यह उनका इस हफ्ते का दूसरा टूर्नामेंट था। (अनंत ज्ञान)

### इरफान-सफा बेग की खूबसूरत जोड़ी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान की पत्नी का नाम सफा बेग है। सफा मूल रूप से गुजरात के बड़ौदा की रहने वाली है। वह अक्सर अपनी खूबसूरती को लेकर चर्चाओं में रहती है।



**टेस्ट मैच : पहला दिन** साउथ अफ्रीका 159 पर आउट, भारत का स्कोर 37/1

# बुमराह के पंजे में फंसा साउथ अफ्रीका

**एजेंसी, कोलकाता**

भारत ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले पर पकड़ बना ली। पहले दिन शुक्रवार (14 नवंबर) से कोलकाता के ईडन गार्डन में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। चायकाल के बाद साउथ अफ्रीका की टीम 159 रन पर आउट हो गई। जसप्रीत बुमराह ने 5 विकेट झटके। साउथ अफ्रीका का कोई बल्लेबाज अर्धशतक तक नहीं जड़ सका।

पहले दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ने 20 ओवर में 1 विकेट पर 37 रन बनाए। साउथ अफ्रीका 122 रन से आगे है। यशस्वी जायसवाल 12 रन बनाकर आउट हुए। केएल राहुल 13 ओर वाशिंगटन सुंदर 6 रन बनाकर क्रीज पर। साउथ अफ्रीका के लिए केवल मार्को यानसेन को विकेट मिला।

साउथ अफ्रीका की ओर से एडेन मार्कराम ने सबसे ज्यादा 31 रन बनाए। इसके अलावा वियान मुल्डर और टोनी डी जोर्जी ने 24-24 रन बनाए। रियान रिकल्टन ने 23 रन बनाए। ट्रिस्टन स्टब्स 15 रन बनाकर नाबाद रहे। काइल वेरिन ने 16 रन बनाए। साइमन हार्मर ने 5 और कॉर्बिन बॉश ने 3 रन बनाए। मार्को यानसेन और केशव महाराज खाता नहीं खोल पाए। भारत के लिए, जसप्रीत बुमराह ने 5 विकेट लिए। मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव ने 2-2 विकेट लिए और अक्षर पटेल को एक विकेट मिला। (अनंत ज्ञान)



विकेट लेने के बाद जसप्रीत बुमराह को बधाई देते भारतीय खिलाड़ी।

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में वरुण चक्रवर्ती को तमिलनाडु की कमान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय टीम के स्टार स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025-26 के लिए तमिलनाडु का कप्तान नियुक्त किया गया है। भारत की घरेलू टी20 टूर्नामेंट की शुरुआत 26 नवंबर से होने जा रही है। भारतीय बल्लेबाज नारायण जगदीशन देश के इस प्रमुख टी20 टूर्नामेंट में तमिलनाडु के उप कप्तान होंगे। यह किसी भी स्तर पर वरुण चक्रवर्ती का पहला कप्तानी कार्यकाल होगा। उन्होंने इस पद पर एम शाहरुख खान की जगह ली है। चक्रवर्ती ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसी की सरजमीं पर भारत की टी20 सीरीज में 2-1 से जीत में अहम भूमिका निभाते हुए तीन मैच में पांच विकेट लिए थे।

भारत की ओर से 4 वनडे मुकाबलों में 10 विकेट हासिल कर चुके वरुण चक्रवर्ती को 29 टी20 मुकाबलों में भी मौका मिला, जिसमें उन्होंने 45 विकेट अपने नाम किए। 27 लिस्ट-ए मुकाबलों में चक्रवर्ती ने 69 विकेट निकाले। इसके अलावा, इकलौते फर्स्ट क्लास मुकाबले में इस खिलाड़ी ने एक विकेट हासिल किया। बाएं हाथ के स्पिनर आर साई किशोर और आंद्रे सिद्धार्थ भी टीम का हिस्सा हैं। भारत के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज टी नटराजन को भी टीम में शामिल किया गया है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में तमिलनाडु की टीम एलीट ग्रुप डी में है। इस ग्रुप में तमिलनाडु के अलावा, दिल्ली, उत्तराखंड, राजस्थान, कर्नाटक, त्रिपुरा, सौराष्ट्र और झारखंड की टीमें भी हैं। वे अहमदाबाद में राजस्थान के खिलाफ मैच के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। (अनंत ज्ञान)

### रणजी ट्रॉफी में नहीं अच्छा रहा तमिलनाडु का प्रदर्शन

**मौजूदा** रणजी ट्रॉफी में तमिलनाडु का प्रदर्शन सामान्य रहा है। यह टीम चार मैचों में दो हार और दो ड्रॉ के बाद अपने ग्रुप में छठे स्थान पर है। इस टीम ने झारखंड के खिलाफ पारी और 114 रन से हार झेलने के बाद नागालैंड और विदर्भ के खिलाफ ड्रॉ खेला, जिसके बाद आंध्र प्रदेश के विरुद्ध मुकाबला 4 विकेट से गंवाया।

## जूनियर हॉकी विश्व कप में रोहित भारतीय टीम की करेंगे अगुवाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**



ड्रैग-फ्लिकर रोहित को तमिलनाडु में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक होने वाले एफआईएच जूनियर विश्व कप के लिए शुक्रवार को घोषित भारत की 20 सदस्यीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम का कप्तान बनाया गया।

दिग्गज पीआर श्रीजेश की कोचिंग में अभ्यास कर रही भारतीय टीम को पूल बी में चिली, स्विट्जरलैंड और ओमान के साथ रखा गया है। ओमान को पाकिस्तान द्वारा सुरक्षा चिंताओं का हवाला देकर हटने के बाद विश्व कप में शामिल किया गया है। कोच श्रीजेश ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''हमने काफी जांच परख कर टीम का चयन किया है। इसके अधिकांश खिलाड़ियों को इस बड़े टूर्नामेंट में खेलने का अनुभव है।'' उन्होंने कहा, ''चयन के मानदंडों में उनकी शारीरिक क्षमता, कौशल और टीम-प्ले शामिल थे। हमने हालांकि, सबसे ज्यादा ध्यान दबाव में प्रदर्शन करने की उनकी मानसिक क्षमता पर दिया।'' भारतीय टीम की कमान डिफेंडर रोहित संभालेंगे, जिन्होंने हाल ही में मलेशिया में हुए सुल्तान जोहोर कप में अच्छा प्रदर्शन किया था और टीम ने रजत पदक जीता था। बिक्रमजीत सिंह और प्रिंसदीप सिंह गोलकीपर के रूप में टीम में चुने गए हैं। भारतीय जूनियर टीम को हालांकि, अरिजीत सिंह हुंदल जैसे अनुभवी खिलाड़ी की कमी खलेगी, जो कंधे की चोट के कारण विश्व कप नहीं खेल पाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### पीसीबी ने त्रिकोणीय सीरीज खेलने के लिए बांग्लादेश बोर्ड का निमंत्रण ठुकराया

**एजेंसी, कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने दिसंबर में श्रीलंका के साथ त्रिकोणीय टी20 सीरीज में हिस्सा लेने के बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के निमंत्रण को ठुकरा दिया है। पीसीबी के एक अधिकारी ने बताया कि बीसीबी अगले साल की शुरुआत में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ त्रिकोणीय सीरीज की मेजबानी करना चाहता था, लेकिन खिलाड़ियों के कार्यभार को नियंत्रित करने के लिए पीसीबी को इस प्रस्ताव को ठुकराना पड़ा। अधिकारी ने कहा, ''हमने पहले ही बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान, शाहीन शाह अफरीदी हारिस रऊफ, शादाब खान को दिसंबर-जनवरी में ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग में भाग लेने के लिए एनओसी की अनुमति दे दी है, जबकि फखर जमां जैसे कुछ अन्य खिलाड़ी एमिरेट्स इंटरनेशनल लीग में खेल रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि दिसंबर और जनवरी में हालांकि पाकिस्तान की कोई अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धता नहीं थी, लेकिन कुछ खिलाड़ियों को खासकर बिग बैश में भाग लेने की अनुमति देने का निर्णय पहले ही लिया जा चुका है। (अनंत ज्ञान)

## अर्जुन पुरस्कार विजेता पहलवान पूजा ढांडा परिणय सूत्र में बंधी

**एजेंसी, हिसार**



अर्जुन पुरस्कार विजेता पहलवान पूजा ढांडा ने यहां एक निजी रिसॉर्ट में विवाह के बंधन में बंध गईं। हिसार के सुंदर नगर निवासी पूजा ने जिले के घिराय गांव के व्यवसायी अभिषेक बूरा से शादी की। बुडापेस्ट में 2018 विश्व चैंपियनशिप में 57 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक विजेता, पूजा ने 2010 युवा ओलंपिक और 2018 गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक के अलावा 2014 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक भी जीता था। वह वर्तमान में हिसार के महावीर स्टेडियम में हरियाणा खेल विभाग में वरिष्ठ कुश्ती कोच के रूप में कार्यरत हैं।

पूजा ने कहा कि वह शादी के बाद भी कुश्ती से सक्रिय रूप से जुड़ी रहेंगी। वह युवा पहलवानों को ओलंपिक में पदक जीतने में मदद करने के उद्देश्य से प्रशिक्षित करने पर ध्यान केंद्रित करेंगी। समारोह में कई खिलाड़ी, राजनेता और अधिकारी शामिल हुए। हिसार जिले के बुढ़ाना गांव में जन्मी पूजा ने 2009 में कुश्ती में आने से पहले महावीर स्टेडियम में जूडो से अपनी खेल यात्रा शुरू की थी। जूडो में कई अंतरराष्ट्रीय पदक जीतने के बावजूद उन्हें पूर्व भारतीय पहलवान और कोच कृपाशंकर बिश्नोई ने कुश्ती को करियर के रूप में अपनाने की सलाह दी थी। (अनंत ज्ञान)

## एशियाई चैंपियनशिप : रिकर्व तीरंदाज अंकिता और धीरज ने जीते गोल्ड

**एजेंसी, ढाका**



भारतीय तीरंदाज अंकिता भकत ने शुक्रवार को यहां एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप में पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता दक्षिण कोरिया की नाम सुहयोन को हराकर उलटफेर करते हुए स्वर्ण पदक जीता, जबकि धीरज बोम्मादेवरा ने भी पुरुष रिकर्व स्पर्धा का खिताब जीत लिया।

अंकिता ने पांच सेट के चुनौतीपूर्ण फाइनल में 7-3 से हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज करते हुए महिला रिकर्व स्पर्धा जीती तो, वहीं पुरुष वर्ग में धीरज ने हमवतन राहुल को फाइनल में 6-2 से हराकर पहला स्थान हासिल किया। भारतीय दल ने अपने अभियान का समापन 10 पदकों के साथ किया जिसमें छह स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक शामिल रहे। इससे भारत तालिका में शीर्ष पर रहा। अंकिता ने इससे पहले सेमीफाइनल में सीनियर साथी और दुनिया की पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका कुमारी को हराया था। दोनों 5-5 से बराबरी पर थीं और शूट-ऑफ में भी दोनों तीरंदाजों ने नौ-नौ अंक बनाए। लेकिन अंकिता का तीर केंद्र के करीब था जिससे वह खिताबी मुकाबले में पहुंच गईं।

अंकिता ने फाइनल में पहला सेट 29-27 से अपने नाम कर लिया। दूसरा सेट 27-27 से बराबरी पर रहा। नाम तीसरा सेट 28-26 से जीतकर बराबरी पर आ गईं, लेकिन चौथे सेट में भारतीय तीरंदाज ने शानदार वापसी की और 29-28 के शानदार प्रयास से 5-3 की बढ़त बना ली। इस भारतीय ने निर्णायक सेट में भी दमखम दिखाते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया। अंकिता ने इस तरह एशिया की लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली तीरंदाजों में से एक के खिलाफ शानदार जीत हासिल की।

भारत ने संगीता की बदौलत महिला रिकर्व का कांस्य पदक भी हासिल किया जिसमें इस तीरंदाज ने हमवतन और अनुभवी पांच बार की ओलंपियन दीपिका कुमारी को शूट-ऑफ में 6-5 से शिकस्त दी। पुरुषों के वर्ग में धीरज ने 33 वर्षीय अनुभवी जंग चैहवान को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में धीरज ने पहला सेट एक अंक से गंवाने के बाद जबरदस्त वापसी की और दूसरा सेट जीतकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। उन्होंने तीसरा सेट 29-27 से जीतकर स्कोर 4-2 कर दिया। फिर 10 अंक की एक और हैट्रिक लगाकर स्वर्ण पदक पक्का किया। (अनंत ज्ञान)

### अल्कराज ने विश्व नंबर-वन के रूप में किया साल का अंत

**एजेंसी, ट्यूरिन।** स्पेन के कार्लोस अल्कराज ने लोरेंजो मुसेती को 6-4, 6-1 से हराकर एटीपी फाइनल्स में महत्वपूर्ण जीत दर्ज की और 2025 का समापन विश्व नंबर वन खिलाड़ी के रूप में किया। इस जीत से वह अपने प्रतिद्वंद्वी जानिक सिनर से आगे निकल गए। दो ग्रैंड स्लैम जीत चुके 22 वर्षीय अल्कराज सोमवार को जारी होने वाली नई एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर रहेंगे। जिमी कॉनर्स ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल कर चुके अल्कराज अब सेमीफाइनल हारने पर भी नंबर वन बने रहेंगे। अल्कराज ने कहा कि वर्ष का नंबर वन बनना उनके लिए विशेष उपलब्धि है, खासकर ऐसे सीजन में जब सिनर लगातार खिताब जीत रहे थे। इस वर्ष अल्कराज सिनर के खिलाफ पांच में से चार मुकाबले जीत चुके हैं, जिनमें एक ग्रैंड स्लैम फाइनल भी शामिल है। दूसरी ओर, थकान से जूझते मुसेती मैच में संघर्ष करते दिखे और दूसरे सेट में पूरी तरह टूट गए।

## साउथी बने कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाजी कोच

**एजेंसी, कोलकाता**



कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के लिए न्यूजीलैंड के दिग्गज क्रिकेटर टिम साउथी को टीम का गेंदबाजी कोच नियुक्त करने की घोषणा की।

साउथी ने 107 टेस्ट मैचों, 161 वनडे और 126 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया और 776 विकेट लिए हैं। साउथी अपने खेल करियर के दौरान आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स टीम (2021, 2022, 2023) का हिस्सा रहे हैं।

न्यूजीलैंड के इस खिलाड़ी ने कहा, ''केकेआर मुझे हमेशा घर जैसा लगा है और इस नयी भूमिका में वापसी करना मेरे लिए सम्मान की बात है। इस फ्रैंचाइजी की संस्कृति अद्भुत है, प्रशंसक जुनूनी हैं और खिलाड़ियों का एक बेहतरीन समूह है। मैं गेंदबाजों के साथ मिलकर काम करने और आईपीएल 2026 में टीम को सफलता दिलाने में मदद करने के लिए उत्सुक हूं।'' कोलकाता नाइट राइडर्स के सीईओ वेंकी मैसूर ने कहा, ''हम कोच के तौर पर टिम साउथी का केकेआर परिवार में स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है। टिम का अनुभव और तकनीकी विशेषज्ञता हमारी गेंदबाजी इकाई को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उनके नेतृत्व कौशल और शांतचित्त रवैया उन्हें हमारे युवा गेंदबाजों के लिए एक आदर्श मार्गदर्शक बनाते हैं।''

## रेड कार्ड मिलने के बाद रोनाल्डो पर विश्व कप मैच में प्रतिबंध का खतरा

**एजेंसी, डबलिन**



पुर्तगाल अगर उम्मीद के मुताबिक 2026 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लेता है तो क्रिस्टियानो रोनाल्डो पर शुरुआती मैचों में प्रतिबंध लगने का खतरा मंडरा रहा है। इस फुटबॉल सुपरस्टार को को डबलिन में खेले गए क्वालीफाइंग मैच के दूसरे हाफ में आयरलैंड के डिफेंडर दारा ओ'शे को कोहनी मारने के कारण मैदान से बाहर भेज दिया गया था। इस मैच में पुर्तगाल को 2-0 से हार का सामना करना पड़ा था। पुर्तगाल और आर्मेनिया के बीच रविवार को होने वाले मैच को रोनाल्डो नहीं खेल सकेंगे। इस मैच में जीत से पुर्तगाल के पास अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको की मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने का मौका होगा।

फीफा के अनुशासनात्मक नियमों के अनुसार, इसके जज से समूह को 'गंभीर बेईमानी' के लिए कम से कम दो मैचों का प्रतिबंध लगाना आवश्यक है। 'हिंसक आचरण' के लिए कम से कम तीन मैचों का प्रतिबंध शामिल है। कोहनी मारने को अगर हिंसक माना गया तो रोनाल्डो पर तीन मैचों का प्रतिबंध लग सकता है। फीफा का प्रतिबंध प्रतिस्पर्धी मैचों पर लागू होगा और टूर्नामेंट से पहले के अभ्यास मैचों में नहीं लगाया जा सकता। अवीवा स्टेडियम में लगभग एक घंटे के खेल के बाद जब आयरलैंड 2-0 की आश्चर्यजनक बढ़त बनाए हुए था तब रोनाल्डो ने अपनी दाहिनी कोहनी ओ'शे की पीठ पर मार दी। रेफरी ने पहले पीला कार्ड दिखाया, लेकिन वीडियो समीक्षा के बाद उसे रेड कार्ड में बदल दिया।

आयरलैंड के प्रशंसकों द्वारा हूटिंग किए जाने के बाद रोनाल्डो ने मैदान से बाहर जाते समय कुछ पल के लिए रुके और प्रशंसकों की ओर देखा। उन्होंने कटाक्ष भरे लहजे में ताली बजाई और व्यंग्यात्मक अंदाज में दोनों हाथों के अंगूठे दिखे। रोनाल्डो फरवरी में 41 साल के हो जाएंगे और उनका लक्ष्य रिकॉर्ड छठे विश्व कप टूर्नामेंट में खेलने का है। (अनंत ज्ञान)

**पहला टेस्ट** आयरलैंड दूसरी पारी में भी लड़खड़ाया, बांग्लादेश 1-0 से आगे

## बांग्लादेश ने आयरलैंड को पारी और 47 रन से हराया

**एजेंसी, सिलहट (बांग्लादेश)**

बांग्लादेश ने आयरलैंड के खिलाफ पहला टेस्ट पारी और 47 रन से अपने नाम किया। सिलहट में खेले गए इस मुकाबले में जीत के साथ बांग्लादेश ने 2 मुकाबलों की सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली है। महमुदुल हसन जॉय मेजबान टीम की जीत के हीरो रहे, जिन्होंने बांग्लादेश की पहली पारी में बतौर सलामी बल्लेबाज 171 रन बनाए। इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

मुकाबले में टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी आयरलैंड की टीम पहली पारी में महज 286 रन पर सिमट गई। टीम की शुरुआत खराब रही। कप्तान एंड्रयू बालबर्नी खाता खोले बगैर ही पवेलियन लौट गए थे। यहां से पॉल स्टर्लिंग ने कैड कारमाइकल के साथ दूसरे विकेट के लिए 96 रन जुटाते हुए पारी को संभाला। स्टर्लिंग 60 रन बनाकर आउट हुए, जबकि कारमाइकल ने 59 रन की पारी खेली।



इसके अलावा कर्टिस कैम्फर ने 44, जबकि लॉरेन टकर ने 41 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। विपक्षी टीम की ओर से मेहदी हसन मिराज ने सर्वाधिक 3 विकेट अपने नाम किए, जबकि हसन महमूद, तैजुल इस्लाम और हसन मुराद ने 2-2 विकेट निकाले।

इसके जवाब में बांग्लादेश ने 587/8 के स्कोर पर अपनी पहली पारी घोषित की। महमुदुल हसन जॉय ने शादमान इस्लाम के साथ पहले विकेट के लिए 168 रन जोड़े। इस्लाम ने टीम के खाते में 80 रन का योगदान दिया। इसके बाद महमुदुल ने मोमिनुल हक के साथ दूसरे विकेट के लिए 173 रन जोड़ते हुए टीम को 300 के पार पहुंचा दिया। महमुदुल 286 गेंदों में 4 छक्कों और 14 चौकों के साथ 171 रन बनाकर आउट हुए। इनके अलावा, कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने 100 रन बनाए, जबकि मोमिनुल हक ने 82 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। आयरलैंड की ओर से मैथ्यू हम्फ्रेस ने सर्वाधिक 5 विकेट अपने नाम किए, जबकि बैरी मैकार्थी को 2 विकेट हाथ लगे।

वहीं बांग्लादेश के पास पहली पारी के आधार पर 301 रन की बढ़त थी। आयरलैंड ने दूसरी पारी में एक बार फिर फैंस को निराश किया। टीम महज 254 रन पर सिमट गई। इस पारी में एंडी मैकब्राइन ने सर्वाधिक 52 रन बनाए, जबकि पॉल स्टर्लिंग ने 43 और कप्तान बालबर्नी ने 38 रन टीम के खाते में जोड़े, लेकिन आयरलैंड की टीम को हार से बचा नहीं सके। दोनों देशों के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला ढाका में 19 नवंबर से खेला जाना है, जिसमें बांग्लादेश क्लीन स्वीप के इरादे से उतरेगा। (अनंत ज्ञान)